www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 5 फरवरी 2025 । वर्ष – 66 । अंक– 290 । पृष्ठ –12। मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

महाकुंभ भगदड़ में मौत का आंकड़ा छिपा रही सरकार पृष्ठ 2
■ अपनों की लाशों पर होती सियासत की अघोर-साधना
■ निम्न और मध्यम वर्ग को सिर्फ़ कर में छूट देना मांग को बढ़ाने के पृष्ठ 6
■ इजरायली बलों की कार्रवाई युद्ध विराम समझौते को कर रही कमजोर : यूएनआरडब्ल्यूए पृष्ठ 7
वरुण इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम में शामिल पृष्ठ 8

दिल्ली विस चुनाव के लिए मतदान आज

70 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे से डाले जाएंगे वोट, 1.56 करोड़ मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग, 8 फरवरी को आएंगे नतीजे

नई दिल्ली, 4 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा। इसे लेकर चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही प्रशासन की तरफ से भी वोटिंग को लेकर पुख्ता इंतजाम है। पोलकर्मी अपने पोलिंग बूथ पर ईवीएम लेकर पहुंच गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। सभी 70 सीटों पर 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 83.76 लाख पुरुष और 72.36 लाख महिलाएं शामिल हैं। चुनाव आयोग ने 13,766 पोलिंग सेंटर बनाए हैं। नई दिल्ली, कालकाजी, जंगपुरा, पटपड़गंज जैसी हाई-प्रोफाइल सीटों पर मुकाबला दिलचस्प है। वहीं, अगर शाम 5 बजे के बाद भी कोई वोटिंग लाइन में है, तो उसे वोट डालने दिया जाएगा। दिल्ली में कुल 70 विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दिन 5 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। शहर भर के सभी सरकारी और निजी क्षेत्र के कार्यालयों पर यह आदेश लागू रहेगा।

तीन सदस्यीय आयोग ने सामूहिक रूप से चुनावों में चुनाव आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार जानबूझकर दबाव बनाने की रणनीति पर ध्यान दिया। लोगों को लगता है कि जैसे यह एक एकल सदस्यीय निकाय है लेकिन इसने संवैधानिक संयम बरतने का निर्णय लिया गया है : राजीव कुमार

साढ़े छह बजे के बाद आएंगे एग्जिट पोल

इसके साथ ही चुनाव आयोग ने एग्जिट पोल पर रोक लगा दी है। पांच फरवरी को सुबह सात बजे से शाम 6:30 बजे तक कोई भी एग्जिट पोल नहीं दिखाया जा सकेगा। वोटिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ सकेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और बीजेपी में मुकाबला है। हालांकि मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और भाजपा में ही है। दोनों दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। पांच फरवरी को वोटिंग के बाद आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आएंगे।

एक लाख से अधिक कर्मचारी रहेंगे तैनात-चुनाव की प्रक्रिया पूरी करने के लिए इस बार एक लाख से अधिक कर्मियों को तैनात किया गया है। इसमें दिल्ली पुलिस के 35 हजार जवान, 19 हजार होमगार्ड और 220 कंपनियां केंद्रीय सुरक्षा बलों की होंगी। अन्य दिल्ली सरकार के कर्मी शामिल होंगे। 2696 मतदान स्थानों में 13766 मतदान बूथ बनाए गए हैं। इसमें 70 मतदान केंद्र, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक, विशेष रूप से महिला कर्मचारियों द्वारा प्रतिबंधित किए जाएंगे। वहीं 70 मतदान केंद्रों का प्रबंधन और संचालन पूरी तरह से दिव्यांगों द्वारा किया जाएगा। मतदाताओं को बूथ परिसरों में आसानी से अपने मतदान केंद्र खोजने में सहायता करने के लिए सभी जिला चुनाव अधिकारी रंग कोड के अनुसार मतदान केंद्र स्थापित करेंगे। किसी विशेष मतदान केंद्र को सौंपा गया विशिष्ट रंग कोड मतदाता सूचना पर्ची से किया जाएगा। जरूरतमंद मतदाताओं के लिए 4,217 व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, छोटे बच्चों वाले माता-पिता की सहायता के लिए एक क्रेच सुविधा उपलब्ध होगी।

सीजीएमएससी घोटाला

करोड़ों के घोटाले में तीन आईएएस अफसरों की बढ़ी मुश्किलें

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन में करोड़ों रुपये के घोटाले में अब तीन आईएएस अधिकारी भी लपेटे में आ गए हैं। एसीबी/ईओडब्ल्यू ने आईएएस अफसर भीम सिंह, चंद्रकांत वर्मा और सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया है। इसके अलावा मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता के साक्ष्य भी मिले हैं।

एसीबी/ईओडब्ल्यू ने सीजीएमएससी घोटाले में हफ्ते भर पहले मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार कर रिमांड में लिया था। वहीं आज आरोपी की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद उसे फिर से ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने 6 दिन की पुलिस रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है। अब आरोपी शशांक चोपड़ा को 10 फरवरी को वापस कोर्ट में पेश किया जाएगा। जांच एजेंसी ने दवा खरीदी घोटाले में प्रदेश के बड़े सप्लायर शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ के बाद कई नए तथ्य सामने आई हैं। दवा खरीदी का यह घोटाला अब तक का सबसे बड़ा घोटाला माना जा रहा है। यह घोटाला 400 करोड़ से अधिक का है।

■ शशांक चोपड़ा की रिमांड 6 दिन बढ़ी, अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी

दो साल के ऑडिट में खुली थी पोल

लेखा परीक्षा की टीम की ओर से सीजीएमएससी की सप्लाई दवा और उपकरण को लेकर वित्त वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेज को खंगाला गया तो कंपनी ने बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की थी, जिसे ऑडिट टीम ने पकड़ लिया था। ऑडिट में पाया गया है कि पिछले दो सालों में आवश्यकता से ज्यादा खरीदे केमिकल और उपकरण को खपाने के चक्कर में नियम कानून को भी दरकिनार किया गया। जिस हॉस्पिटल में जिस केमिकल और मशीन की जरूरत नहीं वहां भी सप्लाई कर दिया गया। प्रदेश के 776 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सप्लाई की गई, जिनमें से 350 से अधिक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं, जिसमें कोई तकनीकी, जनशक्ति और भंडारण सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी। ऑडिट टीम के अनुसार डीएचएस ने स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाओं में बेसलाइन सर्वेक्षण और अंतर विश्लेषण किए बिना ही उपकरणों और रीएजेंट मांग पत्र जारी किया था।

स्वास्थ्य महकमे के अधिकारियों के खिलाफ भी दर्ज है मामला

ईओडब्ल्यू ने अपनी एफआईआर में स्वास्थ्य महकमे के आला अधिकारियों ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

सार संक्षेप

भूटान नरेश ने संगम में लगाई पुण्य की डुबकी

महाकुंभनगर। भूटान नरेश जिम्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने महाकुंभ के दौरान मंगलवार को गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भूटान नरेश खेसर नामग्याल अरैल से जेटी से संगम पहुंचे और दोनो लोगों ने पुण्य की डुबकी लगाई। पुरोहितों ने मुख्यमंत्री और भूटान नरेश का विधिविधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री और भूटान नरेश में गंगा मां को दुग्ध और माला अर्पित किया।

बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री बने बार्ट डी वेवर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बार्ट डी वेवर को बेल्जियम के प्रधानमेत्री का पद संभालने पर बधाई दी। मोदी ने भारत-बेल्जियम संबंधों को और मजबूत बनाने तथा वैश्विक मामलों पर आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का विश्वास व्यक्त किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में वेवर को बधाई देते हुए लिखा, प्रधानमंत्री बार्ट वेवर को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। मैं भारत-बेल्जियम संबंधों को और मजबूत करने तथा वैश्विक मामलों पर हमारे सहयोग को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं आपके सफल कार्यकाल की कामना करता हूं।

त्रिशक्ति कोर ने किया रण कौशल का प्रदर्शन

नई दिल्ली। सेना की त्रिशक्ति कोर ने युद्ध तत्परता, तीव्र तैनाती और सटीक हमला क्षमताओं को प्रमाणित करते हुए सफलतापूर्वक 'लाइव फायर' अभ्यास किया है। सेना के अनुसार कोर के सैनिकों ने अभ्यास के दौरान विशेष रूप से सिक्किम के अत्याधिक ऊंचाई वाले पहाड़ों में युद्ध की तैयारी की जो विभिन्न परिस्थितियों में अनुकूलनशीलता और तत्परता को प्रदर्शित करती है।

महामारी खिचड़ी घोटाले के आरोपी को जमानत

मुंबई। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) के पदाधिकारी सूरज चव्हाण को जमानत दे दी, जिन्हें पिछले साल की शुरुआत में कोविड-19 महामारी के दौरान प्रवासी श्रमिकों के बीच खिचड़ी वितरण से संबंधित 6.37 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था।

अरुण देव गौतम होंगे छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। 11992 बैच के आईपीएस अरुण देव गौतम को छत्तीसगढ़ पुलिस में डीजीपी का प्रभार सौंपा गया है। डीजीपी के पद पर पूर्ण नियुक्ति तक अरुण देव गौतम प्रदेश के पुलिस प्रमुख के तौर पर कामकाज देखेंगे। डीजीपी अशोक जुनेजा 5 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

नियमत- डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल जुलाई 2024 में खत्म हो रहा था, लेकिन उनके रिटायरमेंट के ठीक पहले केंद्र सरकार ने उन्हें छह महीने के लिए एक्सटेंशन दे दिया था। डीजीपी के पद पर पूर्ण नियुक्ति से पहले आईपीएस अरुण

देव गौतम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए डीजीपी के नाम पर केंद्र सरकार से मुहर लगने के बाद औपचारिक तौर पर नए डीजीपी की घोषणा की जाएगी।

अरुण देव गौतम का परिचय

किसान परिवार से ताल्लुकात रखने वाले अरुण देव उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के अभयपुर गांव के रहने वाले है। उनका जन्म 2 जुलाई 1967 को हुआ। वे पांच भाई और एक बहन हैं। उन्होंने आठवीं तक की स्कूली शिक्षा अपने गांव के ही सरकारी स्कूल से की। फिर आगे की पढ़ाई के लिए अपने बड़े भाई के पास प्रयागराज आ गए। राजकीय इंटर कॉलेज इलाहाबाद से दसवीं और बारहवीं पूरी करने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से आर्टस लेकर बीए और फिर राजनीति ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

महाराष्ट्र में जीबी सिंड्रोम के 163 मामले

मुंबई, 4 फरवरी (एजेंसियां)। जीबीएस के मामले पुणे में लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गिलियन-बैरे सिंड्रोम के पांच नए मामले सामने आने के बाद महाराष्ट्र में कुल मरीजों की संख्या 163 हो गई है।

मुख्यमंत्री 9 को रायपुर और धमतरी में रोड शो करेंगे

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव के रण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 5 फरवरी से उतरने वाले है और इसकी शुरुआत वे कोरबा और रायगढ़ में रोड से से करेंगे।

इसके बाद 6 फरवरी को राजनांदगांव और चिरमिरी, 7 फरवरी को अंबिकापुर और बिलासपुर, 8 फरवरी को दुर्ग और जगदलपुर और प्रचार प्रसार थमने के अंतिम दिन 9 फरवरी को रायपुर और धमतरी में रोड शो करेंगे।

एनआईए की कार्रवाई

नक्सल मामलों से जुड़े चार गिरफ्तार

कांकेर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कांकेर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी नक्सल मामलों से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। गिरफ्तार होने वालों में कलमुच्चे से दो, उसेली से एक और आमाबेड़ा से एक शख्स शामिल है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए की टीम ने इन लोगों को नक्सल गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह पहली बार नहीं है, जब कांकेर इलाके में एनआईए ने दस्तक दी हो; इससे पहले भी एनआईए द्वारा यहां कई बार छापे मारे जा चुके हैं। वर्तमान में, गिरफ्तारी के बाद जांच जारी है, और एनआईए की टीम मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है।

अमेरिका ने 205 भारतीयों को वापस भेजा

वॉशिंगटन डीसी, 4 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही दुनिया में उथल-पुथल का माहौल है। व्हाइट हाउस की कमान संभालने के बाद से ही ट्रंप ने कई बड़े फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका में रहने वाले 205 भारतीय भी अब ट्रंप के इन्हीं फैसलों का शिकार हुए हैं। उन्हें मिलिट्री के विमान में भरकर भारत वापस भेजा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिका में अवैध प्रवासी भारतीयों के एक जत्थे को भारत भेजा गया है। इस जत्थे में 205 भारतीय शामिल हैं। इन सभी की पहचान करने के बाद उन्हें वापस भेजा गया है। 205 भारतीयों को लेकर अमेरिकी सेना के विमान सी-147 ने आज सुबह सैन एंटोनियो से उड़ान भरी थी। अब यह प्लेन पंजाब के अमृतसर में लैंड करेगा। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत और अमेरिका ने करीब 18000 प्रवासियों की पहचान की है, जो अमेरिका में अवैध रूप से घुसे हैं। डोनाल्ड ट्रंप की योजना सभी अवैध प्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने की है।

किसी को हमेशा के लिए हिरासत में नहीं रख सकते : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित नहीं करने पर असम सरकार को कड़ी फटकार लगाई। न्यायमूर्ति भुइयां ने पूछा, एक बार जब आप किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित कर देते हैं, तो आपको अगला तार्किक कदम उठाना चाहिए। आप उन्हें हमेशा के लिए हिरासत में नहीं रख सकते। असम में कई विदेशी हिरासत केंद्र हैं। आपने कितनों को निर्वासित किया है। इसके बाद पीठ ने असम सरकार को अवैध अप्रवासियों को तुरंत निर्वासित करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार से पूछा कि क्या वह उन 63 विदेशी लोगों को निर्वासित करने के लिए किसी मुहूर्त (शुभ समय) का इंतजार कर रही है। न्यायमूर्ति

■ अवैध अप्रवासियों को निर्वासित नहीं करने पर असम सरकार को लगाई फटकार

अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने असम सरकार से राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अपडेट करने की प्रक्रिया के दौरान विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित करने को कहा।

तथ्यों को दबा रहा असम

न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि असम तथ्यों को दबा रहा है, जिस पर भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दिया कि उन्होंने सर्वोच्च प्राधिकारी से बात की है और कुछ कमियों के लिए माफी मांगी है। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि हम आपको झूठी गवाही का नोटिस जारी करेंगे। आपको सफाई देनी होगी।

हालांकि राज्य के वकील ने कहा कि छिपाने का कोई इरादा नहीं है। राज्य की इस प्रतिक्रिया को खारिज करते हुए कि उनके देशों में विदेशियों के पते ज्ञात नहीं थे, न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि आप उन्हें उनकी देश की राजधानी में निर्वासित कर दें। मान लीजिए कि वह व्यक्ति पाकिस्तान से है, तो आप पाकिस्तान की राजधानी को जानते हैं। उन्हें यह कहकर यहीं हिरासत में नहीं रखें कि उनका विदेशी पता ज्ञात नहीं हैद्ध पीठ ने कहा कि विदेशियों को तुरंत निर्वासित किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति ओका ने कहा कि आप उनकी नागरिकता की स्थिति जानते हैं। फिर आप उनका पता ➪ शेष पृष्ठ 7 पर ➪

हसदेव नदी में कॉलेज के 3 छात्र लापता, डूबने की आशंका

कोरबा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। हसदेव नदी में कॉलेज के 3 छात्र 24 घंटे से लापता हैं। सोमवार सुबह से लापता इन छात्रों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। हसदेव नदी किनारे तीनों छात्रों के कपड़े और बाइक मिले है जिससे डूबने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और कपड़ों की पहचान की। इसके बाद पुलिस की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया।

जानकारी के अनुसार कॉलेज के 3 छात्र सोमवार की सुबह 11 बजे से लापता थे। परिजनों ने स्थानीय पुलिस चौकी में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके बाद मंगलवार को हसदेव नदी किनारे तीनों छात्रों के कपड़े और बाइक मिले है जिससे डूबने की आशंका जताई जा रही है। लापता छात्रों की पहचान 18 वर्षीय आशुतोष सोनिकर, 19 वर्षीय बजरंग प्रसाद और 26 वर्षीय

सागर चौधरी के रूप में हुई है। आईटीआई कालोनी निवासी आशुतोष सोनिकर आईटीआई कॉलेज व सीएसईबी कालोनी निवासी बजरंग प्रसाद व सागर चौधरी पीजी कॉलेज के छात्र है।

परिजनों के अनुसार तीनों युवक कल सुबह से ही लापता थे। जब उनका कोई अता-पता नहीं चला, तो दर्री थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने उनकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस की, जिससे पता चला कि वे आखिरी बार हसदेव नदी के बिंझरा घाट के पास थे। जब पुलिस वहां पहुंची, तो नदी किनारे उनकी बाइक और कपड़े पड़े मिले। यह देखते ही संदेह गहरा गया कि वे नदी में डूब गए होंगे।

पुलिस ने नगर सेना के गोताखोरों की टीम बुलाकर तलाशी अभियान शुरू किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक छात्रों का कोई सुराग नहीं मिला। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू रोक दिया गया है।

देश के उत्तरी राज्यों में फिर बदला मौसम

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के एक्टिव होने से देश के उत्तरी राज्यों में एक बार फिर मौसम बदला है। राजस्थान-उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों के 20 जिलों में बारिश हुई रही है। वहीं, पूर्वोत्तर के राज्य बंगाल, ओडिशा, असम, सिक्किम में कोहरा छाया है। उत्तर भारत में जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड में बारिश के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। राज्य सरकार ने टूरिस्ट को इन इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी है। मैदानी राज्य मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान बढ़ने लगा है। यहां अधिकतम तापमान फरवरी की शुरुआत में ही 34 तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग का कहना है कि 8 फरवरी से एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिससे उत्तरी भारत और मैदानी इलाकों में मौसम एक बार फिर बदलेगा। राजस्थान में में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसके प्रभाव से राजधानी जयपुर सहित 13 जिलों में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी और उत्तरी राजस्थान में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। इसके बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। राज्य में दिन का अधिकतम पारा लगभग 28 डिग्री को छू गया है।

खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे कुछ लोग

संसद में मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कुछ लोग खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं, भारतीय राज्य को चुनौती दे रहे हैं और उसके खिलाफ लड़ाई का ऐलान कर रहे हैं। यह भाषा बोलने वाले न तो संविधान को समझते हैं और न ही देश की एकता को। सात दशकों तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया। यह न केवल संविधान के साथ, बल्कि इन क्षेत्रों के लोगों के साथ भी अन्याय था। हम संविधान की भावना से जीते हैं, और इसलिए हम मजबूत निर्णय लेते हैं। हमारा संविधान भेदभाव का अधिकार नहीं देता। जो लोग संविधान को अपनी जेब में रखकर जीते हैं, उन्हें नहीं पता कि आपने मुस्लिम महिलाओं को किस तरह की कठिनाइयों में रहने के लिए मजबूर किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व नेतृत्व की आलोचना करने के लिए टीओआई में छपे आर.के. लक्ष्मण के एक प्रसिद्ध कार्टून का उदाहरण दिया। इस कार्टून में 21वीं सदी की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाने वाला एक हवाई जहाज लकड़ी की गाड़ी पर रखा दिखाया गया था, जिसे मजदूर धकेल रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्टून का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिखाता है कि पिछली सरकारें वास्तविकता से कितनी दूर थीं। एनडीए सांसदों ने इस पर हंसी और विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस नेताओं ने मोदी पर इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और वर्तमान चुनौतियों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। विपक्ष का कहना था कि सरकार को जनता के मौजूदा मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए न कि अतीत की बहस को फिर से छेड़ना चाहिए।

अमल — गुजरात में भी यूसीसी लागू करने की तैयारी

मसौदा तैयार करने को पांच सदस्यीय समिति गठित

गांधीनगर, 4 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की तैयारी शुरू कर दी गई है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने और कानून बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है।

समिति 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर सरकार निर्णय लेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भारत का संविधान नागरिकों के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए है। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस साल हम संविधान के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उनका लक्ष्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करना है, ताकि सभी को समान अधिकार मिलें। अनुच्छेद 370 को खत्म करने और तीन तलाक पर रोक लगाने का हवाला देते हुए सीएम पटेल ने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने, एक राष्ट्र एक चुनाव और तीन तलाक को लेकर किए गए वादे पूरे किए जा रहे हैं। इसी दिशा में गुजरात पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहा है। सरकार सभी के लिए समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि रिपोर्ट तैयार करने में सभी पहलुओं पर विचार किया जाएगा। समान नागरिक संहिता संविधान की वह भावना है जो समरसता और समानता स्थापित करेगी। गुजरात के सभी नागरिकों को समान अधिकार मिले, इसके लिए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने यूसीसी समिति का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना देसाई करेंगी। सेवानिवृत्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सीएल मीना, अधिवक्ता आरसी कोडेकर, पूर्व कुलपति दक्षेश ठाकर और सामाजिक कार्यकर्ता गीता श्रॉफ भी इस समिति में शामिल हैं।

देश

उवाच

मुझे केजरीवाल के बयान के बारे में ज्यादा कुछ नहीं मालूम है, लेकिन मैं इतना ही कहूंगा कि चुनाव आयोग की छवि धूमिल हो रही है। लोगों का अब चुनाव आयोग से विश्वास खत्म हो रहा है: **राजीव शुक्ला, सांसद कांग्रेस**

अखिलेश यादव ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखी, कहा

महाकुंभ भगदड़ में मौत का आंकड़ा छिपा रही सरकार

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ भदगड़ का जिक्र करते हुए महाकुंभ की व्यवस्थाओं के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। अखिलेश यादव ने लोकसभा में कहा, 'महाकुंभ में हमारे अपने लोग मारे गए हैं, लेकिन सरकार सही आंकड़ा नहीं बता रही है। उन्होंने कहा कि कुंभ पहली बार नहीं हो रहा, बल्कि कुंभ का आयोजन सदियों से चला आ रहा है। इस सरकार ने कहा था कि हमने 100 करोड़ लोगों के आने का इंतजाम किया है। लेकिन ये व्यवस्था देने में असफल रहे।' अखिलेश ने महाकुंभ भगदड़ का जिक्र करते हुए आगे कहा, सरकार लगातार बजट के आंकड़े दे रही है। लेकिन इन आंकड़ों को देने के पहले उसे महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी देना चाहिए। मैं मांग करता हूं कि महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। महाकुंभ आपदा प्रबंधन और खोया-पाया केंद्र की जिम्मेदारी सेना को दी जाए। महाकुंभ हादसे में हुई मौतों, घायलों के इलाज, दवाइयों, डॉक्टरों, भोजन, पानी, परिवहन की उपलब्धता के आंकड़े संसद में पेश किए जाएं। महाकुंभ त्रासदी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई हो और सच्चाई छिपाने वालों को सजा मिले। हम डबल इंजन सरकार से पूछते हैं कि अगर कोई दोष नहीं था, तो आंकड़े क्यों दबाए गए, छिपाए गए और मिटाए गए?

महाकुंभ भगदड़ पर सर्वदलीय बैठक बुलाने का किया अह्वान

सरकार लगातार बजट के आंकड़े दे रही है। लेकिन इन आंकड़ों को देने के पहले उसे महाकुंभ में मरने वालों के आंकड़े भी देना चाहिए। मैं मांग करता हूं कि महाकुंभ की व्यवस्था के बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएः अखिलेश यादव

उन्होंने आगे कहा, 'जब पता चला कि कुछ लोगों की जान चली गई है, उनके शव शवगृह और अस्पताल में पड़े हैं, इसके बावजूद सरकार ने सरकारी हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। यह कैसी सनातनी परंपरा है? भगवान जानें कितने चप्पल, कपड़े और साड़ियां पड़ी थीं और उन सबको जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रॉली से उठवाया गया। कोई नहीं जानता कि उन्हें कहां फेंका गया। सपा नेता ने कहा कि कुछ दबाव और कुछ मीठा भी दिया जा रहा है, ताकि उनकी खबर बाहर न आए।'

महाकुंभ भदगड़ पर उत्तर प्रदेश के सीएम ने शोक प्रकट नहीं कियाः अखिलेश

अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भदगड़ पर उत्तर प्रदेश के सीएम ने शोक प्रकट नहीं किया था। जब देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने शोक प्रकट किया, तो उसके 17 घंटे के बाद यूपी सरकार ने घटना को स्वीकार किया। ये वो लोग हैं, जो आज भी सच्चाई को स्वीकार नहीं कर सकते। लोकसभा में अपने संबोधन के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, 'सरकार ने कहा कि डिजिटल महाकुंभ में सीसीटीवी लगाए गए और सुनने में तो ये आ रहा है कि कैमरे में जो टेक्नोलॉजी थी, वो एआई पर आधारित थी। अगर हम उस पर भी सवाल न पूछें, तो भी सरकार को सब पता होगा।'

सपा सांसद राम गोपाल यादव ने चुनाव आयोग को बताया 'धृतराष्ट्र'

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा सांसद राम गोपाल यादव के बयान के बाद सियासत तेज हो गई है। सपा सांसद ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर वोटिंग से पहले चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, 'जब चुनाव आयोग ने 3 फरवरी को अखिलेश यादव को बैठक करने की अनुमति नहीं दी और गलत समन्वय अधिकारी नियुक्त किए, तो उसने सारी हदें पार कर दीं। चुनाव आयोग पूरी तरह से 'धृतराष्ट्र' बन गया है।'

सार संक्षेप

तेलंगाना कैबिनेट ने एकीकृत जाति सर्वेक्षण और एससी वर्गीकरण रिपोर्ट को दी मंजूरी

हैदराबाद। तेलंगाना कैबिनेट ने एकीकृत जाति सर्वेक्षण और अनुसूचित जाति (एससी) वर्गीकरण रिपोर्ट को मंगलवार को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह बैठक विधानसभा हॉल में आयोजित की गई थी और लगभग दो घंटे तक चली। दोनों रिपोर्टें आज दोपहर तेलंगाना विधानसभा और विधान परिषद में पेश की जाएंगी और संभवतः दोनों सदनों द्वारा चर्चा के बाद उन्हें मंजूरी दे दी जाएगी। इससे पहले, रविवार को योजना आयोग के अधिकारियों ने तेलंगाना में 50 दिनों का जाति जनगणना सर्वेक्षण के पूरा होने के बाद कैबिनेट उप-समिति को जाति जनगणना रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट में तेलंगाना में विभिन्न जातियों की जनसंख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। इसके अलावा, सोमवार को तेलंगाना कैबिनेट उप-समिति ने एससी वर्गीकरण पर एक रिपोर्ट प्राप्त की, जिसकी अध्यक्षता सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने की थी।

जो गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी : पीएम मोदी

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दिया। इस दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को 'बोरिंग' बताने वाले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर तंज कसा।

उन्होंने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग अपने मनोरंजन के लिए गरीबों की झोपड़ियों में फोटो सेशन कराते हैं, उन्हें संसद में गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। उन्होंने कहा कि हमने गरीब को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया है। गरीब का दुख, सामान्य मानवी की तकलीफ, मीडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं, इसके लिए जज्बा चाहिए। मुझे दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कुछ लोगों में यह है ही नहीं। इसके बाद पीएम मोदी ने शीशमहल का जिक्र करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का फोकस आलीशान घरों में जकूजी और शॉवर पर है। कुछ नेताओं का फोकस अपने घर के स्टाइलिश बाथरूम पर है।

हमने गरीब को झूठे नारे नहीं, सच्चा विकास दिया है। गरीब का दुख, सामान्य मानवी की तकलीफ, मीडिल क्लास के सपने ऐसे ही नहीं समझे जाते हैं, इसके लिए जज्बा चाहिएःनरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

राष्ट्र हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति कर रहे हैं राहुलः राजनाथ

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर राष्ट्रीय हित के मामलों में गैर जिम्मेदाराना राजनीति करने का आरोप लगाया है। श्री सिंह ने श्री गांधी के भारत चीन सीमा के बारे में सेना प्रमुख के हवाले से दिए गए बयान पर खेद जताया है और कहा है कि गांधी ने संसद में अपने भाषण में भारत-चीन सीमा पर स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान के बारे में झूठे आरोप लगाए हैं। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, 'सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों द्वारा पारंपरिक गश्त में व्यवधान का उल्लेख था। हाल ही में हुई सैन्य वापसी के हिस्से के रूप में इन प्रथाओं को उनके पारंपरिक स्वरूप में बहाल किया गया है। सरकार ने संसद में ये विवरण साझा किए हैं। गांधी द्वारा सेना प्रमुख के लिए कहे गए शब्द कभी भी उनके द्वारा नहीं बोले गए थे। यह बहुत खेद की बात है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं। यदि कोई भारतीय क्षेत्र है जिस पर चीन ने कब्ज़ा किया है, तो वह 1962 के युद्ध के परिणामस्वरूप अक्साई चिन में 38,000 वर्ग किमी और 1963 में पाकिस्तान द्वारा चीन को अवैध रूप से सौंपे गए 5,180 वर्ग किमी क्षेत्र हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

आंचलिक दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर
1489, राइट टाउन, मानस भवन के पास, जबलपुर– 482002 (म.प्र.)
Ph.: 0761-2480150, Email: armbja@bankofbaroda.co.in

ई- नीलामी बिक्री सूचना

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

परिशिष्ट– IV-A (नियम 6 (2) एवं 8 (6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, का प्रलक्षित/ वास्तविक कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** निम्न वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेची जाएगी। बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई– नीलामी दिनांक एवं समय एवं धरोहर राशि नीचे दर्शाई गई है :–

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम एवं पता	अचल संपत्ति का विवरण उस पर ज्ञात भार यदि कोई हो एवं संपत्ति मालिक का नाम	बकाया राशि	ई– नीलामी की दिनांक एवं समय	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	कब्जे का प्रकार (प्रलक्षित/भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय
1	**1. श्री विजय कुमार मोटवानी पिता नारायणदास मोटवानी (ऋणी),** फ्लैट नं. 407, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118 **2. श्री मुकेश मोटवानी पिता नारायणदास मोटवानी (जमानतदार),** फ्लैट नं. 410, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118 **3. श्री नारायणदास मोटवानी पिता स्व. श्री गोविंदमल मोटवानी (जमानतदार),** फ्लैट नं. 407, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118	साम्य बंधक आवासीय फ्लैट स्थित सर्वे नं. स्थित फ्लैट नं. 407, चौथी मंजिल, बिल्ड अप एरिया– 862 वर्गफुट, सुपर बिल्ड अप एरिया– 1111 वर्गफुट, सम्मिलित खसरा नं. 8/40, 6/2, 8/52, स्थित ''नारायण हाईट्स'', संजय वार्ड, भाटापारा, तहसील– भाटापारा, जिला– बलोदाबाजार– भाटापारा (छ.ग.), सम्पत्ति स्वामी– श्री विजय कुमार मोटवानी।	रू. 3584827/- + ब्याज एवं खर्चे 25/11/2019 से जो लागू हों	05-03-2025 दोप.2.00 बजे से 6.00 बजे तक	Rs. 3844000/- / Rs. 384400/- / Rs. 100000/-	सांकेतिक	04-03-2025 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
2	**1. श्रीमति प्रीति मोटवानी पत्नि श्री विजय कुमार मोटवानी (ऋणी)** फ्लैट नं. 409, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118 **2. श्री मुकेश मोटवानी पिता नारायणदास मोटवानी (सह– ऋणी),** फ्लैट नं. 408, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118 **3. श्री विजय कुमार मोटवानी पिता नारायणदास मोटवानी (सह– ऋणी),** फ्लैट नं. 407, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118 **4. श्रीमति भावना मोटवानी पत्नि श्री मुकेश मोटवानी (जमानतदार)** फ्लैट नं. 410, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118	साम्य बंधक आवासीय फ्लैट स्थित सर्वे नं. स्थित फ्लैट नं. 202, दूसरी मंजिल, बिल्ड अप एरिया– 862 वर्गफुट, सुपर बिल्ड अप एरिया– 1111 वर्गफुट, सम्मिलित खसरा नं. 8/40, 6/2, 8/52, स्थित ''नारायण हाईट्स'', संजय वार्ड, भाटापारा, तहसील– भाटापारा, जिला– बलोदाबाजार– भाटापारा (छ.ग.), सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति प्रीति मोटवानी।	रू. 6323115/- + ब्याज एवं खर्चे 25/11/2019 से जो लागू हों	05-03-2025 दोप.2.00 बजे से 6.00 बजे तक	Rs. 3844000/- / Rs. 384400/- / Rs. 100000/-	सांकेतिक	04-03-2025 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक
3	**1. श्री मुकेश मोटवानी पिता नारायणदास मोटवानी (ऋणी),** फ्लैट नं. 410, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118 **2. श्री मुकेश मोटवानी पिता नारायणदास मोटवानी (जमानतदार),** फ्लैट नं. 407, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118 **3. श्री नारायणदास मोटवानी पिता स्व. श्री गोविंदमल मोटवानी (जमानतदार),** फ्लैट नं. 407, संजय वार्ड, नारायण हाईट्स, भाटापारा, जिला– बलोदा बाजार– भाटापारा (छ.ग.)– 493118	साम्य बंधक आवासीय फ्लैट स्थित सर्वे नं. स्थित फ्लैट नं. 408, चौथी मंजिल, बिल्ड अप एरिया– 862 वर्गफुट, सुपर बिल्ड अप एरिया– 1111 वर्गफुट, सम्मिलित खसरा नं. 8/40, 6/2, 8/52, स्थित ''नारायण हाईट्स'', संजय वार्ड, भाटापारा, तहसील– भाटापारा, जिला– बलोदाबाजार– भाटापारा (छ.ग.), सम्पत्ति स्वामी– श्री मुकेश मोटवानी।	रू. 3586573/- + ब्याज एवं खर्चे 25/11/2019 से जो लागू हों	05-03-2025 दोप.2.00 बजे से 6.00 बजे तक	Rs. 3844000/- / Rs. 384400/- / Rs. 100000/-	सांकेतिक	04-03-2025 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक

सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन 30 दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

विक्रय के निबंध और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं ई– नीलामी पोर्टल– **Baanknet.com** देखें। अन्य संबंधित जानकारी के लिए प्राधिकृत अधिकारी से फोन नं. 0761– 2480150, मोबा. नं. 9810553775 पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थानः जबलपुर, दिनांकितः 04.02.2025

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं.1.7.6 अ/2, वर्ष, 2024-25 वाद भूमि ग्राम चण्डी प.ह.नं. 38

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम चण्डी प.ह.नं. 38 तहसील सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सीमेंट लिमिटेड द्वारा ग्राम चण्डी प.ह.नं. 38 तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. व रकबा जो निम्नानुसार है-

क्रं.	आवेदित खसरा नं.	रकबा (हे. मे)	क्रं	आवेदित खसरा नं.	रकबा (हे. में)
1	720/1	0.130	23	740/4	0.091
2	720/2	0.129	24	740/5	0.091
3	721/1	0.136	25	741/1	0.406
4	721/2	0.135	26	741/2	0.216
5	722	0.089	27	741/3	0.829
6	723	0.101	28	741/4	0.283
7	724/1	0.085	29	741/5	0.424
8	724/2	0.085	30	741/6	0.216
9	725/1	0.085	31	741/7	0.216
10	725/2	0.061	32	742/1	0.068
11	726/1	0.223	33	742/2	0.551
12	726/2	0.089	34	742/3	0.067
13	728	0.093	35	742/4	0.135
14	727/1	0.061	36	743/1	0.444
15	729/1	0.144	37	743/2	0.444
16	729/3	0.143	38	743/3	0.444
17	730/1	0.117	39	743/4	0.206
18	730/2	0.117	40	744	0.275
19	731	0.255	41	746/1	0.212
20	732/2+733/2	0.351	42	746/2	0.212
21	732/3+733/3	0.351	43	746/3	0.212
22	732/4+733/4	0.222	44	746/4	0.213
45	736/2	0.262	87	747/1	0.607
46	736/3	0.262	88	747/2	0.64
47	736/4	0.141	89	747/3	0.567
48	737/1	0.6	90	747/4	0.748
49	737/2	0.615	91	747/5	0.328
50	737/3	0.324	92	747/6	0.405
51	737/7	0.186	93	747/7	0.363
52	737/8	0.162	94	748/1	0.089
53	737/9	0.101	95	748/2	0.109
54	737/10	0.15	96	748/3	0.11
55	738/1	0.057	97	748/4	0.602
56	738/2	0.162	98	749/1	0.137
57	739	0.105	99	749/2	0.137
58	740/1	0.259	100	749/3	0.137
59	740/2	0.137	101	749/4	0.137
60	740/3	0.137	102	749/5	0.137
61	749/6	0.137	103	939/1	0.652
62	749/7	0.137	104	939/2	0.428
63	750/1	0.109	105	940/1	0.090
64	750/2	0.122	106	940/2	0.09
65	750/3	0.041	107	940/3	0.04
66	750/5	0.108	108	940/4	0.09
67	750/7	0.081	109	941/1	0.182
68	750/8	0.122	110	941/2	0.182
69	750/9	0.122	111	942/1	0.188
70	750/10	0.293	112	942/2	0.094
71	752/1	0.356	113	942/3	0.188
72	917/1	0.405	114	942/4	0.188
73	922	0.405	115	942/5	0.047
74	923	0.279	116	964/1	0.113
75	924	0.105	117	964/2	0.227
76	925	0.178	118	965/1	0.121
77	926/1	0.203	119	965/2	0.121
78	926/2	0.631	120	965/3	0.122
79	926/3	0.405	121	966/1	0.068
80	926/4	0.226	122	966/2	0.202
81	926/5	405	123	966/3	0.068
82	927/2	1.521	124	966/4	0.067
83	933/3	0.133	125	967/2	0.054
84	933/5	0.114	126	968/1	0.214
85	934/1	0.117	127	968/2	0.21
86	934/2	0.142	128	968/3	0.158
129	934/3	0.174	171	969/1	0.135
130	935/1	0.061	172	969/2	0.129
131	935/2	0.06	173	969/3	0.129
132	935/3	0.061	174	969/4	0.129
133	936/1	0.486	175	970	0.162
134	936/2	0.094	176	971	0.085
135	936/3	0.081	177	972/1	0.089
136	936/4	0.094	178	972/2	0.089
137	936/5	0.093	179	983/1	0.057
138	936/6	0.07	180	983/2	0.121
139	936/7	0.07	181	983/3	0.312
140	936/8	0.070	182	984/2	0.034
141	936/9	0.072	183	985/2	0.065
142	937/1	0.428	184	986/1	0.071
143	938/2	0.09	185	986/2	0.071
144	987	0.178	186	999/1	0.616
145	988/1	0.198	187	999/2	0.696
146	988/2	0.162	188	1000/1	0.206
147	988/3	0.284	189	1000/2	0.413
148	989/1	0.446	190	1000/3	0.413
149	989/2	0.897	191	1000/4	0.412
150	989/3	0.898	192	1000/5	0.206
151	989/4	0.898	193	1000/6	0.206
152	989/5	0.451	194	1001	0.146
153	990/1	0.138	195	1002/1	0.186
154	990/2	0.134	196	1002/2	0.413
155	990/3	0.138	197	1003/1	0.101
156	990/4	0.138	198	1003/2	0.182
157	990/5	0.138	199	1003/3	0.121
158	990/6	0.138	200	1003/4	0.065
159	991/1	0.049	201	1003/5	0.11
160	991/2	0.049	202	1003/6	0.109
161	991/3	0.048	203	1003/7	0.045
162	992/1	0.206	204	1004/1	0.349
163	992/2	0.104	205	1004/2	0.35
164	992/3	0.103	206	1004/3	0.349
165	993/1	0.169	207	1005/5	0.207
166	993/2	0.168	208	1006/1+1006/3	0.395
167	993/3	0.169	209	1006/2	0.394
168	994/1	0.077	210	1038/1	0.036
169	994/2	0.077	211	1038/3	0.108
170	995/1	0.156	212	1038/4	0.164
213	995/2	0.156	240	1042/1	0.172
214	996/1	0.035	241	1042/2	0.223
215	996/2	0.016	242	1042/3	0.172
216	996/3	0.036	243	1049/1	0.02
217	996/4	0.071	244	1049/2	0.384
218	996/5	0.054	245	1049/3	0.395
219	996/6	0.054	246	1049/4	0.202
220	996/7	0.015	247	1049/5	0.203
221	996/8	0.016	248	1050/1	0.109
222	997/1	0.049	249	1050/2	0.073
223	997/2	0.089	250	1051/1	0.206
224	998/1	0.148	251	1052	0.287
225	998/2	0.074	252	1053/1	0.176
226	998/3	0.073	253	1053/2	0.176
227	1054/1	0.265	254	1059/5	0.087
228	1054/2	0.099	255	1059/6	0.087
229	1055/1	0.131	256	1060/1	0.057
230	1055/2	0.139	257	1060/2	0.061
231	1057/1	0.093	258	1060/3	0.057
232	1058/1	0.388	259	1060/4	0.061
233	1058/2	0.19	260	1060/5	0.124
234	1058/3	0.19	261	1061/1	0.258
235	1058/4	0.146	262	1061/2	0.259
236	1059/1	0.526	263	1061/3	0.258
237	1059/2	0.129	264	1061/4	0.258
238	1059/3	0.13		योग	54.128
239	1059/4	0.089			

उक्त भूमि को औद्योगिक (सोलर पावर प्लांट) प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी-1, खसरा पांचसाला, नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन (सोलर पावर प्लांट) हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 14/02/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

भूटान नरेश संग मुख्यमंत्री ने संगम में लगाई पावन डुबकी

महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हुए भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक

महाकुंभ नगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहीं मंगलवार को नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भूटान नरेश संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद अक्षय वट और बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन के लिए गए। दोनों नेताओं ने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का भी दौरा किया।

सदी के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ में स्नान के लिए पूरी दुनिया लालायित है। इसी क्रम में भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में 'पुण्य की डुबकी' लगाने प्रयागराज पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें त्रिवेणी संगम पर विधिवत स्नान और पूजा-अर्चना कराई। जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक सोमवार को ही थिम्फू से लखनऊ पहुंचे थे, जहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुंभ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महाकुंभ नगर में भूटान नरेश की आध्यात्मिक यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के महात्म्य से भूटान नरेश को कराया परिचित

महामंडलेश्वर संजनानन्द गिरी ने किया चतुष्पथ यात्रा का जयघोष

लखनऊ, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कामाख्या पीठ की साधिका व निरंजनी अखाड़े की महामंडलेश्वर स्वामी संजना नंद गिरी ने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार और धर्म के प्रति लोगों में फैल रही गलत धारणाओं के निवारण के लिये चतुष्पथ यात्रा का उद्घोष किया है।

यात्रा मार्च से शुरू होकर तकरीबन दो माह तक चलेगी, संपूर्ण यात्रा को दो चरणों में आयोजित किया गया है? जिसका

पहला चरण महामंडलेश्वर संजनानंद के मूल स्थान कामाख्या पीठ से शुरू होकर जोधपुर तक और द्वितीय चरण रामेश्वरम से शुरू होकर कश्मीर के लाल चौक पर जाकर संपूर्ण होगा। यात्रा के दौरान संजना नंद देश के लगभग सभी प्रमुख शहरों में धर्म को लेकर विभिन्न आयोजन व व्याख्यानों को संबोधित करेंगी। साथ ही मार्ग में पड़ने वाले सभी प्रमुख धर्म स्थान, शक्ति पीठों, देवस्थानों के साथ-साथ सनातन धर्म से जुड़े विद्वानों के साथ उनकी मुलाकात भी होगी । इस धर्म यात्रा में कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों व पक्ष विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के भी भाग लेने की संभावना है । यात्रा के लिये अलग-अलग कई विभागों का गठन महामण्डलेश्वर संजनानंद गिरी के ऑफिस द्वारा किया गया है। संपूर्ण यात्रा के प्रचार अभियान व संपर्क प्रमुख का दायित्व फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक दुष्यंत प्रताप सिंह स्वयं देख रहे हैं। उनके मुताबिक भारतीय फिल्म व कला जगत के बड़े सितारों ने अपना समर्थन महामण्डलेश्वर को दिया है।

यात्रा में शैक्षिक वर्ग, व्यावसायिक वर्ग, कला जगत के साथ-साथ अन्य धर्म व संस्कृतियों से जुड़े लोग भी मूर्त रूप से हिस्सा लेंगे। हरियाणा के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता व सरपंच खाप के पूर्व प्रधान वेद प्रकाश ने यात्रा को अपना समर्थन दिया है।

अदाणी समूह को सेवा कार्यों पर स्वामी ज्ञानानंद ने दिया साधुवाद

प्रयागराज में जारी महाकुंभ 2025 में सेवा-सद्भाव को सनातन की विशेष गरिमा बताते हुए महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने अदाणी समूह द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। स्वामी ज्ञानानंद एक शिक्षाविद, दार्शनिक, मार्गदर्शक, लेखक और योगी हैं। उन्होंने नैतिकता, मूल्यों, और गीता पर कई किताबें लिखी हैं और व्याख्यान दिए हैं। स्वामी ज्ञानानंद ने महाकुंभ में अदाणी ग्रुप द्वारा चलाई जा रही महाप्रसाद सेवा की विशेष तौर पर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ का मंगलमय अवसर है जहां पूरे कुंभ क्षेत्र में सत्संग, कथाओं का अमृतपान हो रहा है। इसके अलावा यज्ञ-अनुष्ठान आदि भी अपनी जगह हो रहे हैं। लेकिन सनातन की सबसे बड़ी गरिमा सेवा-सद्भाव है। यहां सेवा को प्राथमिकता देते हुए स्थान-स्थान पर भंडारों का आयोजन हो रहा है। इस संदर्भ में अदाणी ग्रुप द्वारा किया जा रहा सेवाभाव बहुत विशेष और सराहनीय है। उन्होंने आगे कहा कि अदाणी ग्रुप द्वारा बड़े स्तर पर कुंभ क्षेत्र में भोजन की व्यवस्था की गई है। स्थान-स्थान पर महाप्रसाद वितरण का कार्य रखा गया है। इसके लिए अदाणी ग्रुप को बहुत शुभकामनाएं और साधुवाद। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि सामर्थ्य मिलना ईश्वर की कृपा होती है। लेकिन उस सामर्थ्य का सदुपयोग करना ईश्वर की विशेष कृपा है और अगर यह कुंभ क्षेत्र के आसपास हो रहा हो तो ये शानदार प्रयास है। मैं अदाणी ग्रुप को उनके प्रयासों के साथ मंगलकामनाएं देता हूं। महाकुंभ में अदाणी समूह की ओर से महाप्रसाद वितरण, गीता प्रेस के सौजन्य से आरती संग्रह का निःशुल्क वितरण आदि जैसे सेवा कार्य किए जा रहे हैं। स्वामी ज्ञानानंद ने अदाणी समूह के योगदान को समाज के लिए प्रेरणा स्रोत और लोक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम और अन्य लोगों के लिए एक आदर्श बताया। उल्लेखनीय है कि ध्यान, सेवा, और मानवता के प्रति समर्पण (सत्संग, सेवा और सुमिरन) जैसे विचारों के लिए समर्पित ज्ञानानंद ने श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति (संगठन) की स्थापना की है।

महाकुंभ से प्रस्थान के बाद काशी अगला गंतव्य, वहीं मनाएंगे शिवरात्रि और होली : महंत राम रतन गिरी



महाकुंभ नगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। तीर्थराज प्रयागराज में जारी महाकुंभ में तीसरा अमृत स्नान बसंत पंचमी के अवसर पर रविवार 2 फरवरी से शुरू होकर सोमवार 3 फरवरी को पूरा हुआ। हिंदू पंचांग के अनुसार यह पर्व दो दिन तक जारी रहा, जिसमें श्रद्धालुओं ने दोनों दिनों संगम में स्नान किया। अमृत स्नान के बाद विभिन्न अखाड़ों के संत और नागा संन्यासी अपने-अपने डेरों की ओर लौटने की तैयारी में जुट गए हैं।

महाकुंभ मेला प्रशासन ने अखाड़ों को सोमवार तड़के शाही स्नान के लिए निर्धारित समय प्रदान किया था। इस अवसर पर नागा संन्यासियों और साधु-संतों ने पारंपरिक साज-सज्जा के साथ स्नान किया। वे रथों, हाथियों, ऊंटों और घोड़े पर सवार होकर संगम तट पहुंचे। बसंत पंचमी के स्नान के बाद अब धीरे-धीरे अखाड़े प्रस्थान करने की तैयारी कर रहे हैं।

अखाड़ों के लौटने की भी एक परंपरा है जिसमें उनके गंतव्य भी निर्धारित हैं। इस बारे में निरंजनी अखाड़े के सचिव महंत राम रतन गिरी महाराज ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर यह अंतिम शाही स्नान था। हमारे यहां रोजाना पूजा होती है। पांच पंडित देवताओं की पूजा करते हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य तीन अमृत स्नान थे जो कल पूरे हो गए हैं। अब हम प्रस्थान करेंगे।

उन्होंने जानकारी दी कि अखाड़े शुभ मुहूर्त देखकर ही जाते हैं। इस बार यह शुभ मुहूर्त 7 तारीख को निकला है। उन्होंने कहा, हम सात अखाड़े अब बनारस के लिए निकल जाएंगे। वहीं पर हमारी शिवरात्रि और होली होगी। इसके लिए हमारे अखाड़े का शुभ मुहूर्त 7 तारीख को निकला है। उस दिन यहां से हम प्रस्थान कर लेंगे। प्रस्थान से पहले कढ़ी-पकौड़ा, चावल-बूरा के सेवन को शुभ माना जाता है। हम इनका सेवन करने के बाद बनारस जाएंगे।

बनारस जाने की परंपरा पर उन्होंने कहा कि हम शिव के उपासक हैं। हमारे अखाड़े काशी में स्थापित हैं। भगवान शिव भी काशी में स्थापित हैं। महाकुंभ अभी चल रहा है जिसके बाद काशी जाना है। ऐसा पावन अवसर कहां मिल पाएगा। काशी में हम शिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। वहां शिवरात्रि और होली मनाने के बाद हम हरिद्वार जाएंगे। ऐसी ही परंपरा रही है।

महंत राम रतन गिरी महाराज ने बताया कि महाकुंभ में जिस तरह से नगर प्रवेश के बाद विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई थी, अब जाने से पहले भी पूजन अर्चन हवन आहुति दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि सभी अखाड़े के संत महंत संन्यासी अपना-अपना सामान समेटने लगे हैं। अब छह साल बाद 2031 के कुंभ में फिर से अखाड़ों के साधु-संत प्रयागराज आएंगे और दोबारा यहां एकजुट होंगे।

हिंदू और बौद्ध एक ही वटवृक्ष की शाखाएं : योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बौद्ध महाकुंभ यात्रा का किया शुभारंभ
- बोले, भगवान बुद्ध ने दुनिया को करुणा और मैत्री का संदेश दिया, आज यदि भारत रहेगा तो भगवान बुद्ध का संदेश भी रहेगा

महाकुंभ नगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रयागराज दौरे पर बौद्ध महाकुंभ यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उपासना विधियों का एक मंच पर आना अभिनंदनीय है। हिंदू और बौद्ध एक ही वटवृक्ष की शाखाएं हैं। यदि ये एक ही मंच पर आ जाएं तो यह दुनिया में सबसे शक्तिशाली वटवृक्ष बनेगा जो उन्हें छांव भी देगा और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने बौद्ध संतों और विद्वानों पर पुष्प वर्षा भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध ने दुनिया को करुणा और मैत्री का संदेश दिया। आज यदि भारत रहेगा तो भगवान बुद्ध का संदेश भी रहेगा। कुछ लोग आज भारत को बांटने का षड्यंत्र कर रहे हैं, लेकिन इस तरह के आयोजनों से भारत विरोधी तत्वों की नींद हराम हो चुकी है। वह अलग-अलग माध्यमों से दुष्प्रचार कर रहे हैं, लेकिन सांच को आंच कहां। सत्य तो सत्य होगा। भगवान बुद्ध ने कहा था कि सत्य की अनुभूति की जाती है, सत्य को शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है। इसी सत्य की अनुभूति आज यहां कोटि-कोटि संतों और श्रद्धालुओं को हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां एक तरफ यह महाकुंभ एकता का संदेश दे रहा है तो वही बहुत सारे लोगों को यह कार्यक्रम अच्छे नहीं लग रहे। 38 करोड़ श्रद्धालु कैसे प्रयागराज महाकुंभ में आकर आस्था की डुबकी लगा लिए हैं। भारत का डंका दुनिया में बजा दिया है। इसने भारत विरोधी तत्वों की नींद हराम कर दी हैं। महाकुंभ का आयोजन एकता का संदेश देने का सबसे बड़ा माध्यम है। यह आत्म साक्षात्कार का भी माध्यम है। इस महाकुंभ से यह संदेश पूरी दुनिया को जाना चाहिए। प्रसन्नता है कि आप लोग यहां पर आए, महाकुंभ के साक्षी बने और त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर एकता के संदेश को गांव गांव और घर घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इंद्रेश जी समेत बौद्ध धर्म से जुड़े संत उपस्थि रहे।

सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षडयंत्र करने वाले तत्व गढ़ रहे असत्य के प्रतिमानः योगी

महाकुंभ नगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर बरसे। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर देश व दुनिया गौरव की अनुभूति कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षडयंत्र करने वाले तत्वों के द्वारा लगातार शरारत पर शरारत करते हुए झूठ व असत्य के नित नए प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं।

मीडिया से बातचीत में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पर बरसे मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य न इनके सनातन धर्म विरोधी चरित्र को उजागर कराता है, बल्कि इनकी उस गिद्ध दृष्टि की ओर भी सबका ध्यान आकर्षित करता है, जो लगातार पहले दिन से महाकुंभ के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इनका यह बयान न केवल सनातन धर्म पर प्रहार है, बल्कि निंदनीय व शर्मनाक है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना कि मौनी अमावस्या में हजारों लोग मर गए, यह अफसोसजनक है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि संसद में मर्यादित बयान रखें। दोनों नेता झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। इनका बयान गुमराह करने वाला है। दोनों दलों में प्रतिस्पर्धा है कि कौन कितना सनातन धर्म विरोधी वक्तव्य दे सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कहना कि कोई आंकड़े नहीं दिए गए, गलत है। प्रशासन ने भी आंकड़े दिए गए और मैंने भी उन्हें सबके सामने रखा। घटना दुखद थी। इससे हर कोई दुखी थी। मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस ने मिलकर क्विक रिस्पांस से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। सीएम ने कहा कि उस दिन करोड़ों लोग प्रयागराज में थे। सनातन धर्म विरोधी और यह दोनों दल चाहते थे कि बड़ा हादसा हो जाए। हमारी पहली प्राथमिकता थी कि किसी भी स्थिति में जीरो हादसे तक लेकर जाएं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से यह घटना घटित हुई। प्रशासन व संबंधित संस्थाओं ने क्विक रिस्पांस से कार्य किया और उन्हें हॉस्पिटलाइज किया। इसमें कुछ लोग हादसे का शिकार हुए, यह दुखद है।

23वें दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन

महाकुंभ नगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। संगम नगरी प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी में रोजाना लाखों-करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान कर रहे हैं। इसी सिलसिले में महाकुंभ के 23वें दिन भी अधिक संख्या में श्रद्धालु संगम पहुंचे और आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने अच्छी व्यवस्था के लिए शासन-प्रशासन की तारीफ की और प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी को भी सराहा।

जम्मू की रहने वाली एक महिला श्रद्धालु वनिता सूरी ने बताया कि महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था है। हम एक दिन पहले से आए हुए हैं और बहुत मजा आ रहा है। जैसे कि लोगों ने डराया हुआ था कि महाकुंभ नहीं जाना है, आते समय हमें डर भी लग रहा था, लेकिन यहां पर आकर बहुत अच्छा लगा। लेकिन यहां पर सारी व्यवस्था ठीक थी, सुरक्षा व्यवस्था का भी विशेष ख्याल रखा गया है। जब हम रात में आए तो आर्मी और पुलिस के लोग भी मौजूद थे। हमने बहुत आराम से स्नान किया।

जम्मू से ही आए अमित ने बताया कि महाकुंभ में बहुत अच्छी व्यवस्था थी। पीएम मोदी और सीएम योगी ने लोगों के लिए जो व्यवस्था की है, वो बहुत ही सराहनीय है। सुरक्षा का भी खास ख्याल रखा गया है।

भव्य आयोजन के लिए सरकार को सराहा

एक अन्य श्रद्धालु भूपेंद्र सिंह ने बताया कि महाकुंभ की एक नंबर व्यवस्था है। मैं दो बार महाकुंभ में नहाया। एक बार बसंत पंचमी के दिन रात को 11 बजे और दूसरी बार सुबह चार बजे। महाकुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी थी, सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम थे। इस बार पुलिस एक जगह भीड़ जुटने नहीं दे रही है।

मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ को लेकर उन्होंने कहा कि कोई डर का माहौल नहीं है। ये बहुत बड़ा आयोजन है। छोटे-मोटे हादसे के डर में घर में नहीं रह सकते।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से आए अनंता ने भगवान हनुमान का स्वरूप धारण किया हुआ है। वह इस रूप से भक्तों को खास संदेश दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस स्वरूप से भक्तों को ये संदेश दे रहे हैं कि सभी हिंदू राष्ट्र के लिए मदद करें, ताकि देश हिंदू राष्ट्र बने।

बता दें कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार महाकुंभ में 23वें दिन सुबह 8 बजे तक 20.65 लाख श्रद्धालु आए जबकि 30.65 लाख लोगों ने स्नान किया। महाकुंभ में 10 लाख से अधिक कल्पवासी मौजूद हैं। बता दें कि महाकुंभ में अभी तक 37.54 करोड़ से अधिक लोग आ चुके हैं।

कुंभ में आने वाले हमारे प्रयासों की सराहना करते हैं तो सारी थकान हो जाती है दूर

महाकुंभ नगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित भव्य महाकुंभ को सफल बनाने में यहां ड्यूटी पर तैनात सफाई कर्मचारियों की भी अहम भूमिका है। यहां पर तीन अमृत स्नान हुए। करोड़ों की संख्या में देश भर से श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचे। लेकिन, संगम तट पर गंदगी देखने को नहीं मिली। सफाई कर्मचारियों ने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया और पूरे परिसर को साफ-सुथरा रखा।

नई दिल्ली, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जुगराज सिंह की कहानी अभावों के बीच से अपने जीवट से खुद की भारत के बेहतरीन हॉकी ड्रैग फ्लिकर के रूप में पहचान बनाने की प्रेरक दास्तां है। अपने परिवार की गुजर बसर के लिए जुगराज ने कभी भारत की सरहद पर अटारी-वाघा बॉर्डर तिरंगा और पानी की बोतलें बेचीं। जुगराज सिंह ने अपने संकल्प से खुद को पुरुष हॉकी टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद खुद को भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर के रूप अलग पहचान बनाई है। सात बरस के फिर से शुरू हुई हीरो पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर सबसे ज्यादा 12 गोल कर श्राची रार बंगाल टाइगर्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। जुगराज सिंह ने शानदार हैट्रिक जमा बंगाल टाइगर्स को राउरकेला में हैदराबाद तूफांस के खिलाफ फाइनल 4-3 से जीत दिला एचआईएल चैंपियन बनाने में बतौर ड्रैग फ्लिकर अपना हुनर दिखा भारत के दक्षिण अफ्रीकी कोच क्रेग फुल्टन का दिल जीता। अटारी, पंजाब में जन्में जुगराज सिंह की भारत के शीर्ष हॉकी ड्रैग फ्लिकर के रूप में खुद को स्थापित बनाने की कहानी उनके जीवट और धैर्य की कहानी है। जुगराज के पिता भारतीय फौज में कुली का काम करते थे और अचानक बीमार पड़ गए और ऐसे मुश्किल दौर में बहुत कम उम्र में जुगराज ने अपने परिवार को चलाने की जिम्मेदारी खुद संभाली। जुगराज इन चुनौतीपूर्ण मुश्किल दिनों को याद करते हुए कहते हैं,'मैंने एक बार भी यह सवाल नहीं किया कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं। उस समय मेरा परिवार मेरी सबसे पहली प्राथमिकता था। मैं जानता था कि मैं कड़ी मेहनत कर अपने परिवार की मदद कर सकता हूं और इसी से परिवार को दो वक्त का खाना मयस्सर हो सकता है। मैं पानी की बोतलें और तिरंगे झंडे बेच कर मैं अपने परिवार को चलाने में मदद कर सकता था क्योंकि हमारे पास कमाई का कोई और दूसरा जरिया ही नहीं था। तब मेरा मानना था कि मेरी मेहनत मेरे भविष्य का रास्ता तय करेगी और ऐसा हुआ भी।' जुगराज कहते हैं, 'मैंने अपने हिस्से का संघर्ष झेला, लेकिन मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि मेहनत से हर मुश्किल पर पार पाया जा सकता है। जब तक मुझमें भारत के लिए खेलने का दम है, कड़ी मेहनत जारी रखूंगा क्योंकि भारत ने मुझे सब कुछ दिया है। मैं भारतीय टीम के लिए बड़े मंचों पर अपना खेल बेहतर करने को लिए प्रेरित हूं। मेरा अगला बड़ा लक्ष्य भारत को विश्व कप, एशियाई खेलों और ओलंपिक में हॉकी स्वर्ण पदक जिताना है। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा और इन चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करूंगा। मैं बराबर खुद को बेहतर करने में लगा हूं और जब तक हॉकी खेलूंगा, तब तक ऐसा करता रहूंगा। मैं एचआईएल की अपनी इस शानदार फॉर्म को एफआईएच प्रो हॉकी लीग में जारी रख कर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। एचआईएल ने मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ाया है। मैं अच्छी फॉर्म में हूं और यदि मौका मिला तो मैं एचआईएल की अपनी इस शानदार लय को एफआईएचल प्रो लीग में भी जारी रखना चाहता हूं और भारतीय टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। एचआईएल प्रो लीग बड़ा टूर्नामेंट है और मैं बराबर पूरी शिद्दत से अपना शानदार प्रदर्शन को बेताब हूं। शुरूआत दौर के संघर्ष के बावजूद अपने बड़े भाई से प्रेरणा पाकर जुगराज का हॉकी खेलने के लिए जुनून कभी कम नहीं हुआ।

'मैंने अपने हिस्से का संघर्ष झेला, लेकिन मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि मेहनत से हर मुश्किल पर पार पाया जा सकता है : जुगराज सिंह

वरुण इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम में शामिल

नागपुर, 4 फरवरी (एजेंसियां)। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए मंगलवार को भारत की टीम में शामिल किया गया।

चक्रवर्ती के संभावित चयन का समर्थन इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उनके उल्लेखनीय 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' प्रदर्शन से मिलता है, जहां वे भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, उन्होंने 14 विकेट झटके, जिसमें एक सनसनीखेज पांच विकेट भी शामिल हैं।

- वरुण चक्रवर्ती भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए वरुण चक्रवर्ती को भारत की टीम में शामिल किया है। नागपुर में गुरुवार से वनडे सीरीज शुरू होने वाली है, चक्रवर्ती ने टीम के साथ प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। 33 वर्षीय खिलाड़ी की अपनी विविधताओं और भ्रामक स्पिन के साथ इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को परेशान करने की क्षमता ने भारत की 4-1 श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केवल 23 लिस्ट ए (50-ओवर) मैच खेलने के बावजूद, चक्रवर्ती के पास 19.8 की स्ट्राइक रेट से 59 विकेट लेने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। विजय हजारे ट्रॉफी में उनके हालिया कारनामे, जहां वे स्पिनरों में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए, ने उनके दावे को और मजबूत किया। उन्होंने 12.16 की आश्चर्यजनक औसत से 18 विकेट लिए, जिसमें 5-9 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शामिल है। चक्रवर्ती के शामिल होने से भारत के स्पिन विभाग में और गहराई आई है, जिसमें पहले से ही कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के करीब आने के साथ, चयनकर्ता इस महीने के अंत में दुबई में होने वाले आईसीसी इवेंट के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न संयोजनों का परीक्षण कर रहे हैं।

इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारत की अद्यतन वनडे टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

विराट और रोहित का फॉर्म भारत के चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए महत्वपूर्ण होगा' : सुरेश रैना

मुंबई, 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज़ जीत के बाद, भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए कमर कस रही है, जो भारत के आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी। भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज़ के लिए स्टार स्पोर्ट्स के विशेष शो गेम प्लान पर विशेष रूप से बोलते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने आगामी सीरीज़ पर अपने विचार साझा किए। रोहित शर्मा से अपनी अपेक्षाओं के बारे में बोलते हुए, रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने वनडे विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की-वे फाइनल में भी आक्रामक थे। इसलिए, मेरा मानना है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा। मुख्य सवाल यह है कि उनके साथ कौन ओपनिंग करेगा-क्या वह शुभमन होंगे? मुझे याद है, जब भी वे एक साथ खेलते हैं, तो वे आक्रामक इरादे रखते हैं। कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा के बारे में बात करते हुए रैना ने कहा, कि रोहित शर्मा एक आक्रामक कप्तान हैं। जिस तरह से वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करते हैं, वह काबिले तारीफ है- मोहम्मद शमी को अहम मौकों पर उतारना और रणनीति के तौर पर स्पिनरों पर भरोसा करना। जब रोहित रन बनाते हैं, तो यह उनकी कप्तानी में भी झलकता है। कप्तान के तौर पर यह उनकी आखिरी आईसीसी ट्रॉफी हो सकती है और अगर वह जीतते हैं, तो वह चार आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। वह पहले ही टी20 विश्व कप जीत चुके हैं और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक उल्लेखनीय उपलब्धि होगी। वह इसे हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे, लेकिन रन बनाना उनके लिए महत्वपूर्ण होगा। आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा का फॉर्म कितना महत्वपूर्ण होगा, इस पर रैना ने कहा कि 2023 में वनडे विश्व कप के बाद रोहित शर्मा का स्ट्राइक रेट काफी बेहतर हुआ है। तब से, उन्होंने 119-120 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जिससे वे भारत के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं।

- मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने वनडे विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की-वे फाइनल में भी आक्रामक थे। इसलिए, मेरा मानना है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा: सुरेश रैना

पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

कोलम्बो, 4 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीलंकाई बल्लेबाज़ दिमुथ करूणारत्ने ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। गाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी सप्ताह शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट उनके करियर का 100वां और आखिरी टेस्ट होगा। इस मैच के बाद श्रीलंका को अगले एक साल में मई 2026 तक सिर्फ दो टेस्ट मैच खेलने हैं और करूणारत्ने सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेलते हैं। 2024 से उनका फ़ॉर्म भी कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने पिछले 14 महीनों में सिर्फ 27.05 की औसत से रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाले का दूसरा टेस्ट इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में श्रीलंका का आखिरी टेस्ट भी है। करूणारत्ने ने 2012 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गाले में ही टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक खेले 99 टेस्ट में 16 शतकों और 39 अर्द्धशतकों की मदद से 39.40 की औसत से 7172 रन बनाए हैं।

हैदराबाद क्रिकेट संघ ने भारत की अंडर-19 टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों को सम्मानित किया

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां) हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अध्यक्ष जगन मोहन राव अरिष्णपल्ली ने मंगलवार को यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत की अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों का स्वागत किया और मलेशिया में टूर्नामेंट में उनकी 'प्रभावशाली जीत और उत्कृष्ट प्रदर्शन' के लिए भारतीय सितारों को सम्मानित भी किया। भारत की महिलाओं ने पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट की शानदार जीत के बाद अपने अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अलावा, वे बिना कोई मैच हारे खिताब जीतने वाली पहली टीम भी बन गईं। हाल ही में कुआलालंपुर में संपन्न अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुनी गईं गोंगडी त्रिशा और उनकी साथी द्रिथी केसरी का मंगलवार सुबह हैदराबाद पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके साथ हेड कोच नूशिन अल खादीर और ट्रेनर शालिनी भी थीं। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को उनके आगमन पर शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

सार संक्षेप

अलवर में टाइगर मैराथन में दौडेंगे विभिन्न राज्यों के धावक

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'फिट इंडिया हिट इंडिया' के तहत अलवर सांसद खेल उत्सव में 09 फरवरी को टाइगर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि इस टाइगर मैराथन में अलवर जिले सहित विभिन्न राज्यों से भी धावक हिस्सा लेंगे। टाइगर मैराथन में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल से गुजरते हुए नारु मार्ग पर लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से मिनी सचिवालय के सामने से निकलते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल पहुंचेगी और वहां से यह दौड़ अलवर जयपुर मार्ग पर सिल्वर ऑक स्कूल के सामने से और चोर डूंगरी के पास से गुजरते हुए परशुराम सर्किल पहुंचेगी। यह दौड़ वापस अहिंसा सर्किल और कट्टी घाटी से स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी।

अश्विन, श्रीकांत चाहते हैं कि सैमसन अपनी बल्लेबाजी में सुधार करें

मुंबई, 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में पांच पारियों में 51 रन बनाने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन अपनी खराब फॉर्म को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। पूर्व साथी रविचंद्रन अश्विन और पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत ने विकेटकीपर बल्लेबाज की इसी तरह से आउट होने की आलोचना की है।हाल ही में पांच मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत ने साबित कर दिया है कि टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, लेकिन यह कुछ मुद्दों को छिपा नहीं सका - जैसे सलामी बल्लेबाज सैमसन का खराब फॉर्म। सैमसन, जिन्होंने अक्टूबर-नवंबर 2024 में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सीरीज में तीन शतक बनाए, इंग्लैंड के खिलाफ पांच पारियों में केवल 51 रन ही बना पाए, जिसमें ईडन गार्डन्स में पहले मैच में 26 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा। अपने यूट्यूब चैनल पर एक पोस्ट में अश्विन ने कहा कि अगर संजू इसी तरह आउट होते रहे, तो बतौर बल्लेबाज, दिमाग चालें चलेगा। उन्होंने कहा कि (यह आपको सोचने पर मजबूर करेगा) गेंदबाज एक खास तरीके से गेंदबाजी कर रहा है और मैं इस तरह आउट हो रहा हूं, क्या गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहा है या मुझमें कोई कमी है? क्या मैं खुद को ढाल पाऊंगा? एक बार इतने सारे सवाल उठने के बाद, यह मुश्किल हो जाता है। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता श्रीकांत ने भी सैमसन के हालिया प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की और पिछले कुछ मैचों में इसी तरह से आउट होने के लिए केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज को आड़े हाथों लिया। इनसाइड स्पोर्ट की एक रिपोर्ट में श्रीकांत के हवाले से कहा गया, संजू सैमसन बस से चूक गए हैं। पांचवीं बार, एक ही तरीके से आउट हुए। उन्होंने एक ही तरह का शॉट खेला है। मुझे लगता है कि वह अपना अहंकार दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। वह कहने की कोशिश कर रहे हैं, नहीं, नहीं, मैं यह शॉट खेलूंगा। क्या वह अहंकार की यात्रा पर जा रहे हैं या संघर्ष कर रहे हैं? मुझे यकीन नहीं है।

❍ सैमसन अक्टूबर-नवंबर 2024 में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सीरीज में तीन शतक बनाए

REQUIRED

REQUIRED QUALIFIED COMPANY SECRATORY (FCS/ACS) TO WORK ON WHOLE TIME BASIS FOR OFFICE AT KORBA (C.G.)

APPLY TO INDO SPONGE POWER AND STEEL LTD (CIN-UO2710CT2005PLC017418)

PLOT NO 13/2, 13/3 Rajgamar Road, Vill- Jhagarah Korba (C.G.) 495677

MOBILE-9584710000

सुडोकू 6816 का हल

5	3	1	6	9	2	8	4	7
8	2	7	4	1	5	6	9	3
9	6	4	8	3	7	5	2	1
4	5	2	3	7	9	1	6	8
3	7	9	1	8	6	4	5	2
6	1	8	2	5	4	7	3	9
1	4	5	9	2	8	3	7	6
2	8	6	7	4	3	9	1	5
7	9	3	5	6	1	2	8	4

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MERAJ AHMED NIAZI S/O TALAT AHMED KHAN NIAZI resident of B 19 VASANT PARK OPP. SHUBHAM VIHAR RAIPUR, (C.G.) 492006 have changed my old name MERAJ AHMED NIAZI S/O TALAT AHMED KHAN NIAZI so in future I should be recognized by my new name that is MERAJ AHMED KHAN NIAZI S/O TALAT AHMED KHAN NIAZI in all Government and other documents.

MERAJ AHMED KHAN NIAZI

B 19 VASANT PARK OPP. SHUBHAM VIHARRAIPUR, (C.G.) 492006

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, HARSHALL GWALANI S/O VIJAY GWALANI resident of H.NO. 88, AVANI AVENUE DALDAL SEONI ROAD MOWA RAIPUR (C.G.) have changed my old name HARSHALL GWALANI S/O VIJAY GWALANI so in future I should be recognized by my new name that is HARSHALL VIJAY GWALANI S/O VIJAY GWALANI in all Government and other documents.

HARSHALL VIJAY GWALANI

H.NO. 88, AVANI AVENUE DALDAL SEONI ROAD MOWA RAIPUR (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SANJAYA KUMAR BANSAL S/O MURARILAL AGRAWALLA resident of PLOT NO 3087, SWARNA BHOOMI, LANE NO R 14, VIDHAN SABHA ROAD,AMASEONI, RAIPUR, (C.G.) 492005 have changed my old name SANJAYA KUMAR BANSAL S/O MURARILAL AGRAWALLA so in future I should be recognized by my new name that is SANJAY KUMAR BANSAL S/O MURARILAL AGRAWALLA in all Government and other documents.

SANJAY KUMAR BANSAL

PLOT NO 3087, SWARNA BHOOMI, LANE NO R 14, VIDHAN SABHA ROAD, AMASEONI, RAIPUR, (C.G.) 492005

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NEELAM SINHA MAGENDRA W/O ASHOK MAGENDRA resident of S-20 SECTOR-1 (EXTENSION) AWANTI VIHAR, DASHHARA MAIDAN, TELIBANDHA, PO. RAVIGRAM, DISTT RAIPUR (C.G.) 492006 have changed my old name NEELAM SINHA MAGENDRA W/O ASHOK MAGENDRA so in future I should be recognized by my new name that is NEELAM SINHA W/O ASHOK MAGENDRA in all Government and other documents.

NEELAM SINHA

S-20 SECTOR-1 (EXTENSION) AWANTI VIHAR, DASHHARA MAIDAN, TELIBANDHA, PO. RAVIGRAM, DISTT RAIPUR (C.G.) 492006

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, JYOTI BAI AGRAWAL W/O KRISHNA AGRAWAL resident of HNO.138/CH., BALAJI PLASTIC, BORIYA ROAD ,SANTOSHI NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name JYOTI BAI AGRAWAL W/O KRISHNA AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is RADHIKA AGRAWAL W/O KRISHNA AGRAWAL in all Government and other documents.

RADHIKA AGRAWAL

HNO.138/CH., BALAJI PLASTIC , BORIYA ROAD ,SANTOSHI NAGAR RAIPUR (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD AMIN S/O MOHAMMAD NAZEER resident of 500/1,WARD NO 53, SHIV CHOWK, SAMTA KUNJ GALI, SANTOSHI NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492001 have changed my old name MOHAMMAD AMIN S/O MOHAMMAD NAZEER so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD AMEEN S/O MOHAMMAD NAZEER in all Government and other documents.

MOHAMMAD AMEEN

500/1,WARD NO 53, SHIV CHOWK,SAMTA KUNJ GALI, SANTOSHI NAGAR, RAIPUR, (C.G.) 492001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, NAYAN JAIN S/O GOBINDA KUMAR JAIN resident of C-126, SWARNA BHOOMI, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name NAYAN JAIN S/O GOBINDA KUMAR JAIN so in future I should be recognized by my new name that is NAYAN KUMAR JAIN S/O GOBINDA KUMAR JAIN in all Government and other documents.

NAYAN KUMAR JAIN

C-126, SWARNA BHOOMI, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR (C.G.) 492001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SUMAN AGRAWAL D/O BAJARANGLAL AGRAWAL resident of C-126, SWARNA BHOOMI, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed before marrige my old name SUMAN AGRAWAL D/O BAJARANGLAL AGRAWAL so in future I should be recognized by after marrige my new name that is SUMAN JAIN W/O NAYAN KUMAR JAIN in all Government and other documents.

SUMAN JAIN

C-126, SWARNA BHOOMI, VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR (C.G.) 492001

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/2024-2025
ग्राम कांदुल प.ह.नं. 83
रायपुर, दिनांक 03.02.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रमांक-01 श्रीमती सुधा मिश्रा पति श्री शिशिर मिश्रा निवासी आर्शीवाद हॉस्पिटल के पास डंगनिया रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग., 02. रमा शंकर अवस्थी पिता स्व. ध्रुव प्रसाद अवस्थी निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम कांदुल प.ह.नं. 83 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शामिल शरीक खसरा नंबर 37/11 रकबा 0.1020 हे. भूमि आवेदकगण के नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि आवेदकगण के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका अप्राप्त है। अतः आवेदकगण द्वारा नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 24/02/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय को मुहर से जारी किया गया ।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील रायपुर प.ह.नं. 00082 मुजगहन ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2024254407 27300030

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00082 के अंतर्गत ग्राम मुजगहन के वर्तमान भूमिस्वामी अशोक कुमार वर्मा पिता/पति कृपाशंकर वर्मा पता सा. सुंदर नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 25/8 0.1210, 46/3 0.4040, 46/2 0.4050, 46/4 0.4050 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विजय कुमार पिता/पति सखाराम अनंत पता निवासी जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.02.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 04 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.02.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार,उप तहसील सारागांव, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501111000427/
अ-6 (अ)/वर्ष 2024-25
सारागांव, दिनांक 04.02.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गुलफिशा शेख पति शमसुद्दीन शेख निवासी गंज पारा रायपुर द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम दोन्देखुर्द, प.ह.न.13, रा.नि.मं. धरसींवा-1, तह. धरसींवा, जिला-रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 82 रकबा 0.882 हे. खसरा नं. 85/2 रकबा 0.490 हे. एवं खसरा नं. 85/16 रकबा 0.1650 हे. राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी अधिकार पर दर्ज थी। आवेदिका की धारित भूमि खसरा नं. 82 रकबा 0.832 हे. के स्थान पर वर्तमान में रकबा 0.4830 हे. भूमि दर्ज हो गया है इसी प्रकार खसरा नं. 85/16 सिंघानिया बिल्कॉन के नाम पर दर्ज हो गया है। अतः राजस्व अभिलेख में हुई त्रुटि को सुधार कर आवेदिका के नाम पर दर्ज खसरा नं. 82 रकबा 0.882 हे. के वर्तमान दर्शित त्रुटिपूर्ण रकबा 0.4830 हे. को सुधार कर रकबा 0.882 हे. दर्ज किये जाने एवं खसरा नं. 35/16 के वर्तमान दर्शित नाम सिंघानिया बिल्कॉन को विलोपित कर पुनः आवेदिका के नाम दर्ज कियो जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20/02/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/02/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

एलटी	4.76 प्रतिशत
अडानी पोर्ट्स	3.83 प्रतिशत
इंडसइंड बैंक	3.50 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	3.38 प्रतिशत
रिलायंस	3.28 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

आईटीसी होटल्स	4.16 प्रतिशत
जोमैटो	1.57 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	0.81 प्रतिशत
मारुति	0.23 प्रतिशत
टेक महिंद्रा	0.11 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली	
सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	84,213
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	1,02,500
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	86.33	86.35
पौंड स्टर्लिंग	106.21	106.45
यूरो	88.45	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2600-2700
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	3740-3840
चीनी एम	4000-4100
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4400-4500

दाल-दलहन

चना	6300-6400
दाल चना	7300-7400
मसूर काली	7300-7400
उड़द दाल	9300-9400
मूंग दाल	9500-9600
अरहर दाल	8000-8100

कर सुधार बजट का महत्वपूर्ण तत्व : पांडेय

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने मंगलवार को कहा कि कर सुधार आम बजट का महत्वपूर्ण तत्व है क्योंकि अर्थव्यवस्था के शेष हिस्से पर इसका काफी प्रभाव पड़ता है। इसे पहली बार बजट के पार्ट-ए में शामिल किया गया है। एसोचैम के बजट बाद सम्मेलन में वित्त सचिव ने कहा कि बहुत ज्यादा करों के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं। हमने करों में वृद्धि न करने का साहसिक कदम उठाया है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है, कर आधार का विस्तार करें, अर्थव्यवस्था का विस्तार करें, कर राजस्व भी अपने-आप बढ़ेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पिछले तीन साल में व्यक्तिगत आयकर में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एक ही करदाता पर बहुत ज्यादा कर लगाकर कोई फायदा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि आय सृजन के लिए व्यापक अवसर तैयार करने और स्वैच्छिक अनुपालन का माहौल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि बजट बनाना वास्तव में विभिन्न अनिवार्यताओं को संतुलित करना है और कभी भी चीजों को अलग-अलग नहीं रखा जा सकता। पांडेय ने कहा कि बजट में घोषित भारत व्यापार नेट सभी हितधारकों को जोड़ेगा और सीमा शुल्क प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा। यह महज यूपीआई नहीं है, यह उससे कहीं अधिक क्षमता रखता है।

उन्होंने कहा कि यह अब मानकों के अनुपालन तक सीमित नहीं है; जीएसटी की हमारी अवधारणा की दुनिया में बेमिसाल है और हमने जो हासिल किया है, हमें उस पर गर्व होना चाहिए।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने कहा कि समय के साथ कर विभाग का दृष्टिकोण बदल गया है। मार्गदर्शक सोच यह है कि सवाल केवल कर एकत्र करने के बारे में नहीं है और कर मूल रूप से आय के एक हिस्से का परिणाम है, आप आय सृजन करते हैं और फिर अपने-आप कर राजस्व मिलता है। प्रत्यक्ष कर अधिनियम में संशोधन, कर स्लैब में बदलाव और छूट को इसी नजरिये से देखा गया है।

उन्होंने बताया कि टीडीएस और टीसीएस प्रावधानों को तर्कसंगत बनाना, उन प्रावधानों को अपराध मुक्त करना और बजट में शामिल अपडेट रिटर्न की अवधारणा का उद्देश्य व्यापार करने में आसानी को सुविधाजनक बनाना है।

सीबीडीटी के अध्यक्ष ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार एक सक्षम वातावरण और प्रौद्योगिकी-संचालित पारदर्शी कर प्रशासन के साथ सक्रिय, नियम-आधारित, यूजर के अनुकूल, डेटा-संचालित और हस्तक्षेप न करने का विवेकपूर्ण दृष्टिकोण अपना रही है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक वस्तुओं से संबंधित 12,500 टैरिफ लाइनों में से 8,500 टैरिफ लाइनों के संबंध में सीमा शुल्क दर को युक्तिसंगत बनाया गया है। कृषि वस्तुओं और वस्त्रों में उनकी अत्यधिक संवेदनशील प्रकृति के कारण बदलाव नहीं किया गया है। ये दरें लगभग दो दशकों से अपरिवर्तित बनी हुई हैं और ऐसी धारणा है कि भारत में दरें बहुत अधिक हैं। दरों को अब 20 प्रतिशत तक युक्तिसंगत बनाया गया है जो 70 से 20 प्रतिशत के बीच थीं, और जो 70 प्रतिशत से अधिक थीं उन्हें 70 प्रतिशत तक लाया गया है।

आय सृजन के लिए व्यापक अवसर तैयार करने व स्वैच्छिक अनुपालन का माहौल बनाने की आवश्यकता

बहुत ज्यादा करों के प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं, हमने करों में वृद्धि न करने का साहसिक कदम उठाया है : तुहिन कांत पांडेय, वित्त सचिव

बीकन ने कनाडाई एनआरआई के लिए भारत में बिल भुगतान को किया आसान

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। कनाडा में प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की वित्तीय जरूरतों को सरल बनाने के लिए बीकन ने एक अभिनव 'इंडिया बिल पे' सेवा लॉन्च की है, जिससे यूजर अपने बीकन मनी अकाउंट से सीधे कनाडाई डॉलर में भारत के बिलों का भुगतान कर सकते हैं।

कंपनी ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि यह सेवा भारत कनेक्ट (बीबीपीएस) और यस बैंक के सहयोग से शुरू की गई है और अब गूगन प्ले स्टोर और आईओएस पर उपलब्ध है। भारत में भेजे जाने वाले धन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा परिवार के भरण-पोषण में खर्च होता है। ऐसे में कई एनआरआई को कनाडा में अपनी वित्तीय स्थिति संभालने और भारत में अपने परिवार के दायित्वों को पूरा करने में कठिनाई होती है। अब तक, एनआरआई को भारतीय बैंक खातों या परिवार और दोस्तों की मदद पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन बीकन इंडिया बिल पे इस प्रक्रिया को सरल और स्वतंत्र बना रहा है।

बीकन के सह-संस्थापक और मुख्य उत्पाद एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी आदित्य म्हात्रे ने कहा कि एक एनआरआई के रूप में मुझे भारत में बिल भुगतान करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसलिए, हमने यस बैंक और भारत कनेक्ट के साथ साझेदारी कर बीकन इंडिया बिल पे विकसित किया, जो एनआरआई के लिए एक सहज और सुविधाजनक समाधान प्रदान करता है।

अब आपको परिवार से मदद मांगने की जरूरत नहीं बल्कि सीधे अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं। यस बैंक द्वारा संचालित यह सेवा रुपया आहरण व्यवस्था (आरडीए) ढांचे के तहत काम करती है।

- सेवा भारत कनेक्ट व यस बैंक के सहयोग से शुरू की गई
- अब गूगल प्ले स्टोर और आईओएस पर भी हुआ उपलब्ध

साउथ इंडियन बैंक ने स्टार्टअप्स के लिए लांच किए विशेष चालू खाते

कोच्चि, 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र के साउथ इंडियन बैंक (एसआईबी) ने दो विशेष स्टार्टअप चालू खाते बिजनेस स्टार्टअप चालू खाता और कॉर्पोरेट स्टार्टअप चालू खाता लॉन्च किए हैं। बैंक ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि यह पहल उन उद्यमियों को समर्थन देने के लिए की गई है, जो अपने व्यवसाय की शुरुआत कर रहे हैं और वित्तीय स्थिरता के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं।

एसआईबी बिजनेस स्टार्टअप चालू खाता मुख्य रूप से एकल स्वामित्व और साझेदारी फर्मों के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वे अपने शुरुआती वर्षों में एक मजबूत बैंकिंग आधार बना सकें। इस खाते का योग्य होने के लिए संबंधित फर्म की निगमन या पंजीकरण तिथि तीन साल से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। इन खातों में कई अनूठी विशेषताएं शामिल हैं जैसे तीन वर्षों तक शून्य न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता, डिजिटल चैनलों के माध्यम से असीमित मुफ्त आरटीजीएस-एनईएफटी लेनदेन, प्रीमियम डेबिट कार्ड, जो हवाईअड्डे के लाउंज एक्सेस जैसी विशेष सुविधाएं प्रदान करता है।

डिजी यात्रा प्लेटफॉर्म यूजर्स की संख्या एक करोड़ के पार

बेंगलुरु, 4 फरवरी (एजेंसियां)। डिजी यात्रा ने एक करोड़ उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार कर लिया है। हर दिन औसतन 30,000 लोग इस ऐप को डाउनलोड कर रहे हैं। यह डिजिटल यात्रा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। यह घोषणा प्लेटफॉर्म ने मंगलवार को की। सेल्फ सोवेरन आइडेंटिटी (एसएसआई) आधारित यह इकोसिस्टम एयरपोर्ट पर संपर्क रहित और यात्री के चेहरे की बायोमेट्रिक तकनीक का उपयोग करके काम करता है। 1 करोड़ यूजर्स का मील का पत्थर हासिल करना प्लेटफ़ॉर्म की बढ़ती लोकप्रियता और गोपनीयता-सुरक्षा और अच्छे यात्रा अनुभव प्रदान करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाता है। डिजी यात्रा फाउंडेशन के सीईओ सुरेश खड़कभवी ने कहा कि 10 मिलियन जैसे मील का पत्थर हमारे यूजर्स के हम पर रखे गए विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। 'डी-केवाईसी' अभियान पहल सहित हमारे प्रयासों ने हमें 2024 में विकास को आगे बढ़ाने में मदद की। हमारा लक्ष्य भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए नए विचार, गोपनीयता और यात्री अनुभव के विकास की गति को बनाए रखना है।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए डिजी यात्रा को सक्षम बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के साथ हमारी साझेदारी 2025 में और अधिक वृद्धि को प्रेरित करेगी। बता दें कि डी-केवाईसी (अपने ग्राहक को न जानें) अभियान अक्टूबर में शुरू किया गया था। यह यूजर्स की गोपनीयता और पसंद के प्रति प्लेटफ़ॉर्म की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह अभियान इस बारे में था कि डिजी यात्रा किस तरह से ग्राहकों की जरूरतों को उनके व्यक्तिगत डेटा को एक्सेस किए बिना पूरा करती है। दिसंबर 2022 में स्थापित, डिजी यात्रा भारत के 24 एयरपोर्ट पर यात्री प्रोसेसिंग को सुव्यवस्थित करने के लिए फेस ऑथेन्टिकेशन तकनीक का लाभ उठाती है। इसने आज तक 45 मिलियन से अधिक बिना रुके यात्राओं की सुविधा प्रदान की है, जिससे कई यात्रियों को एक सहज अनुभव मिला है। डिजी यात्रा की 2025 के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।



- हर दिन औसतन 30 हजार लोग ऐप को कर रहे डाउनलोड

सार संक्षेप

होमएक्सचेंज ने भारत में शुरू किया परिचालन

नई दिल्ली। फ्रांस की राजधानी पेरिस स्थित होम-शेयरिंग सेवा प्रदाता कंपनी होमएक्सचेंज ने मंगलवार को भारत में आधिकारिक रूप से अपना परिचालन शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म भारतीय यात्रियों को प्रामाणिक, किफायती और टिकाऊ तरीके से दुनिया की खोज करने का अवसर प्रदान करता है।होमएक्सचेंज दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे भरोसेमंद होम-स्वैपिंग समुदाय है, जो यात्रियों को बिना किसी आवास शुल्क के यात्रा करने की सुविधा देता है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए सदस्य अपने घरों की अदला-बदली कर सकते हैं, जिससे यात्रा की सबसे बड़ी लागतपूरी तरह समाप्त हो जाती है। 155 देशों में उपलब्ध यह सेवा, मेजबान और अतिथि के बीच किसी भी वित्तीय लेन-देन के बिना, यात्रियों को एक सुलभ और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करती है। होमएक्सचेंज के सह-संस्थापक चार्ल्स-एडौर्ड गिरार्ड ने कहा कि हम भारत में होमएक्सचेंज लॉन्च करने को लेकर उत्साहित हैं।

एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 के लिए जूरी का ऐलान

मुंबई। डेलॉयट टच तोहमात्सु इंडिया एलएलपी (डेलॉयट इंडिया) ने भारत भर में असाधारण पारिवारिक स्वामित्व वाले बिजनसेज, यूनिकॉर्न और सूनिकॉर्न के योगदान को मान्यता देने वाले एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 के लिए जूरी पैनल की घोषणा की है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व, विजन और विकास का प्रदर्शन करने वाली कंपनियों के लिए है। एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स 2025 के लिए बनाई गई जूरी में इंफोसिस के पूर्व प्रबंध निदेशक और जूरी पैनल के अध्यक्ष एस. डी. शिबूलाल, भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री और स्वतंत्र निदेशक डॉ. बृंदा जागीरदार, कैटामारन वेंचर्स के अध्यक्ष और एचडीएफसी के बोर्ड सदस्य एम. डी. रंगनाथ और डेलॉयट के सीनियर एडवाइजर मनोज कोहली शामिल हैं। ये लोग पुरस्कारों में विशेषज्ञता और गहरी समझ शामिल करते हुए देश भर में अनुकरणीय बिजनसे का जश्न मनाने के लिए एक मजबूत और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करेंगे।

प्रीमियम स्मार्टफोन का बाजार 36 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। देश के प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में साल 2024 में भी दोहरे अंकों की मजबूत वृद्धि दर बरकरार रही। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की चौथी तिमाही में पहली बार एप्पल शीर्ष पांच स्मार्टफोन ब्रांड में जगह बनाने में कामयाब रहा। एप्पल ने साल-दर-साल 72 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, और चौथी तिमाही में 11 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के अनुसार, सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50 हजार से एक लाख रुपये) और उबर-प्रीमियम सेगमेंट में क्रमशः 10 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

ट्रंप के टैरिफ को टालने के फैसले से उछला बाजार

- सेंसेक्स 1.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,583.81 अंक पर
- निफ्टी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक पर बंद

मुंबई, 4 फरवरी (एजेंसियां)। अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाने के लिर्णय को अगले तीस दिनों तक टालने के निर्णय से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार करीब दो प्रतिशत तक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1397.07 अंक अर्थात 1.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब चार सप्ताह बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,583.81 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 378.20 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.35 प्रतिशत उछलकर 43,075.22 अंक और स्मॉलकैप 1.20 प्रतिशत मजबूत होकर 49,801.07 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4073 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2509 में लिवाली जबकि 1410 में बिकवाली हुई वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2899 कंपनियों के शेयरों में से 1951 में तेजी जबकि 863 में गिरावट रही वहीं 85 में कोई बदलाव नहीं हुआ।



बीएसई में एफएमसीजी की 0.13 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 में तेजी रही। इससे कैपिटल गुड्स 3.42, कमोडिटीज 1.63, सीडी 0.37, ऊर्जा 2.50, वित्तीय सेवाएं 2.00, हेल्थकेयर 1.59, इंडस्ट्रियल्स 2.59, आईटी 1.36, दूरसंचार 0.88, यूटिलिटीज 1.95, ऑटो 0.97, बैंकिंग 2.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.94, धातु 1.63, तेल एवं गैस 2.40, पावर 2.31, रियल्टी 0.35, टेक 1.29, सर्विसेज 1.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.34 प्रतिशत चढ़ गए।

विदेशी बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.72 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.83 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 501 अंक की तेजी के साथ 77,687.60 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,402.37 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 78,658.59 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 77,186.74 अंक के मुकाबले 1.81 प्रतिशत की तेजी लेकर 78,583.81 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में एलटी 4.76, अडानी पोर्ट्स 3.83, इंडसइंड बैंक 3.50, टाटा मोटर्स 3.38, रिलायंस 3.28, अल्ट्रासिमको 2.78, एशियन पेंट 2.69, एक्सिस बैंक 2.62, एनटीपीसी 2.57, एचडीएफसी बैंक 2.51, एचसीएल टेक 2.46, कोटक बैंक 2.40, एसबीआई 2.39, इंफोसिस 1.90, सन फार्मा 1.32, आईसीआईसीआई बैंक 1.25, टाटा स्टील 1.14, बजाज फिनसर्व 1.10, टीसीएस 0.93, पावरग्रिड 0.65, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.60, भारती एयरटेल 0.56, आईटीसी 0.30, टाइटन 0.26 और बजाज फाइनेंस 0.15 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, आईटीसी होटल्स 4.16, जोमैटो 1.57, नेस्ले इंडिया 0.81, मारुति 0.23, टेक महिंद्रा 0.11 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 0.06 प्रतिशत नुकसान में रहे।

शार्प बिजनेस सिस्टम ने एनईसी इंडिया के डिस्प्ले कारोबार को खरीदा

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के डिस्प्ले प्रौद्योगिकी परिदृश्य के एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत शार्प बिजनेस सिस्टम (इंडिया) ने गर्व के साथ एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस के अधिग्रहण की घोषणा की है। शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते एक विज्ञप्ति में कहा कि उसकी यह पहल एकीकरण शार्प के विज़ुअल समाधान पोर्टफोलियो को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाता है, जो भारत के तेज़ी से बढ़ते डिस्प्ले बाज़ार के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और खुदरा, शिक्षा, विमानन, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा और स्मार्ट शहरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाता है।

शार्प बिजनेस सिस्टम्स ने कहा है कि वह नवाचार के माध्यम से भारत के गतिशील क्षेत्रों में बेजोड़ मूल्य प्रदान करने और 24/7 संचालन के साथ उद्योगों का समर्थन करने के लिए तैयार है। यह विलय शार्प और एनईसी दोनों के मौजूदा भागीदारों के लिए उत्पाद पोर्टफोलियो को समृद्ध करता है, जो विविध उद्योग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार उच्च-प्रदर्शन समाधानों का एक व्यापक सूट प्रदान करता है। शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ओसामु नारिता ने कहा कि यह विलय न केवल हमारे उत्पाद की पेशकश को बढ़ाता है बल्कि हमारे ग्राहकों को बेजोड़ सेवा और सहायता प्रदान करने की हमारी क्षमता को भी मजबूत करता है।

खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी व अन्य जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में गिरावट आने और स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालें सस्ती हो गईं वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 47 रिंगिट गिरकर 4580 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.17 सेंट की गिरावट के साथ 45.34 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मूंग दाल 300 रुपए, उड़द दाल 200 रुपए और अरहर दाल 250 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई वहीं मसूर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7650-7750 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

रबी फसलों की बुवाई का रकबा 661 लाख हेक्टेयर के पार

नई दिल्ली, 4 फरवरी (एजेंसियां)। देश में मौजूदा सीजन में रबी फसलों की बुवाई का रकबा 661.03 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गया है। पिछले सीजन में इसी अवधि तक यह आंकड़ा 651.42 लाख हेक्टेयर था। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि गेहूं की बुआई का रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 318.33 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 324.38 लाख हेक्टेयर हो गया है, जिससे इस सीजन में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों की बारिश से भी फसल को लाभ मिलने की उम्मीद है।

दालों का कुल रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 137.80 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 140.89 लाख हेक्टेयर हो गया है। इससे दालों की कीमतों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी, जो पिछले कुछ समय से बढ़ती खाद्य महंगाई का प्रमुख कारक बनी हुई हैं।

श्री अन्न और मोटे अनाज की बुवाई का क्षेत्र 55.25 लाख हेक्टेयर होने की जानकारी मिली है। चावल का रकबा पिछले साल की इसी अवधि के 40.59 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 42.54 लाख हेक्टेयर हो गया है।

- इस सीजन में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद
- मुद्रास्फीति को कम करने में मिलेगी मदद
- सर्दियों की बारिश से भी फसल को लाभ मिलने की उम्मीद

इस साल कुल बुआई क्षेत्र बढ़ने से आवश्यक खाद्य वस्तुओं का उत्पादन बढ़ने और मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद है, जबकि अर्थव्यवस्था के लिए विकास का दृष्टिकोण सतर्क रूप से आशावादी है, क्योंकि कृषि क्षेत्र को अनुकूल मानसून की स्थिति, न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और इनपुट की पर्याप्त आपूर्ति से लाभ मिलने की संभावना है।

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों, दालों और चीनी की कीमतों में कमी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित देश की खुदरा मुद्रास्फीति दर दिसंबर में चार महीने के निचले स्तर 5.22 प्रतिशत पर आ गई। अक्टूबर में 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत को छूने के बाद मुद्रास्फीति में लगातार कमी आ रही है। नवंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर 5.48 प्रतिशत रह गई थी। दिसंबर में खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट का कारण प्रमुख खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी रही है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17773/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17773
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344I00328 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SURENDRA SINGH पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. SOMNATH SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री उत्तम कुमार दास पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री करूणाकर दास ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार/मलमा बिक्री नामा शपथ पत्र टैक्स रसीद सहमति पत्र/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17700/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17700
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344I00065 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JAYABAHADUR पिता/पति श्री/श्रीमती BARKHAN SINGH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कौशल्या बाई वर्मा पिता/पति श्री/श्रीमती पति स्व. श्री जयबहादुर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार/मलमा बिक्री नामा शपथ पत्र टैक्स रसीद सहमति पत्र/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17989/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17989
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652N00869 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती FATIMA ANSARI पिता/पति श्री/श्रीमती ALI ASGAR ANGARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती चन्द्र प्रभा पटेल पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री रघुवीर पटेल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./16495/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 16495
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344C00054 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJKUMARI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. JAYADEV के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती निर्मला वलेशा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. जयदेव वलेशा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार/मृत्यु प्रमाण पत्र सहमति पत्र आधार कार्ड टैक्स रसीद/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17432/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17432
वार्ड का नाम- 54-कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652R00617 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LAXMI BAI DHANGAR पिता/पति श्री/श्रीमती RAJKUMAR DHANGAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती नीलम यादव पिता/पति श्री/श्रीमती पति श्री रेखराम यादव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17818/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17818
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344C00286 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SURJA BAI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. MUKUND RAO के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. श्रीमती माधुरी चौरे 2. श्रीमती रूखमणी सोनबेर पिता/पति श्री/श्रीमती 1. पति श्री श्याम लाल चौरे 2. पति स्व.राजेन्द्र सोनबेर ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार/मृत्यु प्रमाण पत्र सहमति पत्र आधार कार्ड टैक्स रसीद/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17804/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17804
वार्ड का नाम- 55-रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651E00557 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUNIL JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती TARACHAND JAIN, NAMRATA TATIYA W/o SUNIL JAIN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती अमित चोरडिया पिता/पति श्री/श्रीमती पिता श्री अमरचंद चोरडिया ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17959/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17959
वार्ड का नाम- 55-रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652K00259 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MO. SHAMMI SHEIKH पिता/पति श्री/श्रीमती MO. JAINUDDINSHEIKH के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ASIF KHAN पिता/पति श्री/श्रीमती Iqbal khan ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17835/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17835
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR344E0112A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GURUMUKH DAS पिता/पति श्री/श्रीमती BHAVAN DAS NARWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. लेखराज नारवानी पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्व. गुरूमुख दास ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार/मृत्यु प्रमाण पत्र सहमति पत्र आधार कार्ड टैक्स रसीद/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन (10)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्र./17816/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 03.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 17816
वार्ड का नाम- 49-गुरू घासीदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक संतोष कुमार सालेचा पिता प्रतापचंद साजेचा जाति- जैन, निवासी ग्राम गीदम, तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर वतेवाड़ा मोबाईल नं0 9424270761 के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत धारा 172 के तहत अपने क्रयशुदा भूमि ग्राम बारसूर प.ह.नं. 06 रा.नि.म. बारसूर तहसील बारसूर में स्थित भूमि खसरा नं0 523/3 रकबा 0.0530 हे. भूमि में से रकबा 0.0220 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराना चाहत है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त भू-खण्ड के व्यपवर्तन से यदि किसी को आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 17/02/2025 को उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/01/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गीदम

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ANIL DOULTANI S/o ASHOK KUMAR DOULTANI, Resident of 145, DEEPAK NAGAR, DURG (C.G.) have changed my old Name ANIL DOULTANI S/o ASHOK KUMAR DOULTANI so in future I should be recognized by my new name that is ANIL KUMAR DOULTANI , S/o ASHOK KUMAR DOULTANI in all Government and other documents.

ANIL KUMAR DOULTANI
145, DEEPAK NAGAR,
DURG (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, ASHOK DOULTANI S/o RAJO MAL DOULTANI, Resident of 145, DEEPAK NAGAR, DURG (C.G.) have changed my old Name ASHOK DOULTANI S/o RAJO MAL DOULTANI so in future I should be recognized by my new name that is ASHOK KUMAR DOULTANI S/o RAJO MAL DOULTANI in all Government and other documents.

ASHOK KUMAR DOULTANI
145, DEEPAK NAGAR,
DURG (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MUKESH KUMAR RATHI S/O KUNJILAL RATHI resident of SANTOSHI PARA WARD NO.-15, BHANUPRATAP-PUR DIST KANKER (C.G.) have changed my old name MUKESH KUMAR RATHI S/O KUNJILAL RATHI so in future I should be recognized by my new name that is MUKESH RATHI S/O KUNJILAL RATHI in all Government and other documents.

MUKESH RATHI
SANTOSHI PARA WARD
NO.-15, BHANUPRATAPPUR
DIST KANKER (C.G.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2025/1127/322 भिलाई दिनाँक 27/11/2024

निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतगर्त सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निमार्ण कार्य हेतु ऑफलाईन (Ofline) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्रं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रूपये लाख में)	आवेदन दिनांक	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड-11 सुंदर नगर कोहका में डोमशेड निर्माण कार्य।	10.00	11.02.2025	17.02.2025
2.	वार्ड-04 नेहरू नगर एल.आई.जी. साहू सायकल स्टोर्स से प्रज्ञा बुटिक तक नाली संधारण कार्य।	2.48	11.02.2025	17.02.2025
3.	जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत 77 एम.एल.डी. स्टाफ क्वाटर जी.एस.-02 में विद्युत संधारण कार्य।	0.87	11.02.2025	17.02.2025
4.	जोन-01 नेहरू नगर अंतर्गत 77 एम.एल.डी. स्टाफ क्वाटर जी.एस.-02 का संधारण कार्य।	1.49	11.02.2025	17.02.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दरतावेज व अन्य जानकारी uad.cg.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट www. bhilainagarnigam.com से डाउनलोड की जा सकती हैं।

जोन आयुक्त
जोन-01

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार से श्री इंदरमन वैष्णव आ. श्री दुकालू वैष्णव निवासी ग्राम बिरकोनी, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम बिरकोनी, प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. तुमगांव, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. स्थित खसरा नं. 2393 रकबा 0.50 हे. पड़त भूमि को विक्रय करने का सौदा कर दिनांक 11/01/2025 को सौदा पेटे अग्रिम रकम प्राप्त कर अनुबंध पत्र निष्पादित किया है।

उक्त खसरा नंबर के भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक, सोसायटी को किसी प्रकार से आपत्ति अथवा उक्त भूमि पर किसी प्रकार का स्वत्व आधिपत्य प्राप्त हो तो इस सूचना प्रकाशन के तिथि से एक सप्ताह की अवधि में मय दस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् की गयी आपत्ति निष्प्रभावी होगी। हमारा पक्षकार वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन कर सौदा की गयी भूमि का विक्रय विलेख निष्पादित कर उपपंजीयन कार्यालय में पंजीयन करायेगा।

सो सूचना ज्ञात हो।

महासमुन्द, (छ.ग.)
दिनांक: 02/02/2025

दिनेश राव भोसले
सोमनाथ साहू,ऋषभ भार्गव
कु. नित्या कौशिक अधिवक्तागण
कार्यालय -श्री शैलेन्द्र शर्मा, अधिवक्ता
स्टेशन रोड महासमुन्द
जिला महासमुन्द (छ.ग.)
मो.नं. 9425212035

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 2 के न्यायालय में मामला मामले की श्रेणी-राजस्व ईश्तहार

क्रमांक: 202409090100030/ए-19 (3)
विषय-अ-19 (3) सन् 2023-2024
मोहड़ प.ह.नं. 00025

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग, राजनांदगांव, अनावेदक पक्षकार-छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग, राजनांदगांव द्वारा पत्र क्रमांक 1378/फा.नं./एल-3/कार्य.अभि./तक शाखा/2024 दिनांक 19.09.2024 के माध्यम से शासन के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी क्षेत्रों में सर्वसुविधायुक्त आवासीय बसाहट की अत्यधिक मांग को दृष्टिगत रखते हुये योजना अंतर्गत मुख्य रूप से कमजोर, निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लिए ई.डब्ल्यू.एस., एल.आई.जी. तथा एम.आई.जी. श्रेणी के भवनों के निर्माण हेतु ग्राम मोहड़ प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. खुज्जी तहसील डोंगरगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 210/1 रकबा 16.12 हे. में से रकबा 5.00 हे. 12.35 एकड़ भूमि को अटल विहार योजना के क्रियान्वयन हेतु छ.ग. गृह निर्माण मण्डल संभाग-राजनांदगांव को आबंटित किये जाने का निवेदन किया गया है। पत्र के साथ आवेदित स्थल पर नक्शा, खसरा एवं शासन के आदेश की छायाप्रति प्रस्तुत की गई है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.02.2025 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने संजय सिन्हा पिता मुक्तिराम सिन्हा जाति कलार निवासी आमातालाब धमतरी तहसील व जिला धमतरी छ.ग. के नाम की भूमि ग्राम धमतरी प.ह.नं. 33 तहसील व जिला धमतरी छ.ग. में स्थित है जिसका खसरा नंबर 27/5 रकबा 1500 वर्गफीट स्थित है जिसे क्रय करने का सौदा किया गया है एवं पंजीयन की कार्यवाही अतिशीघ्र करायी जानी शेष है।

अत: उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, सीमावर्ती, संस्था निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था आदि को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर अपने स्वामित्व संबंधित संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि पश्चात् किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार हर प्रकार के विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजीयन करा लेवेगा।

अत: सूचना जाने।

स्थान-धमतरी
दिनांक-05.02.2025

भवदीय
प्रकाश गुप्ता अधिवक्ता
जगदीश टायपिंग के सामने
बनियापारा वार्ड धमतरी
मो.नं. 6261024420, 7000515250

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, TIRATH PRASAD SINGH S/O GAMBHIR SINGH resident of BHAVAN NO.70, THETHWAR PARA, DIPRA-PARA, WARD NO.20, DONGAR-GARH, RAJNANDGAON, (C.G.) .491445 have changed my old name TIRATH PRASAD SINGH S/O GAMBHIR SINGH so in future I should be recognized by my new name that is TIRATH SINGH S/O GAMBHIR SINGH in all Government and other documents.

TIRATH SINGH
BHAVAN NO.70, THETHWAR
PARA, DIPRAPARA, WARD
NO.20, DONGARGARH,
RAJNANDGAON, (C.G.) .491445

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर (छ.ग.) राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./अ-6 (अ)/2024-2025
रायपुर, दिनांक 27.01.2025
प्रति,

श्री विजय नाथानी पिता जी.व्ही. नाथानी निवासी शांति नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
द्वारा:-माल जमादार तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदकगण 01. नवीन कुमार गुप्ता पिता बालकृष्ण गुप्ता, 02. दीप्ती गुप्ता 4 पति नवीन कुमार गुप्ता दोनों निवासी मकान नं. बी-7, ग्रीन आर्चिड, अवनी विहार, दलदल सिवनी मोवा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग) द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-115 के तहत् ऑनलाईन अभिलेख दुरूस्ती करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि, आवेदकगण के द्वारा ग्राम-कांपा, प.ह. नं. 46, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 412/1 का भाग, भूखण्ड क्रमांक सी-16, रकबा 1500 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। आवेदकगण ने उपरोक्त भूमि को विक्रेतागण राजीव खेत्रपाल एवं आशीष खेत्रपाल दोनों पिता सतीश खेत्रपाल निवासी जी-9, शिव मंदिर के पास राजीव नगर रायपुर से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.05.2012 को क्रय किया गया है। आवेदकगण के द्वारा उक्त भूमि को विधिवत नामांतरण कराया गया तथा जिसका वि.क.अ. के रा.मा.क्र. 2928/1-6/वर्ष 2011-12 आदेश दिनांक 30.05.2012 के अनुसार खरीद हक से दर्ज किया गया है। पटवारी द्वारा मैनुअल हस्ताक्षरित बी-1 आवेदकगण को प्रदाय किया है। विक्रेतागण राजीव खेत्रपाल एवं आशीष खेत्रपाल दोनों पिता सतीश खेत्रपाल द्वारा उक्त भूमि को मेसर्स अवनी होम्स, प्रोपराइटरशिप फर्म, प्रोपराइटर एवं स्वयं श्री विजय नाथानी पिता गोविन्दराम नाथानी निवासी शांतिनगर रायपुर से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 08.02. 2005 को क्रय किये है। वर्तमान ऑनलाईन भुईयां अभिलेख में आवेदकगण का नाम: दर्ज नहीं किया है तथा उक्त भूमि विक्रेता विजय नाथानी के नाम पर खसरा नंबर 15003/1 रकबा 0.9683हे. दर्ज है। अत: आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि को श्रृंखलाबद्ध पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर ऑनलाईन अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 19/02/2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

कार्यालय सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पी.के. राय आ. स्व. जे.सी. राय निवासी-एम.आई.जी.-379 (टी), पद्मनाभपुर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा भवन क्रमांक एम.आई.जी.-379 (टी), पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी की मृत्यु उपरान्त उनके वारिस/वारिसानों 1) श्रीमती रेखा राय पति स्व. पी.के. राय (प्रजेश कांति राय), 2) श्री प्रीतेश कुमार राय आ. स्व. पी. के. राय (प्रजेश कांति राय) एवं 3) श्री प्रशुन कुमार राय आ. स्व. पी. के. राय (प्रजेश कांति राय) ने आबंटित भवन को अपने नाम पर नामान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी.-379 (टी), पद्मनाभपुर, जिला दुर्ग (छ.ग.) को 1) श्रीमती रेखा राय, 2) श्री प्रीतेश कुमार राय एवं 3) श्री प्रशुन कुमार राय के संयुक्त नाम इस शर्त पर नामान्तरण करना न्याय संगत होगा, यदि भविष्य में स्व. पी. के. राय के वारिसानों द्वारा किसी प्रकार का कोई दावा किया जाता है, तो उसके लिये मंडल कोई जवाबदार नहीं होगा।

अत: 1) श्रीमती रेखा राय, 2) श्री प्रीतेश कुमार राय एवं 3) श्री प्रशुन कुमार राय के संयुक्त नाम हस्तान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, वित्तिय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। स्याद अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने में मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 28.1.25 को जारी किया गया।

सील **सम्पदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)**

शपथ पत्र

मैं राजकुमारी ध्रुव उम्र 37 साल पति श्री आत्माराम ध्रुव जाति गोंड़ निवासी ग्राम धवई (बोरसी) तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. जो कि निम्नानुसार प्रस्तुत करती/करता हूँ कि-

1. यहकि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।

2. यह कि मैं शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक (एल.बी.) के पद पर कार्यालय शासकीय प्राथमिक शाल खजुरी विकासखण्ड बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. में पदस्थ हूं।

3. यहकि मेरा नाम सेवा पुस्तिका में राजकुमारी नागवंशी पति श्री गुलाब सिंह नागवंशी दर्ज है।

4. यहकि मेरे पूर्व पति से विवाह विच्छेदन सत्र 2018 में हो चुका है जिसके बाद मेरा पुनर्विवाह आत्माराम ध्रुव निवासी धवई पो. बोरसी जिला बलौदाबाजार - भाटापारा छ.ग. के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ सत्र 2022 में हुआ। जिसके पश्चात् अब मै शपथकर्ता राजकुमारी ध्रुव पति श्री आत्माराम ध्रुव निवासी ग्राम धवई (बोरसी) के नाम से जानी पहचानी जाती हूँ। तथा मेरा आधार क्र. 8186 7787 1460 इसी नाम व पते पर प्रचलित है।

5. यह कि मुझे भविष्य में कोई परेशानियां न हो अत: सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) में मेरा नाम राजकुमारी ध्रुव पति श्री आत्माराम ध्रुव व पता ग्राम धवई (बोरसी) बलौदाबाजार छ.ग. सुधार/परिवर्तन किये जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित विभाग को प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ता
05/12/2024

न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.कं. 202412210100028
ब/121 वर्ष 2024-25
ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीप सिंह चांवला पिता ध्यान सिंह चांवला निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा नक्शा सुधार करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि खसरा नं. 2898 रकबा 0.311 हे. एवं खसरा नं. 2874 रकबा 0.405 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा सुधार करने बाबत् न्यायालय कलेक्टर महोदय जिला बलौदाबाजार भाटापारा में प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 10.02.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील **तहसीलदार बलौदाबाजार**

चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर को एमसीएच सर्जिकल ऑन्कोलॉजी की 3 सीटों की मंजूरी

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के कैंसर विभाग (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) को राष्ट्रीय कैंसर दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (चिकित्सा शिक्षा -1) ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एन.एम.सी.) को निर्देशित किया है कि चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विषय में सुपर स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम (एम.सी.एच.) के लिए 03 सीटों की स्वीकृति प्रदान की जाए। इससे यह महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ किया जा सकेगा।

प्रदेश में कैंसर उपचार को मिलेगा नया आयाम

उल्लेखनीय है कि चिकित्सा महाविद्यालय के कैंसर विभाग में पहले से एम.डी. (रेडियोथेरेपी) की 6 मान्यता प्राप्त सीटें पहले से संचालित की जा रही हैं। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विषय में सुपर स्पेशलाइजेशन पाठ्यक्रम की स्वीकृति के बाद अब प्रदेश के कैंसर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल पाएगी।

मध्य भारत का पहला शासकीय चिकित्सा संस्थान बना रायपुर मेडिकल कॉलेज, जहां विशेष पाठ्यक्रम होगा संचालित महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विवेक चौधरी और सर्जिकल आंकोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. आशुतोष गुप्ता ने बताया कि रायपुर मेडिकल कॉलेज मध्य भारत का पहला शासकीय चिकित्सा संस्थान है, जहां यह विशेष पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। महाविद्यालय के एन.एम.सी. सेल के चेयरमैन डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि गत वर्ष इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन कुछ कमियों के कारण एन.एम.सी. ने एल.ओ.पी. (लेटर ऑफ परमिशन) जारी नहीं किया था। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इन कमियों को दूर कर दो बार पुनर्विचार के लिए अपील की गई। हाल ही में एन.एम.सी. के निर्देशानुसार सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आशुतोष गुप्ता को व्यक्तिगत रूप से नई दिल्ली भेजा गया, जहां स्टाफ, अधोसंरचना, उपकरण, क्लिनिकल सुविधाओं और उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा की गई। संतोषजनक मूल्यांकन के बाद एन.एम.सी. ने एम.सी.एच. पाठ्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की।

कैंसर मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं

एम.सी.एच. सर्जिकल ऑन्कोलॉजी पाठ्यक्रम के शुरू होने से-

कैंसर के मरीजों को उन्नत शल्य चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

प्रदेश को सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के सुपर-विशेषज्ञ मिलेंगे।

चिकित्सा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और शोध के बेहतरीन अवसर मिलेंगे।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से छत्तीसगढ़ के कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक उपचार की सुविधा मिलेगी और चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर कैंसर उपचार और शोध के क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा।

रायपुर, 4 फरवरी । राज्यपाल रमेन डेका ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य मुलाकात की।

कांग्रेस नेता ने समय खत्म होने के बाद भी नामांकन लेने का बनाया दबाव, नहीं लेने पर मचाया हंगामा

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 4 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन गौरेला में एक कांग्रेसी नेता की दबंगई का मामला सामने आया है. कांग्रेस नेता गजरूप सिंह सलाम ग्राम पंचायत मेढ़ूका में बने एआरओ कार्यालय पहुंचे और निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी पंच पद के लिए अपने किसी समर्थक का नामांकन जमा करने चुनाव अधिकारी पंचायत सचिव पर दबाव बनाने लगे. जब उन्हें पंचायत सचिव ने बताया कि समय बीत गया है और नामांकन जमा नहीं हो सकेगा तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया और गाली गलौच देते हुए सबको देख लेने की धमकी देने लगे. इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस मामले में गौरेला पुलिस ने चुनाव अधिकारी सतीश चंद्रा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज किया है.

बता दें कि गजरूप सिंह सलाम के भाई की पत्नी नेहा सलाम को कांग्रेस ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से अपने प्रत्याशी बनाए जाने का समर्थन भी दिया है. वायरल वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि कांग्रेसी नेता किस प्रकार देख लेने की धमकी दे रहे हैं. इतना ही नहीं अपने भाई की पत्नी के जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद जिला पंचायत

अध्यक्ष बनने का दावा करते हुए अधिकारियों को देख लेने की चेतावनी दे रहे हैं. वहीं वहां मौजूद पुलिस के जवान कुलदीप चतुर्वेदी ने हंगामा मचाने वाले नेता को अपने साथ गौरेला थाना ले गए.

चुनाव अधिकारी की शिकायत पर कांग्रेस नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

इस मामले में अभी तक कोई शिकायतकर्ता के नहीं होने के कारण कांग्रेस नेता को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया. इस मामले में एडिशनल एसपी ओम चंदेल ने बताया कि किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिलने पर थाने से कांग्रेस नेता को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया. आज चुनाव अधिकारी सतीश चंद्रा ने मामले की शिकायत की है. कांग्रेस नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

बागबाहरा के नेत्रहीन छात्र सुखदेव का दुबई खेल प्रतियोगिता के लिए चयन

- फार्च्यून नेत्रहीन स्कूल के विजेता खिलाड़ी अनेक बार बड़े -बड़े उपलब्धि पाकर सम्मानित हो चुके हैं

बागबाहरा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। बागबाहरा विकास खंड के ग्राम पंचायत बागबाहराकला के आश्रित ग्राम करमापटपर स्थित फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक स्कूल में कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत छात्र सुखदेव केंवट का चयन फिजा इंटरनेशनल एंड वर्ल्ड एथलीट्स ग्रांड प्रिक्स 2025 के लिए हुआ है । वे 5 फरवरी से 14 फरवरी तक दुबई में आयोजित इस स्पर्धा में सुखदेव केवट 1500 मीटर एवं 5000 मीटर रेस की दौड़ में चुनौती पूर्ण भाग लेंगे । फिलहाल वह साई बैंगलोर,(कर्नाटक) में प्रशिक्षण ले रहा है।

फॉर्च्यून स्कूल के डायरेक्टर एंड कोच निरंजन साहू , अंतरराष्ट्रीय कोच राहुल बालकृष्णन , एवं तबरान खान रनर द्वारा दिए गए सफल सतत प्रशिक्षण से यह संभव हुआ है। सुखदेव के चयन की जानकारी मिलने पर संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने साई बैंगलोर फोन कर उन्हें बधाई दी हैं। तथा अंतर्राष्ट्रीय कोच राहुल बालकृष्णन से दुबई में सुखदेव के शानदार प्रदर्शन के

लिए बातचीत कर इस खेल प्रतियोगिता में उन्हें हर संभव मदद कर जीता कर हमारे प्रदेश, जिला एवं विकासखंड मुख्यालय बागबाहरा को गौरवान्वित करने को कहा है। ताकि इस खेल प्रतियोगिता से जुड़े खिलाड़ियों को सीखने का शानदार हूनर मिल सके। सफलता की ओर अग्रसर सुखदेव रात्रि टीम के साथ बैंगलोर से दुबई के लिए रवाना होंगे । सुखदेव का दुबई टूर का संपूर्ण खर्च गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन मुंबई द्वारा उठाया गया है ।सफल खिलाड़ी सुखदेव ग्राम चिकनीडीह , सनोनिकला जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का रहने वाला है। जो फॉर्च्यून नेत्रहीन उच्चतर माध्यमिक स्कूल में 12 वीं कक्षा में पढ़ रहा है। गौरतलब है कि फॉर्च्यून नेत्रहीन स्कूल का यह दूसरा छात्र है। जिसका चयन दुबई के लिए हुआ है। इसके पहले ईश्वरी निषाद का चयन दुबई के लिए हो चुका है । जो पूर्व में अनेक प्रकार के मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं नगद राशि के साथ महाअतिथियों के हाथों पुरस्कृत होकर पूरे महासमुंद जिले को गौरवान्वित कर चुके हैं ।यह सब डायरेक्टर निरंजन साहू के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्य में संभव हुआ है ।

हरसंभव विजेता खिलाड़ी रहे सुखदेव के दुबई के खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयन होने पर बागबाहरा नगर के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी,टीकम अग्रवाल, सुरेश नरेडिया,रवि सेन, देवेंद्र साहू, महेश हरपाल, पूर्व ?सरपंच तुलसीराम बरिहा ,दिलेश्वर चंद्राकर ,मायाराम पटेल ,मंजू कुंजेकार ,आरती श्रीवास्तव ,राजेंद्र अग्रवाल समेत शाला परिवार एवं ग्रामवासियों ने खिलाड़ी को बधाई दी है । ताकि वे विजयश्री प्राप्त कर सके।

कांग्रेस अगला विधान सभा चुनाव सिंहदेव के चेहरे पर लड़ेगी: महंत

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरण दास महंत द्वारा नगरीय निकाय चुनाव दौरान उनका एक बयान सुर्खियों में है। अंबिकापुर में नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के दौरान डा. महंत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अगला विधानसभा चुनाव टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ेगा। उनके इस बयान से प्रदेश के राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है।

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर प्रत्याशी के प्रचार के लिए अंबिकापुर पहुंचे डॉ. चरणदास महंत ने टीएस सिंहदेव की मौजूदगी में आम सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम लोग एक जुट नहीं होने की वजह से पिछला चुनाव हार गए थे, लेकिन अब हम सब लोग एक साथ रहेंगे। महाराज (टीएस सिंहदेव) की अगुवाई में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सामूहिक नेतृत्व में अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा. निश्चित रूप से अगली बार प्रदेश में हमारी सरकार बनेगी।

कांग्रेस भी अब बघेल से कर रही किनारा: किरणदेव

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने

चरणदास महंत के बयान पर कहा कि महंत का यह बयान कांग्रेस के भीतर चल रहे सत्ता-संघर्ष और गुटीय घमासान का ही परिचायक है। कांग्रेस की पूरी विचारधारा ही भ्रष्टाचार-केंद्रित है।कांग्रेस की यह विचारधारा भूपेश बघेल और एजाज ढेबर को बनाती है, फिर उसे 'यूज एण्ड थ्रो' कर देती है, फिर नए बघेल और ढेबर तलाशती है जो जनता से लूट कर सकें। यही कांग्रेस की विचारधारा है। सिंहदेव ने कहा कि अब जब जनता ने कांग्रेस से किनारा कर लिया तो अब कांग्रेस भी बघेल से किनारा कर रही है। एक तरह से बघेल के नेतृत्व को महंत ने ठुकरा दिया है।अगले विधानसभा चुनाव में अभी चार साल चल पड़े हैं, लेकिन उसके पहले ही महंत ने इस बात की घोषणा करके कहीं-न-कहीं बघेल को एक संदेश दे दिया है कि उनका नेतृत्व कांग्रेस को स्वीकार नहीं है।

चेंबर चुनाव 9 चरणों में, 14 अप्रैल से शुरू होगा मतदान

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए इस बार 9 चरणों में मतदान होगा। प्रदेश भर के करीब 27480 सदस्यों को मतदान की पात्रता है।

प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 5 मार्च को किया जाएगा। 14 अप्रेल से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी ।मनेन्द्रगढ़, धमतरी, रायगढ़, भिलाई, राजनांदगांव बिलासपुर एवं रायपुर में मतदान केंद्र बनाया गया है। मतों की गिनती एक साथ रायपुर में 6 मई को होगी। राजधानी रायपुर में 12 हजार मतदाता हैं ।इसके लिए 3 और 4 मई को दो चरणों में मतदान होगा।

- 27480 सदस्यों को मतदान की पात्रता
- प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 5 मार्च को

नए संविधान के अनुसार इस बार चुनाव कराया जाएगा। 1 प्रदेश अध्यक्ष, 1 प्रदेश महामंत्री, 1 प्रदेश कोषाध्यक्ष, 53 जिला उपाध्यक्ष , 53 जिला मंत्री कुल 109 पदों के लिये मतदान किया जावेगा ।राजधानी रायपुर में 16 उपाध्यक्ष व16 मंत्री के लिए चुनाव होगा ।वर्ष 2025 के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा अपने सभी निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया, संजय देशमुख, संजय जोशी एवं चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते, मुख्य चुनाव नियंत्रक एच.एस.कर की उपस्थिति में चुनाव संबंधी रूपरेखा तैयार की गई। चुनाव में 27480 सदस्यों को मतदान की पात्रता होगी। आयोजित बैठक में प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन व मतदान के चरणों में विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया।

निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा ने बताया कि प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन बुधवार, 5 मार्च को शाम 5 बजे चेम्बर भवन,बाम्बे मार्केट रायपुर में किया जावेगा। मतदान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्र में रायपुर सहित 9 चरणों में होगा।

नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति सोमवार, 17 मार्च 2025 से बुधवार, 19 मार्च 2025 तक समय प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक व जमा करने का समय सोमवार, 17 मार्च 2025 से बुधवार, 19 मार्च 2025 तक समय दोपहर 3 से 6 बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि गुरूवार, 20 मार्च 2025 को प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। नाम निर्देशन पत्रों की वापसी बुधवार, 26 मार्च 2025 को दोपहर 3 से 6 बजे तक रहेगा।

गोलछा ने बताया कि मतदान प्रक्रिया 14 अप्रेल से प्रारंभ होगी जिसमें मतदान केन्द्र- मनेन्द्रगढ़, धमतरी, रायगढ़, भिलाई, राजनांदगांव बिलासपुर एवं रायपुर रहेंगे। रायपुर एवं भिलाई मतदान केन्द्र में दो चरणों में मतदान होगा। प्रदेश के उपरोक्त सभी मतदान केन्द्रों की मतगणना मंगलवार, 6 मई को रायपुर में होगी।

बागियों पर कार्रवाई, भाजपा ने 14 बागी नेताओं को किया निष्कासित

कांकेर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रत्याशी प्रचार-प्रसार में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे है. इस बीच ऐसे कई नेता है जो अपनी ही पार्टी के लिए टेंशन बन चुके हैं. बागीयों पर भाजपा ने एक्शन शुरु कर दिया है. कल भाजपा ने बिलासपुर जिले के कुल 27 नेताओं को निष्कासित किया था. अब कांकेर जिले में पार्टी विरोधी गतिविधि करने वाले 14 नेताओं पर एक्शन लिया गया है.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश पर आज कांकेर जिले के 14 भाजपाइयों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है. इनपर अधिकृत प्रत्यशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने और अनुशासन भंग करने के आरोप में कार्रवाई की गई है. भाजपा ने 6 साल के लिए निष्काषित किया है. प्रदेश कार्यालय ने यह आदेश जारी किया है.

इस कार्रवाई में कांकेर नगर पालिका से जागेश्वरी साहू, चारामा नगर पंचायत से 4 और पखांजूर नगर पंचायत 9 प्रत्याशीयो को 6 साल के लिए पार्टी से निष्काषित किया गया है. इनमें 5 नेता ऐसे भी हैं जो पूर्व में पार्षद भी रहे हैं.

छत्तीसगढ़ में पहली बार चला रेलवे का सबसे शक्तिशाली पूर्ण स्वदेशी WAG 12 इंजन

भानुप्रतापपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पहली बार भारत में निर्मित सबसे शक्तिशाली स्वदेशी इंजन WAG 12 को भानुप्रतापपुर में लांच किया. इस इंजन की बदौलत रेलवे कम समय में भिलाई स्टील प्लांट को ज्यादा लौह अयस्क की आपूर्ति कर पाएगा. रेलवे के विद्युतीकरण के शताब्दी वर्ष पर इस इंजन को भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ रेल खंड पर पहली बार चलाया गया. इस अवसर पर मौजूद रायपुर रेल मण्डल के ADRM बजरंग अग्रवाल ने बताया कि यह WAG 12 इंजन पूरी तरह से स्वदेशी है. यह दुनिया का सबसे ताकतवर थ्री फेस से चलने वाला ट्विन सेक्शन इंजन है. इस इंजन की क्षमता 6000 मीट्रिक टन भार खींचने की है.

कम समय में होगी लौह अयस्क की आपूर्ति

बता दें कि इस इंजन का इस्तेमाल रावघाट से भिलाई स्टील प्लांट तक ले जाए जाने वाले लोह अयस्क की ढुलाई में होगा. एक खेप में होने वाली ज्यादा ढुलाई से समय और ऊर्जा की बजट के साथ-साथ भिलाई स्टील प्लांट को कम समय में अधिक लौह अयस्क मिलेगा.

बौखलाएं नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ के 3 जवान घायल

दंतेवाड़ा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बौखलाएं नक्सलियों ने आज पुरंगेल के जंगल में आईईडी ब्लास्ट किया, जिसकी की चपेट में आने से सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए. बस्तर रेंज आईजी पी सुंदरराज ने इसकी पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रायपुर लाया गया है. निजी अस्पताल में जवान का इलाज जारी है.

- रायपुर में इलाज जारी

बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ 231 बटालियन की संयुक्त टीम के जवान सोमवार सुबह सर्चिंग पर निकले थे. किरंदुल थाना क्षेत्रान्तर्गत पुरंगेल गांव के जंगलों में नक्सलियों ने आज आईईडी ब्लास्ट किया. जिसकी चपेट में आने से एक जवान बुरी तरह से घायल हो गया. साथ ही दो और जवानों को मामूली चोट आई हैं. घायल जवान प्रमोद कुमार का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया है. क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग जारी है.

निर्दलीय प्रत्याशी पर टंगिया से हमला, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

गौरेला पेंड्रा मरवाही, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के पेंड्रा थाना क्षेत्र के पतगवां गांव में शराबी युवक ने निर्दलीय प्रत्याशी पर टंगिया से जानलेवा हमला किया. इस दौरान मौजूद लोगों ने युवक के साथ से टंगिया छीना, जिससे प्रत्याशी बाल-बाल बचे. पीड़ित की शिकायत पर पेंड्रा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. बताया जा रहा कि पुरानी रंजिश के चलते उसने हमला किया है. जानकारी के मुताबिक, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 से रत्नेश तिवारी निर्दलीय प्रत्याशी हैं. वह अपने समर्थकों के साथ बातचीत कर रहे थे, तभी शराबी युवक दुर्गेश कश्यप आया और उस पर टंगिया से हमला कर दिया. मौजूद लोगों ने टंगिया छीना, जिससे प्रत्याशी रत्नेश तिवारी बाल-बाल बचे. एडिशनल एसपी ओम चंदेल ने बताया कि पीड़ित प्रत्याशी की शिकायत पर पेंड्रा पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

NECC

05.02.2025	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	460	60	175
चिल्हर	6	82	200

डिलीवरी 475 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

अंगदान को बढ़ावा दे सरकार

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से अंगदान को पर्याप्त बढ़ावा नहीं दिये जाने का ही यह परिणाम है कि अब तक बहुत ही कम लोगों के अवयवों से दूसरों को जीवनदान करने में सफलता मिली है। किडनी, लीवर, हार्ट ट्रांसप्लांट के लिये अनेक लोग इंतज़ार में हैं परन्तु बहुत कम लोग इसके लिये इच्छा प्रकट कर पाते हैं। सर्वप्रमुख कारण है इसे न तो बढ़ावा दिया जाता है और न ही इसे लेकर पर्याप्त जागरूकता है। बहुत से लोग ऐसा करना भी चाहें तो वे जान नहीं पाते कि उन्हें क्या करना चाहिये। देहदान को लेकर भी यह बात कही जा सकती है। सरकार को चाहिये कि अस्पतालों तथा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से देहदान व अंगदान को पर्याप्त प्रचारित करे।

रायपुर के एक युवा आर्यंश आडिल (18 वर्ष) की इच्छा के अनुरूप उसके ब्रेन डेड होने पर उसके अंग तीन युवकों को प्रदान किये गये जिसके चलते उन्हें जीवनदान मिला। आर्यंश की मृत्यु 29 जनवरी को हुई थी जब वह परीक्षा घर लौट रहा था। महादेव घाट स्थित पुल के पास उसके साथ हुई दुर्घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया था। उसके सिर पर गम्भीर चोटें आई थीं और वह बेहोश हो गया। चिकित्सकों ने उसे बचाने की हरसम्भव कोशिशें कीं लेकिन अंततः उसे ब्रेन स्टेम डेड घोषित कर दिया गया। उसके अभिभावकों ने बताया कि वह इसकी इच्छा जाहिर करता रहा था कि अगर उसे कुछ हुआ तो उसके अंग जरूरतमंदों को दे दिये जायें। यह प्रदेश का अब तक का 11वां अंगदान रहा। इसके विपरीत विभिन्न तरह के अंगों की ज़रूरत वाले सैकड़ों मरीज इंतज़ार में हैं। कई तो यह आवश्यकता पूरी न होने के कारण मर भी जाते हैं। निश्चित ही आर्यंश ने समाज को एक रास्ता दिखाया है। लोगों को चाहिये कि उक्त नौजवान के बताये रास्ते का अनुसरण कर ज़रूरतमंदों को जीवनदान दें।

उल्लेखनीय है कि अब छग में भी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। इसके लिये नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशनल (एनओटीटीओ) की वेबसाइट से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है। वैसे यह पाया गया है कि जो भी अंगदान अब तक हो पाये हैं वे स्वप्रेरणा से ही अधिक हुए हैं। इसके लिये कोई भी सुव्यवस्थित प्रचार होता नहीं दिखता। सरकार को चाहिये कि कम से कम अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों, मेडिकल कॉलेजों आदि के माध्यम से इसका प्रचार करे। लोगों को इसकी आवश्यकता बतलायी जानी चाहिये तथा यह कितना समाजोपयोगी कार्य है, यह बात भी लोगों तक पहुंचनी चाहिये। स्वयंसेवी संगठन इस अभियान को चलाने में सरकार की भरपूर मदद कर सकते हैं। सरकार तथा विभिन्न संस्थाएं यदि लोगों को प्रोत्साहित करें तो निश्चित ही अनेक ज़रूरतमंदों को गया जीवन मिलेगा वरना अंगों के अभाव में बहुतों की मृत्यु लगभग तय है।

उल्टा पुल्टा

लड़का-पता है, बस में बैठते हुए मैं किसी लड़की को खड़ा नहीं देख सकता..
लड़की - तो फिर तुम क्या करते हो..?
लड़का - मैं अपनी आँखें बंद कर लेता हूँ..!

दूसरे राज्य के संदिग्धों पर बस्तर पुलिस की कार्रवाई

आगामी चुनाव के चलते शहर में बाहर से आये संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस की लगातार चेकिंग

जगदलपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। बस्तर पुलिस द्वारा आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायती चुनाव 2025 के मद्देनजर एवं आदर्श आचार संहिता के पालन में चुनाव दौरान, शहर में संदिग्ध गतिविधियों पर रोक एवं शांति व्यवस्था हेतु लगातार कार्यवाही कर, लगातार अभियान जारी है। जिस तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में शहर में 35-35 के दो अलग अलग टीम तैयार किया गया। दिनांक 03.02.2025 एवं 04.02.25 को जिसमें डीआरजी बल एवं थाना के स्टाफ के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा सुबह 4 बजे कालीपुर अटल आवास, सन सिटी अटल आवास एवं अवंतिका कालोनी अटल आवास टीम रवाना किया गया था। इन टीमों के द्वारा वहाँ पर मौजुद व्यक्तियों से पुछताछ एवं आवश्यक दस्तावेज चेकिंग किया गया। कालीपुर अटल आवास में रहने वाले कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के द्वारा अपनी उपस्थित छुपाते भागने का प्रयास कर रहे थे जिसे टीमों के द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिनसे घुमने और छिपने का कारण पुछताछ करने पर सभी व्यक्ति सही व संतोषप्रद जवाब न देकर पुलिस को भ्रामक किया जा रहा था।

सभी दिगर राज्य के रहने वाले है, जिनके द्वारा कभी भी किसी घटना को अंजाम दिया जा सकता है, जिसे प्रतिबंधित करने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 128 के तहत् रिपोर्ट तैयार कर, रज्जन वर्मा पिता रामविलास वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी अहिमाने थाना सुल्तानपुर जिला सुल्तानपुर उत्तरप्रदेश, भागीरथी खंभारी पिता स्व0 रंजीत खंभारी उम्र 56 वर्ष निवासी उमरकोट शालुगुड़ा उड़ीसा, तेजराम पटेल पिता नारायण सिंह पटेल उम्र 42 वर्ष निवासी सेमरिया कला थाना, तेंदुबेड़ा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश, अब्दुल समीर पिता अब्दुल गफ्फार खान उम्र 27 साल निवासी बोरीगुमा पोडीगुड़ा जिला कोरापुट उडीसा, मो0 यासीम पिता मो0 रहमातुल्ला उम्र 27 साल निवासी नवरंगपुर उड़ीसा, रंजीत बैरागी पिता स्व0 प्रकाश बैरागी उम्र 55 साल नि0 नई बस्ती निरंजनपुर इंदौर मध्यप्रदेश, करन नाग पिता सुंदर नाग उम्र 50 साल निवासी मालगोदाम बस्ती थाना उदित नगर, जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा हाल-कालीपुर अटल आवास जगदलपुर से गिरफ्तार कर न्यायलय में पेश किया।

सफेद कागज चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आरोपी से 83,600/ रुपए मूल्य के 44 बंडल ए-4 पेपर को किया बरामद

जगदलपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। थाना बोधघाट में प्रार्थी धनराज खत्री पिता लीलाधर खत्री द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसके कुम्हार पारा स्थित गोदाम में वह लगभग एक माह पूर्व 120 पेटी एट्ठ4 साइज का पेपर बंडल रखा था, जिसकी आवश्यकता होने से दिनांक 31.01.25 को गोदाम जाकर देखा तो गोदाम का ताला टूटा हुआ खुला मिला तथा अंदर स्टॉक मिलाने पर 74 बंडल कम मिले की रिपोर्ट पर अपराध क़ायम कर थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आरोपी की पता साजी की गयी, मुखबिर से प्राप्त सूचना एवं घटना स्थान के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही करन दास पिता सोभा सिंग दास उम्र 22 वर्ष निवासी सनसिटी अटल आवास को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसके द्वारा उक्त4 साइज के बंडल को चोरी करना कबूल उक्त सामान को आरोपी के निशानदेही में 44 बंडल एट्ठ4 साइज़ के पेपर्स को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, चुनाव तैयारियों का लिया जायजा

जगदलपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने मंगलवार को धरमपुरा स्थित मॉडल कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कमिशनिंग की तिथि, सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर नगर पंचायत के लिए ईवीएम मशीनों को कमिशनिंग प्रक्रिया के बाद रवाना की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया। अधिकारियों ने बताया कि मशीनों की जांच के बाद बस्तर नगर पंचायत के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए हर संभव कदम उठाए जाए। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता से कार्य करें और सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें। इस निरीक्षण के दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर भूरे, नोडल अधिकारी पुलिस ओ पी पाल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी संजय पाण्डे ने किया जनसंपर्क

जगदलपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने प्रचार-प्रसार के दौरान शहर के सात वार्डों का वन-टू-वन दौरा किया। इस दौरान महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने पार्षद प्रत्याशियों के साथ मिल कर वार्डों में सघन जनसंपर्क किया एवं आमजन को भाजपा सरकार के विकास कार्यों एवं विज़न को बताकर भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का आग्रह किया। साथ ही शहर को धूल मुक्त बनाने के लिये कमल खिलाने की बात कही। भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने अनुकूल देव वार्ड स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव जी एवं संकट मोचन हनुमान जी का आशीर्वाद लिया एवं जगदलपुर वासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद डोर-टू-डोरई जनसंपर्क शुरू किया। जनसंपर्क के दौरान मंगलवार को महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने अनुकूल देव वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, अब्दुल कलाम वार्ड, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड, बलिराम कश्यप वार्ड एवं मदनमोहन मालवीय वार्ड के रहवासियों से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया और भारतीय जनता पार्टी के समर्थन की सभी से अपील की। जनसंपर्क में लोगों का भीड़ उमड़ा।

अधिवक्ताओं के लिए कलिंग विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

बीएनएस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक शिक्षा, कानूनी प्रशिक्षण, मीडिया और डिजिटल आउटरीच, शैक्षणिक पाठ्यक्रम में समावेश और सामुदायिक जुड़ाव को शामिल करना जरूरी : सलोनी

जगदलपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। स्थानीय जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में स्थित अधिवक्ता संघ के ग्रंथालय कक्ष में मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कलिंग विश्वविद्यालय के विपणन संस्था सदस्य के द्वारा संगोष्ठी में उपस्थित बस्तर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण दास, उपाध्यक्ष पद हेलेना मैसेज, पूर्व अध्यक्षगण, अरुण ठाकुर, दिनेश पाणिग्रही, वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक खान, शकील अहमद, आनंद मिश्रा, डीएन झा का स्वागत किया गया। उद्घाटन भाषण के बाद, कलिंग विश्वविद्यालय विधि विभाग के विभाग अध्यक्ष सलोनी त्यागी श्रीवास्तव ने कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा पेश किए जाने वाले विधि पाठ्यक्रमों के माध्यम से आत्म-सुधार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बीएनएस के कुछ जटिल विषयों पर फिर से चिंतन किए जाने की आवश्यकता कहीं। उन्होंने भारत में बीएनएस कानूनों के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए बीएनएस की मूल बातें भी स्पष्ट की

सलोनी ने संगोष्ठी कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 भारत में एक नया आपराधिक कानून है जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह लेता है, जिसका उद्देश्य कानूनी प्रणाली को आधुनिक और सुव्यवस्थित करना है। बीएनएस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक शिक्षा, कानूनी प्रशिक्षण, मीडिया और डिजिटल आउटरीच, शैक्षणिक पाठ्यक्रम में समावेश और सामुदायिक जुड़ाव को शामिल करना जरूरी है।

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव पेश करती है, जो दक्षता, आधुनिकीकरण और पीड़ित-केंद्रित न्याय पर ध्यान केंद्रित करती है। इसके प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए, सक्रिय उपाय और कानूनी समझ आवश्यक है। प्रक्रियागत परिवर्तनों पर पुलिस, न्यायाधीशों और कानूनी पेशेवरों के लिए कार्यशालाएँ आयोजित किया जाना। तेजी से सुनवाई और जांच ट्रैकिंग के लिए डिजिटल केस प्रबंधन प्रणाली का उपयोग। नागरिकों को बीएनएस के तहत उनके अधिकारों को समझने में मदद करने के लिए कानूनी सहायता केंद्र स्थापित करना। सरकार और गैर सरकारी संगठनों को मीडिया, सामाजिक मंचों और सेमिनारों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। कानून स्कूलों और विश्वविद्यालयों में बीएनएस से संबंधित पाठ्यक्रम शुरू करें। आसानी से समझ में आने वाली पुस्तिकाएं, मोबाइल ऐप और ऑनलाइन पोर्टल विकसित करना। बेहतर अनुकूलन के लिए नीति निर्माताओं, कानूनी विशेषज्ञों और नागरिकों के बीच संवाद को प्रोत्साहित करना। पीड़ित और गवाह संरक्षण कार्यक्रम, लोगों को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता तंत्र के बारे में शिक्षित करना है। संगोष्ठी में काफी संख्या में अधिवक्ता गण शामिल हुए।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे सुकमा

- **स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण**
- **निर्वाचन से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश**
- **ईवीएम जागरूकता कार्यक्रम कुम्हाररास में मतदाताओं से चर्चा कर दी मतदान की जानकारी**

सुकमा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदान पूर्व तैयारियों की जायजा लेने एक दिवसीय सुकमा प्रवास पर रहे। उनके साथ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं नोडल अधिकारी नगर पालिका एवं पंचायत निर्वाचन (पुलिस) ओ.पी. पाल भी उपस्थित रहे। सुकमा जिले के हैलीपैड में स्थित मीटिंग हाल में जिले प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सुचारू रूप से संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में कुल 17 हज़ार 511 मतदाता एवं त्रिस्तरीय पंचायत में 1 लाख 70 हज़ार 228 मतदाता है। नगरीय निकायों में मतदान केंद्र 31 हैं, जिसमें संवेदनशीलता के आधार पर सभी सामान्य मतदान केंद्र हैं। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 375 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से संवेदनशील 217 एवं अति संवेदनशील 104 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने जिले के समस्त मतदान केन्द्रों की भौतिक स्थिति से अवगत कराया और संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण ने जिले में मतदान केन्द्रों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

बैठक के पश्चात निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने प्राथमिक शाला जनपदपारा सुकमा में स्थित मतदान केंद्र पहुँचे। मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने शासकीय आईटीआई कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सहित अन्य सभी आवश्यक मूलभूत आवश्यकताओं को समय पूर्व निर्धारित करने के निर्देश दिए। निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने मतगणना स्थल में बिजली, पेयजल, शौचालय, पर्याप्त बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, निर्वाचन अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था, मतगणना कक्ष की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्ट्रॉंग रूम के निरीक्षण के पश्चात श्री सिंह कुम्हाररास में चल रहे ईवीएम जागरूकता शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ईवीएम मशीनों के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार की और अधिक आवश्यकता है, क्योंकि इस बार एक ही मशीन में महापौर और पार्षद के लिए मतदाता को दो बार वोट देना होगा। उन्होंने मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान कर जागरूक करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और आचार संहिता उल्लंघन के प्रकरण को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वोटिंग की जानकारी लेने पहुँचे मतदाताओं से चर्चा की। उन्होंने लोगों को समझाते हुए कहा कि इस बार आपको पार्षद और महापौर पदों के लिए चुनाव करना है। ईवीएम मशीन में दो बार बटन दबाना है जिससे दोनों बार बीप की आवाज आएगी। इसके साथ ही आपकी मतदान करने की प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग बुद्धिमानी से और सोच समझकर करें। अंत में निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे निर्वाचन तैयारी की सराहना की एवं नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन सुचारू ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

आयुक्त ने प्रचार हेतु ईवीएम मशीन के लाइव डेमो का किया अवलोकन

स्वामी आत्मानंद स्कूल के मतदान केंद्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

जगदलपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह एक दिवसीय बस्तर जिले के प्रवास के दौरान जगदलपुर शहर के संजय बाजार के समीप जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रणाली में प्रयुक्त की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के लाइव डेमोंस्ट्रेशन का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से मशीन के उपयोग और महापौर, पार्षद प्रत्याशियों के लिए मतदान करने के संबंध में चर्चा किए। साथ ही डेमोट्रेशन कार्य में लगे अधिकारियों से मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। संजय बाजार के समीप स्वामी आत्मानंद स्कूल के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्र दिवाल लेखन की सराहना किए, इसके साथ ही संगवारी बूथ, महिला मतदान केंद्र की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया। इस निरीक्षण के दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ सर्वेश्वर भूरे, नोडल अधिकारी पुलिस ओ पी पाल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

आज जगतगुरु स्वामी नरेंद्राचार्य का भिलाई आगमन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिण भारत पीठ के पीठाधीश्वर का आागमन बुधवार 5 फरवरी को सेक्टर 7 बी एस पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैदान, में हो रहा है। प्रेस वार्ता लेकर यह जानकारी स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मंडल के पदाधिकारीयों ने दी। उन्होंने बताया भारत में चारों दिशा में चार जगदगुरू रामानंदाचार्य और चार जगदगुरू शंकाराचार्य विराजमान है। स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का आगमन सुबह 9 बजे होगा। स्वागत गीत के बाद स्वामीजी का प्रवचन होगा इसमें जगद्गुरुश्री स्वयं भक्तजनों से सीधे बात करके उनके समस्या पर मार्गदर्शन करेंगे। समस्या के लिए सुबह 7 से 8 बजे निशुल्क टोकन मिलेगा। जगद्गुरु नरेन्द्राचार्य एक आत्म साक्षात्कारी सदगुरु है। उनके दृष्टि में वाणी में स्पर्श में सामर्थ्य है। स्वामीजी का मानना है कि सिर्फ मानव जन्म में ही हम समाज ऋण चुका सकते हैं। जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान के तरफ से विभिन्न सामाजिक उपक्रम चलाए जाते है। इस वर्ष में 136720 यूनिट रक्त दान कराया गया। अभी तक 80 देहदान और 10 अंगदान कराया गया है। महाराष्ट्र के राजमार्गों में 53 एम्बुलेंस सेवा चल रही है। जिससे अब तक 18000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई। नर्सरी से जूनियर कॉलेज तक गरीब विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है। निशुल्क वेद पाठशाला, निशुल्क ड्राइविंग स्कूल, निशुल्क ब्लड इन नीड जैसे महान कार्य स्वामीजी की प्रेरणा से चल रहे है।

सड़क दुर्घटना में संयंत्र कर्मी घायल

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। सेल के भिलाई स्टील प्लांट का कर्मचारी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना में हाइवा चालक स्टेरिंग से फँसा गया। जिससे वे भी गंभीर रुप से घायल हो गये है। अफरा-तफरी के बीच बाइक सवार बीएसपी कर्मचारी को सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद आइसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। भिलाई पॉवर हाउस ब्रिज से उतरते ही हादसा हुआ है। रेती से भरा हाइवा टाउनशिप की ओर से नंदिनी मार्ग पर जा रहा था। ब्रिज से उतरते ही वह अनियंत्रित हुआ और सामने से आ रह बीएसपी कर्मचारी को ठोकर मार दिया। जिससे कर्मचारी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। सड़क दुर्घटना में बीएसपी के कोक ओवन कर्मचारी चार्जमैन 55 वर्षीय रामपाल जख्मी हैं। जनरल शिफ्ट में ड्यूटी आते समय हादसा हुआ। सुबह साढ़े 8 बजे हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि रामपल अपने निवास स्थान स्टील नगर कैंप-1 भिलाई से जनरल शिफ्ट में ड्यूटी आ जा रहे थे। घर से हंसी खुशी निकले थे। नंदनी रोड से सेक्टर-1 भिलाई टाउनशिप वाले ओवर ब्रिज पर चढ़ने से पहले ही हाइवा ने ठोकर मार दिया। गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद कर्मचारी को आईसीयू में शिफ्ट किया जा रहा है। हादसे के बारे में बताया जा रहा है कि रेत से भरा हाईवा लोहे के पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि हाइवा के सामने का हिस्सा पूरा अंदर घुस गया। हाइवा में बैठा चालक और परिचालक दोनों उसके अंदर फंस गए। हाइवा नंदिनी की तरफ जाते समय डिवाइडर पर लगे बड़े से लोहे के पोल से टकरा गया। लोगों ने किसी तरह से हाइवा के अंदर से परिचालक को बाहर निकाला लेकिन चालक स्टेरिंग के बीच में ही फंसा हुआ था। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाल लिया गया है।

फर्जी आईडी लेकर धुमने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात नेहरु नगर चौक में चेकिंग के दौरान एक कार को रोकने का प्रयास किया तो वे वहां से भागने का प्रयास किया जब पुलिस ने उसने स्वयं को एसीबी का अधिकारी बताया व कार्ड भी दिखाया। जब उसकी जांच की गई तो कार्ड फर्जी बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी शन्ति नगर निवासी बताया गया है।

अहिवारा में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में चुनाव का बिगुल बजते ही प्रदेश में चुनावी दंगल की शुरुआत हो गई है। आज अहिवारा में कार्यकर्त्ता आमसभा सम्मेलन तथा कार्यालय उद्घघान किया गया। जंहा अहिवारा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी नटवर ताम्रकार के चुनावी सभा में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने हुंकार भरा। सांसद विजय बघेल ने कहा की केंद्र तथा राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार है। अभी विकास की गति में तेजी आ रही है। हमारी सरकार गाँव, गरीब किसान की सरकार है जो सबकी हितों को ध्यान में रखकर कार्य करती है। जैसे यंहा की देव तुल्य जनता का आशीर्वाद से राज्य, लोकसभा, विधानसभा में भाजपा को जीताया है, उसी प्रकार नगर में भी भाजपा की विजय हो। ऐसा हम सब मिलकर सरकार की महत्वकान्छी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचायेंगे। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पुरुषोत्तम देवांगन अध्यक्ष भिलाई जिलाध्यक्ष, सावंल राम डाहरे, लाफ्चंद बाफना पूर्व विधायक, गुलाबचंद बाफना रविशंकर सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी नटवर ताम्रकार को जीताने से विकास कार्य तेजी से ही।

फेरो स्क्रैप में हिंदी सुंदर लिखावट प्रतियोगिता

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। फेरो स्क्रैप निगम के मिनी ऑडिटोरियम में पंकज त्यागी महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन के मुख्य आतिथ्य, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष (हिंदी), डॉ. हेमलता सिदार, भिलाई महिला महाविद्यालय, जितेन्द्र दास मानिकपुरी उप प्रबंधक संयंत्र तथा छगनलाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी की उपस्थिति में नराकास स्तरीय हिंदी सुंदर लिखावट प्रतियोगिता सम्पन्न हई। मुख्य अतिथि पंकज त्यागी ने कहा कि अच्छी हैंडराइटिंग अच्छा इम्प्रेशन बनाने के साथ व्यक्ति की पर्सनालिटी निखरती है, कुछ लोगों की लिखावट इतनी सुंदर होती है कि देखने वाले दंग रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि-अच्छीलिखावट एक शिल्प और विजुअल आर्ट है, जिसमें अक्षरों को अलग-अलग तरीकों से पेपर या किसी अन्य सतह पर उकेरा जाता है। निर्णायक की भूमिका अदा कर रहे डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने हिंदी में सुंदर लिखावट के लिए प्रतिदिन अभ्यास करने और लेखन की गति को धीमा कर हर अक्षर पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया वहीं डॉ. हेमलता सिदार ने अक्षर निर्माण की मूल बातें समझना, सही लेखन उपकरण चुनना, नियमित रूप सेअभ्यास सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण कदम निरूपित होता है, जितेन्द्रदास मानिकपुरी ने कहा कि हिंदी में सुंदर लिखावट को और अधिक विकसित करने के लिए अधिक से अधिक सुलेख लिखने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की लिखावट उसके व्यक्तित्व की दर्पण होती है। फेरो स्क्रैप निगम द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग स्तरीय हिंदी सुंदर लिखावट प्रतियोगिता के हिंदी भाषी वर्ग प्रथम-कृति तिवारी भारतीय डाक विभाग, द्वितीय केदारनाथ सोनबेर बीएसपी, तृतीय-शालिनी धाकरे भारतीय खाद्य निगम, सांत्वना अभिषेक कुमार लेखा परीक्षा, रोहित कुमार मैनी, दिनेश कुमार शुक्ला, संजय कुमार दवे, पूरनलाल साहू-संयंत्र को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एफएसएनएल के महाप्रबंधक पंकज त्यागी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के राजभाषा अधिकारी छगनलाल नागवंशी ने किया।

महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स में 25 फीसदी की छूट

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। बीजेपी ने चुनावी घोषणा पत्र में अटल विश्वास पत्र नाम से 20 बड़ी जारी की है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि इस पत्र में शहर के विकास के लिए 20 बड़ी घोषणाएं की गईं हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा पत्र टीम की उपस्थिति में अटल विश्वास पत्र का विमोचन किया है। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अमर अग्रवाल भी मौजूद रहे। श्री सेन ने बताया कि यह घोषणापत्र अटल की 100वीं जयंती और अटल निर्माण वर्ष के अवसर पर उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण को सम्मानित करते हुए समर्पित किया गया है। विधायक सेन ने कहा कि महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स में 25 प्रतिशत की विशेष छूट, महापौर सम्मान निधि की स्थापना, युपीएसई मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि, विद्यालय और महाविद्यालय में मुफ्त वाईफाई की सुविधाए पीएम स्व निधि से 30 हजार की वित्तीय सहायता, फ्री सेनेटरी पैड की उपलब्धता, महिला स्वसहायता समूह को बर्तन बैंक के लिए 2.5 लाख का ऋण, सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश की परिकल्पना, गोकुल नगर का विस्तार, राजधानी की यातायात को सुदृढ़ बनाने पार्किंग निर्माण, नालंदा परिसर पुस्तकालयों की संख्या में बढ़ोतरी, पुराने संपति कर के लिए एक मुश्त निपटान सुविधा, 3 लाख च्ड ।ल्न् घरों का तेजी से निर्माणए पट्टा धारकों को भू स्वामी हक सहित जनहित के लिए विशेष संकल्प योजनाएं शामिल हैं।

खेल से बढ़ता है प्रेम व भाईचारा : पवन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के द्वारा आयोजित टेनिस बॉल फ्लडलाइट्स क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन समिति के महामन्त्री चन्ना केशवलू ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संयोजक वशिष्ठ वर्मा, अध्यक्ष गौरव कुमार, सचिव वीरेंद्र गोस्वामी,भानु प्रताप साहू, विवेक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन, आई पी मिश्रा, डिल्ली राव, प्रदीप कुमार पाल, जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, अनिल गजभिये, जोगिंदर कुमार, राजनारायन सिंह, भूपेन्द्र बंजारे, ए.वेंकट रमैया इत्यादि उपस्थित थे।। मुख्य अतिथि का संघ के महामन्त्री ने फ़ाइनल मैच पहुँचने वाली दोनों टीमों से परिचय कराया। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने संयंत्र के कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने के लिए साधुवाद दिया। उन्होनें कहा कि ऐसे आयोजन करने से आपसी प्रेम एवं भाईचारा क़ायम रहता है । सेक्टर 1 क्रिकेट स्टेडियम में लाईट की कमी को पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया । वन कुमार को संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। दिवसीय क्रिकेट ट्राफी महाकुंभ में भिलाई इस्पात संयंत्र की कुल 25 टीमों ने भाग लिया है। समापन समारोह में भाग लेने वाली सभी टीमों के कप्तान एवं पूरी टीम उपस्थित थी। भाग लेने वाली सभी टीमों को एक क्रिकेट किट बैग दिया गया। पहला सेमी फाइनल मैच मेडिकल विरुद्ध बीएसपी स्नाइपर परिणाम मेडिकल ने चार विकेट से जीता एवं फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच फायर फॉक्स विरुद्ध तेलुगु टाइटंस परिणाम तेलुगू टाइटंस ने 8 विकेट से जीता ।

देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में परमेश्वरी महोत्सव का भव्य आयोजन बसंत पंचमी की तिथि को परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में संपन्न हुआ। दिन भर चले परमेश्वरी महोत्सव में देवांगन समाज के 30 विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय, 125 विशिष्ट प्रतिभाओं, समाज सेवियों, उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं एवं दानदाताओं का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रकाशित समाज की पत्रिका आवरण के 28वें अंक एवं डॉ नीलकंठ देवांगन की 9वीं पुस्तक सामाजिक सरोकार का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। परमेश्वरी महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू थे तथा रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा, टेक्निकल यूनिवर्सिटी के सलाहकार तुलसीराम देवांगन, सोसायटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आरंभ में अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने स्वागत भाषण में समिति के उपलब्धियों एवं रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देवांगन समाज के आदि पुरुष दीपचंद देवांगन के नाम पर समाज के पुरोधाओं को सम्मानित करने की नई शुरुआत की गई है। मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि देवांगन समाज जागरूक और शिक्षित समाज है। उन्होंने कहा कि देवांगन जन कल्याण समिति ने अपने पुरोधाओं को सम्मानित करने की जो शुरुआत की है, वह बहुत ही सराहनीय एवं अनुकरणीय है। समारोह को नगर निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, समाज के संरक्षक कुंजलाल देवांगन, सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर देवांगन समाज के 7 पुरोधाओं को देवांगन आदि पुरुष दीपचंद सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में जागेश्वर प्रसाद देवांगन बालोद, कुंजलाल देवांगन धमतरी, सेवक राम देवांगन भाटापारा, डॉ. श्यामलाल देवांगन, राम खिलावन देवांगन भिलाई, भूषण लाल देवांगन एवं ललित देवांगन छाया दुर्ग शामिल हैं। परमेश्वरी महोत्सव की शुरुआत में प्रात: 8.30 बजे डीपीएस चौक रिसाली से देवांगन समाज की ईष्ट देवी माता परमेश्वरी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जो आजाद मार्केट चौक, प्रगति नगर मुख्य मार्ग से होते हुए प्रगति नगर में स्थित कार्यक्रम स्थल परमेश्वरी भवन पहुंची। यहां पर परमेश्वरी मंदिर में सामुहिक आरती के साथ ही प्रात: 10.30 बजे से दिनभर चलने वाले विविध मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्यों के साथ ही भरतनाट्यम, कत्थक एवं शास्त्रीय नृत्य संगीत की धूम रही।

धरती से आकाश तक थैंक यू भिलाई का आयोजन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। थैंक यू भिलाई कार्यक्रम में भिलाई वासियों ने मिलकर जयघोष करते हुए भिलाई को दिया धन्यवाद दिया। हजारों कि संख्या में भिलाई बिरादरी ने लगाई सद्भावना दौड़ लगाई। भिलाई नव रत्न एवं कई समाज से जुड़े अनुकरणीय कार्य करने वाले लोग व समाज सेवी संस्था सम्मानित किया गया। भिलाई के उन महान विभूतियों का सम्मान किया गया जो अपने अपने क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहे है इनमें 2025 भिलाई रत्न सम्मान चिकित्सा में डॉ के गुरुनाथ, शिक्षा संजय ओझा, खेल में आर एन बैनर्जी, उद्योग में विजय गुप्ता, महिला शसक्तिकरण में श्रीमती डिम्पल कौर, पर्यावरण में द्वारका प्रसाद, जन.जागरण में अजय भसीन, साहित्य में श्रीमती संतोष झांझी, कला एवं संस्कृति क्षेत्र में पं सुधाकर राम भाऊ शिवलीकर जिन्होंने भिलाई का गौरव बढ़ायें। उन्हें शपथ फाऊंडेशन व्दारा नवरत्नों को सम्मानित किया।

सम्मान के कड़ी में भिलाई गौरव से भालचंद्र शेगेकर, कला में सुश्री स्मिता तांडी, महिला सशक्तिकरण में अश्वन सोनवानी को खेल में व अभिषेक अग्रवाल को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ी सर्व समाज, सिख समाज गतका टीम, सिख युवा समिति, गुजराती समाज, सेक्टर 6 कालीबाड़ी बंगाली समाज, उत्कल समाज,महाराष्ट्र मंडल हुडको, आंध्र समाज, पदमाशाली संस्था, प्रज्ञा सेवा समिति खुर्सीपार, कँवर समाज सेवा समिति,सुआ नृत्य समूह, राउत नाचा समूह, पंथी समूह गनियार, स्केटिंग टीम भिलाई, केरला समाजम, ब्रह्माकुमारी संस्था, एथलीट संघ भिलाई, ब्राह्मण समाज साल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सद्भावना दौड़ में भिलाई वासियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। पूरे समय मिनी भारत का परिदृश्य जैसे मानो श्रीनगर से लेकर कन्याकुमारी, उत्तर से लेकर दक्षिण पूरा माहौल भिलाई में उतर आया था। लोग विभिन्न वेशभूषा में अपने अपने राज्यों का परिधान पहनकर नृत्य कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, एन के बन्छोर, विपिन गिरी ईडीए बी एस पी अशोक कुमार पंडा, ई डी फाइनेंस, बी एस पी, पंकज त्यागी महाप्रबंधक फेरो स्क्रैप निगम भिलाई उपस्थित थे।

नगरीय निकाय निर्वाचन के अभ्यर्थियों का किया गया लेखा मिलान

द्वितीय लेखा मिलान 8 को

जगदलपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) के आदेश 2024 के अनुपालन में निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर (प्रोफार्मा-क) की जांच हेतु निर्धारित प्रथम लेखा मिलान तिथि 03 फरवरी को नगर पालिक निगम जगदलपुर एवं नगर पंचायत बर के समस्त अभ्यिर्थियों द्वारा उपस्थित होकर निर्वाचन व्यय हेतु खोले गए नवीन बैंक खाता एवं प्राप्ति,व्यय अभिलेखों सहित लेखा का मिलान कराया गया है। अभ्यर्थियों का लेखा मिलान व्यय प्रेक्षक सचिन शर्मा एवं सहायक व्यय प्रेक्षक जोस फिलिप की उपस्थिति में नगरपालिका निगम जगदलपुर के व्यय संप्रेक्षक दिनेश सिंह, नितिश शर्मा एवं लोमश राजपूत तथा नगर पंचायत बस्तर के व्यय संप्रेक्षक रूपेश कुमार नायक एवं हरख चंद कंवर द्वारा लेखा का मिलान किया गया।

व्यय प्रेक्षक सचिन शर्मा द्वारा समस्त अभ्यर्थियों को द्वितीय लेखा मिलान की तिथि 08 फरवरी 2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर लेखा मिलान कराने हेतु अवगत कराया गया ।

हर पंद्रह दिन में वार्डों की सफाई गैंग से : आयुक्त

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। निगम के प्रत्येक वार्डो में अब हर पन्द्रह दिन में बड़े स्तर पर सफाई कार्य किया जाएगा। इसकी शुरूआत आज से की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मैत्री नगर और शक्ति विहार में चल रहे सफाई अभियान को देखा। उन्होंने सार्वजनिक नाली पर ढाले स्लैब और टाइल्स को हटाकर सफाई के निर्देश दिए। नाली के ऊपर लगाए 4 नग साइन बोर्ड को जब्त भी किया गया। खास बात यह है कि मैत्री नगर मार्केट से लगे स्ट्रीट की नाली सफाई कई महिने से नहीं हुई थी। अधिकांश नाली मलबे से पट चुका था। जिसे आयुक्त की मौजूदगी में निकाला गया। उन्होंने सफाई मित्रों को निर्देश दिए कि लोगों को समझाईश दे कि नाली में पॉलीथिन जैसे अन्य कपड़ा, डाइपर पैड, को न डाले। आयुक्त ने इस दौरान पार्षद सुनंदा चंद्राकर और शक्ति विहार के पार्षद डॉ सीमा साहू से वार्ड में सबसे ज्यादा गंदगी वाले क्षेत्र को चिन्हित करने कहा। साथ ही लोगों को जागरूक करने कहा। निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि नाली सफाई में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करे। नाली के ऊपर स्लैब और टाइल्स लगे होने पर उसे तोड़कर सफाई करे। सभी को हिदायत दे कि नाली पर स्लैब व टाइल्स न लगाए। निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना वसूल करे। जब्त करे साइन बोर्ड गैंग अब ऐसे विज्ञापन वाले साइन बोर्ड और तख्ती को उखाड़ जब्त करेंगे जो बिना अनुमती सड़क या नाली के किनारे लगाए गए है। मैत्री नगर के अलावा अन्य वार्डो में लगे साइन बोर्ड को सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। गैंग में 20-20 सद्स्य पूर्व में निगम क्षेत्र में बारिश के पहले ही नहरों की सफाई करने गैंग तैयार किया जाता था। निगम आयुक्त के निर्देश पर पहली बार 20-20 सफाई मित्र वाले गैंग तैयार किया है। जो हर पन्द्रह दिन में रोटेशन आधार पर वार्डो में पहुंचेगे और स्वच्छता समेत अभियान के तहत नाली, नहर सफाई, गंदगी क्लीन करेंगे।

बुद्धिस्ट युवक-युवती परिचय सम्मेलन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में अखिल भारतीय बुद्धिस्ट युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि अजय गजघाटे, मीना नारनवरे और संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम की अध्यक्षता ने परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। अतिथियों ने कहा कि इस परिचय सम्मेलन का उद्देश्य है कि अपने मन पसंद के युवक-युवती चुन सकते हैं और अपना जीवन साथी बना सकते हैं। परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, राजनांदगांव, बालोद जिले के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कुछ युवक-युवती के अभिभावकों ने जोडा पंसद आने पर आपस में बात करते हुए देखा गया। सम्मेलन में 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए। प्रतिभागियों ने अपना परिचय स्वयं स्टेज में आकर दिया। परिचय सम्मेलन का संचालन संस्था के महासचिव रामराव ढोक, उपाध्यक्ष विनोद वासनीक, कृष्णा बंसोडकर, शालू, दामले एवं लीना वैद्य ने किया। साथ ही संस्था के पदाधिकारियों, कार्यकारी सदस्य, सामान्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर अशोक शामकुवर, अशोक नंदेश्वर, देवानंद मेश्राम, हरिकिशन भगवते, बुद्ध प्रकाश मेश्राम, डीपी भवते, जालेन्द्र ऊके, प्रदीप सोम कुवर, धरमपाल गजभिये, रंजू खोब्रागडे, ठानेन्द्र कामडे, अजय अडकने, डॉ नागरत्ना गणवीर, अजय गणवीर, भागवत बागडे, अनिल साखरे, धनंजय मेश्राम, नरेन्द्र नारनवरे, सुजाता रामटेके, यशवंत रामटेके, रविन्द्र गाडगे, प्रितेश पाटील, आशिष चौहान, विनायक चौरे, बलवंत खोब्रागडे, अलका खोब्रागडे, पीजे अंबुरकर, जेबी पाटील, आईके रामटेके, ज्ञानचंद टेम्भुरकर, सुभाष बंसोडकर, मूलचन्द गडपायले, कमलराज मेश्राम, पूनम ढोक, भारती खांडेकर, अलका बौद्ध उपस्थित थे।

प्रादेशिकी का शेष...

राज्य निर्वाचन आयुक्त...

एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बस्तर संभाग आयुक्त डोमन सिंह, आईजी बस्तर पी सुंदरराज, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण, अपर कलेक्टर गजेंद्र सिंह ठाकुर, जिला सीईओ नम्रता जैन, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप एवं निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मतदाताओं को रिझाने कांग्रेस-भाजपा ने झोंकी ताकत

दंतेवाड़ा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। मौसम में आए बासंती बयार के बीच अब चुनावी गर्मी भी असर दिखाने लगी है। नगरीय चुनाव के लिए प्रचार के केवल पांच दिन शेष हैं। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस अपनी पूरी ऊर्जा मतदाताओं को रिझाने में झोंक रहे हैं।

मौसम में गर्मी भी असर दिखा रही है तो सियासी पारा भी सर चढ़कर बोल रहा है। 15 वार्डो में सिमटे दंतेवाड़ा पालिका में भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के सहारे वोट मांग रही है, तो कांग्रेस की अपनी टीम मतदाताओं तक पहुंच रही है। अध्यक्ष पद के लिए यहां कांग्रेस और भाजपा में सीधी टक्कर है। भाजपा से श्रीमती पायल गुप्ता और कांग्रेस से श्रीमती सुमित्रा शोरी (दीदी) दंतेवाड़ा को और समृद्ध बनाने के संकल्प को लेकर मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं। बात भाजपा की करें तो पायल गुप्ता पांच साल तक अध्यक्ष के पद पर दंतेवाड़ा की सेवा करती रहीं। प्रत्यक्ष मतदान के जरिये हो रहे चुनाव में वो अब मतदाताओं से सीधे मुखातिब हो रही हैं। पिछली बार पार्षद बनकर आयीं और पार्षदों ने मिलकर उन्हें अध्यक्ष चुना था। अब जनता सीधे उनके सियासी भाग्य का फैसला करने वाली है। अभी भाजपा, सरकार में है, ऐसे में सत्ता और संगठन का पूर्ण सहयोग उन्हें मिल रहा है। लगता यह भी है कि यह उनके लिए अध्यक्ष की कुर्सी की राह आसान बना सकती है। श्रीमती पायल गुप्ता द्वारा वार्डो में विकास कार्य तो करवाये गए लेकिन वार्डो में उपस्थिति अपेक्षित नहीं रही, यह बात भी चर्चा मे है। अभी श्रीमती गुप्ता पूरे 15 वार्डो में अपनी टीम के साथ दस्तक दे रही हैं। अपने लिए ही नहीं बल्कि संबंधित पार्षद प्रत्याशियों के लिए भी जनता का आशीर्वाद मांग रही हैं। आने वाले दो-तीनों में प्रचार में और तेजी आएगी, ऐसी उम्मीद की जा रही है।

कांग्रेस से सुमित्रा शोरी (दीदी) का प्रचार भी जोर-शोर से चल रहा है। नामांकन से पहले ही उन्होंने अपना जन संपर्क शुरू कर दिया था। कुछ दिनों पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी दंतेवाड़ा पहुंचे थे और श्रीमती सुमित्रा शोरी के साथ ही अन्य प्रत्याशियों को जीत का मार्गदर्शन दिया था। शिक्षकीय सेवा को त्याग कर श्रीमती सोरी ने राजनीति की दहलीज में कदम रखा। दंतेवाड़ा नगर को सुंदर, स्वच्छ बनाने के उनके संकल्प ने उन्हें एक नई ऊंचाई दी है। पेयजल, सफाई, बिजली, सड़क, जैसी वार्डो की बुनियादी जरूरतों की

- **अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने सघन जन संपर्क**
- **पायल गुप्ता और सुमित्रा शोरी (दीदी) में सीधा मुकाबला**
- **प्रचार के लिए बचे पांच दिन, अब और आएगी तेजी**

बात को काफी प्रमुखता से लेते हुए श्रीमती शोरी वार्डो में दस्तक दे रही हैं। सियासी परिवार से जुड़े रहने के बावजूद, चुनावी राजनीति में यह उनका पहला कदम है। जनता उनके संकल्प और वादो को कितनी गंभीरता से लेती है यह परिणाम से स्पष्ट हो जाएगा।

बहरहाल भाजपा की पायल गुप्ता और कांग्रेस की सुमित्रा शोरी में एक बात कामन है और वह है जनता से जुड़े मुद्दों को पकड़ कर और समझ कर आगे बढ़ने की ललक। शहर विकास की कल्पना कितनी साकार होगी यह तो भविष्य में स्पष्ट होगा, लेकिन दलगत राजनीति से हटकर अगर शहर को बेहतर बनाने की बात हो रही है तो यह शहरवासियों के लिए बड़ी खुशी की बात है। दंतेवाड़ा पालिका में 10 हजार 356 मतदाता हैं। इनमें 5 हजार 93 पुरूष और 5 हजार 263 महिला मतदाता हैं। ये निर्णायक मतदाता इनके सियासी किस्मत का फैसला करेंगे। दंतेवाड़ा के 15 वार्डो के लिए कुल 17 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

पैड न्यूज की एमसीसी कमेटी करेगी निगरानी

दंतेवाड़ा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत प्रिंटिंग प्रेस एवं केबल ऑपरेटरों की बैठक व्यय प्रेक्षक एम.ए. मुस्तफा एवं मीडिया प्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति नोडल अधिकारी रंजीत पुजारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के तहत निर्देश दिए गए है कि कोई भी प्रत्याशी यदि पंपलेट, बैनर, पोस्टर या अन्य प्रचार सामग्री मुद्रित करवाता है, तो इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति) को देनी होगी। साथ ही प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को सभी छपी हुई प्रचार सामग्री पर प्रिंटर का नाम और संख्या अंकित करना आवश्यक होगा। केबल ऑपरेटर प्रत्याशियों द्वारा दिए गए विज्ञापनों को बिना एमसीएमसी की पूर्व स्वीकृति के प्रसारित नहीं करेगें। किसी भी प्रकार की अवैध या भड़काऊ सामग्री प्रकाशित या प्रसारित करने पर संबंधित के विरुद्ध आचार संहिता के उल्लंघन और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करना है, ताकि कोई भी प्रत्याशी नियमों का उल्लंघन कर अनुचित लाभ न उठा सके। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निर्वाचन संबंधी पर्चों एवं पोस्टरों में मुद्रक और प्रकाशक का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाना चाहिए। मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां और प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति मुद्रण के तीन दिवस के भीतर जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करनी होगी। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तरीय मॉनिटरिंग प्रकोष्ठ द्वारा पेड न्यूज की भी मॉनिटरिंग की जाएगी। यदि कोई संदिग्ध पेड न्यूज पाया जाता है तो समिति उसे रिटर्निंग ऑफिसर को भेजेगी। इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर अभ्यर्थी को नोटिस जारी करेगा, जिसके जवाब में अभ्यर्थी को 48 घंटे के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करना होगा। यदि अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं करता है, तो संदिग्ध पेड न्यूज को पेड न्यूज माना जाएगा और उसकी निर्धारित राशि अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में जोड़ी जाएगी। यदि अभ्यर्थी जिला स्तरीय समिति के निर्णय से असहमत होता है, तो वह 15 दिनों के भीतर संभागीय समिति में अपील कर सकता है।

- **विज्ञापन और प्रचार सामग्री का अनुमोदन जरूरी**
- **प्रिंटिंग प्रेस एवं केबल ऑपरेटरों की हुई बैठक**

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रिंट, इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित होने वाले निर्वाचन से जुड़े विज्ञापनों और समाचारों की मॉनिटरिंग के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। आयोग के मार्गदर्शी बिंदुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता और राजनीतिक विज्ञापनों की निगरानी मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा की जाएगी। बैठक में व्यय नोडल अधिकारी रणविजय सिंह सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे।

ईव्हीएम से वोटिंग के लिए जागरूकता अभियान

निकायो में बताई जा रही, कैसे करें वोटिंग

दंतेवाड़ा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में जोर शोर से चलाया जा रहा है।

इसके अंतर्गत आज पीजी कालेज दंतेवाड़ा में मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से मतदान की जानकारी दी गई। इसके अलावा मुख्यालय के मंदिर पारा, आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, नगर पंचायत बारसूर के वार्ड क्रमांक 5 आजाद चंद्रशेखर वार्ड बस्ती पुलिस लाईन, वार्ड क्रमांक 03 माता दंतेश्वरी वार्ड बस्ती गडपारा, व बत्तीसा मंदिर पारा, नगर पालिका किरंदुल में वार्ड क्रमांक 12, 15, 17, 18, में भी मतदाताओं को ईव्हीएम मशीन के द्वारा वोट डालने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण दल द्वारा मतदाताओं से पंजी में हस्ताक्षर कराने के साथ-साथ उनके परिवार के सभी मतदाताओं को चुनाव के दिन पोलिंग बुथ में आकर वोट डालने का आग्रह भी किया गया।

नगरीय और पंचायत चुनाव में होगी पुख्ता सुरक्षा

दंतेवाड़ा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के निर्देशानुसार आगामी होने वाले नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के दौरान निर्वाचन कार्य के विभिन्न गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु नियंत्रण अधिकारी,नोडल अधिकारी एवं सहायक अधिकारी की बैठक अपर कलेक्टर राजेश पात्रे द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ली गई।

बैठक में कानून एवं व्यवस्था बल तैनाती, सुरक्षा प्लान, जाबो कार्यक्रम, निर्वाचन संबंधी शिकायतों का निराकरण, आदर्श आचार संहिता ((एमसीसी), निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र, मतदाता सूची चिन्हित प्रति के लिए, मतदान दल प्रशिक्षण, जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी), के कार्य, परिवहन एवं रूट चार्ट, मतदान दल गठन, कार्मिक कल्याण, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग, जैसे विषयों पर अब तक की गई कार्यवाहियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में एडिशनल एसपी आरके बर्मन, उप निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, डीईओ मोहन कुमार अम्बस्ता, उप संचालक रंजीत पुजारी, जिला परिवहन अधिकारी, गौरव पाटले, उप संचालक, समाज कल्याण विभाग संतोष टोप्पो, श्रम पदाधिकारी, मनीष नेताम, सहित अन्य नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

- **नियंत्रण अधिकारी, नोडल अधिकारियों की बैठक**
- **विभिन्न बिन्दुओं पर व्यापक विचार-विमर्श**

हर वार्ड में रहेगी रिजर्व ईव्हीएम

राजनैतिक दलों की उपस्थिति में रेण्डमाईजेशन

दंतेवाड़ा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार यदि नगरीय निकाय निर्वाचन-2024-25 हेतु जिले में पर्याप्त मात्रा में ई.व्ही.एम. मशीन उपलब्ध है तो प्रत्येक वार्ड के लिए एक रिजर्व मशीन तैयार किया जाना है। इस निर्देश के परिपालन में वेयर हाउस में उपलब्ध 42 अतिरिक्त सी.यू. (कंट्रोल यूनिट) एवं 34 बी.यू. (बैलेट यूनिट) मशीनों का प्रथम पूरक रेण्डमाईजेशन के साथ-साथ द्वितीय रेण्डमाईजेशन के अन्तर्गत 143 सी.यू.(कंट्रोल यूनिट) एवं 144 बी.यू (बैलेट यूनिट) मशीनों का रेण्डमाईजेशन राजनैतिक दलों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, सामान्य प्रेक्षक अरविन्द शर्मा, उप निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा नवमी और 11वीं की प्रवेश परीक्षा 8 को

लवन, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य बी गिरजा से मिली जानकारी के अनुसार नवोदय विद्यालय समिति एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली की ओर से प्रवेश परीक्षाआयोजित हो रहा है।चार सीट नौवीं के लिए और 11वीं के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए बलौदा बाजार जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन मैं 8 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस केंद्र में नवमी कक्षा के लिए 308 परीक्षार्थी और ग्यारहवीं कक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए 42 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

आचार संहिता हटते ही फिर होंगे विकास कार्य

दंतेवाड़ा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नगरीय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के चलते आचार संहिता प्रभावशील है और इसके प्रभावी होने तक किसी भी नवीन विकास कार्यो का प्रांरभ नहीं किया जा सकता। इसके मद्देनजर इस अवधि के दौरान सभी विभाग कार्य से संबंधित विभागीय कागजी औपचारिकताओं को पूर्ण कर तैयार रखें, जिससे आचार संहिता हटने के पश्चात बिना विलंब किए इन कार्यो के जमीनी क्रियान्वयन को तीव्रता से अंजाम दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने जिले के श्रमिकों द्वारा बाहरी क्षेत्रों में प्रवास होने की स्थिति में सुरक्षित प्रवास जागरूकता अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि अन्य क्षेत्रों में रोजगार हेतु प्रवास करने वाले जिले के श्रमिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है। अत: संबंधित विभाग पलायन करने वाले श्रमिकों की संपूर्ण जानकारी रखें ताकि अन्यत्र किसी भी प्रकार के समस्या होने पर तात्कालिक राहत दिया जा सकें।

- **समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने दी जानकारी**
- **कागजी औपचारिकता पूर्ण करने के निर्देश**
- **पलायन करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी**

इसके साथ ही सभी पंचायतों में श्रमिकों के लिए नए जगह की जानकारी, वेतन, काम का समय, काम की जगह तथा कंपनी या संस्था की जानकारी, आवश्यक पहचान पत्र, जैसे आधार कार्ड, श्रमिक कार्ड, मतदान कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, एटीएम, को साथ रखने, परिवार से संपर्क, जैसी पुख्ता जानकारियां के संबंध में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी उन्होंने कहा। इस संबंध में कार्य स्थल पर आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नम्बर 91 93027-06669 भी जारी किया गया है। इसके साथ ही बैठक में विद्युत वितरण विभाग से ग्राम पंचायत जंगमपाल में नये विद्युत कनेक्शन लगवाने, ग्राम पंचायत कारली में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने, ग्राम मोफलनार के नयापारा में विद्युत लाईन विस्तार करने, उद्यानिकी विभाग से जिले में कृषकों को हाइब्रिड सब्जी मिनिकिट वितरण हेतु डीएमएफ मद से स्वीकृति, लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत बैलाडीला मार्ग के कि.मी. 123/2-4 से बस स्टैंड तक 2 लेन से 4 लेन में गौरव पथ मार्ग का निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत फुलनार में रपटा पुलिया के स्थान पर नया नया पुलिया निर्माण की स्वीकृति कराने, किरंदुल, बचेली मुख्य मार्ग की तत्काल मरम्मत और पुनर्निर्माण, कड़मपाल में पुलिया निर्माण जैसे अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों पर भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

आईटीआई में गांधी फेलोशिप प्रोग्राम को लेकर ओरिएंटेशन सत्र

कोण्डागांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के ग्राम जोन्दरापदर में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ में गांधी फेलोशिप प्रोग्राम को लेकर एक ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें आईटीआई में अध्ययनरत छात्र और स्नातक पूरा कर चुके युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में संस्थान के अधीक्षक आत्माराम निषाद के सहयोग से शिक्षकगण रोशन साहू, विजयपाल सिंह, विजेंद्र कुमार साहू, सुश्री सीमा प्रधान और राजेश कुमार भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सेवा गीत के साथ हुई, जिसने प्रतिभागियों में प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। इसके बाद पिरामल फाउंडेशन का परिचय दिया गया, जिसमें इसकी कोर वैल्यूज और बिग बेट पर विस्तारपुर्वक चर्चा की गई। पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीडर्स यास्मीन मेमन और ऋचा निगम ने गांधी फेलोशिप के उद्देश्य, इसकी प्रक्रिया और आवेदन की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए युवाओं को सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया और बताया कि यह फेलोशिप किस प्रकार नेतृत्व विकास और सामुदायिक परिवर्तन में सहायक हो सकती है।

सत्र के दौरान यह भी बताया गया कि गांधी फेलोशिप न केवल युवाओं के लिए एक अद्वितीय अवसर है, बल्कि उन्हें समाज सेवा, शिक्षा प्रणाली में सुधार और ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान देने का मौका भी प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया गया कि फेलोशिप केवल कॅरियर विकास का मार्ग नहीं है, बल्कि एक ऐसा मंच है, जो युवाओं को सामाजिक बदलाव के लिए तैयार करता है और उन्हें एक प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता बनने की दिशा में प्रेरित करता है।

इस ओरिएंटेशन सत्र ने न केवल छात्रों में गांधी फेलोशिप के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उनमें समाज के प्रति उत्तरदायित्व और योगदान की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निराकरण पर जोर

कोण्डागांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। आयोजित बैठक में वर्ष 2025 के प्रथम नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निराकरण पर जोर दिए गए होने की जानकारी देते बताया गया है कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की अध्यक्षता में आगामी नेशनल लोक अदालत 8 मार्च 2025 के आयोजन की तैयारियों को लेकर 4 फरवरी 2025 को बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंक प्रबंधक, विद्युत विभाग के कर्मचारी, नगर पालिका के कर्मचारी एवं भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उददेश्य नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को सुनिश्चित करना और विभिन्न विभागों के सहयोग से लंबित मामलों के त्वरित समाधान की रणनीति बनाना था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों से लोक अदालत में लंबित मामलों की जानकारी ली और उन्हें जल्द से जल्द निपटाने के लिए कहा। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार साझा किए और लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने यह भी निर्देश दिए कि सभी पक्षकारों को समय से सूचना पहुंचाई जाए और लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को समय पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में जमा करने हेतु निर्देशित दिया गया।

इस अवसर कु.गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं बैंक/दूरसंचार विभाग/नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

भाजपा की विजय का महत्वपूर्ण दस्तावेज है, घोषणा पत्र : किरण सिंह देव

कोण्डागांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव कोंडागांव में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र तथा राज्य में जिस गति से और जिस दिशा में काम कर रही है, वह उल्लेखनीय और अनुकरणीय है। हम विकास के उस पैमाने को गढ़ रहे हैं, जो जन भावनाओं के मुताबिक है। हमने एक वर्ष के भीतर में छत्तीसगढ़ की तस्वीर को बदलने की दिशा में जो काम किया है, वह बेहद महत्वपूर्ण है। इस समय केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार है और नगरीय एवं पंचायतों में भी हमारी ही सरकारें होंगी। छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन की सरकार बन जाएगी, इसके लिए हम सबको जुटना होगा। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर जारी किया गया बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो हमारे विजय संकल्प के साथ बनाया गया है। इसमें लिखी गई समस्त बातों को हम पूर्ण करेंगे। इसके लिए हम सबको जनता को भरोसा दिलाना होगा। यह दस्तावेज हमारी विजय का महत्वपूर्ण दस्तावेज में से एक है।

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में हमारी विशाल विजय होगी- लता उसेंडी

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेंडी ने कहा कि कोंडागांव के विकास के लिए हम सदैव तत्पर रहे हैं और आगे भी रहेंगे। प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चलने वाली सरकार हर मोर्चे पर सबके विकास के लिए प्रयास कर रही है। महतारी वंदन योजना हमारी महत्वपूर्ण योजना है जो मातृशक्ति को मजबूत करने की दिशा में सरकार के द्वारा लिया गया एक अच्छा एवं महत्वपूर्ण फैसला है, जिसकी चर्चा पूरे देश में है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में हमारी विशाल विजय होगी, इसी संकल्प के साथ हम सब जुटे हुए हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव शामिल हुए, कार्यकर्ता सम्मेलन में

अटल जी ने अलग से वनवासी विकास मंत्रालय दिया : केदार कश्यप

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार, वनवासी समाज की विकास और सर्व समाज की विकास के लिए एक जुटता के साथ कार्य कर रही है। हम हमेशा बस्तर के विकास के लिए संवेदनशील रहे हैं और रहेंगे। जिस तरह से हमारी योजनाएं जनहित को लेकर बनाई गई है। कांग्रेस ने वनवासी समाज और सर्व समाज के हित के लिए कुछ भी नहीं किया। अटल जी ने अलग से वनवासी विकास मंत्रालय दिया। जो कांग्रेस की सोच में ही नहीं थी कांग्रेस ने हमेशा लोगों को जातियों में बांटकर काम करती है और हम हमेशा सब को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना चाहते हैं। आज हमारा यही संकल्प है कि पूरे छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत में महत्वपूर्ण काम करें और उसके लिए इस समय हमें इन संस्थानों में विजय हासिल करना जरूरी है।

जिला अध्यक्ष पूर्व विधायक सेवक राम नेताम ने कहा कि कोंडागांव में हर तरफ कमल खिलेगा इसका हमने संकल्प ले लिया है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे इसके लिए हमें काम करना चाहिए और इसके लिए हम लगातार जुटे हुए हैं।

इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, गोपाल दीक्षित, जितेंद्र सुराना, बालसिंग बघेल ओमप्रकाश टावरी, प्रेम सिंह नाग तथा नगर पालिका पार्षद एवं अध्यक्ष प्रत्याषी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

संपादकीय

अंगदान को बढ़ावा दे सरकार

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से अंगदान को पर्याप्त बढ़ावा नहीं दिये जाने का ही यह परिणाम है कि अब तक बहुत ही कम लोगों के अवयवों से दूसरों को जीवनदान करने में सफलता मिली है। किडनी, लीवर, हार्ट ट्रांसप्लांट के लिये अनेक लोग इंतज़ार में हैं परन्तु बहुत कम लोग इसके लिये इच्छा प्रकट कर पाते हैं। सर्वप्रमुख कारण है इसे न तो बढ़ावा दिया जाता है और न ही इसे लेकर पर्याप्त जागरूकता है। बहुत से लोग ऐसा करना भी चाहें तो वे जान नहीं पाते कि उन्हें क्या करना चाहिये। देहदान को लेकर भी यह बात कही जा सकती है। सरकार को चाहिये कि अस्पतालों तथा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से देहदान व अंगदान को पर्याप्त प्रचारित करे।

रायपुर के एक युवा आर्यंश आडिल (18 वर्ष) की इच्छा के अनुरूप उसके ब्रेन डेड होने पर उसके अंग तीन युवकों को प्रदान किये गये जिसके चलते उन्हें जीवनदान मिला। आर्यंश की मृत्यु 29 जनवरी को हुई थी जब वह परीक्षा घर लौट रहा था। महादेव घाट स्थित पुल के पास उसके साथ हुई दुर्घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया था। उसके सिर पर गम्भीर चोटें आई थीं और वह बेहोश हो गया। चिकित्सकों ने उसे बचाने की हरसम्भव कोशिशें कीं लेकिन अंततः उसे ब्रेन स्टेम डेड घोषित कर दिया गया। उसके अभिभावकों ने बताया कि वह इसकी इच्छा जाहिर करता रहा था कि अगर उसे कुछ हुआ तो उसके अंग जरूरतमंदों को दे दिये जायें। यह प्रदेश का अब तक का 11वां अंगदान रहा। इसके विपरीत विभिन्न तरह के अंगों की ज़रूरत वाले सैकड़ों मरीज इंतज़ार में हैं। कई तो यह आवश्यकता पूरी न होने के कारण मर भी जाते हैं। निश्चित ही आर्यंश ने समाज को एक रास्ता दिखाया है। लोगों को चाहिये कि उक्त नौजवान के बताये रास्ते का अनुसरण कर ज़रूरतमंदों को जीवनदान दें।

उल्लेखनीय है कि अब छग में भी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। इसके लिये नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशनल (एनओटीटीओ) की वेबसाइट से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है। वैसे यह पाया गया है कि जो भी अंगदान अब तक हो पाये हैं वे स्वप्रेरणा से ही अधिक हुए हैं। इसके लिये कोई भी सुव्यवस्थित प्रचार होता नहीं दिखता। सरकार को चाहिये कि कम से कम अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों, मेडिकल कॉलेजों आदि के माध्यम से इसका प्रचार करे। लोगों को इसकी आवश्यकता बतलायी जानी चाहिये तथा यह कितना समाजोपयोगी कार्य है, यह बात भी लोगों तक पहुंचनी चाहिये। स्वयंसेवी संगठन इस अभियान को चलाने में सरकार की भरपूर मदद कर सकते हैं। सरकार तथा विभिन्न संस्थाएं यदि लोगों को प्रोत्साहित करें तो निश्चित ही अनेक ज़रूरतमंदों को गया जीवन मिलेगा वरना अंगों के अभाव में बहुतों की मृत्यु लगभग तय है।

उल्टा पुल्टा

पति- मैच वाला चैनल लगाओ।
पत्नी- नहीं लगाऊंगी, क्या करोगे?
पति- देख लूंगा।
पत्नी- क्या देख लोगे?
पति- वही, जो चैनल तुम देख रही हो।

परिणाम घोषित होने तक प्रभावी रहेगी आचार संहिता

आचार सहिता का राजनितिक दल-अभ्यर्थी करे पालन, उल्लंघन पर हो सकती है कार्रवाई

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन तिथि के घोषणा के साथ ही निर्वाचन परिणाम तक आर्दश आचार संहिता प्रभावशील है। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग व्दारा जारी नियम पुस्तिका में निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य है।

घोषणा से परिणाम तक प्रभावशील रहेगी– स्वतंत्र एवं निष्पक्ष और सुव्यवस्थित निर्वाचन कराने की सम्पूर्ण प्रक्रिया के लिए राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू की गई है। इस संहिता के अनुसार निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के दिनाकं से निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक आचार संहिता प्रभावशील रहती है।

धार्मिक स्थलों एवं भावनाओं का सहारा नहीं लिया जाए– इसके अंतर्गत किसी भी राजनैतिक दल या उम्मीद्वार को ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे किसी धर्म, सम्प्रदाय या जाति के लोगों की भावना को ठेस पहुंचे या उनमें विद्वेष या तनाव पैदा हो। मत प्राप्त करने के लिए धार्मिक, साम्पद्रायिक या जातीय भावनाओं का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। किसी भी आराधना स्थल जैसे कि मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरूद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

व्यक्तिगत आलोचनाएं न की जाए– किसी प्रत्याशी के व्यक्तिगत जीवन के ऐसे पहलुओं की आलोचना नहीं की जानी चाहिए जिनका संबंध उसके सार्वजनिक जीवन या क्रियाकलापों से न हो और न ही ऐसे आरोप लगाये जाने चाहिए जिनकी सत्यता स्थापित न हुई हो।

राजनैतिक दलों आलोचनाएं नीति और कार्यक्रम तक सीमित हो– किसी राजनैतिक दल की आलोचनाएं उसकी नीति और कार्यक्रम पूर्व इतिहास और कार्य तक ही सीमित रहनी चाहिए तथा दल और उसके कार्यकर्ताओं की आलाचना असत्यापित आरोपों पर आधारित नहीं की जानी चाहिए।

मतदाताओं को रिश्वत या प्रलोभन देना अपराध– राजनैतिक दलों तथा उम्मीद्वारों को ऐसे सभी कार्यों से परहेज करना चाहिए जो चुनाव के कानून के अंतर्गत भर्ष्र आचरण और अपराध हैं इनमैं मतदाताओँ को लुभाने के लिए विभिन्न प्रकार सामग्रियां, शराब और रुपए बांटना शामिल है।

चरित्र पर प्रभाव डाने वाले मिथ्या प्रचार नहीं करें– किसी उम्मीद्वार के निर्वाचन की सभांवना पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के उद्देश्य से, उसके व्यक्तिगत आचरण और चरित्र या उम्मीद्वारी के संबंध में ऐसे कथन या समाचार का प्रकाशन कराना जो मिथ्या हो या जिसके सत्य होने का विश्वास न हो।

चुनाव सामग्रियों मुद्रक प्रकाशक और संख्या का उलेल्ख हो – ऐसा कोई पोस्टर, ईश्तहार, पैम्प्लेट या परिपत्र निकालना जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता नहीं हो।

दूसरों की समपत्ति पर अनुमति लेकर प्रचार समाग्री लगाएं– किसी भी उम्मीद्वार या उसके समर्थकों या कार्यकर्ताओं व्दारा किसी व्यक्ति की भूमि, भवन, अहाते या दीवार का उपयोग झण्डा टांगने, पोस्टर चिपकानें, नारे लिखने आदि प्रचार कार्यो के लिए। उसकी अनुमति के बगैर, नहीं किया जाना चाहिए। शासकीय एवं सार्वजनिक भवन, उनके अहाते या अन्य परिसम्पत्तियों का उक्त प्रयोजन हेतु उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहगे। किसी भी दल या उम्मीद्वार व्दारा या उसके पक्ष में लगाये गये झण्डे या पोस्टर दूसरे दल या उम्मीद्वार के कार्यकर्ताओं व्दारा नहीं हटाया जाना चाहिए।

व्यय प्रेक्षक ने निगम तथा नगर पालिका के अभ्यर्थियों के लेखाओं का निरीक्षण किया

जिले के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक सुशील गजभिये ने नगर निगम रायपुर तथा नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम परीक्षण तिथि को प्रस्तुत किए गए लेखाओं की जांच की। इस दौरान श्री गजभिए ने व्यय अनुवीक्षण टीम को उचित रीति से अभ्यर्थियों द्वारा लेखा लिए जाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित तिथि व समय पर लेखा परीक्षण हेतु उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को नोटिस जारी करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 6 को डोंगरगढ़ आगमन

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का 6 को डोंगरगढ़ आगमन हो रहा है। श्री शाह आचार्य विद्यासागर के समाधि स्थल पर गुरु मंदिर का शिलान्यास एवं अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

संत शिरोमणि, समाधि सम्राट आचार्य 108 विद्यासागर महाराज का प्रथम समाधि स्मृति महामहोत्सव डोंगरगढ़ में 1 से 6 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है समारोह के समापन पर 6 फरवरी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह दोपहर 12.55 पर चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ पहुंचेंगे द्य वहां पर आचार्य श्री की समाधि पर अपनी श्रद्धा प्रकट करने के बाद आरती करेंगे द्य तत्पश्चात अष्टधातु से निर्मित 108 चरणों का लोकार्पण एवं समाधि गुरु मंदिर का शिलान्यास करेंगे।

■ आचार्य विद्यासागर के समाधि स्थल एवं अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे

इसके बाद मुख्य पंडाल में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

भारत सरकार द्वारा आचार्य श्री के सम्मान में जारी सिक्के का एवं पोस्ट लिफाफे का विमोचन उनके द्वारा किया जाएगा द्य तत्पश्चात हथकरघा केंद्र का निरीक्षण एवं संचालित प्रतिभास्थली की छात्रों के साथ वार्तालाप करेंगे। अपराह्न 3.15 पर मां बमलेश्वरी मंदिर के दर्शन करने के पश्चात रवाना हो जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि आचार्य श्री ने अपने तपस्वी जीवन के शिखर पर स्वयं ही संलेखनापूर्वक समाधिमरण रूपी कलशारोहण कर के जीवन को कैसे जीना और कैसे उपसंहार करना सिखा दिया था और छत्तीसगढ़ के इस तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में समाधिस्थ हो गए थे। इसी स्थान पर समाधि स्मारक का भव्य निर्माण किया जाना है।

राज्यपाल रमेन डेका ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

मोक्षित कॉर्पोरेशन को सीजीएमएसी ने किया 3 साल के लिए ब्लैक लिस्ट

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग की कंपनी मोक्षित कॉर्पोरेशन दवा, मेडिकल उपकरण निर्माता व सप्लायर एजेंसी है। यह एजेंसी 2015 से उपकरण सप्लाई कर रही है। ईओडब्ल्यू ने रायपुर और दुर्ग स्थित फैक्ट्री व घरों में छापा मारा था। हरियाणा के पंचकूला में आठ टीमों ने छापा मारा था। इधर सीजीएमएससी ने मोक्षित कारपोरेशन को राज्य की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में पैथालॉजी जांच के लिए क्रय कर आपूर्ति किए गए उपकरण एवं रिएजेंट के संबंध में 789 उपकरण के काम नहीं करने और 215 उपकरण के इंस्टाल भी नहीं करने को आपत्तिजनक बताते हुए नोटिस जारी किया।

सीजीएमएससी ने मोक्षित कार्पोरेशन को दो दर्जन से अधिक नोटिस भेजा उसके बाद भी आज पर्यन्त तक जवाब न दिए जाने पर उसे 3 साल के लिए ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई एमडी सीजीएमएससी पद्मिनी भोई ने मंगलवार को की है।

बताया जाता है कि कंपनी ने मार्केट दर से सौ गुना ज्यादा में उपलब्ध कराने का काम किया है। जिन स्वास्थ्य केंद्रों में रिएजेंट संरक्षित कर रखने की जगह नहीं थी, वहां भी सप्लाई कर दी गई। इसके चलते 20 करोड़ के रिएजेंट खराब हो गए। मामले में यह बताया गया है कि तात्कालीन क्रय समिति ने अपने तरीके से खरीदी की अनुसंशा की थी। सीजीएमएससी और डीएचएस ने किसी भी तरह की दवा व उपकरण खरीदी के लिए छह से आठ विशेषज्ञों की क्रय समिति बनाई थी।

■ सीजीएमएसी के दो दर्जन नोटिस का नहीं दिया जवाब
■ शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में पैथालॉजी जांच के लिए क्रय कर आपूर्ति किए गए उपकरण एवं रिएजेंट

इस समिति में जीएम टेक्निकल कमल पाटनावर, बायोमेडिकल इंजीनयर खिरौद्र रौतिया, टीपीओ अभिमन्यु सिंह, डीएचएस के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अनिल परसाई, सीजीएमएससी के एमडी चंद्रकांत वर्मा और मेडिकल कालेज के एक डाक्टर को शामिल किया गया था। रिएजेंट की दर अनुबंध करने वाली क्रय समिति में शामिल अधिकारियों ने दर स्वीकृत कर सप्लायर से अनुबंध करने के लिए डीएचएच को पत्र भेजा था। इसके बाद डीएचएस ने खरीदी की अनुमति दी थी। तब सीजीएमएससी ने टेंडर जारी किया था।

सरकार बदलने के बाद हुई कार्रवाई

सरकार बदलने के बाद सीजीएमएससी की एमडी पद्मिनी भोई ने पूरे मामले की जांच में आए तथ्यों के आधार पर मामले को जांच में लिया। दवा कंपनी को पूछताछ और उनके उपकरणों के संबंध में ईएमआईएस पोर्टल शिकायत करने के बाद आज तक उन उपकरणों को सुधारने का कोई प्रयास नहीं किया गया। मामले में भाजपा सरकार आने के बाद इसमें जांच की घोषणा हुई। पूरा मामला अब ईओडब्ल्यू को सौंप दिया गया है।

क्रय समिति के अफसर तलब

मामले में क्रय समिति में जिन अफसरों ने रिएजेंट और उपकरण खरीदने की अनुसंशा की थी, उन लोगों से भी ईओडब्ल्यू मामले में पूछताछ कर सकती है। उक्त मामले में मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक को गिरफ्तार कर ईओडब्ल्यू पूछताछ कर रही है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण, चुनाव तैयारियों का लिया जायजा

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आज जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मॉडल कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कमिशनिंग की तिथि, सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव हेतु ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग प्रक्रिया तथा मशीनों के परिवहन की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया। अधिकारियों ने बताया कि मशीनों की जांच के बाद स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाए। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता से कार्य करें और सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें। इस निरीक्षण के दौरान कमिश्नर डोमन सिंह, आई जी सुंदरराज पी., राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, नोडल अधिकारी पुलिस ओ पी पाल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

अपर मुख्य सचिव ने राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियों का लिया जायजा

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियां नए मेला स्थल पर जोरों पर चल रही हैं। यह भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन 14 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक चलेगा। अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने आज राजिम कुंभ स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।राजिम कुंभ कल्प मेला छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसे 'छत्तीसगढ़ का प्रयागराज' भी कहा जाता है। त्रिवेणी संगम (राजिम) में यह कुंभ माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होता है, जिसमें संत समागम, आरती और विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। देशभर से साधु-संत, श्रद्धालु और पर्यटक इस कुंभ में शामिल होते हैं।

अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मेला स्थल पर सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच निर्माण, दुकानों, विभागीय स्टॉल, मीना बाजार, फूड जोन, पार्किंग, हेलीपैड, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच, संत समागम स्थल, आरती स्थल एवं कुलेश्वर महादेव मंदिर में आवश्यक प्रबंध के साथ ही श्रद्धालुओं के ठहरने एवं भोजन के लिए दाल-भात केंद्र, अस्थायी कुटिया एवं जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला परिसर सीसीटीवी निगरानी, पुलिस सुरक्षा, फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस की तैनाती, नदी किनारे सजावट, लाइटिंग, शौचालय एवं हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था, बस स्टैंड से मेला स्थल तक श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित शुल्क पर बस सेवा के साथ ही वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग सहित अन्य विभागों को अपने कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर छिड़ा सियासी घमासान

पूर्व सीएम बघेल ने बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन पर साधा निशाना

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने आधिकारिक अकॉउंट से एक पोस्ट जारी कर बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन पर तीखा हमला बोला है।

प्रदेशभर में कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन रद्द होने को लेकर भूपेश बघेल ने नितिन नबीन पर निशाना साधते हुए उनकी भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए तंज कसते हुए लिखा— च्मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक प्रवक्ता बिहार से आए हैं, उनका नाम नितिन नबीन है। आजकल गलियों में चुनौती देते घूम रहे हैं। किसी को भी

चुनौती दे देते हैं। प्रवक्ता महोदय से कहना चाहूँगा कि धनबल और प्रशासनबल से नामांकन रद्द और निर्विरोध कब्जाने की बजाय चुनाव होने दें और तब बात कीजिएगा। छीनकर तो बंदर भी पेड़ पर चढ़ जाता है। जहां तक मेरी हिम्मत की बात है, तो यह अपने दल के नेताओं से पूछ लीजिएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की एक्स पोस्ट- कांग्रेस ने लगाया चुनाव में धांधली का आरोप

गौरतलब है कि कांग्रेस का आरोप है कि बीजेपी प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर रही है और उनके प्रत्याशियों के नामांकन रद्द कराए जा रहे हैं। पार्टी का कहना है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का प्रयास हो रहा है और बीजेपी को जनादेश का सामना करने से डर लग रहा है। वहीं, कांग्रेस के आरोपों पर बीजेपी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस चुनावी पराजय के डर से पहले ही बहानेबाजी कर रही है। प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने भी कांग्रेस पर जवाबी हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी निष्पक्ष चुनाव चाहती है, लेकिन कांग्रेस अपनी हार सुनिश्चित देखकर बौखला रही है।

जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा नवमी और 11वीं की प्रवेश परीक्षा 8 को

लवन, 4 फरवरी । चार सीट नौवीं के लिए और 11वीं के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए बलौदा बाजार जिले के पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय लवन मैं 8 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस केंद्र में नवमी कक्षा के लिए 308 परीक्षार्थी और ग्यारहवीं कक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए 42 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन व रोटरी क्लब का जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन ने रायपुर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. यूसुफ मेमन, रोटरी रायपुर प्रेसिडेंट नवीन शर्मा व सेक्रेटरी सुरेश छाबड़ा शहर के कई वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञों ने भाग लिया. इस दौरान नागरिकों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों, रोकथाम, उपचार और पेलिएटिव केयर के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में **डॉ. अर्पण चतुर्मोहता** वरिष्ठ कैंसर सर्जन, ने कैंसर के शुरुआती पहचान की आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि नियमित जांच और शुरुआती लक्षणों को पहचानकर समय पर इलाज कराने से रोगियों की जीवन प्रत्याशा को बढ़ाया जा सकता है. उन्होंने सर्जरी में नई तकनीकों के लाभों के बारे में भी बताया, जिससे कैंसर के उपचार में अधिक प्रभावी परिणाम मिल रहे हैं।

कैंसर की रोकथाम और उपचार की दी जानकारी

वरिष्ठ कैंसर सर्जन **डॉ. दिवाकर पांडेय** ने कैंसर के रोकथाम में जीवनशैली के महत्व को समझाया. उन्होंने कहा कि धूम्रपान और तंबाकू का सेवन छोड़ना, संतुलित आहार लेना और नियमित व्यायाम करना कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है. उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित हेल्थ चेकअप कराने की सलाह दी।

वरिष्ठ मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट **डॉ. राकेश मिश्रा** ने कैंसर के उपचार में आधुनिक तकनीकों की भूमिका पर प्रकाश डाला. उन्होंने इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी जैसी नई उपचार विधियों के बारे में बताया, जो अब कैंसर रोगियों के लिए अधिक प्रभावी साबित हो रही हैं. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उपचार के दौरान नियमित रूप से डॉक्टरों से परामर्श लेना और मानसिक रूप से सकारात्मक बने रहना बेहद जरूरी है।

वरिष्ठ कैंसर सर्जन **डॉ. विवेक पटेल** ने कैंसर के उपचार में मल्टी-डिसिप्लिनरी अप्रोच की आवश्यकता पर बात की. उन्होंने बताया कि जब सर्जन, ऑन्कोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञ मिलकर मरीज का इलाज करते हैं, तो इससे बेहतर और व्यापक देखभाल संभव हो पाती है. उन्होंने मरीजों से आग्रह किया कि वे अपने इलाज के हर पहलू पर विशेषज्ञों की सलाह लें और उचित मार्गदर्शन प्राप्त करें। वरिष्ठ कैंसर सर्जन **डॉ. कल्याण पांडेय** ने कैंसर से जुड़े आम मिथकों और गलत धारणाओं पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि कई बार लोग डर और भ्रांतियों के कारण सही समय पर इलाज नहीं कराते, जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो जाती है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शुरुआती अवस्था में कैंसर का सही उपचार करवाने से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। पेन एंड पेलिएटिव मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अविनाश तिवारी ने पेलिएटिव केयर की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया. उन्होंने बताया कि कैंसर के मरीजों की केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक देखभाल भी जरूरी है. पेलिएटिव केयर से न केवल दर्द प्रबंधन बेहतर होता है, बल्कि रोगियों और उनके परिवारों की जीवन गुणवत्ता में भी सुधार आता है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जागरूकता बढ़ाकर पेलिएटिव केयर को कैंसर उपचार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में एक इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने नागरिकों के सवालों के जवाब दिए और उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया. इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि कैंसर से डरने की नहीं, बल्कि जागरूक होकर समय पर निदान और सही उपचार कराने की जरूरत है।

आयुक्त ने सप्रे स्कूल, सुभाष स्टेडियम, इंडोर, आउटडोर स्टेडियम में खेल सुविधाओं का अवलोकन किया

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रषासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा पंडित माधव राव सप्रे स्कूल खेल मैदान, सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, छत्रपति षिवाजी महाराज आउटडोर स्टेडियम, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में नागरिको को दी जा रही खेल सुविधाओं का नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री अंषुल शर्मा जुनियर की उपस्थिति में प्रत्यक्ष अवलोकन किया। आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने प्रभारी कार्यपालन अभियंता को रायपुर शहर में राजधानी स्मार्ट सिटी के अनुरूप आमजनों को खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं उपलब्ध खेल सुविधाओं को और अधिक बेहत्तर तरीके से उपलब्ध करवाने के संदर्भ में चर्चा कर आवष्यक निर्देश दिये।

नगर निगम मुख्यालय पहुंचे 15 नवप्रशिक्षु आईएएस

विभिन्न योजनाओं पर पावर पाइंट प्रेजेंटेशन देखा

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर 15 नवप्रषिक्षु आईएएस अधिकारीगण रायपुर नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन पहुंचे एवं नगर निगम आयुक्त और रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा से मिलकर रायपुर में नगर निगम सहित स्मार्ट सिटी द्वारा केन्द्र सरकार एवं राज्य शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं के रायपुर जिला प्रषासन के निर्देशन में 24 गुना 7 संचालित युवाओं के लिए कल्याणकारी जनप्रिय नालंदा लाईब्रेरी परिसर एवं तक्षशिला लाईब्रेरी के संचालन के संबंध में स्मार्ट सिटी अधिकारियों द्वारा दिये गये पावर पाइंट प्रेजेंटेशन को नगर निगम मुख्यालय के तृतीय तल सभाकक्ष में देखा। राजधानी शहर रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं के मध्य प्रतियोगी परीक्षाओं की सफलता को लेकर जगप्रसिद्ध लाईब्रेरी नालंदा एवं तक्ष षिला परिसर के प्रषासनिक तौर पर कुषल संचालन से संबंधित प्रेजेंटेषन को देखकर सभी नवप्रशिक्षु आईएएस अधिकारीगण प्रसन्न हुए। नवप्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने नगर निगम रायपुर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के माध्यम से आमजनों के मध्य संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं को लेकर नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी अबिनाश मिश्रा से चर्चा की । इस संबंध में नगर निगम आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी एमडी के निर्देश पर नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने लोककल्याणकारी योजनाओं के राजधानी शहर रायपुर में सफाई क्रियान्वयन की जानकारी नवप्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को दी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी के पक्ष में किया प्रचार

डोंगरगढ़, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनावी सभा को संबोधीत करते हुए कहां की भाजपा प्रदेश में चुनाव नहीं कराना चाहती थी । अंबेडकर के संविधान के अनुसार हर 5 वर्ष में चुनाव होना चाहिए लेकिन यह 6 महीने टालने की कोशिश कर रही थी लोकसभा के सबसे मजबूत संविधान के उल्लंघन करने में भाजपा पीछे नहीं है । आज प्रदेश की जनता को 1000 रु देकर बिजली बिल, जीएसटी ,महंगाई बढ़ा जनता को लूटने का काम किया जा रहा है ।5 वर्ष की कांग्रेस सरकार में कई योजना चला कर प्रदेश का युवा किसान, महिला, मजदूर सभी को आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की गई थी जैसे ही भाजपा की सरकार प्रदेश में आई कई योजनाओं को बंद कर दिया गया । विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी कहा कि कांग्रेस के 5 वर्षों में हर समाज को आगे बढ़ने का काम किया गया है और नगर में सर्वे करके पट्टा वितरण कर वार्डवासियों को राहत दी लेकिन सरकार बदलने के बाद अब पट्टा के लिए वार्ड वासियों को चक्कर लगाने पड़ रहे हैं इनके 1 साल में एक भी योजना सफल नहीं हुई है । जिला स कें बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने सभी से कहां कि क्षेत्र की विधायक महिला है और अध्यक्ष भी महिला बनाई गई तो जैसे एक घर को सवारते हैं वैसे दोनों मिलकर नगर के विकास के लिए काम करेंगे । कांग्रेस की न पा अध्यक्ष प्रत्याशी नलिनी मेश्राम ने कहां कि कांग्रेस घर बनाने का काम करती है और जब भी भाजपा आती है घर तोड़ती है और मतभेद फैलाने का काम किया जाता है । सभी ने कांग्रेस की नपा अध्यक्ष प्रत्याशी नलीनी मेश्राम सहित पूरे 24 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की ।इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान पूरा नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम गोविंद टंडन शिशुपाल भारती अनिल मेश्राम परदेसी साहू हरीश भंडारी नरसे इंद्रपाल सिंह राजा रजत देशपांडे संजू बक्सरे दिनेश साखरे किरण मेश्राम प्रकाश महानदी रेखा खोबरागड़े सहित वार्ड प्रत्याशी अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे ।

नगरीय निकाय निर्वाचन

ननि मुख्यालय में मिडिया प्रतिनिधियों को मास्टर ट्रेनर ने ईव्हीएम मशीन से मतदान करने की प्रक्रियाओं से अवगत कराया

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देषानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मास्टर टेऊनर डॉ. राकेष डेढगवे ने नगर निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा एवं राजस्व अधिकारी श्री खीरसागर नायक की उपस्थिति में मिडिया प्रतिनिधियों को ईव्हीएम से मतदान करने की सरल प्रक्रियाओं की जानकारी दी एवं उनकी जिज्ञासाओं का इस संबंध में शमन किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के मार्गदर्षन में नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो के मतदान केन्द्रों में मतदाता नागरिको को ईव्हीएम मशीनों का प्रदर्षन कर मतदान की सरल प्रक्रिया की जानकारी दी जाकर उनकी जिज्ञासाओं का शमन निरंतर प्रतिदिन किया जा रहा है। वार्डो में बडी संख्या में मतदाता नागरिक मतदान केन्द्रों में पहुंचकर ईव्हीएम मशीनों से मतदान की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर अपनी जिज्ञासाओं का शमन कर रहे है। मास्टर ट्रेनर डॉ. राकेष डेढगवे द्वारा जानकारी दी कि ईव्हीएम से मतदान के तहत नगरीय निकाय निर्वाचन में पहले महापौर पद के लिए सफेद लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करें, पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आयेगी, फिर पार्षद पद के लिए गुलाबी लेवल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करें पुष्टि के लिए लंबी आवाज आयेगी, आपका मतदान संपन्न हुआ। इस दौरान मिडिया प्रतिदिन सर्वश्री के.पी. शुक्ला, ठाकुर राम यादव, सौरभ मिश्रा, पार्थ बेहरा, विनय की उपस्थिति रही । उपायुक्त ने सभी मिडिया प्रतिनिधियों से नगरीय निकाय निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की विनम्र अपील की।

प्रयागराज कुंभ हादसे पर जमात ए इस्लामी हिन्द ने शोक जताया

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। हम प्रयागराज के महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं, जिसमें कई निर्दोष श्रद्धालुओं की जान चली गई है। इस दुख की घड़ी में मेरी हार्दिक संवेदनायें उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। हम उन लोगों के साथ एकजुटता से खाहे हैं और इस दुख की घड़ी में उनमें धैर्य और शक्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना एक बार फिर इस महत्व को रेखांकित करती है कि इतने विशाल सम्मेलन के लिए सतर्क योजना और भीड प्रबंधन की तत्काल आवश्यकता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सामान्य श्रद्धालुओं के लिए निर्वाध व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, और प्रशासन को वीआईपी के लिए विशेष सेवाओं और पहुंच के बजाय उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की मूलभूत जिम्मेदारी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अपनी व्यवस्था में कमियों को तुरंत दूर करना चाहिए। सामान्य तीर्थयात्रियों के जीवन को वीआईपी और विशेष अतिथियों के समान देखभाल और सुरक्षा का हक है।

विश्व कैंसर दिवस पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने किया फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप व जारूकता कार्यक्रम

रायपुर, 4 फरवरी। विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य कैंसर की जांच और रोकथाम के साथ बेहतर इलाज को तरजीह देते हुए रायपुर एवं मध्य भारत में लोगों और विभिन्न संगठनों को कैंसर के प्रति जागरूक करना है। हर साल लगभग 20 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें स्तन, बच्चेदानी और मुँह का कैंसर प्रमुख हैं। विश्व कैंसर दिवस के मौके पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा एक फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कैंसर की रोकथाम और इस बीमारी का जल्द पता लगाकर उसका इलाज कराने के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में मेडिकल एक्सपर्ट्स और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही कैंसर मरीज़ों के लिए कार्यरत लोगों और मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को सम्मानित भी किया गया। इस कैंप में मरीज़ों की नि:शुल्क जांच की गई और मरीज़ों को उनके अनुभव व्यक्त करने के लिए मंच भी दिया गया। जाने-माने ऑन्कोलॉजिस्ट्स डॉ. रवि जायसवाल (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. सौरभ जैन (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. चेतना रमानी और डॉ. सुबुही नकवी के साथ अन्य हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और नर्सिंग स्टाफ ने हेल्दी लाइफस्टाइल और कैंसर की जल्द जांच पर विशेष ज़ोर दिया ताकि शुरूआती स्टेज में ही कैंसर की पहचान की जा सके। इस कार्यक्रम की शुरुआत मरीन ड्राइव में एक वॉकथॉन (वॉकिंग मैराथन) के साथ हुई ताकि कैंसर की जांच के महत्व से रायपुरियंस को अवगत कराया जा सके। इस वॉकथॉन में जाने-माने डॉक्टर्स, सामुदायिक संगठनों के सदस्यों, एनजीओ के प्रतिनिधियों और कैंसर सर्वाइवर्स ने बैनर्स और पोस्टर्स के साथ रूटीन हेल्थ चेकअप और कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने का प्रयास किया। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में कैंसर पीड़ितों के लिए हमेशा बेसिक और एडवांस्ड कैंसर स्क्रीनिंग पैकेजेज़ उपलब्ध हैं। साथ ही फरवरी माह में स्क्रीनिंग करवाने वाले मरीजों के लिए शुल्क में विशेष छूट भी रखी गई है। इस कार्यक्रम में 500 से ज़्यादा लोगों ने फ्री कैंसर स्क्रीनिंग का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर्स और टेक्निशियंस की काबिल टीम ने सामान्य प्रकार के कैंसर जैसे स्तन, बच्चेदानी और मुँह के कैंसर की जांच की गई।

नपं में अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी मैदान में

गुरुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जोर-जोर से तैयारीयां चल रही है। पंच से लेकर सरपंच, जनपद सदस्य, पार्षद नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने लगे हैं।

15 वार्डो वाला नगर पंचायत गुरुर में भी अध्यक्ष पद के लिए घमासान की स्थिति बन गई है क्योंकि यहां अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं जिसको लेकर गुरुर नगर में जगह-जगह चर्चा के विषय बना हुआ है। नगर पंचायत गुरुर में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से अधिकृत टिकेश्वर (गोलू) साहू, भाजपा से अधिकृत प्रदीप साहू, हमर राज पार्टी से अधिकृत ओम प्रकाश साहू एवं निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र ओझा चुनावी मैदान में है।

नामांकन दाखिल करने के बाद सभी प्रत्याशी अपने मार्गदर्शकों के साथ एवं समर्थकों के साथ वार्ड वासियों के अलावा नगरवासियों से लगातार जीत हासिल करने के लिए जनसंपर्क करने लगे हैं।

पंच, सरपंच पद के लिए गुरुवार को किया जाएगा चुनाव चिन्ह का आवंटन

वही नगर पंचायत गुरुर में पार्षद पद के लिए भी प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने के बाद अपने-अपने वार्ड में चुनावी वादों को लेकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थिता नाम वापस लेने की तिथि गुरूवार 06 फरवरी को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके अलावा गुरूवार 06 फरवरी को निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य और पंच एवं सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने के अलावा सूची का प्रकाशन और प्रतीक चिन्हो का आबंटन भी किया जाएगा।

निधन

आनंद शर्मा



रायपुर, 4 फरवरी। लोकमान्य सोसाइटी, गोल चौक, बी-15 निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास पुरानी बस्ती रायपुर के अध्यक्ष आनंद शर्मा (बाराडेरा वाले) का 4 फरवरी मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती सुमन शर्मा के पति, इंजीनियर चंद्रप्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा के बड़े भाई एवं सोनल, मीनल, काजल के पिता थे।

पंजाब नैशनल बैंक ने किया होम लोन एक्सपो का आयोजन

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पंजाब नैशनल बैंक के द्वारा तेलीबांधा रायपुर एवं पीएनबी सिविक सेंटर शाखा ,मंगल भवन,सेक्टर-6, भिलाई में होम लोन एक्सपो-2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रायपुर एवं दुर्ग-भिलाई शहर के सभी नामी बिल्डर उपस्थित रहेंगे। पीएनबी के अंचल प्रमुख आशीष कुमार चतुर्वेदी ने समाचार पत्र को अवगत कराया कि यह सभी छ.ग. के निवासियों को देश के किसी भी हिस्से में घर को सुगम बनाने हेतु तथा अपने घर का सपना साकार करने का एक सुनहरा अवसर है। इस एक्सपो में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी देने के लिए सोलर डीलर/ बैंक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। पीएनबी समस्त गृह स्वामियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत, सुगमतापूर्वक आसान किश्तों में ऋण उपलब्ध करवा रही है। अंचल प्रमुख चतुर्वेदी द्वारा किसी भी बैंक/वित्तीय संस्था से होम-लोन सुविधा प्राप्त ग्राहकों से भी अपील की है कि अपनी वर्त्तमान गृह ऋण की ब्याज दर की जानकारी व स्टेटमेंट ऑफ अकाउंट यदि बैंक को उपलब्ध करवाते है तो उन्हें बेहतर ब्याज-दर उपलब्ध प्रदान कर ऋण खाता पंजाब नैशनल बैंक में स्थानांतरित किया जा सकता है , जिससे ग्राहक दिए जाने वाले ब्याज पर हजारों रु. की बचत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त बैंक द्वारा होम डेकोर के इंटीरियर डिजाइनर इत्यादि से भी संपर्क किया जा रहा है. जिससे होम-लोन ग्राहकों को एक स्थान पर सम्पूर्ण जानकारी दी जा सके ।

हे निराकार जब तुम्हें दिया आकार तो स्वयं साकार हो गया : समतासागर

डोंगरगढ़, 4 फरवरी (देशबन्धु)। हीरा तो केवल हीरा है,फर्क केवल इतना है, एक हीरा खान के अंदर है और एक हीरा शान पर चड़ा हुआ है। उसी प्रकार हम सभी की आत्मा है, जो हीरा होते हुये भी खान के अंदर पड़े हीरा के समान है। हीरा मुख से न कहे लाख हमारो मोलज्ज उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण समतासागर महाराज ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज की तपोस्थली चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में प्रात:कालीन धर्म सभा को सम्वोधित करते हुये व्यक्त कियेज्ज - मुनि श्री ने कहा कि हमारी तुम्हारी आत्मा की कोई किमत नहीं लेकिन वही हमारी आत्मा परमात्मा बने तो शान पर चड़े हुये चमकदार आभावान हीरे के समान है।आप सभी लोग भी अपने घर परिवार और सभी सुख सुविधाओं को छोड़कर असुविधाओं के साथ इस चंद्रगिरी तीर्थ पर समवशरण में बैठकर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की आराधना वह भी आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज की समाधि के एक वर्ष पूरे होंने पर उन पावन तिथियों में उन सिद्धों की आराधना कर रहे हो जो कि अदृश्य तथा अमूर्त है 7 जिनको देखा नहीं जा सकता वह सिद्ध परमात्मा शरीरातीत तथा कर्मातीत है एवं शुद्ध तत्व के रूप में है 7 आगम कहता है कि च्दृश्यमान है तो देखिये अदृश्य अमूर्त है तो उसके बारे में चिंतन कीजिये 7 उपरोक्त जानकारी देते राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन, सप्रेम जैन ने बताया प्रात: कालीन बेला में भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई तत्पश्चात आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज के परोक्ष तथा वर्तमान आचार्य समयसागर जी महामुनिराज के आशीर्वाद से निर्यापक मुनि समतासागर महाराज मुनि श्री आगमसागर महाराज एवं मुनि श्री पुनीत सागर महाराज आर्यिकारत्न गुरुमति माताजी एवं आर्यिकारत्न दृणमति माताजी,ऐलक धैर्यसागर जी ऐलक निश्चयसागर जी,ऐलक निजानंद सागर महाराज की उपस्थिति मेंअर्हम जीव दया परिवार दिल्ली द्वारा मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज की प्रेरणा से प्रतिभास्थली पर अपना बड़ा अनुदान देकर सोलर वाटर टेंक का लोकार्पण किया तथा जीव दया के क्षेत्र में नवीन गौ शाला का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर चंद्रगिरी तीर्थ विद्यायतन अध्यक्ष श्री विनोद बड़जात्या,श्री दिगम्बर जैन अतिशय महातीर्थ क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, महामंत्री श्री निर्मल जैन, श्री चंद्रकांत जैन, श्री प्रदीप जैन विश्वपरिवार के साथ विधानाचार्य नितिन भैया, खुरई,धीरज भैया राहतगड़, संजीव भैया कटंगी, मनोज भैया जबलपुर,अविनाश भैया भोपाल ने विधिवत विधान का कार्य संपन्न कराया7 राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया दौपहर में आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज एवं नवाचार्य समयसागर महाराज की अष्टद्रव्य से पूजन की गई आर्यिकारत्न गुरुमति माताजी ने अपने मुखारविंद से मंत्रोच्चारण किया जिसका संचालन ऐलक धैर्यसागर महाराज ने किया एवं स्वर मनोज भैया ललितपुर ने किया उसके पूर्व चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र कमेटी विद्यायतन के अध्यक्ष विनोद बड़जात्या, मनीष जैन बिलासपुर,निखिल जैन डोंगरगढ़, अविनाश जैन विदिशा, सुकमाल जैन दिल्ली विवेक जैन लाभांडी रायपुर एवं पदाधिकारियों ने विद्या प्रमाणिक संघ दिल्ली के पदाधिकारी विपिन जैन संदीप जैन तथा जगदीश प्रसाद जैन का अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिंह के रुप में आचार्य गुरुदेव का आकर्षक चित्र भेंट किया।

निकाय चुनाव

घोषणा पत्र के बहाने मुख्यमंत्री के सलाहकार पंकज झा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव में फिलहाल तमाम राजनीतिक दलों का फोकस घोषणा पत्र पर है. राजनीतिक दल के छोटे-बड़े तमाम नेता बयान तो दे ही रहे हैं, अब इस जंग में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा भी कूद गए हैं. उन्होंने अटल बिहारी के नाम पर कसे गए तंज पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को चुनौती दी कि वे अपने घोषणा पत्र संस्थापक एओ ह्यूम को समर्पित करना चाहिए. पंकज कुमार झा ने सोशल मीडिया एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि कांग्रेस ने 'अटल विश्वास पत्र' में अटलजी के नाम पर सवाल उठाया है. यह उनकी खिसियाहट के अलावा और कुछ नहीं है. भाजपा को अपने संस्थापक अध्यक्ष भारत रत्न अटलजी पर गर्व है. अटलजी छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भी हैं. उनके शताब्दी वर्ष पर स्वाभाविक ही घोषणा पत्र उन्हें समर्पित किया गया है. कांग्रेस के पास आज अगर ऐसे किसी चेहरे का अकाल है, तो वह क्या नाम रखेगी भला? इसके साथ ही वे कांग्रेस को सुझाव देते हैं कि कांग्रेस को भी अपने घोषणा पत्र का नाम अपने संस्थापक एलन ऑक्टावियो ह्यूम को समर्पित करना चाहिए. कांग्रेस अपने इतिहास के दो ओक्टावियो (ह्यूम और चात्रोकी) को हमेशा भूल जाती है. यह अच्छी बात नहीं! कांग्रेस ने 2019 के निकाय चुनाव में भी घोषणा पत्र जारी किया था. सारे निकायों पर कब्जा करने के बावजूद उन घोषणाओं को क्यों कचरे के डब्बे में डाल दिया, यह भी उसे बताना चाहिए.ज्ज

सेक्स सीडी कांड मामला, चुनाव और अन्य कारणों से कोर्ट नहीं पहुंचे आरोपी

अब 25 फरवरी को होगी सुनवाई

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के पूर्व मंत्री राजेश मूणत की कथित सेक्स सीडी कांड केस में 7 साल बाद रायपुर कोर्ट में सुनवाई थी, लेकिन आरोपी कोर्ट नहीं पहुंचे। आरोपियों ने वकील के माध्यम से जानकारी दी है कि चुनाव और अन्य कारणों से उपस्थित नहीं हो पाएंगे। अब अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी।

कथित सेक्स सीडी कांड केस में कोर्ट ने मुख्य आरोपी कैलाश मुरारका, पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहाकार रहे विनोद वर्मा, भूपेश बघेल, विजय पांड्या, विजय भाटिया को समन जारी किया था। इस केस के एक आरोपी रिंकू खनूजा की मौत हो चुकी है।

इस मामले में सीबीआई ने 25 सितंबर 2018 को चार्जशीट पेश की थी, लेकिन उसके बाद से किसी पर भी आरोप तय नहीं हुआ है इसलिए कोर्ट में पहले आरोप पत्र पर बहस होगी। उसके बाद सुनवाई शुरू होगी।

पिछले करीब 7 साल से सीडी कांड की सुनवाई रुकी थी। सीबीआई ने राज्य में 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद केस दिल्ली ट्रांसफर के लिए अर्जी लगाई थी, क्योंकि उसमें तत्कालीन सरकार के प्रभावशाली लोगों के नाम भी थे। सीबीआई की अर्जी दिल्ली की कोर्ट में विचाराधीन रही। इस वजह से फैसला ही नहीं हुआ कि केस की सुनवाई कहां होगी। पिछले माह दिल्ली की कोर्ट ने फैसला किया है कि केस ट्रांसफर नहीं होगा। यानी अब रायपुर की सीबीआई स्पेशल कोर्ट केस की सुनवाई होगी। उसके बाद केस डायरी दिल्ली से रायपुर कोर्ट भेजी गई है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 4 फरवरी का समंस जारी किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डीजीपी अशोक जुनेजा को सेवानिवृत्ति पर दी शुभकामनाएं

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज मंत्रालय में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने सौजन्य भेंट की मुख्यमंत्री साय ने सेवानिवृत्ति के अवसर पर जुनेजा को शुभकामनाएं दीं और उनकी दीर्घकालिक सेवा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि अशोक जुनेजा ने अपनी दीर्घ सेवाअवधि के दौरान पुलिस बल को अधिक सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित कुमार और मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत उपस्थित थे

एडीजी जीपी सिंह का होगा प्रमोशन

- डीपीसी की बैठक में की गई अनुशंसा
- जल्द जारी होगा आधिकारिक आदेश

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कैट के रास्ते सेवा बहाली के बाद आज जीपी सिंह एडीजी से डीजी भी प्रमोट हो गए अशोक जुनेजा के रिटायर होते ही डीजीपी के एक रिक्त पद के लिए आज डीपीसी की बैठक हुई इसमें एडीजी जीपी सिंह को डीजी प्रमोट करने की अनुशंसा की गई इस संबंध में आधिकारिक आदेश जल्द जारी किया जाएगा राज्य में डीजी के दो कैडर और दो एक्स कैडर पोस्ट हैं इनमें अशोक जुनेजा पवन देव अरुण देव गौतम और हिमांशु गुप्ता थे जीपी सिंह की बहाली के बाद इस बात पर संशय की स्थिति बन गई थी कि उन्हें डीजी प्रमोट कैसे किया जाए तब अशोक जुनेजा के एक्सटेंशन की भी चर्चा चल रही थी यदि एक्सटेंशन दिया जाता तब की सूरत में हिमांशु गुप्ता को डिमोट करने के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं होता चूँकि अशोक जुनेजा रिटायर हो गए इस लिहाज से डीओपीटी ने रिक्त होने वाली एक कैडर पोस्ट के लिए राज्य शासन को डीपीसी करने के निर्देश दिए थे आज डीपीसी की बैठक में जीपी सिंह को डीजी प्रमोट करने की अनुशंसा कर दी गई।

5वीं-8वीं बोर्ड को लेकर सरकार ने हाईकोर्ट में लगाई कैविएट

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। 5वीं.8वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल की है। सरकार को आशंका है कि दोनों कक्षाओं को बोर्ड घोषित किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की जा सकती है। इसे संभावना को देखते हुए कैविएट लगाई गई है। कि पिछले कुछ वर्षों से बिना बोर्ड परीक्षा के कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं की परीक्षा आयोजित करने के कारण विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता और मानक पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024.25 से सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों ;सीबीएसई और आईसीएसई स्कूलों को छोड़कर की कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं की परीक्षा फिर से लेने का फैसला किया है। इससे बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उद्देश्य और लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। कैबिनेट से भी इसे मंजूरी मिल चुकी है। राज्य सरकार की रतफसे हाईकोर्ट में दखिल कैविएट में कहा गया है कि इस बात की पूरी आशंका है कि पीड़ित व्यक्ति प्रस्तावित याचिकाकर्ता गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थान राज्य सरकार के उपरोक्त निर्णय को याचिकाओं के माध्यम से चुनौती देने के लिए इस न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं और राज्य सरकार के इस निर्णय के खिलाफ अंतरिम आदेश की भी प्रार्थना कर सकते हैं।

मोटर सायकल की चोरी का आरोपी पकड़ाया

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने मोटर सायकल चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी प्रदीप साहू ने थाना गुढियारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 31 जनवरी को अपने मो सा हीरो स्प्लेण्डर प्लस क्रमांक सी जी 04 एल व्ही 2578 से अपने घर से दुकान गुढ़ियारी पडाव गया था एवं मोटर सायकल को चंद्रा कॉम्प्लेक्स के सामने खडी कर लॉक कर अपने दुकान के अंदर चला गया। प्रार्थी दोपहर करीबन 03.00 बजे देखा तो उसका मोटर सायकल खड़ा किये गये स्थान पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी की खड़ी उक्त मोटर सायकल को चोरी कर ले गया था कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में धारा 303;2 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गुढियारी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुये प्रकरण में आरोपी शिवा बघेल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 एल व्ही 2578 कीमती लगभग 40,000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

युवक से 9 लाख की ठगी गांजा के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। शहर के तरुण नगर इलाके में रहने वाले वैभव सिंह पटेल के साथ टेलीग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से 9,21,563 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है। इस मामले में उन्होंने थाना सिविल लाइन रायपुर में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता वैभव सिंह पटेल जो फ्लोर सॉल्यूशन कंपनी में एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत हैंए ने बताया कि 28 नवंबर 2024 को उन्हें व्हाट्सएप पर एक पार्ट.टाइम जॉब का मैसेज आया। इसके बाद उनसे टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया गया और होटल बुकिंग से पैसे कमाने का लालच दिया गया।

लुभावनी स्कीम और निवेश का लालच: इस स्कीम के तहत उन्हें 90 होटल बुकिंग करने पर हजारों रुपये कमाने का दावा किया गया। स्वयं पैसे डिपॉजिट करने पर

ऑनलाइन धोखाधड़ी का नया तरीका उजागर

डबल रकम मिलने का वादा किया गया। गोल्ड सूट नामक ऑफर में इन्वेस्ट करने का लालच देकर पैसा डबल करने का झांसा दिया गया।

युवक ने तीन बार पैसे डिपॉजिट किए : पहली बार- 65,000, दूसरी बार 1,65,000, तीसरी बार 5,35,681

जब वैभव सिंह ने अपने पैसे निकालने ;पजीकतूंसद्ध की मांग कीए तो उनसे 8 28,331 और जमा करने को कहा गया। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ।

किन बैंकों के खातों में गया पैसा: इंडसइंड बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, यू स्मॉल फाइनेंस बैंक, यूनियन बैंक ऑफइंडिया

पुलिस ने दर्ज की एफआईआर शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन रायपुर ने धारा 318,4 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब साइबर अपराधियों का पता लगाने में जुटी हुई है।

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुजगहन क्षेत्रांतर्गत साहू समाज भवन स्थल से कांदूल रोड पास कुछ व्यक्ति खड़े है जो अपने पास बिक्री हेतु गांजा रखें है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा टीम को आरोपियों की पतासाजी कर गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्सए एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मुजगहन पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित

कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम रोहन ऊर्फपिंटू शर्मा गोपाल आसुदानी एवं कमल किशोर वैष्णव होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें पॉलीथीन की तलाशी लेने पर पॉलीथीन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी रोहन ऊर्फपिंटू शर्माए गोपाल आसुदानी एवं कमल किशोर वैष्णव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.776 किलोग्राम गांजा बिक्री रकम 2000 रूपये एवं 03 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 40 000ध. रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मुजगहन में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

तस्कर गिरफ्तार, मिली 1,50,900 की हेरोइन

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटीबंध इलाके से हेरोइन चिट्टा की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में 15.09 ग्राम हेरोइन बरामद की गई जिसकी अनुमानित कीमत 1,50,900 रुपये आंकी गई है थाना आमानाका के पुलिस सूत्रों के मुताबिक 2 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि टाटीबंध स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर संदेही मनप्रीत सिंह उर्फमन्नु 30वर्ष को पकड़ लिया प्रारंभिक पूछताछ में उसने अपना नाम मनप्रीत सिंह उर्फमन्नु पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी साकरे मुर्गी फार्म टाटीबंध रायपुर बताया, तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से दो सफेद प्लास्टिक पॉलिथीन में 15.09 ग्राम हेरोइन ;चिट्टा बरामद हुई मौके पर ही फॉरेंसिक जांच करवाई गईए जिसमें पुष्टि हुई कि यह प्रतिबंधित मादक पदार्थ हेरोइन है पुलिस ने मौके पर ही मादक पदार्थ को जब्त कर पंचनामा तैयार किया साथ ही आरोपी के खिलाफएनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि वह इस अवैध कारोबार में कितने समय से लिप्त था और उसके अन्य साथी कौन.कौन है।

महिला पर्वतारोही मधु सारडा प्रतिभा सम्मान से सम्मानित

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। देशबंधु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष विगत चालीस वर्षों से विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यों को अंजाम दे रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में इस संस्था ने अलग ही पहचान बनाई है। प्रतिभा संपन्न गरीब जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रति वर्ष संस्था द्वारा करीब तीन लाख रुपयों तक की छात्रवृत्ति दी जाती है जिससे बच्चों को अपने पठन पाठन में आर्थिक सहायता मिलती है। इसी तरह हर साल पीड़ित गरीब लोगों को चिकित्सा सहायता भी दी जाती है। गरीब बेटियों की शादी ब्याह में आर्थिक मदद भी की जा रही है। संस्था के भवन के कोचिंग सेंटर में सैकड़ों बच्चे कम शुल्क पर अपनी कंपीटिशन एग्जाम को सफलता के पायदान तक ले जाने में सफल हो रहें हैं। और ऊंचे ओहदे पर पहुंचकर ऊंचे मुकाम हासिल कर रहे हैं। अब संस्था ने इस बार से पर्वतारोहण विजेता को भी सम्मान देने का विचार बनाया है। क्योंकि यह एक एडवेंचर विधा है जिसमें बहुत कम लोग ही कामयाब होते हैं। इसमें साहस की बड़ी जरूरत है। इसी कड़ी में साहसी पर्वतारोही महिला श्रीमती मधु सारडा को देशबंधु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा पुरस्कृत किया गया है। श्रीमती सारडा ने इस उम्र में विश्व के जितने भी उच्च शिखर हैं उस पर जाने का मिशन चलाया। 2023 में आस्ट्रेलिया के माउंट कोजस्कीसजको और अफ्रीकी महाद्वीप तंजानिया के माउंट किलिमजारो जैसी उच्च शिखर पर चढ़कर भारत का झंडा फहराया। इस दुर्गम शिखर पर साहसिक सफलता के लिए संस्था के अध्यक्ष शिव टावरी ने अपने बहरीन यात्रा के दौरान

जिओ पेट्रोल पंप के सामने आपस में भिड़े दो ट्रक

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक बड़ी दुर्घटना टल गई जब दो ट्रकों की तेज़ रफ्तार में भिड़ंत हो गई। यह घटना गोंदवारा स्थित जिओ पेट्रोल पंप के सामने रिंग रोड नंबर 2 में हुई, जहां सिलिंडर से लोडेड एक ट्रक मालवाहक ट्रक से टकरा गया।

हालांकि, यह बड़ा हादसा होने से बच गया, लेकिन दोनों ट्रकों की टक्कर से काफी क्षति हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। यह घटना खमतराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत आई है। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है।

होटल करण के कमरे से मिला गांजा

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। थाना गंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए होटल करण स्टेशन रोड के कमरा नंबर 102 से 30 किलो 39 ग्राम गांजा बरामद किया है पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जो अवैध रूप से गांजा की तस्करी और बिक्री करने की फिराक में थे जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 5,47,020 आंकी गई है थाना गंज के पुलिस सूत्रों के मुताबिक 3 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि होटल करण के एक कमरे में दो व्यक्ति गांजा बेचने की तैयारी कर रहे हैं सूचना के आधार पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया

आरोपियों के पास से मिला गांजा

पुलिस ने जब कमरे की तलाशी ली तो दो पीठठू बैग और एक चेकदार थैले में कुल 30 किलो 39 ग्राम गांजा बरामद हुआ दोनों आरोपियों ने गांजा रखने और बेचने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किए जिसके बाद उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया

दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

जुगनू अंसारी 48 निवासी चक्का अब्दुल गनी थाना समस्तीपुर बिहार, मोहम्मद इरफान 32 निवासी जयसिंग सराय थाना दलसिंग सराय बिहार

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

दोनों आरोपियों के खिलाफधारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी इस गांजे को कहां से लाए थे और इसे कहां सप्लाई करने वाले थे।

अवैध रूप से शराब का परिवहन करते युवक पकड़ाया

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी ए.सी.सी.यू द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में थाना मुजगहन पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुजगहन क्षेत्रांतर्गत दतरेंगा चौक पास एक व्यक्ति अपने पास बोरी में शराब रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मुजगहन के नेतृत्व में थाना मुजगहन पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम सागर सोनवानी निवासी ग्राम डोमा मुजगहन का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में देशी शराब रखा होना पाया गया शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में सागर सोनवानी से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी सागर सोनवानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 पौवा देशी शराब कीमती लगभग 4,408 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मुजगहन में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

राशन चावल बचत घोटाला

बिना जांच, अधिकारी निर्दोष

रायपुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। 219 करोड़ रुपए के राशन चांवल आदि बचत घोटाले की जांच विधान सभा जांच समिति ने अभी पूरा नहीं किया है वहीं खाद्य मंत्रालय के एक उप सचिव हेमिन वाघे के पत्र में खाद्य संचालनालय के तत्कालीन अपर संचालक को निर्दोष के उल्लेख पर हमर संगवारी संस्था के अध्यक्ष राकेश चौबे ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित खाद्य सचिव को पत्र प्रेषित कर आपत्ति किया है।

राज्यपाल, मुख्यमंत्री, खाद्य सचिव से शिकायत

राकेश चौबे ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह ने दो वर्ष पूर्व विधान सभा में 600 करोड़ रुपए के राशन चांवल के आबंटन, भंडारण, वितरण, बचत में घोटाले का मुद्दा विधान सभा में उठाया था। विष्णु देव साय सरकार ने इस घोटाले के लिए विधान सभा जांच समिति गठित किया है।जिसकी जांच जारी है। चौबे ने बताया कि खाद्य संचालनालय में अपर संचालक ने संचालकों को अंधेरे में रख कर हर महीने राशन दुकानों में चांवल बचत होने के बावजूद सौ फीसदी आबंटन जारी कराया।

प्रदेश स्तर पर शिकायत हुई तो घोषणा पत्र गायब करा दिया गया। जूम कांफ्रेंस लेकर बाजार से घटिया चांवल खरीदवाया। नियम विपरीत कार्यवाही कर राशन दुकानों के खिलाफ वसूली की कार्यवाही पद प्रभाव का दुरुपयोग कर किया गया। इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, खाद्य मंत्री, सचिव, सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मुख्य सचिव और खाद्य सचिव को प्रामाणिक शिकायत भेजी गई है।जिसके संबंध मे जांच किए जाने संबंधी पत्र अप्राप्त है। पूर्व मे भी मंत्रालय के एक अधिकारी द्वारा शिकायत को नस्तीबद्ध करने का पत्र भेजा गया था।

चौबे ने बताया कि मंत्रालय के पत्र को जनसंपर्क विभाग न भेज कर प्रकाशित किया जाना नियम विपरीत है। जिसकी जांच किए जाने की मांग की गई है.

संपादकीय

अंगदान को बढ़ावा दे सरकार

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से अंगदान को पर्याप्त बढ़ावा नहीं दिये जाने का ही यह परिणाम है कि अब तक बहुत ही कम लोगों के अवयवों से दूसरों को जीवनदान करने में सफलता मिली है। किडनी, लीवर, हार्ट ट्रांसप्लांट के लिये अनेक लोग इंतज़ार में हैं परन्तु बहुत कम लोग इसके लिये इच्छा प्रकट कर पाते हैं। सर्वप्रमुख कारण है इसे न तो बढ़ावा दिया जाता है और न ही इसे लेकर पर्याप्त जागरूकता है। बहुत से लोग ऐसा करना भी चाहें तो वे जान नहीं पाते कि उन्हें क्या करना चाहिये। देहदान को लेकर भी यह बात कही जा सकती है। सरकार को चाहिये कि अस्पतालों तथा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से देहदान व अंगदान को पर्याप्त प्रचारित करे।

रायपुर के एक युवा आर्यंश आडिल (18 वर्ष) की इच्छा के अनुरूप उसके ब्रेन डेड होने पर उसके अंग तीन युवकों को प्रदान किये गये जिसके चलते उन्हें जीवनदान मिला। आर्यंश की मृत्यु 29 जनवरी को हुई थी जब वह परीक्षा घर लौट रहा था। महादेव घाट स्थित पुल के पास उसके साथ हुई दुर्घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया था। उसके सिर पर गम्भीर चोटें आई थीं और वह बेहोश हो गया। चिकित्सकों ने उसे बचाने की हरसम्भव कोशिशें कीं लेकिन अंततः उसे ब्रेन स्टेम डेड घोषित कर दिया गया। उसके अभिभावकों ने बताया कि वह इसकी इच्छा जाहिर करता रहा था कि अगर उसे कुछ हुआ तो उसके अंग जरूरतमंदों को दे दिये जायें। यह प्रदेश का अब तक का 11वां अंगदान रहा। इसके विपरीत विभिन्न तरह के अंगों की ज़रूरत वाले सैकड़ों मरीज इंतज़ार में हैं। कई तो यह आवश्यकता पूरी न होने के कारण मर भी जाते हैं। निश्चित ही आर्यंश ने समाज को एक रास्ता दिखाया है। लोगों को चाहिये कि उक्त नौजवान के बताये रास्ते का अनुसरण कर ज़रूरतमंदों को जीवनदान दें।

उल्लेखनीय है कि अब छग में भी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। इसके लिये नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशनल (एनओटीटीओ) की वेबसाइट से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है। वैसे यह पाया गया है कि जो भी अंगदान अब तक हो पाये हैं वे स्वप्रेरणा से ही अधिक हुए हैं। इसके लिये कोई भी सुव्यवस्थित प्रचार होता नहीं दिखता। सरकार को चाहिये कि कम से कम अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों, मेडिकल कॉलेजों आदि के माध्यम से इसका प्रचार करे। लोगों को इसकी आवश्यकता बतलायी जानी चाहिये तथा यह कितना समाजोपयोगी कार्य है, यह बात भी लोगों तक पहुंचनी चाहिये। स्वयंसेवी संगठन इस अभियान को चलाने में सरकार की भरपूर मदद कर सकते हैं। सरकार तथा विभिन्न संस्थाएं यदि लोगों को प्रोत्साहित करें तो निश्चित ही अनेक ज़रूरतमंदों को गया जीवन मिलेगा वरना अंगों के अभाव में बहुतों की मृत्यु लगभग तय है।

उल्टा पुल्टा

पति- मैच वाला चैनल लगाओ।
पत्नी- नहीं लगाऊंगी, क्या करोगे?
पति- देख लूंगा।
पत्नी- क्या देख लोगे?
पति- वही, जो चैनल तुम देख रही हो।

विधायक ने पत्रकारों के समक्ष महापौर बाकलीवाल के विरूद्ध प्रस्तुत किया 54 सूत्रीय आरोप पत्र

बाकलीवाल ने घपले घोटाले के अलावा एक भी कार्य नहीं किया : गजेन्द्र यादव

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग का चुनाव अभियान अब जोर पकड़ने लगा है और इसके साथ ही मुख्य प्रतिस्पर्धी दल भाजपा व कांग्रेस के नेताओं ने आरोप-प्रत्यारोप लगाना शुरू कर दिया है। आज भाजपा के दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव ने पत्रकार वार्ता लेकर पिछली कांग्रेस प्रशासनिक नगर निगम सरकार एवं महापौर धीरज बाकलीवाल पर भ्रष्टाचार के अनेक गंभीर आरोप लगाये है। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने आज पत्रकारों के समक्ष पूर्व महापौर श्री बाकलीवाल के विरूद्ध 54 सूत्रीय आरोप पत्र प्रस्तुत किया है। अनेक आरोपों में उन्होंने पूर्व विधायक अरूण वोरा पर भी घपलों घोटालों में संलिप्त होने का आरोप लगाया है।

श्री यादव से जब पत्रकारों ने पूछा कि नगर निगम में घपले घोटाले हो रहे थे तब नगर निगम में भाजपा के चुने गये पार्षदगण नेता प्रतिपक्ष व उपनेता प्रतिपक्ष क्या कर रहे थे ? उन्होंने क्यों आपत्ति दर्ज नहीं कराई। इस पर विधायक श्री यादव ने बताया कि भाजपा ने कांग्रेस के विरोध में अनेक जर्बदस्त आंदोलन किये गये मगर महापौर और उनकी परिषद पूर्व विधायक से मिलीभगत के चलते किसी भी मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई नहीं की गई। कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सरकार भी इस मामले में तमाम शिकायतों को दबाकर बैठी रही। पत्रवार्ता में विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक तथा उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाध्ये के साथ ही मीडिया प्रभारी राजा महोबिया भी उपस्थित थे।

■ **पत्रवार्ता में विधायक ललित चंद्राकर, संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल एवं जिले के भाजपा पदाधिकारी भी रहे उपस्थित**

नगर निगम की पिछली परिषद के महापौर धीरज बाकलीवाल एवं उनके साथियों एमआईसी के कतिपय प्रभारियों पर लगाये गये 54 आरोपों में दुर्ग नगर निगम के प्रत्येक मकान तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा दी गई 153 करोड़ की राशि में भारी भ्रष्टाचार करने व सैकड़ों घरों में मुफ्त नल कनेक्शन न देने का आरोप शामिल है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के विभिन्न वार्डो में निर्मित मकानों के खिड़की दरवाजों की चोरी कराने व एक महिला पूर्व पार्षद पर पैसा लेकर मकानों में अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया है। इसी तरह कोरोनाकाल में गरीबों को बांटे गये राशन में भी भारी घोटाला कराने का आरोप लगाते हुए कहा गया है कि पूरे राशन सप्लाई का ठेका महापौर के करीबी रिश्तेदार को दिया गया। यह व्यक्ति पूर्व विधायक का भी चहेता है। कोरोनाकाल में पार्किंग घोटाला करने व ठेकेदार को लाखों का लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया। छोटे व फुटकर व्यवसाइयों के व्यवस्थापन के लिये बनाई गई गुमटियों में भी भारी घपला करने का आरोप लगाया । नेहरू नगर चौक से पुलगांव चौक तक मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण में भारी भ्रष्टाचार करने शहर के विभिन्न मार्गो के डामरीकरण ठगड़ा बांध निर्माण, दुर्ग में सिटी बस सेवा, इत्यादि में भी भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है।

श्री यादव ने पत्रवार्ता में बताया कि महापौर के रूप में धीरज बाकलीवाल ने कोई भी विकास कार्य नहीं किया, वे कठपुतली महापौर बनकर भ्रष्टाचार ही करते रहें।

एक ही गांव के 7 पंच प्रत्याशी निर्विरोध, सरपंच के लिये 11 प्रत्याशी मैदान में

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन के बाद आज सवीक्षा किया गया। इसके बाद सेक्टर अंडा के तहत आने वाले पांच गांवों में से एक गांव जंजगिरी में सात पंच प्रत्याशी निर्विरोध हो गए हैं, तो सबसे अधिक सरपंच प्रत्याशी ग्राम पंचायत रिसामा में 11 प्रत्याशी मैदान में है।

हर सरपंच प्रत्याशी प्रत्येक वार्डों में अपना प्रतिनिधि के रूप में पंच प्रत्याशी खड़े करवाते हैं लेकिन इन सब से अलग 20 वार्डों के इस गांव में 7 वार्ड के पंच निर्विरोध हो गए हैं। साथ ही साथ ग्राम पंचायत कुथरेल में 01 ग्राम पंचायत मतवारी में 04 और ग्राम पंचायत रिसामा में 6 पंच प्रत्याशी निर्विरोध है।

बाकी पंचायत की अगर बात करें तो सबसे अधिक सरपंच प्रत्याशी ग्राम पंचायत रिसामा में 11 प्रत्याशी मैदान में है वही ग्राम पंचायत अंडा में 6 प्रत्याशी, ग्राम पंचायत कुथरेल में 4 प्रत्याशी ग्राम पंचायत मतवारी में 3 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है।

जिला पंचायत के लिये सभी 50 प्रत्याशियों के नामांकन सही

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग जिला पंचायत के 12 सदस्यों के लिये 50 प्रत्याशियों ने 63 नामांकन पत्र भरे थे। आज सभी नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच में किसी ने भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। सभी 50 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाये गये। अंतिम स्थिति 6 फरवरी को नाम वापसी के बाद ही स्पष्ट होगी।

पत्नी की पुण्यतिथि पर परिवारजनों ने किया रक्तदान

समाजसेवी संस्थाओं को दिया आर्थिक सहयोग

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नवदृष्टि फाउण्डेशन के वरिष्ठ सदस्य सत्येन्द्र राजपूत ने अपनी दिवंगत पत्नी शादरा राजपूत की चतुर्थ पुण्यतिथि पर शहर की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं को 11-11 हजार रूपये दान किये । उन्होंने 11 हजार नवदृष्टि फाउण्डेशन को, 11 हजार रूपये जन समर्पण सेवा संस्था और 11 हजार रूपये राजपूत समाज को प्रदान किये। इसके अलावा राजपूत परिवार के 6 सदस्यों ने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने श्रीमती शारदा राजपूत द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये योगदान का भी स्मरण किया। सभा में उपस्थित लोगों को नींबू का फलदार पौधा भेंट कर पर्यावरण का संदेश दिया गया। नवदृष्टि फाउण्डेशन को रक्तदान, त्वचा दान, देहदान व नेत्रदान जैसी गतिविधियों को बनाये रखने के लिये जनसमर्पण सेवा संस्था को रेल्वे स्टेशन में भूखे लोगों को आगे भी भोजन सेवा बनाये रखने के लिये वित्तीय योगदान दिया।

कार्यक्रम में राजपूत क्षत्रिय महासभा के महासचिव विष्णु सिंह, सहसचिव कमलेश सिंह, रवि सिंह, दिनेश बैस, नरेन्द्र सिंह, माधो सिंह, दशरथ सिंह दिलीप सिंह राजकुमार लिलेश्वर सिंह, नवदृष्टि फाउण्डेशन से कुलवंत भाटिया, राज आड़तिया, रितेश सेन, सुरेश जैन, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले 41 प्रत्याशियों को भाजपा ने किया निष्कासित

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने एवं अनुशासन भंग करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे सभी प्रत्याशियों को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है।

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि पार्षद का बागी चुनाव लड़ने वालों में दुर्ग नगर निगम क्षेत्र से 30 लोगों का निष्कासन किया गया है तथा नगर पालिका व नगर पंचायत मिलाकर 11 लोगों का निष्कासन हुआ है। पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए निर्दलीय बागी प्रत्याशी होरीलाल देवांगन और उतई से सुनीता रूपनारायण शर्मा और कुसुम देवांगन को निष्कासित किया गया है। दुर्ग जिले से कुल 45 लोगों का भाजपा से निष्कासन हुआ है। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि निष्कासित हुए लोगों को आने वाले 6 साल तक भाजपा संगठन में किसी भी पद पर नहीं लिया जाएगाए किसी विभागीय अशासकीय पद में भी उनकी नियुक्ति नही होगी।

■ **दुर्ग नगर के 30 एवं जिले के नगरीय निकाय से 11 बाहर**

दुर्ग नगर निगम से पार्षद का नामांकन करने वाले निष्कासितों में भारती चंद्राकर, संतोषी बाई पटेल, चोखेलाल सोनी, जितेंद्र कुमार ताम्रकार, सतीश कुमार देवांगन, अजीत कुमार वैद्य, खिलावन मटियारा, लता सेन, बबीता यादव, सीमा मिश्रा, विकास कुमार ताम्रकार, जगदीश सोनी, विजयलक्ष्मी मिश्रा, दिनेश कुमार वर्मा, रामरतन जलतारे, पूजा देवांगन, डोमेश्वर प्रसाद साहू, मोहित कुमार टंडन, दशरथ पंदरिया, नरेंद्र हरपाल, तारिणी चंद्राकर, लता मनोज यादव, रेखा बंदे, अश्वनी साहू, सविता साहू, मोतीलाल साहू, नीलम पवार, पीलिया साहू, भानुमति साहू, कंचन ललित यादव है।

नगर पालिका परिषद कुम्हारी से निष्कासित लोगों में पार्षद प्रत्याशी विनोद कुमार बंजारे कुरमनी लक्ष्मी नारायण साहू सुनीता तिवारी अनुराग गुप्ता ओंकार प्रसाद मारकंडे शामिल हैं।

नगर पंचायत पाटन में पार्षद प्रत्याशी वार्ड क्रमांक 11 से वागेश वासा शंकर और वार्ड क्रमांक 13 से लक्ष्मी लक्ष्मण निर्मलकर को ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

जिला पंचायत के 12 पदों के लिये 50 प्रत्याशी और दुर्ग जनपद में 24 सदस्य पदों के लिये 107 मैदान में

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। आज त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नामांकन फार्म की स्क्रूटनी की गई इसमें जिला व जनपद पंचायत में सभी अभ्यर्थियों के नामांकन सही पाए गए जिला पंचायत सदस्य के 12 पदों के लिए 50 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है वहीं दुर्ग जनपद में जनपद सदस्य के 24 पदों के लिए 107 अभ्यर्थी है

जिला पंचायत सदस्य के लिए सबसे ज्यादा क्षेत्र क्रमांक 5 में 8 अभ्यर्थी मैदान में स्क्रूटनी के बाद जो स्थिति बन रही है इसके मुताबिक जिला पंचायत सदस्य के लिए सबसे ज्यादा जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5 में 8 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है वहीं क्षेत्र क्रमांक 8 व 11 में सीधा मुकाबला है जबकि क्षेत्र क्रमांक1, 6, 3 व12 में त्रिकोणीय एवं क्षेत्र क्रमांक4, 9 व 10 में जिला पंचायत सदस्य के लिए चतुष्कोणीय मुकाबला है

जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों में जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 पवन शर्मा, शिवकुमार वर्मा व तोरन लाल जंघेल, क्षेत्र क्रमांक 2 अवध राम, दानेश्वर साहू, ईश्वरी निर्मलकरए लुमेश्वर सिंह पटेल, मनीष साह, निकलेश कुमार साहू व सत्यम कुमार उमरे, क्षेत्र क्रमांक 3 अमिता बंजारे, चन्द्रकला मनहर, कल्याणी दिवाकर, लुकेश कुमार मारकण्ड, राधिका डहरिया, टिकेश्वर कुमर व उषा सोन क्षेत्र क्रमांक 4, ज्ञानेश्वरी कुर्रे, हिमांशी कुर्रे, सरस्वती बंजारे व सरस्वती बाई रात्रे, क्षेत्र क्रमांक 5 अमरकांत साव, गिरधारी यादव, गुलाबंचद साहू, जितेन्द्र कुमार यादव, किरण डहरिया, महेश कुमार ताम्रकार ए संत कुमार चौहान व विकांत अग्रवाल, क्षेत्र क्रमांक 6 बीना बाई देशमुख, लक्ष्मी साहू यशवंत साहू व प्रिया साहू क्षेत्र क्रमांक 7 आशा मिश्रा, आशा साहू व माया बेलचंदन क्षेत्र क्रमांक 8 श्रद्धा साहू व योगिता चंद्राकर क्षेत्र क्रमांक 9 देवेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, दिव्या दमयंती कलिहारी, किशन लाल साहू व रोहित कुमार क्षेत्र क्रमांक 10 लीलम चन्द्राकर, संतोषी तिवारी, शशि यादव व टिकेश्वरी बंजार, क्षेत्र क्रमांक 11 नोमिन ठाकुर व शैलेन्द्री मंडावी व क्षेत्र क्रमांक12 कल्पना बाई साहू, सोनकुमारी साहू व सुमन साहू जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव मैदान में है।

दुर्ग जनपद के 3 निर्वाचन क्षेत्रों में सीधे मुकाबला

जनपद सदस्य पद के लिए दुर्ग जनपद पंचायत के 3 निर्वाचन क्षेत्रों क्षेत्र क्रमांक 2, 4 एवं 23में सीधा मुकाबला की स्थिति है वहीं क्षेत्र क्रमांक18 व 24 में सबसे ज्यादा 8-8 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में है इसी प्रकार 6 निर्वाचन क्षेत्रों में त्रिकोणीय एवं 5 में चतुष्कोणीय मुकाबला की स्थिति बन रही है जनपद पंचायत दुर्ग के जनपद क्षेत्र क्रमांक 1 से दुर्गेश्वरी देशमुख, हेमलता साहू, कुलेश्वरी सुकदेव देवांगन, नेमा नारायण देवांगन, रेखा हेमंत साह, सरस्वती नंदकुमार सेन, क्षेत्र क्रमांक 2 से भानांबाई ठाकुर, मिलंतीन रेवाराम ठाकुर क्षेत्र क्रमांक 3 अजय वैष्णव, लालजी गुप्ता, नन्द कुमार ;नन्दू साहू, राजेश यादव, सचिन, स्वपन सिकदार, क्षेत्र क्रमांक4 राजेन्द्र ठाकुर, तिहारू राम ठाकुर, क्षेत्र क्रमांक 5 माया साहू, पल्लवी साहू, संतोषी कृष्णा ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

दुर्ग निगम चुनाव

कांग्रेस-भाजपा महापौर सहित पार्षद प्रत्याशी जनसंपर्क कर दे रहे है घर-घर दस्तक

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग का चुनाव प्रचार अभियान लगातार जोर पकड़ते जा रहा है। कांग्रेस व भाजपा के महापौर प्रत्याशियों एवं पार्षद प्रत्याशियों ने दलबल के साथ विभिन्न वार्डो में सघन जनसंपर्क कर दिया है। इस जनसंपर्क में भाजपा प्रत्याशीगण पिछली नगर निगम परिषद की खामियों के साथ भ्रष्टाचार व विकास कार्यो के प्रति अनदेखा करने का आरोप लगा रहे है वहीं कांग्रेस अपनी परिषद व भूपेश सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यो के अलावा विगत एक-सवा वर्ष में भाजपा की प्रदेश सरकार की अकर्मण्यता को मुद्दा बना रहे है। ये दोनों प्रत्याशी अपनी अपनी सरकार बनने पर नगर निगम द्वारा किये जाने योग्य कार्यो से भी मतदाताओं को अवगत कराते हुए अपने अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे है। इन दोनों के अलावा आम आदमी पार्टी व निर्दलीय पार्षद प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार में लगे हुए है।

■ **भाजपा का पिछली कांग्रेस शहर सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुद्दों पर जोर**

■ **कांग्रेस का अपने कार्यकाल की निगम व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर जोर**

भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार : भाजपा की महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने आज मरार पारा, ठेठवार पारा, बैगापारा, स्वामी विवेकानंद वार्ड, शंकर नगर पश्चिम, शंकर नगर पूर्व में सघन जनसंपर्क किया। इस जनसंपर्क में उनके साथ संबंधित वार्डो के भाजपा प्रत्याशी ओमप्रकाश पटेल, नीलेश अग्रवाल, कविता विकास सेन, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शेखर चंद्राकर, एवं आशीष चंद्राकर भी अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहें। अपने जनसंपर्क के दौरान महापौर पद की भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार ने कांग्रेस के पिछले निगम कार्यकाल की जमकर आलोचना की। कांग्रेस के सत्ताधीश नेताओं की बखिया उधेड़ी व भ्रष्टाचार के अनेक गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने जनता से वादा किया कि वे दिवंगत प्रधानमंत्री व छत्तीसगढ़ के निर्माता अटलबिहारी वाजपेयी के सपने के साकार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। इस जनसंपर्क में उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश, बरीश बंटी चौहान, जीत यादव, लोकमणी चंद्राकर, गायत्री वर्मा, बानी सोनी, काशीनाथ शर्मा, मनीष भंडारी, सुरेन्द्र बजाज, हेमंत नेमा सहित गौतम वैध निरंकारी, नितेश जैन सहित अनेक कार्यकर्ता थे। इस बीच भाजपा प्रत्याशी श्रीमती बाघमार ने पूर्व मंत्री हेमचंद यादव के निवास जाकर तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

कांग्रेस- प्रेमलता साहू : दुर्ग नगर निगम में महापौर की कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता साहू ने 6 वार्डो में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने इस जनसंपर्क में कांग्रेस की नगर निगम ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

प्लास्टिक दूकान में छापा, 10 किलो माल बरामद, 6 हजार का वसूला जुर्माना

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा इन दिनों प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व इससे निर्मित सामानों के विक्रय की जब्ती व विक्रेता पर जुर्माना लगाने का क्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में आज वार्ड 29 में गणेश मंदिर लाईन में स्थित जैन प्लास्टिक की दूकान पर कार्रवाई नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर एवं पीआईयू राहूल व शेखर मौजूद रहे।

जब्तशुदा सामानों में डिस्पोजल ग्लास, चम्मच, पानी पाउच इत्यादि शामिल थे। उल्लेखनीय है पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखकर शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है।

इसकी रोकथाम के लिये नगर निगम के माध्यम से संबंधित दूकानों में छापा मारने व जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जा रही है।

युवक से मारपीट कर घायल करने के आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गये

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। मोहन नगर पुलिस ने गत दिवस धमधा रोड में ओव्हर ब्रिज केनीचे स्थित सूर्या होटल के पास एक व्यक्ति पंकज साहू को लाठी डंडे व धारदार हथियार से घायल कर देने के आरोप में राहूल मानिकपुरी एवं अन्य 5 नाबागिल बालकों को गिरफ्तार किया गया। व्यस्क आरोपी राहूल मानिकपुरी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया । अन्य 5 नाबालिग आरोपियों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार उन्हें 1 फरवरी को सूचना मिली थी कि कतिपय लोगों ने एक युवक पर प्राणघाटक हमला कर उसे सूर्या होटल के पास फेंक दिया गया। रामनगर के रहने वाले इस युवक को तत्काल इलाज हेतु परिचित अस्पताल ले गये है। सूचना पाकर मोहन नगर पुलिस की टीम ने आपसास ले लोगों से पूछताछ की और संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया। इसी दौरान कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने मारपीट करना कबूल कर लिया। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी व जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

अब सड़क पर कचरा फेंकने वालों की खैर नहीं, सीधे लगेगा जुर्माना

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा सड़क किनारे या सड़क पर कचरा फेंकने वालों पर अब सीधे जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जायेगी। अब किसी भी तरह की समझाईश नहीं दी जायेगी। इस संबंध में नगर निगम प्रशासक के रूप में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बाजार एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश भी जारी कर दिये है। आज सुबह मठपारा में एक व्यवसाई एवं एक गृहणी से जुर्माना वसूली की कार्रवाई की गई।

इस परिप्रेक्ष्य में निगम आयुक्त श्री अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग अमला एवं स्वच्छता निरीक्षकों को स्पष्ट निर्देशित दिया है कि वे अपने अपने इलाके में लगातार भ्रमण करते हुए सड़क पर कचरा फेंकने वालों पर कड़ी नजर रखें व ऐसे लोगों पर सौ से लेकर 5 सौ रूपये तक का जुर्माना वसूल करें। उन्होंने ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

जैन गुरूदेव कल्पज्ञ सागर जी का देवलोकगमन, आज डोल यात्रा

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पूज्य कल्पज्ञ सागर जी मसा का आज 4 फरवरी को संध्या 7.10 बजे दुर्ग छत्तीसगढ़ में देवलोक गमन हो गया है।

गुरुदेव की डोल यात्रा कल बुधवार 5 फरवरी को प्रातः 10 बजे पुराना शीतलनाथ मंदिर एमआईजी 81 पद्मनाभपुर से हरनाबांधा हेतु प्रस्थान करेगी।

खरतरगच्छ संघ, दुर्ग मूर्तिपूजक संघ के लिए यह अपूरणीय क्षति है। पूज्य मसा दुर्ग मूर्तिपूजक संघ के सक्रिय सदस्य वीर पुत्र सीए मिनेश छाजेड़ के सांसारिक पिताश्री थे।

बसंत पंचमी के साथ मनाई गई निराला जयंती

दुर्ग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में संगीत विभाग, नृत्य विभाग, चित्रकला एवं मूर्तिकला तथा इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) एवं निराला जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 की प्राचार्या डॉ. अश्वनी महाजन, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. मिलिन्द अमृत ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

आज जगतगुरु स्वामी नरेंद्राचार्य का भिलाई आगमन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिण भारत पीठ के पीठाधीश्वर का आागमन बुधवार 5 फरवरी को सेक्टर 7 बी एस पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैदान, में हो रहा है। प्रेस वार्ता लेकर यह जानकारी स्वरूप संप्रदाय भक्त सेवा मंडल के पदाधिकारीयों ने दी। उन्होंने बताया भारत में चारों दिशा में चार जगदगुरू रामानंदाचार्य और चार जगदगुरू शंकाराचार्य विराजमान है। स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का आगमन सुबह 9 बजे होगा। स्वागत गीत के बाद स्वामीजी का प्रवचन होगा इसमें जगद्गुरुश्री स्वयं भक्तजनों से सीधे बात करके उनके समस्या पर मार्गदर्शन करेंगे। समस्या के लिए सुबह 7 से 8 बजे निशुल्क टोकन मिलेगा। जगद्गुरु नरेन्द्राचार्य एक आत्म साक्षात्कारी सदगुरु है। उनके दृष्टि में वाणी में स्पर्श में सामर्थ्य है। स्वामीजी का मानना है कि सिर्फ मानव जन्म में ही हम समाज ऋण चुका सकते हैं। जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज संस्थान के तरफ से विभिन्न सामाजिक उपक्रम चलाए जाते है। इस वर्ष में 136720 यूनिट रक्त दान कराया गया। अभी तक 80 देहदान और 10 अंगदान कराया गया है। महाराष्ट्र के राजमार्गों में 53 एम्बुलेंस सेवा चल रही है। जिससे अब तक 18000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई। नर्सरी से जूनियर कॉलेज तक गरीब विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है। निशुल्क वेद पाठशाला, निशुल्क ड्राइविंग स्कूल, निशुल्क ब्लड इन नीड जैसे महान कार्य स्वामीजी की प्रेरणा से चल रहे है।

सड़क दुर्घटना में संयंत्र कर्मी घायल

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। सेल के भिलाई स्टील प्लांट का कर्मचारी सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना में हाइवा चालक स्टेरिंग से फँसा गया। जिससे वे भी गंभीर रुप से घायल हो गये है। अफरा-तफरी के बीच बाइक सवार बीएसपी कर्मचारी को सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद आइसीयू में शिफ्ट कर दिया गया है। भिलाई पॉवर हाउस ब्रिज से उतरते ही हादसा हुआ है। रेती से भरा हाइवा टाउनशिप की ओर से नंदिनी मार्ग पर जा रहा था। ब्रिज से उतरते ही वह अनियंत्रित हुआ और सामने से आ रह बीएसपी कर्मचारी को ठोकर मार दिया। जिससे कर्मचारी गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। सड़क दुर्घटना में बीएसपी के कोक ओवन कर्मचारी चार्जमैन 55 वर्षीय रामपाल जख्मी हैं। जनरल शिफ्ट में ड्यूटी आते समय हादसा हुआ। सुबह साढ़े 8 बजे हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि रामपल अपने निवास स्थान स्टील नगर कैंप-1 भिलाई से जनरल शिफ्ट में ड्यूटी आ जा रहे थे। घर से हंसी खुशी निकले थे। नंदनी रोड से सेक्टर-1 भिलाई टाउनशिप वाले ओवर ब्रिज पर चढ़ने से पहले ही हाइवा ने ठोकर मार दिया। गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद कर्मचारी को आईसीयू में शिफ्ट किया जा रहा है। हादसे के बारे में बताया जा रहा है कि रेत से भरा हाईवा लोहे के पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि हाइवा के सामने का हिस्सा पूरा अंदर घुस गया। हाइवा में बैठा चालक और परिचालक दोनों उसके अंदर फंस गए। हाइवा नंदिनी की तरफ जाते समय डिवाइडर पर लगे बड़े से लोहे के पोल से टकरा गया। लोगों ने किसी तरह से हाइवा के अंदर से परिचालक को बाहर निकाला लेकिन चालक स्टेरिंग के बीच में ही फंसा हुआ था। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद निकाल लिया गया है।

फर्जी आईडी लेकर धुमने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात नेहरु नगर चौक में चेकिंग के दौरान एक कार को रोकने का प्रयास किया तो वे वहां से भागने का प्रयास किया जब पुलिस ने उसने स्वयं को एसीबी का अधिकारी बताया व कार्ड भी दिखाया। जब उसकी जांच की गई तो कार्ड फर्जी बताया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी शन्ति नगर निवासी बताया गया है।

अहिवारा में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में चुनाव का बिगुल बजते ही प्रदेश में चुनावी दंगल की शुरुआत हो गई है। आज अहिवारा में कार्यकर्त्ता आमसभा सम्मेलन तथा कार्यालय उद्घघान किया गया। जंहा अहिवारा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी नटवर ताम्रकार के चुनावी सभा में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने हुंकार भरा। सांसद विजय बघेल ने कहा की केंद्र तथा राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार है। अभी विकास की गति में तेजी आ रही है। हमारी सरकार गाँव, गरीब किसान की सरकार है जो सबकी हितों को ध्यान में रखकर कार्य करती है। जैसे यंहा की देव तुल्य जनता का आशीर्वाद से राज्य, लोकसभा, विधानसभा में भाजपा को जीताया है, उसी प्रकार नगर में भी भाजपा की विजय हो। ऐसा हम सब मिलकर सरकार की महत्वकान्छी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचायेंगे। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पुरुषोत्तम देवांगन अध्यक्ष भिलाई जिलाध्यक्ष, सावंल राम डाहरे, लाफ्चंद बाफना पूर्व विधायक, गुलाबचंद बाफना रविशंकर सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी नटवर ताम्रकार को जीताने से विकास कार्य तेजी से ही।

फेरो स्क्रैप में हिंदी सुंदर लिखावट प्रतियोगिता

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। फेरो स्क्रैप निगम के मिनी ऑडिटोरियम में पंकज त्यागी महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन के मुख्य आतिथ्य, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, विभागाध्यक्ष (हिंदी), डॉ. हेमलता सिदार, भिलाई महिला महाविद्यालय, जितेन्द्र दास मानिकपुरी उप प्रबंधक संयंत्र तथा छगनलाल नागवंशी राजभाषा अधिकारी की उपस्थिति में नराकास स्तरीय हिंदी सुंदर लिखावट प्रतियोगिता सम्पन्न हई। मुख्य अतिथि पंकज त्यागी ने कहा कि अच्छी हैंडराइटिंग अच्छा इम्प्रेशन बनाने के साथ व्यक्ति की पर्सनालिटी निखरती है, कुछ लोगों की लिखावट इतनी सुंदर होती है कि देखने वाले दंग रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि-अच्छीलिखावट एक शिल्प और विजुअल आर्ट है, जिसमें अक्षरों को अलग-अलग तरीकों से पेपर या किसी अन्य सतह पर उकेरा जाता है। निर्णायक की भूमिका अदा कर रहे डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने हिंदी में सुंदर लिखावट के लिए प्रतिदिन अभ्यास करने और लेखन की गति को धीमा कर हर अक्षर पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया वहीं डॉ. हेमलता सिदार ने अक्षर निर्माण की मूल बातें समझना, सही लेखन उपकरण चुनना, नियमित रूप सेअभ्यास सुनिश्चित करना एक महत्वपूर्ण कदम निरूपित होता है, जितेन्द्रदास मानिकपुरी ने कहा कि हिंदी में सुंदर लिखावट को और अधिक विकसित करने के लिए अधिक से अधिक सुलेख लिखने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की लिखावट उसके व्यक्तित्व की दर्पण होती है। फेरो स्क्रैप निगम द्वारा आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग स्तरीय हिंदी सुंदर लिखावट प्रतियोगिता के हिंदी भाषी वर्ग प्रथम-कृति तिवारी भारतीय डाक विभाग, द्वितीय केदारनाथ सोनबेर बीएसपी, तृतीय-शालिनी धाकरे भारतीय खाद्य निगम, सांत्वना अभिषेक कुमार लेखा परीक्षा, रोहित कुमार मैनी, दिनेश कुमार शुक्ला, संजय कुमार दवे, पूरनलाल साहू-संयंत्र को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एफएसएनएल के महाप्रबंधक पंकज त्यागी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के राजभाषा अधिकारी छगनलाल नागवंशी ने किया।

महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स में 25 फीसदी की छूट

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। बीजेपी ने चुनावी घोषणा पत्र में अटल विश्वास पत्र नाम से 20 बड़ी जारी की है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि इस पत्र में शहर के विकास के लिए 20 बड़ी घोषणाएं की गईं हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा पत्र टीम की उपस्थिति में अटल विश्वास पत्र का विमोचन किया है। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अमर अग्रवाल भी मौजूद रहे। श्री सेन ने बताया कि यह घोषणापत्र अटल की 100वीं जयंती और अटल निर्माण वर्ष के अवसर पर उनके योगदान और राष्ट्र निर्माण के दृष्टिकोण को सम्मानित करते हुए समर्पित किया गया है। विधायक सेन ने कहा कि महिलाओं को प्रॉपर्टी टैक्स में 25 प्रतिशत की विशेष छूट, महापौर सम्मान निधि की स्थापना, युपीएसई मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को एक लाख की प्रोत्साहन राशि, विद्यालय और महाविद्यालय में मुफ्त वाईफाई की सुविधाए पीएम स्व निधि से 30 हजार की वित्तीय सहायता, फ्री सेनेटरी पैड की उपलब्धता, महिला स्वसहायता समूह को बर्तन बैंक के लिए 2.5 लाख का ऋण, सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश की परिकल्पना, गोकुल नगर का विस्तार, राजधानी की यातायात को सुदृढ़ बनाने पार्किंग निर्माण, नालंदा परिसर पुस्तकालयों की संख्या में बढ़ोतरी, पुराने संपति कर के लिए एक मुश्त निपटान सुविधा, 3 लाख च्ड ल्न् घरों का तेजी से निर्माणए पट्टा धारकों को भू स्वामी हक सहित जनहित के लिए विशेष संकल्प योजनाएं शामिल हैं।

खेल से बढ़ता है प्रेम व भाईचारा : पवन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात मज़दूर संघ यूनियन के द्वारा आयोजित टेनिस बॉल फ़्लडलाइट्स क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। आयोजन समिति के महामन्त्री चन्ना केशवलू ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संयोजक वशिष्ठ वर्मा, अध्यक्ष गौरव कुमार, सचिव वीरेंद्र गोस्वामी,भानु प्रताप साहू, विवेक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्नी ईपपन, आई पी मिश्रा, डिल्ली राव, प्रदीप कुमार पाल, जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, अनिल गजभिये, जोगिंदर कुमार, राजनारायन सिंह, भूपेन्द्र बंजारे, ए.वेंकट रमैया इत्यादि उपस्थित थे।। मुख्य अतिथि का संघ के महामन्त्री ने फ़ाइनल मैच पहुँचने वाली दोनों टीमों से परिचय कराया। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने संयंत्र के कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट करवाने के लिए साधुवाद दिया। उन्होनें कहा कि ऐसे आयोजन करने से आपसी प्रेम एवं भाईचारा क़ायम रहता है । सेक्टर 1 क्रिकेट स्टेडियम में लाईट की कमी को पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया । वन कुमार को संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। दिवसीय क्रिकेट ट्राफी महाकुंभ में भिलाई इस्पात संयंत्र की कुल 25 टीमों ने भाग लिया है। समापन समारोह में भाग लेने वाली सभी टीमों के कप्तान एवं पूरी टीम उपस्थित थी। भाग लेने वाली सभी टीमों को एक क्रिकेट किट बैग दिया गया। पहला सेमी फाइनल मैच मेडिकल विरुद्ध बीएसपी स्नाइपर परिणाम मेडिकल ने चार विकेट से जीता एवं फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच फायर फॉक्स विरुद्ध तेलुगु टाइटंस परिणाम तेलुगू टाइटंस ने 8 विकेट से जीता ।

देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में परमेश्वरी महोत्सव का भव्य आयोजन बसंत पंचमी की तिथि को परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में संपन्न हुआ। दिन भर चले परमेश्वरी महोत्सव में देवांगन समाज के 30 विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय, 125 विशिष्ट प्रतिभाओं, समाज सेवियों, उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं एवं दानदाताओं का शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रकाशित समाज की पत्रिका आवरण के 28वें अंक एवं डॉ नीलकंठ देवांगन की 9वीं पुस्तक सामाजिक सरोकार का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। परमेश्वरी महोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू थे तथा रिसाली नगर निगम की महापौर शशि सिन्हा, टेक्निकल यूनिवर्सिटी के सलाहकार तुलसीराम देवांगन, सोसायटी के अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आरंभ में अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने स्वागत भाषण में समिति के उपलब्धियों एवं रचनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देवांगन समाज के आदि पुरुष दीपचंद देवांगन के नाम पर समाज के पुरोधाओं को सम्मानित करने की नई शुरुआत की गई है। मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा कि देवांगन समाज जागरूक और शिक्षित समाज है। उन्होंने कहा कि देवांगन जन कल्याण समिति ने अपने पुरोधाओं को सम्मानित करने की जो शुरुआत की है, वह बहुत ही सराहनीय एवं अनुकरणीय है। समारोह को नगर निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, भिलाई भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, समाज के संरक्षक कुंजलाल देवांगन, सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर देवांगन समाज के 7 पुरोधाओं को देवांगन आदि पुरुष दीपचंद सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में जागेश्वर प्रसाद देवांगन बालोद, कुंजलाल देवांगन धमतरी, सेवक राम देवांगन भाटापारा, डॉ. श्यामलाल देवांगन, राम खिलावन देवांगन भिलाई, भूषण लाल देवांगन एवं ललित देवांगन छाया दुर्ग शामिल हैं। परमेश्वरी महोत्सव की शुरुआत में प्रात: 8.30 बजे डीपीएस चौक रिसाली से देवांगन समाज की ईष्ट देवी माता परमेश्वरी की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। जो आजाद मार्केट चौक, प्रगति नगर मुख्य मार्ग से होते हुए प्रगति नगर में स्थित कार्यक्रम स्थल परमेश्वरी भवन पहुंची। यहां पर परमेश्वरी मंदिर में सामुहिक आरती के साथ ही प्रात: 10.30 बजे से दिनभर चलने वाले विविध मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी नृत्यों के साथ ही भरतनाट्यम, कत्थक एवं शास्त्रीय नृत्य संगीत की धूम रही। प्रभारी संतोष देवांगन के नेतृत्व में सभी अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमन देवांगन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन रामगोपाल देवांगन एवं आभार प्रदर्शन सचिव विनोद देवांगन ने किया। इस अवसर पर प्रदेश देवांगन. महेश देवांगन, धनेश देवांगन, गजेंद्र देवांगन, मेघनाथ यादव, डॉ. डीपी देशमुख, ब्रह्म देव पटेल, चंदूलाल मरकाम, पंचराम साहू, भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष पुरूषोत्तम साहू, महासचिव गजानंद साहू, ममता यादव, धर्मेन्द्र भगत,समिति के सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, विभाग प्रभारी संतोष देवांगन, रामगोपाल देवांगन, सत्यपाल देवांगन, राजू देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, त्रिलोक देवांगन, टेसू राम देवांगनए दिनेश देवांगनए रेशमलाल देवांगनए दयाराम देवांगन, जनार्दन देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन लोग उपस्थित थे।

धरती से आकाश तक थैंक यू भिलाई का आयोजन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। थैंक यू भिलाई कार्यक्रम में भिलाई वासियों ने मिलकर जयघोष करते हुए भिलाई को दिया धन्यवाद दिया। हजारों कि संख्या में भिलाई बिरादरी ने लगाई सद्भावना दौड़ लगाई। भिलाई नव रत्न एवं कई समाज से जुड़े अनुकरणीय कार्य करने वाले लोग व समाज सेवी संस्था सम्मानित किया गया। भिलाई के उन महान विभूतियों का सम्मान किया गया जो अपने अपने क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहे है इनमें 2025 भिलाई रत्न सम्मान चिकित्सा में डॉ के गुरुनाथ, शिक्षा संजय ओझा, खेल में आर एन बैनर्जी, उद्योग में विजय गुप्ता, महिला शसक्तिकरण में श्रीमती डिम्पल कौर, पर्यावरण में द्वारका प्रसाद, जन.जागरण में अजय भसीन, साहित्य में श्रीमती संतोष झांझी, कला एवं संस्कृति क्षेत्र में पं सुधाकर राम भाऊ शिवलीकर जिन्होंने भिलाई का गौरव बढ़ायें। उन्हें शपथ फाऊंडेशन व्दारा नवरत्नों को सम्मानित किया।

सम्मान के कड़ी में भिलाई गौरव से भालचंद्र शेगेकर, कला में सुश्री स्मिता तांडी, महिला सशक्तिकरण में अश्वन सोनवानी को खेल में व अभिषेक अग्रवाल को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ी सर्व समाज, सिख समाज गतका टीम, सिख युवा समिति, गुजराती समाज, सेक्टर 6 कालीबाड़ी बंगाली समाज, उत्कल समाज,महाराष्ट्र मंडल हुडको, आंध्र समाज, पदमाशाली संस्था, प्रज्ञा सेवा समिति खुर्सीपार, कँवर समाज सेवा समिति,सुआ नृत्य समूह, राउत नाचा समूह, पंथी समूह गनियार, स्केटिंग टीम भिलाई, केरला समाजम, ब्रह्माकुमारी संस्था, एथलीट संघ भिलाई, ब्राह्मण समाज साल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सद्भावना दौड़ में भिलाई वासियों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। पूरे समय मिनी भारत का परिदृश्य जैसे मानो श्रीनगर से लेकर कन्याकुमारी, उत्तर से लेकर दक्षिण पूरा माहौल भिलाई में उतर आया था। लोग विभिन्न वेशभूषा में अपने अपने राज्यों का परिधान पहनकर नृत्य कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, एन के बन्छोर, विपिन गिरी ईडीए बी एस पी अशोक कुमार पंडा, ई डी फाइनेंस, बी एस पी, पंकज त्यागी महाप्रबंधक फेरो स्क्रैप निगम भिलाई उपस्थित थे।

संयंत्र के प्रोपेन प्लांट-1 में मॉक ड्रिल का आयोजन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। सयंत्र के अत्यंत खतरनाक श्रेणी में आने वाले प्रोपेन प्लांट विभाग में आपदा प्रबंधन को मजबूती प्रदान करने हेतु एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। इस ड्रिल का उद्देश्य किसी भी संभावित आपदा की स्थिति में संयंत्र की तैयारियों का जायजा लेना था। सुबह 10.30बजे प्रोपेन प्लांट 1 में अचानक गैस का रिसाव शुरू हो गया और एक विस्फोट हुआ। जिसमें एक कर्मचारी घायल हो गया। विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घायल कर्मचारी को प्राथमिक चिकित्सा देते हुए उसे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस के घटनास्थल पर पहुंचते ही घायल कर्मचारी को उपचार के लिए मेन मेडिकल पोस्ट भेजा गया और आग पर काबू पाया गया। गैस रिसाव को बंद कर सभी कर्मचारियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया। 10 मिनट के भीतर स्थिति सामान्य हो गई और विभाग का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया। संयंत्र के कर्मचारियों और अधिकारियों ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए किसी भी प्रकार की जन.धन हानि को रोका। मॉक ड्रिल में महाप्रबंधक प्रोपेन स्टोरेज आर पी अहिरवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दुर्गम स्थिति से निपटने के लिये विभिन्न एजेंसियों के साथ साथ विभाग के सुरक्षा अधिकारी आर के चंद्रा एवं अन्य कर्मचारियो छोटे लाल, सत्या राजुलू, गौरव कुमार, अनंत किस्कू, सरोज चौरसिया, निलेश भांगे, नंदी केशवर, सूरज साहू, लोमेश, इन्द्रजीत, दिलेश्वर आदि ने भी सराहनीय योगदान दिया।

हर पंद्रह दिन में वार्डों की सफाई गैंग से : आयुक्त

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। निगम के प्रत्येक वार्डो में अब हर पन्द्रह दिन में बड़े स्तर पर सफाई कार्य किया जाएगा। इसकी शुरूआत आज से की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने मैत्री नगर और शक्ति विहार में चल रहे सफाई अभियान को देखा। उन्होंने सार्वजनिक नाली पर ढाले स्लैब और टाइल्स को हटाकर सफाई के निर्देश दिए। नाली के ऊपर लगाए 4 नग साइन बोर्ड को जब्त भी किया गया। खास बात यह है कि मैत्री नगर मार्केट से लगे स्ट्रीट की नाली सफाई कई महिने से नहीं हुई थी। अधिकांश नाली मलबे से पट चुका था। जिसे आयुक्त की मौजूदगी में निकाला गया। उन्होंने सफाई मित्रों को निर्देश दिए कि लोगों को समझाईश दे कि नाली में पॉलीथिन जैसे अन्य कपड़ा, डाइपर पैड, को न डाले। आयुक्त ने इस दौरान पार्षद सुनंदा चंद्राकर और शक्ति विहार के पार्षद डॉ सीमा साहू से वार्ड में सबसे ज्यादा गंदगी वाले क्षेत्र को चिन्हित करने कहा। साथ ही लोगों को जागरूक करने कहा। निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि नाली सफाई में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करे। नाली के ऊपर स्लैब और टाइल्स लगे होने पर उसे तोड़कर सफाई करे। सभी को हिदायत दे कि नाली पर स्लैब व टाइल्स न लगाए। निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना वसूल करे। जब्त करे साइन बोर्ड गैंग अब ऐसे विज्ञापन वाले साइन बोर्ड और तख्ती को उखाड़ जब्त करेंगे जो बिना अनुमती सड़क या नाली के किनारे लगाए गए है। मैत्री नगर के अलावा अन्य वार्डो में लगे साइन बोर्ड को सूचीबद्ध करने का कार्य किया जा रहा है। गैंग में 20-20 सद्स्य पूर्व में निगम क्षेत्र में बारिश के पहले ही नहरों की सफाई करने गैंग तैयार किया जाता था। निगम आयुक्त के निर्देश पर पहली बार 20-20 सफाई मित्र वाले गैंग तैयार किया है। जो हर पन्द्रह दिन में रोटेशन आधार पर वार्डो में पहुंचेगे और स्वच्छता समेत अभियान के तहत नाली, नहर सफाई, गंदगी क्लीन करेंगे।

बुद्धिस्ट युवक-युवती परिचय सम्मेलन

भिलाईनगर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में अखिल भारतीय बुद्धिस्ट युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि अजय गजघाटे, मीना नारनवरे और संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम की अध्यक्षता ने परिचय सम्मेलन का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। अतिथियों ने कहा कि इस परिचय सम्मेलन का उद्देश्य है कि अपने मन पसंद के युवक-युवती चुन सकते हैं और अपना जीवन साथी बना सकते हैं। परिचय सम्मेलन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, राजनांदगांव, बालोद जिले के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कुछ युवक-युवती के अभिभावकों ने जोडा पंसद आने पर आपस में बात करते हुए देखा गया। सम्मेलन में 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित हुए। प्रतिभागियों ने अपना परिचय स्वयं स्टेज में आकर दिया। परिचय सम्मेलन का संचालन संस्था के महासचिव रामराव ढोक, उपाध्यक्ष विनोद वासनीक, कृष्णा बंसोडकर, शालू, दामले एवं लीना वैद्य ने किया। साथ ही संस्था के पदाधिकारियों, कार्यकारी सदस्य, सामान्य सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर अशोक शामकुवर, अशोक नंदेश्वर, देवानंद मेश्राम, हरिकिशन भगवते, बुद्ध प्रकाश मेश्राम, डीपी भवते, जालेन्द्र ऊके, प्रदीप सोम कुवर, धरमपाल गजभिये, रंजू खोब्रागडे, ठानेन्द्र कामडे, अजय अडकने, डॉ नागरत्ना गणवीर, अजय गणवीर, भागवत बागडे, अनिल साखरे, धनंजय मेश्राम, नरेन्द्र नारनवरे, सुजाता रामटेके, यशवंत रामटेके, रविन्द्र गाडगे, प्रितेश पाटील, आशिष चौहान, विनायक चौरे, बलवंत खोब्रागडे, अलका खोब्रागडे, पीजे अंबुरकर, जेबी पाटील, आईके रामटेके, ज्ञानचंद टेम्भुरकर, सुभाष बंसोडकर, मूलचन्द गडपायले, कमलराज मेश्राम, पूनम ढोक, भारती खांडेकर, अलका बौद्ध उपस्थित थे।

जिले के 6 नगरीय निकायों में 6 अध्यक्ष पद के लिए कुल 20 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

गरियाबंद, 4 फरवरी। नगर पालिका निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले में चुनावी प्रक्रिया तेजी से जारी है। नगरीय निकायों का चुनाव 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जिले में एक नगर पालिका परिषद और पांच नगर पंचायत है। जिले के कुल 6 नगरीय निकायों के 6 अध्यक्ष पद के लिए 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

ननि एवं पंचायत चुनाव में लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

बेमेतरा, 28 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने आज मंगलवार को कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव के सुचारू आयोजन के लिए प्रशिक्षण, कमिशनिंग और रेंडमाईज़ेशन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव से संबंधित सभी आवश्यक प्रशिक्षण समय पर पूरा किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। कमिशनिंग के तहत मतदान सामग्री की तैयारी और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की जांच की प्रक्रिया पर जोर दिया गया, ताकि सभी मशीनें पूरी तरह कार्यशील हों और चुनाव के दिन उपयोग के लिए तैयार हों। रेंडमाईज़ेशन के तहत मतदान केंद्रों और मतदान कर्मियों का चयन निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करने पर भी चर्चा की गई। यह सुनिश्चित किया गया कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का भेदभाव या पक्षपात न हो। इसके लिए सॉफ्टवेयर आधारित रेंडमाईज़ेशन प्रणाली का उपयोग करने पर जोर दिया गया, ताकि सभी कर्मियों का आवंटन निष्पक्षता के साथ हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें, जिससे चुनाव प्रक्रिया में कोई दिक्कत न हो 7 सभी संबंधित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन की कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बैठक के दौरान केंद्रीय विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों से निर्माण कार्य को गति देने और गुणवत्तापूर्ण ढंग से इसे समय पर पूरा करने के निर्देश दिए,

ताकि विद्यार्थियों को जल्द से जल्द शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने आगामी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) की परीक्षा के संबंध में आवश्यक तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के सुचारू और निष्पक्ष संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित की जाएं। परीक्षा केंद्रों पर विधिवत प्रबंध, सुरक्षा, और सभी सुविधाओं की उपलब्धता के लिए कलेक्टर ने विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। चुनावी प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जिले में अवैध रूप से बेचे जा रहे शराब के मामलों पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिले में अवैध शराब बिक्री पर त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध शराब बिक्री पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित छापेमारी और निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस दिशा में समय पर कार्रवाई नहीं की गई, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि क्षेत्र की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कृषि विभाग से पीएम किसान योजना के अंतर्गत किसानों की आईडी और लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचे, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

इसके पश्चात कलेक्टर ने पीएम आदर्श ग्राम योजना की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत चयनित गांवों में किए गए विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, जिससे ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं और सेवाएं बेहतर रूप से उपलब्ध हो सकें। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और कलेक्टर ने जिले की विकास योजनाओं को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया।

अंत में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे शासकीय कार्यों में गुणवत्तापूर्ण और समर्पित कार्य करना सुनिश्चित करें, जिससे जिले का समग्र विकास हो और जनता को योजनाओं का पूरा लाभ मिले। साथ ही, उन्होंने सभी कार्यों को वित्तीय नियमों के अनुसार निष्पादित करने का निर्देश भी दिया, जिससे कोई अनियमितता न हो और सार्वजनिक धन का सही उपयोग हो सके।

हे निराकार जब तुम्हें दिया आकार तो स्वयं साकार हो गया : समतासागर

डोंगरगढ़, 4 फरवरी (देशबन्धु)। हीरा तो केवल हीरा है,फर्क केवल इतना है, एक हीरा खान के अंदर है और एक हीरा शान पर चड़ा हुआ है। उसी प्रकार हम सभी की आत्मा है, जो हीरा होते हुये भी खान के अंदर पड़े हीरा के समान है। हीरा मुख से न कहे लाख हमारो मोलञ्ञ उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण समतासागर महाराज ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज की तपोस्थली चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में प्रात:कालीन धर्म सभा को सम्वोधित करते हुये व्यक्त कियेञ्ञ - मुनि श्री ने कहा कि हमारी तुम्हारी आत्मा की कोई किमत नहीं लेकिन वही हमारी आत्मा परमात्मा बने तो शान पर चड़े हुये चमकदार आभावान हीरे के समान है।आप सभी लोग भी अपने घर परिवार और सभी सुख सुविधाओं को छोड़कर असुविधाओं के साथ इस चंद्रगिरी तीर्थ पर समवशरण में बैठकर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान

की आराधना वह भी आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी महाराज की समाधि के एक वर्ष पूरे होंने पर उन पावन तिथियों में उन सिद्धों की आराधना कर रहे हो जो कि अदृश्य तथा अमूर्त है 7 जिनको देखा नहीं जा सकता वह सिद्ध परमात्मा शरीरातीत तथा कर्मातीत है एवं शुद्ध तत्व के रूप में है 7 आगम कहता है कि च्दृश्यमान है तो देखिये अदृश्य अमूर्त है तो उसके बारे में चिंतन कीजिये 7 उपरोक्त जानकारी देते राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन, सप्रेम जैन ने बताया प्रात: कालीन बेला में भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई तत्पश्चात आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज के परोक्ष तथा वर्तमान आचार्य समयसागर जी महामुनिराज के आशीर्वाद से निर्यापक मुनि समतासागर महाराज मुनि श्री आगमसागर महाराज एवं मुनि श्री पुनीत सागर महाराज आर्यिकारत्न गुरुमति माताजी एवं आर्यिकारत्न दृणमति माताजी,ऐलक धैर्यसागर जी ऐलक निश्चयसागर जी,ऐलक निजानंद सागर महाराज की उपस्थिति मेंअर्हम जीव दया परिवार दिल्ली द्वारा मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज की प्रेरणा से प्रतिभास्थली पर अपना बड़ा अनुदान देकर सोलर वाटर टेंक का लोकार्पण किया तथा जीव दया के क्षेत्र में नवीन गौ शाला का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर चंद्रगिरी तीर्थ विद्यायतन अध्यक्ष श्री विनोद बड़जात्या,श्री दिगम्बर जैन अतिशय महातीर्थ क्षेत्र कमेटी अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन, महामंत्री श्री निर्मल जैन, श्री चंद्रकांत जैन, श्री प्रदीप जैन विश्वपरिवार के साथ विधानाचार्य नितिन भैया, खुरई,धीरज भैया राहतगड़, संजीव भैया कटंगी, मनोज भैया जबलपुर,अविनाश भैया भोपाल ने विधिवत विधान का कार्य संपन्न कराया7 राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया दौपहर में आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज एवं नवाचार्य समयसागर महाराज की अष्टद्रव्य से पूजन की गई आर्यिकारत्न गुरुमति माताजी ने अपने मुखारविंद से मंत्रोच्चारण किया जिसका संचालन ऐलक धैर्यसागर महाराज ने किया एवं स्वर मनोज भैया ललितपुर ने किया उसके पूर्व चंद्रगिरी तीर्थक्षेत्र कमेटी विद्यायतन के अध्यक्ष विनोद बड़जात्या, मनीष जैन बिलासपुर,निखिल जैन डोंगरगढ़, अविनाश जैन विदिशा, सुकमाल जैन दिल्ली विवेक जैन लाभांडी रायपुर एवं पदाधिकारियों ने विद्या प्रमाणिक संघ दिल्ली के पदाधिकारी विपिन जैन संदीप जैन तथा जगदीश प्रसाद जैन का अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिंह के रुप में आचार्य गुरुदेव का आकर्षक चित्र भेंट किया।

साहू समाज को प्रतिनिधत्व नहीं देने पर समाज के लोगों ने किया प्रेसवार्ता

खैरागढ़, 4 फरवरी (देशबन्धु)। खैरागढ़ में त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव को लेकर साहू समाज में गुस्सा और असंतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुमोदित प्रत्याशी सूची में साहू समाज के किसी भी व्यक्ति को स्थान नहीं मिलने के कारण समाज के लोग नाराज हैं। विशेष रूप से खैरागढ़ की 10 जिला पंचायत सीटों में से एक भी साहू समाज के व्यक्ति को कांग्रेस ने प्रत्याशी के रूप में नामांकित नहीं किया है, जो कि साहू समाज के लिए एक बड़ा मुद्दा बन गया है। सोनेसरार स्थित साहू धर्मशाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जिला साहू संघ ने इस अनुमोदन सूची का विरोध किया और चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस पार्टी साहू समाज को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देता है तो इसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ेगा। साहू समाज ने यह भी कहा कि वह किसी भी समाज के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उनका समाज भी कांग्रेस से उचित सम्मान और अधिकार की उम्मीद करता है। साहू समाज ने साफ किया कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो भविष्य में कांग्रेस पार्टी को राजनीतिक नुकसान हो सकता है। साहू समाज ने आगामी चुनावों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए समाज के हक के लिए संघर्ष करने की बात कही है। कांग्रेस पार्टी को इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की आवश्यकता होगी, क्योंकि यह केवल एक समाज के प्रतिनिधित्व की बात नहीं है, बल्कि चुनावी समीकरण पर भी असर डाल सकता है। इस दौरान जिला साहू संघ के संरक्षक भुनेश्वर साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष टीलेश्वर साहू, समाज प्रमुख यदुकुमार साहू, समानन्द साहू, यादराम साहू, भगत राम साहू, घनश्याम साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी के पक्ष में किया प्रचार

डोंगरगढ़, 4 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनावी सभा को संबोधीत करते हुए कहां की भाजपा प्रदेश में चुनाव नहीं कराना चाहती थी । अंबेडकर के संविधान के अनुसार हर 5 वर्ष में चुनाव होना चाहिए लेकिन यह 6 महीने टालने की कोशिश कर रही थी लोकसभा के सबसे मजबूत संविधान के उल्लंघन करने में भाजपा पीछे नहीं है । आज प्रदेश की जनता को 1000 रु देकर बिजली बिल, जीएसटी ,महंगाई बढ़ा जनता को लूटने का काम किया जा रहा है ।5 वर्ष की कांग्रेस सरकार में कई योजना चला कर प्रदेश का युवा किसान, महिला, मजदूर सभी को

आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की गई थी जैसे ही भाजपा की सरकार प्रदेश में आई कई योजनाओं को बंद कर दिया गया । विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने भी कहा कि कांग्रेस के 5 वर्षों में हर समाज को आगे बढ़ने का काम किया गया है और नगर में सर्वे करके पट्टा वितरण कर वार्डवासियों को राहत दी लेकिन सरकार बदलने के बाद अब पट्टा के लिए वार्ड वासियों को चक्कर लगाने पड़ रहे हैं इनके 1 साल में एक भी योजना सफल नहीं हुई है । जिला स के बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने सभी से कहां कि क्षेत्र की विधायक महिला है और अध्यक्ष भी महिला बनाई गई तो जैसे एक घर को सवारते हैं वैसे दोनों मिलकर नगर के विकास के लिए काम करेंगे । कांग्रेस की न पा अध्यक्ष प्रत्याशी नलिनी मेश्राम ने कहां कि कांग्रेस घर बनाने का काम करती है और जब भी भाजपा आती है घर तोड़ती है और मतभेद फैलाने का काम किया जाता है । सभी ने कांग्रेस की नपा अध्यक्ष प्रत्याशी नलीनी मेश्राम सहित पूरे 24 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की । इस दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संध्या देशपांडे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान पूरा नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम गोविंद टंडन शिशुपाल भारती अनिल मेश्राम परदेसी साहू हरीश भंडारी नरसे इंद्रपाल सिंह राजा रजत देशपांडे संजू बक्सरे दिनेश साखरे किरण मेश्राम प्रकाश महानदी रेखा खोबरागड़े सहित वार्ड प्रत्याशी अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे ।

बल्देवपुर में हो रहा गोड़ी धर्म दर्शन पर आधारित गाथा का आयोजन

खैरागढ़, 4 फरवरी। केसीजी जिले के ग्राम बल्देवपुर में 2 फरवरी से 6 फरवरी तक गोड़ी गाथा कोयापुनेम गोड़ी धर्म दर्शन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिले स्तर पर आदिवासी समाज के द्वारा कई सालों बाद ग्राम बल्देवपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आदिवासी समुदाय के महिला, पुरुष, युवक, युवती, इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान कर रहे है। आदिवासी संस्कृति समाज में सक्रिय एवं समाज के प्रति लोगों को जगाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। अपनी मधुर स्वर से गोड़ी धर्माचारी शंकर शाह इरपाचे सिवनी मध्यप्रदेश ने आदिवासी समाज को गोड़ी गाथा पर आधारित कथा का सुमधुर स्वर में आदिवासी संस्कृति पर आधारित गाथा का वर्णन कर समाज को जागरूक कर अपनी आवाज के माध्यम समाज को एक नई संदेश दे रहे है। जिले के वनांचल तथा मैदानी क्षेत्रों के आदिवासी समुदाय के लोग गोड़ी गाथा कार्यक्रम में नाच गा रहे है। और कार्यक्रम का लुत्फ भी उठा रहे है। इस कार्यक्रम में आदिवासी गोड समाज के अध्यक्ष संतराम छैदैय्या, जयपाल शोरी, मनहरण मंडावी, साधुराम छैदैय्या,रोहित सिंह पुलस्त, रामवतार नेताम, श्यामसुंदर साहू, मनराखन क्षत्रि, तामेश्वर साहू, पुरूषोतम मंडावी, निजाम मंडावी, द्वारका मंडावी, संतोष मेरावी सहित बड़ी संख्या में बल्देवपुर व आसपास के ग्रामीणों की भी गोड़ी गाथा कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ रहा है।

महिलाओं व युवतियों को निःशुल्क किया पैड का वितरण

खैरागढ़, 4 फरवरी। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ के प्राचार्य डॉ.ओ.पी. गुप्ता तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.जितेंद्र साखरे के निर्देशानुसार महिला प्रकोष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के समीपस्थ ग्राम कोहकाबोड में महिलाओं एवं बालिकाओं को निश्शुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया एवं महिलाओं से संबंधित समस्याओं का निदान करते हुए आवश्यक जानकारी दी गई। गृहिणी,मजदूर महिलाओं ने अपनी समस्याओं के संबंध में महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ सदस्यों से चर्चा की और उत्साह पूर्वक भाग लिया जिसमें विभिन्न बातों पर चर्चा की गई। मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान कैसे रखा जाना चाहिए। सेनेटरी पैड के उपयोग एवं डिस्पोज करने के सही तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहा. प्रा.भबीता मंडावी, मोनिका जत्ती, शबाना खान, खुशबू सिन्हा, उर्वशी मेश्राम, गोमती साहू ने कार्यक्रम में शामिल होकर महिलाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी महिलाओं को प्रदान की गई।

भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी कुंती देवांगन ने किया जनसंपर्क

चिखलाकसा /दल्लीराजहर 4, फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत चिखलाकसा प्रत्याशी कुंती देवांगन अपने जनसंपर्क पर फोकस करते हुए अपने सभी वार्ड पार्षद व महिला पूरूष युवाओं के साथ प्रत्येक मतदाता से जनसंपर्क कर रही है। प्रत्येक वार्ड के घर घर जा कर अपनी जीत का आशीर्वाद मांग रही है। ज्ञात हो चिखलाकसा नगर पंचायत एक ऐसा नगर पंचायत है जहां पूर्व चुनाव में सभी वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की थी। वहीं इस बार के नगर पंचायत में क्षेत्र के नागरिक एक मत हो कर भाजपा प्रत्याशी कुंती देवांगन को अपना प्रत्याशी चुना है जिस पर जिला व प्रदेश व स्थानिय संगठन ने अपनी मोहर लगाने के बाद कुंती देवांगन ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में अपना नमांकन भरा था और सभी जनप्रतिनिधियों प्रमुख नागरिकों से विचार विर्मश कर जनसंपर्क कर कह रही है। और मतदाताओं से कह रही है, जिस प्रकार आप सभी नगर प्रेमी पिछले चुनाव में सभी वार्डों से भाजपा के प्रत्याशी को जीता कर नगर पंचायत की सत्ता सौंपी थी फिर उसी प्रकार मतदाता का पूरा समर्थन भाजपा को चाहिए। भाजपा प्रत्याशी कुंती देवांगन ने मतदाताओं से यह भी कहा की आप सब मतदाता मेरा सम्मान मान प्रतिष्ठ है। में आप सभी को अपने पार्षदों के साथ भरोसा दिलाती हूं की अपने कार्यकाल में नगर की दशा और दिशा के साथ आप की समस्याओं का निराकरण करने में मेरी पुरी टीम तैयार रहेगी। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश सिन्हा भाजपा नेता अनिल खोबरागढ़े पूर्व पार्षद तार चंद पाथोड़े भरत भाई पटेल चुनाव संचालक घनाराम साहू लता पथोड़े ने कार्यकर्ताओं की बैठक ले कर नगर की जीत सुनिश्चित करने कोई कोर कसर न छोड़ने का आग्राह कर रहे हैं।

प्रत्याशी शिवानी ने किया जनसंपर्क

दल्लीराजहरा/ डौंडीलोहारा,4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड 11 से। भाजपा की पार्षद प्रत्याशी शिवानी रजत भंसाली ने आज प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि वर्षों से जमीन पर मकान बनाकर निवासरत वार्डवासियों की सबसे बड़ी समस्या जमीन का पट्टा नही मिल पाना है। जिस कारण उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। सरकारी दस्तावेजों में पत्थर चट्टानी जमीन दर्ज होने व घास जमीन के कारण यह परेशानी आ रहा है। जबकि उक्त जमीन पर वर्षो से नगर के गरीब किसान,मजदूर कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे है। लेकिन योजना का लाभ नही मिल रहा है।भाजपा की सरकार की मंशा है। सबका साथ सबका विकास और संगठन का मूलमंत्र है। अंत्योदय की स्थापना यानी अंतिम छोर में बसे व्यक्ति का उत्थान तो वार्डवासियों की वोट से जब हमारी नगर पंचायत में सरकार बनेगी तो मेरी प्राथमिकता इन्ही प्रभावित परिवारों की समस्याओं का निदान करना होगा,वार्ड 11 में अधूरे पड़े निर्माण कार्यो को जल्द पूरा करवाना,शिव मंदिर का नवीनीकरण सौदर्यीकरण नाली,सड़क,बिजली,पेयजल की समुचित व्यवस्था करना,वार्ड की महिलाओं को सरकार की योजना से लाभ दिलाना,नए बस स्टैंड में चौपाटी का निर्माण कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार हेतु गुमटी दिलाना,नए जिम की स्थापना,समाजिक भवनों का निर्माण सहित अन्य बड़े कार्य कराए जाएंगे।वार्ड 11 के कुछ नागरिकों ने कहा कि इस बार हमारे वार्ड को एक युवा प्रत्याशी शिवानी रजत भंसाली के रूप में मिल रहा है। हमेशा जनता की सेवा में कार्य करने वाले परिवार की बहू सनातन परिवार से जुड़ी हुई है। और हम सभी शिवानी रजत भंसाली को जिताकर वार्ड का विकास कराएंगे।

नपं में अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी मैदान में

गुरुर, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी होने के बाद नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जोर-जोर से तैयारीयां चल रही है। पंच से लेकर सरपंच, जनपद सदस्य, पार्षद नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी जीत हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने लगे हैं।

15 वार्डो वाला नगर पंचायत गुरुर में भी अध्यक्ष पद के लिए घमासान की स्थिति बन गई है क्योंकि यहां अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं जिसको लेकर गुरुर नगर में जगह-जगह चर्चा के विषय बना हुआ है। नगर पंचायत गुरुर में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस से अधिकृत टिकेश्वर (गोलू) साहू, भाजपा से अधिकृत प्रदीप साहू, हमर राज पार्टी से अधिकृत ओम प्रकाश साहू एवं निर्दलीय प्रत्याशी जितेंद्र ओझा चुनावी मैदान में है।

नामांकन दाखिल करने के बाद सभी प्रत्याशी अपने मार्गदर्शकों के साथ एवं समर्थकों के साथ वार्ड वासियों के अलावा नगरवासियों से लगातार जीत हासिल करने के लिए जनसंपर्क करने लगे हैं।

पंच, सरपंच पद के लिए गुरुवार को किया जाएगा चुनाव चिन्ह का आवंटन

वही नगर पंचायत गुरुर में पार्षद पद के लिए भी प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल करने के बाद अपने-अपने वार्ड में चुनावी वादों को लेकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अभ्यर्थिता नाम वापस लेने की तिथि गुरूवार 06 फरवरी को दोपहर 03 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके अलावा गुरूवार 06 फरवरी को निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्य और पंच एवं सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने के अलावा सूची का प्रकाशन और प्रतीक चिन्हो का आबंटन भी किया जाएगा।

निधन

आनंद शर्मा

रायपुर, 4 फरवरी। लोकमान्य सोसाइटी, गोल चौक, बी-15 निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास पुरानी बस्ती रायपुर के अध्यक्ष आनंद शर्मा (बाराडेरा वाले) का 4 फरवरी मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती सुमन शर्मा के पति, इंजीनियर चंद्रप्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा के बड़े भाई एवं सोनल, मीनल, काजल के पिता थे।

प्रादेशिकी का शेष...

अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ ...

निष्कासित किया गया है।

नगर पंचायत उतई से बागी पार्षद प्रत्याशी माया ठाकुर, आशीष साहू, भीषण देवांगन, विजय लक्ष्मी साहू को निष्कासित किया गया है। दुर्ग जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन का विशेष महत्व है और अनुशासन भंग करने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा ऐसे लोगों का 6 साल के लिए निष्कासन किया जाना स्वागत योग्य कदम है। ऐसे निष्कासित नेताओं के चुनाव प्रचार में भाग लेने वालों पर भी पार्टी की कड़ी नजर है, उन पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी।

जिला पंचायत के ...

देशमुख, उर्मिला भरत देशमुख क्षेत्र क्रमांक6 भागवत प्रसाद निषाद, किशोर यादव, कृष्णमूर्ति यादव, संतोष निषाद, योगेश कुमार साहू क्षेत्र क्रमांक 7 कुलेश्वरी साहू, रजनी कुमारी साहू, संजना ऋषि सेन क्षेत्र क्रमांक 8 भुनेश्वरी निरज निषाद, पूर्णिमा वर्मा, सविता अशोक साहू, सुशीला रोहित निषाद क्षेत्र क्रमांक 9 महेश्वरी हंकारा, प्रतिभा देवांगन, शोभा रवि ताम्रकार, क्षेत्र क्रमांक10 अंजोरदास बघेल, गोकुल वर्मा, महेन्द्र बंजारे, मीनादास कुर्रे, पन्नालाल, पूर्णिमा राज कुमार यादव, तोरन लाल निर्मल क्षेत्र क्रमांक11 दीपिका मनोज चंद्राकर, गोपाल कुमार यादव, हेमलता ;तोमलता देशमुख, लक्ष्मीनाथ देशमुख, मनीष कुमार, पोषण ;चंद्रकुमारद्ध देवांगन, राजेन्द्र प्रसाद चन्द्राकर क्षेत्र क्रमांक12 कुसुमलता, माला बाई वर्मा, मोंगरा संजीव डेहरे, प्रिया साहू, प्यारी बाई निषाद, सरस्वती सेन, क्षेत्र क्रमांक13 अमृका महेन्द्र यदु, बेला बाई यादव, चन्द्रकला छगन दिल्लीवार, प्रेमलता गुलाब देशमुख, श्रीलेखा देशमुख क्षेत्र क्रमांक 14 इंद्राणी यादव, मंजू हरेन्द, मंजु महेन्द्र, संगीता माखन साहू, क्षेत्र क्रमांक15 बुद्धिवल्लभ देशमुख, दिनेश देशमुख, किशोरीलाल देशमुख क्षेत्र क्रमांक16 दामिनी साहू, हेमकुमारी नंदकुमार देशमुख, रेणु देशमुख क्षेत्र क्रमांक17 गैंद कुमारी उमा शंकर साहू, लीलावती रूपेश देशमुख, नेहा मुन्ना देशमुख, पूनम मुकेश साहू क्षेत्र क्रमांक18 अजीत कुमार चन्द्राकर, चन्द्रवती चन्द्राकर, घनश्याम सिंह देशमुख, हेमन्त कुमार जोशी, ईश्वर साहू, मनीष कुमार चन्द्राकर, रमेशर लाल साहू, सुमेर सिंह चन्द्राकर क्षेत्र क्रमांक19 हेमलता देवेन्द्र देशमुख, जितेन्द्र कुमार साहू, लोमश चन्द्राकर ;रिन्कू, प्रदीप देशमुख ;कोठिया, विजय कुमार यादव क्षेत्र क्रमांक20 गीतांजली चंदेल, जितेन्द्र टण्डन, सुरेन्द्र दास, क्षेत्र क्रमांक 21 लीलाधर साहू, मोहन लाल साहू, राकेश कुमार हिरवानी, क्षेत्र क्रमांक 22 झमित गायकवाड़, कौशिल्या नारंग, लक्ष्मी राजेंद्र कोसरे, सुरेखा बघेल, क्षेत्र क्रमांक23 बिन्दु दिनेश देसलाहरे, लता बाई कुर्रे एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 24 से अरविन्द कुमार बंजारे, चांद खान, ढालेश साहू ;राजू, गीता बैकुंठ महानंद, कुलदीप सिंह राजपूत, लेखूदास साहू, श्रवण कुमार साहू, तकेश्वर कुमार साहू चुनाव मैदान में है।

कांग्रेस-भाजपा महापौर सहित ...

परिषद में महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व से लेकर छत्तीसगढ़ सरकार में मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल सरकार तक की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया।

श्रीमती साहू ने आज के जनसंपर्क में वार्ड 26 संतराबाड़ी में कांग्रेस प्रत्याशी आर.एन.वर्मा, वार्ड 27 पोलसाय पारा मनीष बघेल, वार्ड 28 बांसपारा के प्रत्याशी शबाना निशा रानी एवं वार्ड 1 मठपारा में चिराग शर्मा, वार्ड 2 राजीव नगर से धनवंतीन निषाद, वार्ड 56 बघेरा से संतोष सोनी, भी अपने समर्थकों के साथ उपस्थित रहे।

इस जनसंपर्क में प्रत्याशी के साथ पूर्व विधायक अरूण वोरा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के अलावा ब्लाक अध्यक्ष अजय मिश्रा, परमजीत भुई, फतेह भाटिया, भुनेश्वरी रानी, शिलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अब सड़क पर कचरा फेंकने ...

नागरिकों से अपने अपने घरों में नीला व हरा डिब्बा रख उसी में कचरा संग्रह करने तथा दूकानदारों को दूकानों में डस्टबीन रखने के निर्देश दिये है। नगर निगम द्वारा इस बारे में रिक्शा माईक से भी प्रचार शुरू कर दिया गया है।

बसंत पंचमी के साथ ...

फ्ले एवं अन्य प्राध्यापकों ने माँ सरस्वती का पूजन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के संगीत विभाग की छात्राओं ने संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफ्ले के संगीत निर्देशन में सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। साथ ही नृत्य विभाग की सहायक प्राध्यापक सुश्री सृष्टी मन्ना के निर्देशन में नृत्य विभाग की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी। साथ ही निराला जयंती भी उत्साह से मनाई गई। हिन्दी विभाग की छात्रा कु. वर्षा ने निराली जी की प्रसिद्ध कविता ''तोड़ती पत्थर'' का प्रस्तुतिकरण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित किया । महाविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफ्ले ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुती दी। राग मालकौंस में बसंत ऋतु का वर्णन करती हुए बंदिश आपने प्रस्तुत की जो अत्यंत मनमोहक थी।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, छात्राएँ तथा कार्यालय स्टॉफ उपस्थित थे। इन्होंने कार्यक्रम की भरपूर सराहना की एवं आनंद उठाया। अंत में संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिन्द अमृतफ्ले ने आभार व्यक्त किया।

खैरागढ़ में अज्ञात व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से किया जा रहा है केजीएच अपडेट नामक चैनल का संचालन

जिला पत्रकार संघ ने कलेक्टर व एसपी से की शिकायत

खैरागढ़, 4 फरवरी। बीते कई दिनों से अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपनी पहचान छुपा कर गलत तरीके से केजीएच अपडेट नामक चैनल का संचालन किया जा रहा है जिसके खिलाफ जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर की अगुवाई में संघ के सदस्यों ने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। पत्रकारों का कहना है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति पत्रकारों के वीडियो, फोटो और खबरों को चोरी कर अपने चैनल में लगा लेता है साथ ही अज्ञात व्यक्ति को जब कोई पूछता है कि वह कौन है तो उसके द्वारा संघ के पत्रकारों के नाम चैनल संचालक के रूप में लिया जाता है जो कि गैरकानूनी है और संविधान के अनुच्छेद 19(1) में दी गई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व भारतीय प्रेस परिषद में निहित नियमों का घोर उल्लंघन है। पत्रकारों को आशंका है कि ये अज्ञात व्यक्ति प्रशासन से ही जुड़ा हुआ है क्योंकि कई आधिकारिक खबरें पत्रकार साथियों को मिलने से पहले उक्त अज्ञात व्यक्ति को मिल जाती है ये व्यक्ति आधिकारिक व्हाट्सप ग्रुप डीपीआर और संवाद में भी जुड़ा हुआ है। जिला पत्रकार संघ खैरागढ़ ने प्रशासन से यही मांग है कि उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक

दिए कस्टम मिलिंग और धान उठाव में तेजी लाने के सख्त निर्देश

बेमेतरा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में राईस मिलर्स कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के उठाव और कस्टम मिलिंग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने धान के उठाव की धीमी गति पर गंभीर चिंता व्यक्त की और राइस मिलर्स को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से टॉप 5 राइस मिलर्स, जिनके कार्य की गति अत्यंत धीमी पाई गई, को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश खाद्य विभाग को दिए। कस्टम मिलिंग प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर देते हुए, कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की देरी अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खाद्य विभाग को भी कड़ी चेतावनी दी कि यदि विभागीय कार्यों में गति और गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा, च्हमारा उद्देश्य है कि किसानों को जल्द से जल्द समर्थन मूल्य का लाभ मिले और धान मिलिंग कार्य समय पर पूरा हो। इसमें किसी भी प्रकार की देरी से किसान और प्रशासन दोनों को कठिनाई होती है। अत: इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करना हमारी प्राथमिकता है।ञ्ज बैठक में उपस्थित अधिकारियों और मिलर्स को उन्होंने निर्देश दिया कि अगले कुछ दिनों में धान उठाव और कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे किए जा सकें। खाद्य विभाग के अधिकारियों को भी यह निर्देश दिए गए कि वे नियमित रूप से मिलर्स के कार्यों की निगरानी करें और किसी भी तरह की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई करें।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव भिंभौरी, कुसमी, बेरला नगर पंचायत में चुनावी आमसभा को किया सम्बोधित

■ भाजपा प्रत्याशियो के पक्ष में मतदान करने की अपील

बेमेतरा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी भीमभौरी कुसमी और बेरला नगर पंचायत में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर का चुनावी आमसभा का आयोजन तीनो नगर पंचायतो में बाजार चौक में किया गया द्य कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा , किसान नेता योगेश तिवारी, चुनाव प्रभारी महेश साहू, होरी लाल सिन्हा , नथमल कोठारी, प्रीतम चंदेल, बेरला मण्डल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत, महामंत्री राजा गौकरण साहू, यशवंत साहू, पोषण वर्मा , बलराम यादव, मानक चतुर्वेदी, बेरला अध्यक्ष प्रत्यासी विशाल देशलाहरा, भीमभैरी अध्यक्ष प्रत्यासी संदीप परगनिया, कुसमी अध्यक्ष प्रत्यासी संतोष कुमार साव, रोहित माहेश्वरी, जित्तू जैन ,सूर्यकान्त साहू ,दीक्षांत साहू ,युगल साहू ,राजू देवांगन ,संजीव तिवारी ,आशीष सोनी सहित तीनो नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्यासी सहित सभी नगर पंचायतो के वार्डो के पार्षद प्रत्यासी मौजूद रहे।

इस दौरान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की कांग्रेस सरकार सिर्फ जनता को लूटने का काम किया है कहा द्य उन्होंने कहा उन्होंने कहा आप नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के प्रत्यासियो को मौका देकर देखिये पिछले कांग्रेस कार्यकाल में जैसे विकाश नहीं हुआ होगा उससे दोगुना हम और हमारी सरकार करके दिखाएंगे चाहे शिक्षा के क्षेत्र में या खेलकूद या नाली, सड़क, बिजली ,पानी जैसे विभिन्न विकाश के कार्यों के क्षेत्र में कई बड़े बड़े काम हमारी सरकार करके दिखाएगी द्य भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है इसलिए चुनावी घोषणा पत्र में मोदी के गैरेंटी के अंदर किये हुए सभी वादों को हमारी विष्णुदेव साय की सरकार ने पूरा किया है द्य बस आप एक बात की संकल्प लेकर 11 तारीख को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के मतदान के दिन कमल के छाप में बटन दबाकर अध्यक्ष सहित सभी पार्षद प्रत्यासी भाजपा को ही चुनना है और भाजपा की सरकार बनना है उसके बाद पांच सालो तक साय साय काम करवाने की जिम्मेदारी हमारी

द्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे और आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश एवं नगर को दोनों हाथों से लूटा गया द्य पूरे कार्यकाल में जनता विकास की राह देखते रहे द्य लेकिन कांग्रेसी नेताओं ने नगर में बिजली, पानी, अस्पताल जैसे विकास के कार्य नही किये द्य भाजपा पार्षद बहुत तकलीफ में रहे द्य उनके वार्डो में कुछ काम नहीं हुए द्य पूरे नगर में पक्षपात कर जनता के अधिकारों को मिटाने का कार्य किया गया।

उन्होंने प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही मोदी के गैरेंटी के तहत किये गए वादों को पहले साल में एक एक करके पूरा कर दिये द्य जिसमे किसानो को 3100 रूपये की दर से प्रति एकड़ 21 च्टिल धान खरीदी, प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रूपये साय साय पहुंच रहे है द्य गरीब आवासहीनों के हित में फैसले लेते हुए 18 लाख गरीबो को आवास प्रदान करने का काम विष्णुदेव साय की सरकार ने किया है। इसके अलावा पिछले दो साल का बकाया बोनस भी विष्णुदेव साय के सरकार में किया द्य वही अब अब मोदी की एक और गैरेंटी को पूरा करते हुए पंडित दिन दयाल उपाध्याय कृषि हीन मजदूर कल्याण योजना की शुरुवात किया द्य जिसके अंतर्गत भूमि हीन कृषको को सालाना 10 हजार रूपये भी विष्णुदेव साय की सरकार में शुरु हो चूका है द्य साव ने कहा किसान भाइयों को चिंता करने की जरूतत नहीं है आगामी 3 से 4 दिनों के अंदर कृषक उन्नति योजना के तहत किसानो के खाते में धान का बाकि 800 सौ रूपये आपके खाते में एक मुस्त पहुंच जायेंगे।

आपके वोट का अधिकार कांग्रेस सरकार ने छीन लिया था : साव

डिप्टी सीएम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की 15 साल से बेरला नगर पंचायत में कांग्रेस ने कब्ज़ा करके रखा था द्य लेकिन 15 सालो में कोई विकाश के काम कांग्रेस के लोगो ने नहीं किया है द्य आपके वोट के अधिकार को कांग्रेस ने छीन लिया था द्य कांग्रेस ने जनता के अधिकार को छीनकर जनता को लूटने का काम किया है द्य कांग्रेस के लोगो ने बेरला की जनता को लूटने का काम किया है ।

लेकिन आज हमारी सरकार आपके अधिकारी को वापस लौटाने आये है द्य आप अपने पंसद का अध्यक्ष सीधे वोट देकर चुन सकते है द्य और ये सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यकाल में ही हो सकता है द्य कांग्रेस के लोग आपके पैसा को 15 सालो तक नोच नोचकर खाये है द्य अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार है द्य आप एक बार नगरीय निकाय में बेरला भीम भौरी कुसमी नगर पंचायत में भाजपा के अध्यक्ष और 15 पार्षदो मौका देकर देखो जैसे 15 साल में विकाश नहीं हुआ होगा द्य वैसे विकाश करके दिखाएंगे द्य पिछली कांग्रेस सरकार जनता को लूटने का काम किया है।

साव ने कहा हमने भाजपा की सरकार बनते ही भीमभौरी और कुसमी को सबसे पहले नगर पंचायत का दर्जा दिया द्य उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की अब आपकी पारी है नगर पंचायत भीमभौरी कुसमी और बेरला में अध्यक्ष सहित सभी 15 – 15 वार्डो में कमल का फूल खिलाकर भाजपा की सरकार बनाना है द्य उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अध्यक्ष प्रत्यासी सहित सभी तीनो नगर पंचायतो के नगर वासियों से भाजपा के पक्ष में वोट कर समर्थन भी मांगा। इस मौके पर तीनो नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ तीनो नगर पंचायत वार्ड पार्षद प्रत्यासी उपस्थित रहे।

भाजपा मंडल की बैठक में योगेश तिवारी ने चुनावी रणनीति पर किया मंथन

बेमेतरा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। आगामी जिला पंचायत सदस्य चुनाव को लेकर 2 फरवरी को भिभौरी भाजपा मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सुखमयी मैरिज पैलेस, पिरदा (भिभौरी) में संपन्न हुई, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

बैठक में योगेश तिवारी ने चुनावी रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और पार्टी को मज़बूत करने के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की अपील की। उन्होंने भाजपा की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

बैठक में पुर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा राहुल टिकरिहा, मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक, ओमप्रकाश पांडे देवेंद्र साहू, होलुराम साहू, मानसिंह वर्मा, नेतराम वर्मा, ने संबोधित किया और मंडल के दोनों प्रत्याशी को जिताने की अपील की और बैठक में प्रमुख लोगों में ओमप्रकाश पांडे टीलेंद्र वर्मा, भूपेंद्र टिकरिहा, , रूपराम चंद्राकर, होलु राम साहु योगेन्द्र साहु ,निहाल परगनिहा, पोषण निर्मलकर, विजय प्रकाश शुक्ला, हिरवान साहू, होरीलाल साहू, राहुल यदु, तारकेश्वर निषाद, भागवत प्रसाद देवांगन, विश्राम निषाद रवि आडिल राजेश पांल लखण चक्रधारी हिरवान साहुं निहाल परगहनियां और कमल साहू जीतु साहुं छत्र परगहनियां सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

बैठक में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि भाजपा प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी और राहुल टिकहरुयां को भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

पंडरिया और पांडातराई के कार्यकर्ता सम्मलेन में विधायक भावना बोहरा हुई शामिल

कवर्धा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। 11 फ़रवरी को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज हो चुके हैं। जगह-जगह चुनावी सभा हो रही है तो वहीं भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन के माध्यम से चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहें हैं। आज नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पांडातराई में भी भाजपा कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा के सुशासन और आप सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही पंडरिया एवं पांडातराई नगर का विकास संभव हो रहा है। आपकी कर्मठशीलता एवं सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन को मिल सके इसके लिए आपका परिश्रम ही भाजपा की ताकत है। विधानसभा फिर लोकसभा चुनाव में आप सभी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही हमने ऐतिहासिक जीत हासिल की और अब एक बार पुन: हमारे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए हमें भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार बनाने के लिए नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है। मैं सभी कार्यकर्ताओं से अपील करती हूँ कि हम जनता के घरों तक पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में भाजपा सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों, नीतियों और जनहित की योजनाओं को उन तक पहुंचाए।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि पिछले एक वर्ष में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में हमने पंडरिया एवं पांडातराई नगर में विकास के अभूतपूर्व कार्यों को देखा है, उसे भी हमें जनता तक पहुंचाना है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास और जनहित के विषयों को लेकर प्राथमिकता से काम कर रही है। पंडरिया में क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग हरिनाला पुल और बाईपास का निर्माण कार्य प्रगति पर है साथ ही विभिन्न अधोसंरचना विकास के कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। पांडातराई में भी बाईपास बनाने के साथ ही 12 करोड़ से अधिक अधोसंरचना विकास व जनता की मूलभूत सुविधाओं तथा शहर के सर्वांगीण विकास के लिए एक वर्ष में स्वीकृत हुए हैं। इनमें से बहुत से काम प्रगति पर है जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के माध्यम से प्रतिवर्ष महिलाओं को 12000 रुपए की वार्षिक सहयता, आवास योजना से पक्के आवास, दो वर्ष का बकाया धान बोनस किसानों को मिला वहीं 3100/ च्टिल की दर से धान की खरीदी आज हो रही है, भूमिहीन किसानों को प्रतिवर्ष 10000 रुपए की आर्थिक सहयता मिलेगी।

नगर पालिका अध्यक्ष का काम नागरिकों को जनसुविधा मुहैया कराना है अनावश्यक राजनीति नहीं : विजय सिन्हा

■ बेमेतरा नवीन बाजार में हुआ भाजपा चुनाव नगरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

बेमेतरा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा का जन समर्थन के लिए सतत जन संपर्क के तारतम्य में आज भाजपा नगर स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया जिसमें कलाकार पायल साहू एंड टीम की प्रस्तुति दी गई ।कार्यक्रम में प्रत्याशी विजय सिन्हा ने कहा उसका प्रयास है बेमेतरा नगर के देवतुल्य एक एक जनता से मिले ,नगर के प्रति उनका क्या विचार है समझने का प्रयास करें । तद अनुरूप कार्य करने की रूपरेखा बनाएंगे ।नगरपालिका में पालिका अध्यक्ष बनने से नागरिकों को प्रमुख रूप से शुद्ध पेयजल जो वर्षों से अटका है, सार्वजनिक सफाई का अभाव बढ़ा है, जल निकासी व ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन ठीक नहीं कर पाए, इस सबको दुरुस्त करना है। नगर विकास के महत्वपूर्ण कार्यों में बेमेतरा पिछड़ गया है

एक पालिका अध्यक्ष द्वारा स्वच्छ और स्वस्थ उन्नत वातावरण देकर,युवाओं को खेल कूद की उपयुक्त जगह, निर्वाध आवागमन हेतु अतिक्रमण मुक्त सड़कें और उन पर उपयुक्त सड़क प्रकाश की व्यवस्था देना शामिल होता है ।यह कार्यक्रम भी आप जनता तक एक संदेश पहुंचाना है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम कार्यकर्ता सम्मेलन को बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल किसान नेता योगेश तिवारी चुनाव प्रभारी प्रदीप गांधी, पूर्व सांसद चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी संजीव तिवारी भाजयुमो अध्यक्ष योगेश वर्मा ने संबोधित किया मंच संचालन नीलू सिंह राजपुत द्वारा किया गया।

भाजपा के सभी नेताओं ने कांग्रेस को हर मोर्चे पर विफल बताया भाजपा नेताओं ने कांग्रेस की विफलता और भाजपा की सफलता पर कार्यकर्ताओं और उपस्थित जनसमुदाय का ध्यानाकर्षण किया ।साथ ही भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी विजय सिन्हा सहित भाजपा के सभी 21 वार्डो के भाजपा पार्षद प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद देकर कमल खिलाने बहुमत का आशीर्वाद मांगा।

आगे प्रत्याशी विजय सिन्हा ने आज सघन जनसंपर्क 12,13,14,15 में जारी रखते चुनाव मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डे द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि उनका उद्देश्य समस्त नागरिकों को बेहतर और प्रभावी नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध करा, उनसे जुड़ी समस्याओं के निराकरण हेतु सतत प्रयत्नशील रहते एक मजबूत अध्यक्ष का कार्यकाल निभाना है ।सिन्हा ने नागरिकों को याद दिलाया नगर ने गत पांच सालों में कांग्रेस का काम देखा है ।आवश्यक जल आपूर्ति, सीवरेज जल निकासी, व्यवस्थित सड़क ,सफाई एवं कूड़ा निस्तारण ,जन स्वास्थ्य केंद्र और मार्ग में प्रकाश व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं में फिसड्डी साबित हुई है ।आवश्यक जन सेवाओं पर विशेष ध्यान रख कर कार्य करने से ही नगर का सर्वांगीण विकास होता है खालिस राजनीति से नहीं।

नगरीय चुनाव में तेजी लाते वार्ड 12,15 और 17 में कार्यालय उद्घाटन किया गया। प्रचार कार्यक्रम को सफल बनाने 21 पार्षदों सहित राजेश शर्मा अनिल रजक अमरीका निर्मलकर दीपक मोटवानी नारद साहू नरेश साहू गोलू कोसले रामानंद त्रिपाठी सतीष कसार संदीप यादव ,राजेश दीवान ,सुरेश पटेल,राकेश मोहन शर्मा,मनोज मिश्रा,धर्मेंद्र साहू नंदू गुप्ता योगेश वर्मा गणेश धीवर कमलेश ठाकुर छोटू साहू रामअवतार साहू,विनय साहू केशव साहू सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता जुटे रहे।

ब्रम्हा, विष्णु और महेश की उत्पत्ति भी मां आदिशक्ति से हुई: पंडित मोहननारायण शास्त्री

थानखम्हरिया, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ कि पावन धरा थान खमहरिया मे आयोजित श्री सत चण्डी महा यज्ञ एवं श्री मद देवीभागवत कथाअमृत वर्षा स्वर्ण महोत्सव मे शास्त्र जी ने कही राम कृष्ण, कपील को भी माता देवी गर्भ जन्म लेना पडता है माता विश्व कि जननी है संसार के प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी कारण से आप से प्रेम है, लेकिन मां हि निस्वार्थ पुत्र उत्पन्न करती है और पालन पोषण करती है,देवकी ने कृष्ण को, कौशिल्या ने राम को, देहुती ने कपील को, सुनीति ने धुव्र को कयादु ने प्रह्लाद को, हस सब भी उत्तानपाद है हमारे भी दो पत्नि है सुरूचि, सुनीति सुनिति के साथ रहेगे तो धुव्र जैसे पुत्र प्राप्त होगा सुन्दर विचार हि धुव्र है, सुरूचि के साथ रहेगे तो पुत्र तो होगा उत्तम सौदर्य से गुण से नही, भीष्म ने बाण के सय्या मे उत्तरायण कि प्रतिक्षा मे कुरूक्षेत्र मे जब कृष्ण पहुंचे तब भीष्म ने काहा हे कन्हैया मै उत्तरायण के प्रतिक्षा मे था आप हि उत्तरायण है, अब मै जा राहा हू लेकिन मेरा एक पुत्री है आपके साथ वरण करती हू मेरा प्राण अभी तक नही निकल नही राहा था पुत्री कन्या के पहले चला जाता तो मुझे पाप लगता, कृष्ण आश्चर्य से विवाह कब कि कौन आपके पुत्री, भीष्म ने काहा जन्म के समय माता हल्दी चंदन से उपटन लगाती है, अंतिम मे विदाई हल्दी चंदन लागती है,आपकी स्त्री कौन ,काम क्रोध लोभ मोह ,बैर, छल कपट, पुत्री कौन मेरा मनरूपी पुत्री हे प्रभु इसे स्वीकार करो भीष्म ने मनरूपी पुत्री,को हरी को समर्पित कर हरि धाम चले गये शास्त्री ने आगे कही पुत सुपुत का धन संचय, आपने जीवन भर कृषि व्यापार व्यवसाय उद्योग आदि से धन इकट्ठा किया पुत्र कुपुत्र है तो धन का नाश हो जायेगा,यदि पुत्र सुपात्र है तो धन वैभव इक्ठा कर लेगा, सारगर्भित धर्मोउपदेश कही बडी संख्या मे श्राध्लू सज्जन उपस्थित रहे जिसमें राजेश ठाकुर, चेतन सिंह, अनिल सिंघानिया, शिवेंद्र , भगवत सिंह, दिनेश शास्त्री, विनय परमार, आलोक अग्रवाल, प्रमोद सिंघानिया, प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

गन्ना विक्रेता किसानों के खाते में 10.09 करोड़ का भुगतान

कवर्धा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड में संचालित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित द्वारा किसानों को 10.09 करोड़ रुपए का भुगतान जारी किया गया है।

कारखाना के प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 में 7,739 शेयरधारक किसानों को शेष गन्ना रिकवरी राशि 5.94 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इस प्रकार, पेराई सत्र 2023-24 की कुल रिकवरी राशि 31.19 करोड़ रुपए का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है।

पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रेता किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य 315.10 रुपए प्रति च्टिल की दर से गन्ना खरीदी जारी है। अधिक से अधिक किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 24 नवंबर 2024 से 7 दिसंबर 2024 तक के गन्ना विक्रेता किसानों को 150 रुपए प्रति च्टिल की दर से 4.15 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है, और शेष राशि का भुगतान शीघ्र किया जाएगा।

इस प्रकार, पेराई सत्र 2024-25 प्रारंभ होने के बाद 4 फरवरी 2025 तक कुल 27.29 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में 1,41,595.781 मीट्रिक टन गन्ने की खरीदी हो चुकी है, जिसकी रिकवरी 12.40 प्रतिशत है। यह दर वर्तमान में प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर है। गन्ना विक्रेता किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कारखाने द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

सहसपुर लोहारा नगर पंचायत फतह करने प्रत्याशी लगा रहे है जोर

सहसपुर लोहारा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर सरकार के गठन का चुनाव अब पुरे सबाब पर है। प्रत्याशी एवं उसके समर्थक लगातार लोगो के बीच पहुंचकर उन्हें अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे है। नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के 15 वार्डो में कुल 5879 मतदाता 11 फ़रवरी को उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए कुल 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरकर अपने अपने जीत का दावा कर रहे। इस चुनाव में राज्य एवं केंद्र की सत्ता में काबिज भाजपा ने अपने सबसे भरोसेमंद कार्यकर्ता और पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। संतोष मिश्रा भाजपा में कितनी जबरदस्त पकड़ रखते है इसका सबूत उनके चुनाव अभियान की शुरुआत करने के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पहुंचकर और कार्यकर्ताओ को संतोष मिश्रा के लिए कड़ी मेहनत करने की अपील करके और नगर में पैदल जनसम्पर्क करके बता दिया जिससे भाजपा ने अपनी पूरी ताकत लगाकर इस चुनाव को जीतने ऐड़ी चोटी का जोर लगा रहे है। वही सत्ता से बाहर कांग्रेस पार्टी ने अपने सरल, सहज और युवा चेहरा सुभाष जायसवाल को चुनाव मैदान में उतार कर इस मुकाबले को रोचक बना दिया है। हमेशा से जनसमस्याओ के लिए बेबाकी से अपनी बात रखने और कांग्रेस पार्टी द्वारा दिये गये दायित्वों को पूरी कर्मठता के साथ पूरा करने वाले सुभाष जायसवाल निष्क्रिय कांग्रेस नेताओं के असहयोग के बावजूद बहुत ही अच्छे तरीके से अपने चुनाव अभियान को आगे बढ़ा रहे है। वही कांग्रेस पार्टी से टिकट ना मिलने की वजह से पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय यादव निर्दलीय ही चुनाव में उतर कर दोनों बड़ी पार्टियों को टक्कर देने के लिए अपनी मुहिम चला रहे है। अपनी

कर्मठता और कांग्रेस पार्टी के प्रति अपने समर्पण की वजह से वो नगर के जन मानस में अपनी अलग ही स्थान रखते है पर दोनों प्रमुख दलों के भारी संसाधन और कार्यकर्ताओ की फौज को वो कितनी टक्कर देते है ये मतगणना के दिन की पता चल पायेगा। इसी प्रकार से नगर के प्रतिष्ठित नागरिक और नगर के धार्मिक आयोजनो में अपनी बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सुनील दत्त दुबे निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे है और नगर को विकसित कर धर्म नगरी के रूप में स्थापित करने के अपने संकल्प के साथ जनता के बीच पहुंच रहे है। इसी प्रकार पूर्व जनपद सदस्य श्रीमति माया पालू क्षत्रिय के पति महिपाल सिंह क्षत्रिय भी निर्दलीय चुनाव में उतरकर लोगो को अपने जनपद सदस्य के कार्यकाल के दौरान किये गये कार्यों को लोगो को बताकर एक ईमानदार, सक्रिय अध्यक्ष के रूप में अपने आपको प्रस्तुत कर रहे। वही नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शनिदेव के पुजारी के रूप में प्रतिष्ठित एवं पत्रकार रुपेश मिश्रा उर्फ़ बिल्लू महराज भी अपने बड़े वादों के साथ चुनावी मैदान में है। और लोगो को सेवा का अवसर देने की अपील कर रहे। ज्ञात हो की नगर पंचायत सहसपुर लोहारा समान्य वर्ग के लिए आरक्षित है जिससे यह चुनाव बहुत ही हाई प्रोफाइल बन गया इस चुनाव में 4 प्रत्यासी समान्य वर्ग से और 2 प्रत्यासी पिछड़ा वर्ग से चुनाव मैदान में उतरे है। सभी प्रत्यासी शहरी क्षेत्र के होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं का महत्व बहुत बढ़ गया है जो चुनाव को आने वाले दिनों में रोचक बना देगा और नगर सरकार बनाने में इनकी भूमिका बहुत निर्णायक होंगी इसमें कोई दो राय नहीं है

नजूल भूमि पर काबिज लोगों को पट्टा देकर भूमि स्वामी बनाया जायेगा: मधुसूदन यादव

राजनांदगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी महापौर पद के उम्मीदवार मधुसूदन यादव ने कल देर रात्रि तक शहर के बलरामदास वार्ड, बलदेव प्रसाद मिश्र वार्ड, ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड, तुलसीपुर वार्ड एवं वर्धमान नगर क्षेत्र का व्यापक जनसंपर्क करते हुये अनेक स्थानों पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुये कहा कि आपका दिया हुआ हर एक वोट शहर के उज्जवल भविष्य की असली ताकत बनेगा। शहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में केन्द्र व राज्य की सरकारें निरंतर प्रयास कर रही है, हमने पूर्व में शहर के विकास के लिये जो भी कार्य किया है वह सब आपके सामने है । आने वाले समय में विकास, स्वच्छता व पारदर्शिता कायम की जायेगी। पिछले वर्षो में नगरीय निकाय में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार व कुशासन का नया अध्याय लिख दिया था। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में हमेशा बाधा उत्पन्न की गई, शहर के सर्वांगीण विकास के लिये कृत संकल्पित है। कांग्रेस द्वारा शहर में फैलायें गये कुशासन को समाप्त करने का समय आ गया है, इस कुशासन को आपके आशीर्वाद से मुक्त किया जायेगा, ये विश्वास मैं आपकों हृदय से दिलाता हूँ।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री यादव ने पार्टी के प्रदेश स्तर पर जारी चुनाव घोषणा पत्र जिसे अटल विश्वास पत्र के नाम पर जारी किया गया है कि चर्चा करते हुये कहा कि नजूल भूमि मालिकाना हक के लिये नया कानून बनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया जायेगा ताकि नजूल भूमि में काबिज लोगों को तथा सभी पट्टाधारकों को उनकी प्रापर्टी घोषित कर भूस्वामी बन सकें। शहर को एक योजनाबद्ध तरीके से विकसित करने कार्ययोजना बनाई जायेगी, शहर की सभी स्ट्रीट लाईटें सौर ऊर्जा के माध्यम से संचालित करने की बड़ी परियोजना पर काम किया जायेगा। आवागमन व्यवस्था को बेहतर करने के लिये स्थानीय सड़कों, फुटपाथों का निर्माण करेंगे इसी तरह ऑटो रिक्शा व ई-रिक्शा चालकों के लिये ऑटो स्टैण्ड में चार्जिंग पाइण्ट की स्थापना की जायेगी ताकि परिवहन की सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सकें। महाविद्यालयों व हाईस्कूलों में फ्री वाई-फाई की सुविधा स्थापित करेंगे वही शहर में चिन्हित 50 स्थानों पर वाई-फाई स्पॉट विकसित किया जायेगा ताकि आम नागरिकों को मुक्त इंटरनेट सुविधा का लाभ मिल सकें।

श्री यादव ने आगे कहा कि सड़क पर व्यापार करने वाले ठेला चालकों व स्ट्रीट वेण्डरों के सहयोग के लिये प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के माध्यम से तीस हजार रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। इसी के साथ स्मार्ट वेडिंग जोन फूड स्ट्रीट की स्थापना हेतु एक समुचित नीति बनाई जायेगी, जिससे सड़क में व्यापार करने वालों को बढ़ावा मिल सकें। शहर में आये-दिनों सड़को पर घुमने वाले पशुओं से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, शहरवासियों को आवारा पशुओं से मुक्त दिलाने कारगार कदम उठाये जायेंगे, इसी के साथ आवारा कुत्तों की संख्या को न्यूनतम करने के लिये समग्र नीति तैयार की जायेगी, शहर में ग्रीन बेल्ट और वृक्षारोपण पर जोर दिया जायेगा, इसके लिये हरे-भरे स्थानों को मनोरंजन क्षेत्र बनाकर वायु की गुणवत्ता में सुधार कर जैव विविधता को बढ़ावा दिया जायेगा। स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करना भी उनकी प्राथमिकता होगी। जनसम्पर्क के दौरान वार्ड नं. 14 के पार्षद प्रत्याशी मुकेश चौबे, वार्ड नं. 15 के प्रत्याशी प्रमोद झंझाड़े, वार्ड नं. 16 के प्रत्याशी पारस वर्मा, वार्ड नं. 17 के प्रत्याशी किशुन यदु व वार्ड नं. 18 के प्रत्याशी रेखा अभय पारख के साथ ही अजित जैन, राजेन्द्र जैन (बंटू), सागर यादव, शैल यादव, बंटी काण्डा, मुन्ना यादव, सतीष रेवतकर, राजू बिझलेकर, गोलू सोनी, ऋषिदेव चौधरी, मुकेश बघेल, विनोद चौरड़िया, सागर गोलछा सहित वार्डवासी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आयुक्त ने शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य का किया निरीक्षण

राजनांदगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। शासन स्वीकृति अनुसार नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न सड़कों में डामरीकरण कराया जा रहा है। जिसका निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर मापदण्ड के अनुरूप डामरीकरण कराने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

वर्तमान में सृष्टि कालोनी, गौरव पथ, राजीव नगर, शिव नगर के पास, सिविल लाईन एस.पी. आफिस के पास, जीवन विहार कालोनी, मोतीपुर क्षेत्र में डामरीकरण कार्य चल रहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य में सृष्टि कालोनी के डामरीकरण कार्य का निरीक्षण कर शासन मापदण्ड के अनुरूप डामरीकरण कराने के निर्देश तकनीकि अधिकारियों को दिये। उन्होने सृष्टि कालोनी का डामरीकरण कार्य देख कहा कि इसी प्रकार डामरीकरण में सही तरीके से रोलिंग करे। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के पूर्व संबंधित क्षेत्र से गाड़िया हटवा लेवे, क्षेत्रवासियों से डामरीकरण में सहयोग करने अपील करे। जिस क्षेत्र में डामरीकरण किया जाना है, उस क्षेत्र के पाईप लाईन नल कनेक्शन आदि की जॉच कर दुरूस्त कर लेवे, ताकि डामरीकरण पश्चात रोड खोदने की स्थिति निर्मित न हो।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि प्राथमिकता तय कर डामरीकरण कार्य करे तथा शासन द्वारा निर्धारित माप दण्ड के अनुसार डामरीकरण हो, सभी उप अभियंता डामरीकरण के दौरान अपने अपने प्रभारित वार्ड में उपस्थित रहे। इसके अलावा डामर प्लांट में मेट एवं उप अभियंता डामर की मात्रा, गिट्टी मिक्सींग की जॉच करे, तत्पश्चात डामरीकरण करावे। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिये एक-एक तरफ डामरीकरण कराये। सभी तकनीकि अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान देवे।

नगरीय निकाय निर्वाचन

ईव्हीएम मशीनों की जागरूकता के लिए मीडिया कार्यशाला

राजनांदगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत ईव्हीएम मशीनों की जागरूकता के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे उपस्थिति रही। इस दौरान सभी मीडिया प्रतिनिधियों ने ईव्हीएम से संबंधित जानकारी ली एवं अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। मास्टर ट्रेनर ने ईव्हीएम संचालन का प्रदर्शन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महापौर एवं पार्षद पद के लिए मतदान प्रकोष्ठ में दो बैलेट पेपर होंगे। महापौर या अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए सफेद रंग का मतपत्र लगा होगा तथा पार्षद पद के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र लगा होगा। मतदाता मतदान प्रकोष्ठ में दो बैलेट पेपर में अपने पसंद के प्रत्याशी को बारी-बारी बटन दबाकर मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि महापौर या अध्यक्ष पद के लिए बटन दबाने पर बीप की आवाज आएंगी। पार्षद पद के लिए बटन दबाने पर बीप की लंबी आवाज आएगी और इस तरह मतदान संपन्न होगा।

कांग्रेस प्रत्याशी का सघन जनसम्पर्क निरंतर जारी

राजनांदगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव के लोएकर कांग्रेस के युवा व्आ संघर्षशील प्रत्याशी निखिल द्विवेदी का पूरे शहर में सघन जनसम्पर्क निरंतर जारी है इसी तारतम्य में मंगलवाल को निखिल ने कई वार्डों में जा कर कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में जनता का आशीर्वाद माँगा व् महापौर पद के लिए जनता जनार्दन से शुभाशीष की कामना की ।

जनसम्पर्क के तहत बसंतपुर राजीव नगर वार्ड क्रमांक 42 में पार्षद प्रत्याशी श्रीमती कीर्ति साहू जी के पक्ष में , वार्ड 43 में पार्षद प्रत्याशी श्रीमती ममता जयसवाल जी के पक्ष में , वार्ड कमांक 46 में श्री हरिनारायण धकेता जी के पक्ष में एवं वार्ड नंबर 44 में कांग्रेस प्रत्याशी श्री हरिशंकर नेताम जी के पक्ष में निखिल ने जनसम्पर्क किया वहीँ वार्ड नंबर 45 में कांग्रेस प्रत्याशी श्री लेनिन कसार जी के पक्ष में निखिल ने आम जनता का समर्थन माँगा।

महापौर पद हेतु स्वयं के लिए जनता का आशीर्वाद मांगते हुए निखिल ने कहा की नगर निगम में महापौर के अलावा आप सभी को हर वार्ड में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी को भी अपना आशीर्वाद देना है ताकि शहर के विकास में कहीं भी किसी प्रकार की कमी ना रह जाए।

निखिल ने कहा कि शहर के विकास को लेकर आम जनता की राय से हर तरह के काम किये जाएंगे जिसमे हर वार्ड में क्लिनिक खुलवाने की व्यवस्था की जायेगी ताकि छोटी छोटी बीमारियों के लिए कहीं दूर लोगों को ना दौड़ना पड़े।

निखिल ने कहा कि हर घर में गैस पाइप लाइन बिछाने की दिशा में भी काम किया जाएगा ।

निखिल ने कहा कि शहर के विकास को बढ़ाने के लिए राजस्व में बढ़ोत्तरी के लिए काम किया जाएगा वहीँ हर वार्ड में पढ़ाई में तेज छात्र क्ष्हात्राओं के लिए अलग से छात्रवृत्ति योजना बनाई जायेगी

जनता जनार्दन से अपनी बात रखते हुए निखिल ने कहा कि शहर के सौदर्यीकरण व् विकास को लेकर बहुत सी योजनाएं हैं लेकिन यह सब तभी संभव हो पायेगा जब आप सब अपने बेटे अपने छोटे भाई को जीता कर महापौर बनाएंगे । इस दौरान बड़ी संख्या में जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से महापौर प्रत्याशी निखिल द्विवेदी,पूर्व महापौर हेमा देशमुख , जितेंद्र मुदलियार,मेहुल मारू, सूर्यकांत जैन, दौलत चंदेल,माया शर्मा ,राकेश जोशी,प्रबीण मेश्राम,पार्षद प्रत्याशी कीर्ति साहू,ममता जयसवाल ,हरिनारायण धकेता , लेनिन कसार, हरिशंकर नेताम ,मामराज अग्रवाल,दीपक यादव,रूबी गरचा ,ऋषि शास्त्री,चेतन भानुशाली,विवेक बहादुर, गणेश पावर,रजत तिवारी, राजा यादव,ऋषभ निर्मलकर,राम शास्त्री,अभिमन्यु मिश्रा,अफताब अहमद , विलयम बंसोड़ हर्ष खोबरगाड़े,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

शासकीय प्राथमिक शाला पांगरीकला में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापना

डोंगरगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छुरिया विकासखंड के संकुल साल्हे अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पांगरीकला में 3 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शाला परिसर में ग्राम के सभी महिला स्व सहायता समूह एवं ग्रामीण जनों के जन सहयोग से गांव में त्यौहार मना कर बड़े ही धूमधाम से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित किया गया.इस शुभ अवसर पर सभी ग्राम वासियों द्वारा खीर पूड़ी और प्रसाद का वितरण किया गया. साथ ही शाला के पूर्व पदस्थ शिक्षकों को आमंत्रित कर नारियल और गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया.

इस पुण्य कार्य में दोनों शालाओं के प्रधान पाठकों श्रीकांत वैष्णव एवं सोनकर राम प्रधान एवं सभी शिक्षकों के साथ-साथ ग्राम समिति के अध्यक्ष थानसिंग साहू, पतिराम साहू,भूतपूर्व सरपंच दयालदास साहू, भूतपूर्व सरपंच अंजलि घावड़े, गोकुल राम साहू, जीवन साहू, उमेश साहू, जगदीश बनाफर, रेवाराम साहू, डामन साहू, भुवन साहू, एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक भूपेन्द्र यादव और ग्राम के समस्त महिला समूह के सभी महिलाओं और ग्रामवासी पांगरीकला का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ.

20 जनपद क्षेत्रों हेतु 87 ने भरा नामांकन अंतिम तिथि को रही गहमागहमी

डोंगरगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन फार्म भरने के अंतिम निर्वाचन कार्यालय में भारी गहमागहमी रही। अंतिम दिवस होने के कारण नामांकन फार्म भरने वाली में काफी हड़बड़ी देखी गई। अंतिम समय के बाद जो आंकड़े सामने आये हैं, उसके अनुसार डोंगरगांव ब्लॉक के 20 जनपद क्षेत्रों के लिए कुल 87 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किये हैं। आंकड़ों के अनुसार सभी जगहों पर बहुकोणीय संघर्ष के आसार हैं।

निवार्चन कार्यालय द्वारा आज फार्म भरने के अंतिम दिवस समयावधि बीत जाने के बाद जो आंकड़े जारी किये गये हैं। उसके अनुसार ब्लॉक में जनपद क्षेत्र क्र. 01 बांकल (अनु. जाति महिला) हेतु अभी तक पारवती सतनामी बांकल, सावित्री बंजारे हरदी, सरस्वती मारकण्डे हरदी, गौरी भारती खपरीकला, लेवन लाउत्रे टेका, क्षेत्र क्र. 2 तुमड़ीबोड़ (पिछड़ा वर्ग महिला) हेतु राधिका साहू कोपेडीह, सरिता साहू आलीखूंटा, लक्ष्मीबाई साहू आरगांव, भारती वर्मा कोपेडीह, क्षेत्र क्र. 3 कोहका ढाबा (पिछड़ा वर्ग महिला) हेतु सुशीला निषाद कोहका, जया साहू नाथूनवागांव, क्षेत्र क्र. 4 घोरदा (अना. मुक्त) से राजेन्द्र कुमार गुप्ता घोरदा, भेलस साहू घोरदा, टीकम साहू किरगी, उमेश साहू घोरदा, बुद्धेश्वर साहू किरगी, क्षेत्र क्र. 5 मचानपार (अनु. जाति मुक्त) से पुनेश्वर जोशी खैरी, द्वारिकादास टंडन केसला, नेतराम देशलहरे धौंराभांठा, मीनाक्षी देशलहरे धौंराभांठा, दौवाराम नारंग गोंडरी, आत्माराम रात्रे नाथूनवागांव व कुंभदास जोशी केसला ने फार्म जमा किये।

इसी प्रकारक्षेत्र क्र. 6 मारगांव (अना. मुक्त) से सहदेव राम सिन्हा गिरगांव, भागवत सिन्हा ओड़ारबांध, कुमान सिंह नेताम गिरगांव, गणेशराम सिन्हा मारगांव, जागेश्वर यादव दीवानभेड़ी, महेश्वर साहू बीजाभांठा, ढालूराम कोठारी पेंडरवानी, क्षेत्र क्र. 7 दीवानभेड़ी (अना. महिला) से चन्द्रिका रोहित सोनकर अमलीडीह, ममता पटेल अमलीडीह, रानू सिन्हा दीवानभेड़ी, क्षेत्र क्र. 8 मनेरी (अनु. जन. मुक्त) से ईश्वरी साहू बरगांव, नरबद बाई गंगासागर मनेरी, हेमिन बाई नेताम गुंगेरी नवागांव, तुलेश्वरी गोंड़ मनेरी, विवेक मंडावी बरगांव, क्षेत्र क्र. 9 आरी (अना. महिला) से चितरेखा साहू बीजाभांठा, कुमारी साहू बीजाभांठा, मोनिका साहू अमलीडीह, शोभना पटेल कोनारी, क्षेत्र क्र. 10 माथलडबरी (अना. महिला) से आशा भूषण देवांगन मोहड़, सरस्वती गायकवाड़ मोहड़, हेमिन पटेल माथलडबरी, हरिलाबाई बेंदरकटा, क्षेत्र क्र. 11 खुज्जी (पिछड़ा वर्ग महिला) से हुमेन्द्र बघेल बड़भूम, अक्षय देवांगन खुज्जी, रवि साहू खुज्जी, वामनदास साहू बडग़ांव चारभांठा, क्षेत्र क्र. 12 खुर्सीपार (अना. महिला) से दीबीका साहू खुर्सीपार, गेंदाबाई नादिया ने नामांकन फार्म जमा किये।

इसके अलावा क्षेत्र क्र. 13 रूदगांव (अना. महिला) से पद्मिनी साहू रातापायली, देवकुंवर बाई गंजीर किरगी, दीपकबाई पटेल रूदगांव, पूर्णिमा साहू किरगी, क्षेत्र क्र. 14 अर्जुनी (पिछड़ा वर्ग मुक्त) से मोहनीश साहू अर्जुनी, पुरानिक साहू अर्जुनी, देवलाल साहू पैरी, रेशमलाल साहू पैरी, निमेश कुमार अर्जुनी, क्षेत्र क्र. 15 रामपुर (अना. मुक्त) से माधुरी ठाकुर टोलागांव, दिनू यादव मोहभट्ठा, मनीष साहू रामपुर, अनिल सिन्हा रूदगांव, किशोर कुमार चमारराय टोलागांव, रूपेश साहू जंगलपुर, क्षेत्र क्र. 16 मोखली (पिछड़ा वर्ग महिला) से सुशीला साहू कोटरासरार, रेशमा साहू छुईखदान, लीलाबाई मोखली, ज्योति साहू मोखली, क्षेत्र क्र. 17 करमतरा (अना. मुक्त) से महेन्द्र कुमार साहू संबलपुर, टुमनलाल साहू करमतरा, राजेन्द्र साहू कु. भांठागांव, याददास साहू मरेठा नवागांव, क्षेत्र क्र. 18 कोकपुर (अना. मुक्त) से ऐमन लाल साहू कोकपुर, ताराचंद जैन अर्जुनी, बिरेन्द्र साहू बम्हनीभांठा, रंजिता पड़ौती अरसीटोला, राजेन्द्र साहू चिचदो, क्षेत्र क्र. 19 तिलईरवार (अनु.का जा. महिला) से कांति चंद्रवंशी तिलईरवार व शिवरात्रि चंद्रवंशी खम्हेरा तथा क्षेत्र क्र. 20 से आसरा (अनु. ज. जा. महिला) से लीला मंडावी दर्राबांधा, नर्मदाबाई कंवर वि. नवागांव, सुकमा कुंजाम दर्राबांधा, अनीता पंचारी आसरा व कुमार बाई कंवर आसरा आदि ने अपने अपने नामांकन फार्म जमा किये हैं। कल 4 फरवरी को प्राप्त नामांकन फार्मों की जांच की जायेगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 6 फरवरी है, इसके बाद ही जनपद सदस्य का चुनाव लडने् वाले लोगों की तस्वीर साफ होगी।

मलेरिया के उपचार और बचाव पर डॉ. प्रकाश खूंटे का नेशनल कांफ्रेंस में व्याख्यान

राजनांदगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। चिकित्सक के रूप में अपनी एक पहचान हासिल करने वाले डॉक्टर प्रकाश खूंटे एक शख्शियत बन चुके हैं। इलाज को सेवा समझने वाले और चिकित्सा को व्यवसाय से दूर रख कर लोगों की सेवा में जुटे रहने वाले डॉक्टर पेशे में कम ही देखने मिलता है। आज मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल राजनांदगांव के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रकाश खूंटे (एमडी मेडिसिन) ने देश के सबसे बड़े मेडिकल क्षेत्र के मेडिसिन कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। कोलकाता की इस महत्वपूर्ण नेशनल कांफ्रेंस में छत्तीसगढ़ के 10-12 डॉक्टर्स ने की रिप्रेजेंट किया उसमें डॉ. खूंटे भी हैं। डॉ. खूंटे ने गंभीर मलेरिया बीमारी के डायग्नोसिस नए ट्रीटमेंट रिसेंट एडवांसेस में अपना लेक्चर दिया। मलेरिया भारत में उड़ीसा के बाद सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में पाया जाता है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में मलेरिया के सबसे ज़्यादा मामले कोलकाता में राष्ट्रीय कांफ्रेंस में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया . मलेरिया, भारत औ र छत्तीसगढ़ में एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है. मलेरिया के सबसे खतरनाक रूप को फैल्सीपेरम

भारतीय चिकित्सकों के संघ का 80वाँ वार्षिक सम्मेलन 23 से 26 जनवरी 2025 को कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का सम्मेलन एक अभूतपूर्व आयोजन होने का वादा करता है, जिसमें देश भर से और उसके बाहर से हज़ारों चिकित्सक, शोधकर्ता और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर एक साथ आएंगे। क्क्ष्टष्ठह्र 2025 कोलकाता में वैज्ञानिक सत्रों, कार्यशालाओं और पैनल चर्चाओं का एक व्यापक कार्यक्रम है, जिसमें आंतरिक चिकित्सा और संबंधित क्षेत्रों में विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है मुख्य सत्रों में शामिल हैं।मलेरिया कहा जाता है. मलेरिया के लिए एकमात्र टीका आरटीएसएस है, लेकिन यह केवल मध्यम रूप से प्रभावी है. मलेरिया के संक्रमण और बीमारी का खतरा 6-9 महीने की उम्र के बाद बढ़ जाता है. डॉ खूंटे ने छत्तीसगढ़ के साथ राजनांदगांव का मान बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय चिकित्सकों के संघ का 80वाँ वार्षिक सम्मेलन 23 से 26 जनवरी को कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में आयोजित किया गया। इस वर्ष का सम्मेलन एक अभूतपूर्व आयोजन था जिसमें देश भर से और बाहर से भी हज़ारों चिकित्सक, शोधकर्ता और स्वास्थ्य सेवा पेशेवर एक साथ आए।

लखोली क्षेत्र में छपरी बाइकर्स से जनता त्रस्त पुलिस को शिकायत

राजनांदगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। शहर में नशे से सराबोर युवाओं द्वारा बाइक स्टंड और गुंडागर्दी के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं पूर्व पार्षद श्रीमती दुलारी साहू पार्षद, वार्ड-33 लखोली बैगापारा (2014, 2019) नगर पालिक निगम, राजनांदगांव लखोली क्षेत्र की आबादी बड़ी है। घनत्व आबादी वाला इलाके होने की वजह से सुबह और शाम को ट्रैफिक का दबाव रहता है। इस बीच कुछ युवा लड़के, जिन्हें लोग छपरी कहते हैं। इनके बाइक स्टंट से जनता परेशान है। इनकी तेज रफ्तार वाहन चलाने की वजह से हादसे हो रहे हैं। सड़क पर सांप की तरह चलाने वाले इन बाइकर्स ने क्षेत्र में हलाकान कर रखा है। इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से जनता में रोष है। अगर कार्रवाई होती है तो सड़क हादसों में भी नियंत्रण देखने को मिल सकता है। बड़ी आभारी होगी सर, इनके खिलाफ कार्रवाई करने से। जनता में रोष है। क्षेत्र की जनता उम्मीद कर रही है कि पुलिस विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई जा रही है।

सिंह वाहिनी मां जगदंबे की गर्जना से थर-थर कांपने लगे दैत्य: पं. विनोद बिहारी गोस्वामी

राजनांदगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)।भवानी नगर? बसंतपुर में पिछले पांच दिनों से चल रही श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा में कथावाचक पं0 विनोद बिहारी गोस्वामी द्वारा सिंह वाहिनी मां दुर्गे का रौद्र रूप का वर्णन किए जाने से भक्त जन आह्लादित हो गए और मां भवानी के प्रति श्रद्धित होकर जय माता दी की जयकारा लगाने से अपने आप को रोक नहीं सके। इस दौरान श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा स्थल में संगीतमयी कथा में जस सेवा गान से लोगों में जोश और जज्बे का संचार होते देखा गया।आज कथा श्रवण के लिए पधारे विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने कथा स्थल पर जस गीत का गान कर माहौल को श्रद्धा- भक्ति मय बनाया।

बताते चलें कि मंगलवार 4 फरवरी को श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा के आयोजक समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी कि जन्म दिन रहा। इस अवसर पर श्रीमती तिवारी को जन्म दिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जन्म दिन की बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालो में विधायक अनुज शर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सहित शहर के वरिष्ठ समाजसेवी महिला रत्ना ओस्तवाल, किरण अग्रवाल, प्रभा बरडिया से लेकर कस्तूरबा की अध्यक्ष अलका जानी, आशा गुप्ता शोभा चोपड़ा, माया अग्रवाल, साधना तिवारी,माला शुक्ला ,अनिता जैन , जनक बाई, प्रवीणा राठौर, कुसुम रायचा, अर्चना दास आदि के अलावा यजमान श्रीमती विद्या - विनोद पांडे, अरविंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाओ की मौजूदगी रही वहीं समाज सेवी श्रीमती शारदा तिवारी को जन्म दिन की बधाई देने व श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा श्रवण के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी सहित अन्य समाज सेवी जन भी पधारे हुए थे।

राजनीतिक गलियारे की वीरांगना

कथावाचक पं0 विनोद बिहारी गोस्वामी ने भी इस दौरान नगर दीदी के नाम से जाना जाने वाली श्रीमती शारदा तिवारी के संबंध में आप्त वचन कहे और उन्हें साध्वी महिला बताते हुए कहा कि दीदी शारदा जी राजनीतिक गलियारे में स्वछंद विचरने वाली वीरांगना है। श्री गोस्वामी ने श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा में बताया कि जब महिषासुर का वध करने सिंहवाहिनी मां जगदम्बा रण स्थल पर पहुंची तो उनका अट्टहास सुनकर दैत्य और दानव थर- थर कांपने लगे। इस बीच दैत्यराज के मंत्री द्वारा मां जगदंबे के सामने लड़ाई छोड़कर महिषासुर की पटरानी बनने का प्रस्ताव रखे जाने पर प्रकंपित हुई मां दुर्गे ने गर्जना करते हुए कहा कि वह दैत्यों का समूल नाश करने आई है तथा उसे कहा कि महिषासुर के अंदर पशु बुद्धि है क्योंकि वह पशु से पैदा हुआ है। और जिसका राजा ही धूर्त है,, पशु बुद्धि वाला है उसके मंत्री की क्या समझ होगी जाना जा सकता है।

निर्दलीय महापौर प्रत्याशी का सघन जन सम्पर्क

राजनांदगांव, 4 फरवरी (देशबन्धु)। निगम क्षेत्र में लगातार चल रहा है, नगर की जनता अब अच्छा और सच्चा विकास चाहती है. लोग बहकावें अब आने वाले नहीं, पूर्व के महापौरों ने डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी शहर की हालत बद से बत्तर कर दी है. आज भी लोग मूलभूत व जरूरी सुविधाओं के लिये तरस रहें है. लेकिन सरकार तक तक उनकी आवाज नहीं जाती है. सीधे शब्दों में कहे तो शहर के लोगों की कोई सुनता नहीं है, और किसी नेता ने सुना भी तो केवल आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिला.

बडे नेताओं को शहर की जनता की याद चुनाव के समय ही आती है, बाकी समय सुध लेने वाला कोई नहीं.

महापौर प्रत्याशी दीपा लव रामटेके ने नगर की जनता को आश्वस्त किया की यदि उन्हें अवसर मिला तो शहर सहित वार्ड के विकास के लिये लोगों की राय ली जावेगी और वार्डो में मोहल्ला विकास समिति का गठन किया जावेगा.

लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है तथा लोगों को दीपा लव रामटेके पर विश्वास हो रहा है. शहर में उभरकर आ गया है लैपटॉप.

संपादकीय

अंगदान को बढ़ावा दे सरकार

छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से अंगदान को पर्याप्त बढ़ावा नहीं दिये जाने का ही यह परिणाम है कि अब तक बहुत ही कम लोगों के अवयवों से दूसरों को जीवनदान करने में सफलता मिली है। किडनी, लीवर, हार्ट ट्रांसप्लांट के लिये अनेक लोग इंतज़ार में हैं परन्तु बहुत कम लोग इसके लिये इच्छा प्रकट कर पाते हैं। सर्वप्रमुख कारण है इसे न तो बढ़ावा दिया जाता है और न ही इसे लेकर पर्याप्त जागरूकता है। बहुत से लोग ऐसा करना भी चाहें तो वे जान नहीं पाते कि उन्हें क्या करना चाहिये। देहदान को लेकर भी यह बात कही जा सकती है। सरकार को चाहिये कि अस्पतालों तथा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से देहदान व अंगदान को पर्याप्त प्रचारित करे।

रायपुर के एक युवा आर्यंश आडिल (18 वर्ष) की इच्छा के अनुरूप उसके ब्रेन डेड होने पर उसके अंग तीन युवकों को प्रदान किये गये जिसके चलते उन्हें जीवनदान मिला। आर्यंश की मृत्यु 29 जनवरी को हुई थी जब वह परीक्षा घर लौट रहा था। महादेव घाट स्थित पुल के पास उसके साथ हुई दुर्घटना में वह बुरी तरह से घायल हो गया था। उसके सिर पर गम्भीर चोटें आई थीं और वह बेहोश हो गया। चिकित्सकों ने उसे बचाने की हरसम्भव कोशिशें कीं लेकिन अंततः उसे ब्रेन स्टेम डेड घोषित कर दिया गया। उसके अभिभावकों ने बताया कि वह इसकी इच्छा जाहिर करता रहा था कि अगर उसे कुछ हुआ तो उसके अंग जरूरतमंदों को दे दिये जायें। यह प्रदेश का अब तक का 11वां अंगदान रहा। इसके विपरीत विभिन्न तरह के अंगों की ज़रूरत वाले सैकड़ों मरीज इंतज़ार में हैं। कई तो यह आवश्यकता पूरी न होने के कारण मर भी जाते हैं। निश्चित ही आर्यंश ने समाज को एक रास्ता दिखाया है। लोगों को चाहिये कि उक्त नौजवान के बताये रास्ते का अनुसरण कर ज़रूरतमंदों को जीवनदान दें।

उल्लेखनीय है कि अब छग में भी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। इसके लिये नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशनल (एनओटीटीओ) की वेबसाइट से संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है। वैसे यह पाया गया है कि जो भी अंगदान अब तक हो पाये हैं वे स्वप्रेरणा से ही अधिक हुए हैं। इसके लिये कोई भी सुव्यवस्थित प्रचार होता नहीं दिखता। सरकार को चाहिये कि कम से कम अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों, मेडिकल कॉलेजों आदि के माध्यम से इसका प्रचार करे। लोगों को इसकी आवश्यकता बतलायी जानी चाहिये तथा यह कितना समाजोपयोगी कार्य है, यह बात भी लोगों तक पहुंचनी चाहिये। स्वयंसेवी संगठन इस अभियान को चलाने में सरकार की भरपूर मदद कर सकते हैं। सरकार तथा विभिन्न संस्थाएं यदि लोगों को प्रोत्साहित करें तो निश्चित ही अनेक ज़रूरतमंदों को गया जीवन मिलेगा वरना अंगों के अभाव में बहुतों की मृत्यु लगभग तय है।

उल्टा पुल्टा

लड़का-पता है, बस में बैठते हुए मैं किसी लड़की को खड़ा नहीं देख सकता..
लड़की - तो फिर तुम क्या करते हो..?
लड़का - मैं अपनी आँखें बंद कर लेता हूँ..!

विशाल भोग भंडारा के लिए पुण्य भूमि देवभोग से आएगा 51 क्विंटल चावल

कुंभ मेला में राजिम भक्तिन माता के नाम से विशाल भोग भंडारा का होगा आयोजन

राजिम, 4 फरवरी (देशबन्धु)। राजिम कुंभ मेला 2025 मांघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा कुंभ मेला में आए हुए श्रद्धालुओं भक्तों के लिए विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। सर्व समाज के सहयोग से एवं राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के मार्गदर्शन में संचालित होने वाले इस भोग भंडारा में प्रतिदिन हजारों लोग निशुल्क भरपेट भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। विगत 3 वर्षों से साहू समाज के द्वारा मेले में आए हुए लाखों भक्तों के लिए भोजन प्रसादी का व्यवस्था किया जाता रहा है। इस वर्ष भी कुंभ मेला में राजिम भक्तिन माता के नाम से विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने मेला प्रशासन से विशाल डोम या 100 फीट बाई 100 फीट का सर्व सुविधायुक्त पंडाल की मांग किया है। तथा स्थानीय विधायक रोहित साहू से मिलकर समिति की कार्य योजना की जानकारी देकर सहयोग करने की मांग किया है। गत दिवस राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष लाला साहू की अध्यक्षता में आहूत की गईथी । बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार भोग भंडारा का आयोजन नदी स्थल में ही किया जाए। तथा मेले में आने वाले श्रद्धालु भक्तों को निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाए इस आयोजन में सर्व समाज का सहयोग रहता है। बैठक को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि श्री संगम स्थल महानदी में निशुल्क भोजन भंडारा का आयोजन करना पुण्य का कार्य है । एवं इस कार्य के लिए सर्व समाज से भंडारा में एक किलो चावल दान सहयोग के रूप में करने का आह्वान किया । मेला में आए हुए श्रद्धालुओं भक्तों को भरपेट भोजन समिति के द्वारा का किया जा रहा है जो की प्रशंसनिक कार्य है। इस आयोजन में समाज के सभी सांसद विधायक मंत्रीगण भी शामिल होंगे ।आवश्यक बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू समिति के संरक्षक मेहतरू राम साहू पंडित घनश्याम साहू बोधन साहू अध्यक्ष लाला साहू न्याय प्रकोष्ठ के सदस्य बालाराम साहू उपाध्यक्ष नूतन साहू आलोक साहू महामंत्री रामकुमार साहू सोहन साहू डॉ ओंकार साहू महासचिव हेमलाल साहू मिंजुन साहू संगठन मंत्री घनश्याम साहू मिश्रीलाल साहू दिनेश्वर साहू विष्णु साहू राजू साहू मेघु साहू नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष भवानी शंकर साहू नगर साहू संघ नयापारा के अध्यक्ष रमेश साहू रवि शंकर साहू नूतन साहू डिगेश्वर साहू परिक्षेत्र साहू समाज राजिम के अध्यक्ष प्रकाश साहू लीला राम साहू वरिष्ठ समाजसेवी मनीराम साहू ईश्वर साहू अशोक साहू दौलत राम साहू नारायण साहू नंदू साहू संतलाल साहू महिला प्रकोष्ठ संयोजिका सुनिति साहू युवा प्रकोष्ठ से होरीलाल साहू प्रीतम साहू मीडिया प्रभारी प्राचार्य पुनरलाल साहू शामिल थे। बाद का संचालन समिति के उपाध्यक्ष नूतन लाल साहू ने किया। कुंभ मेला में लगने वाले निशुल्क भोग भंडारा के लिए 51 चिंटल चावल देवभोग से आएगा विदित होगी पुरी के भगवान जगन्नाथजी के भोग के लिए देवभोग से अन्न जाता है एवं राजिम से भी देवभोग नगरी का संबंध धार्मिक ग्रंथो एवं वेद पुराणों में उल्लेखित है।

नामांकन स्वीकृत पश्चात जनपद सदस्य प्रत्याशी ललिता यदु ने किया जनसंपर्क

बलौदाबाजार, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अंतर्गत जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 05 से पूर्व जनपद सदस्य एवं कांग्रेस नेत्री ललिता यदु ने अपना नामांकन दाखिल करने के पश्चात नामांकन स्वीकृत होते ही क्षेत्र में चुनाव प्रचार प्रसार हेतु सक्रिय हो गई है। श्रीमती यदु कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी है जिनका चुनावी क्षेत्र जाना पहचाना है। इन्होने अपने पूर्व कार्यकाल में क्षेत्र के ग्रामों में शासन की योजनाओं के तहत ग्रामींणो के मांगों के अनुसार अनेक विकास कार्य भी सम्पादित किये है। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों का पुनः समर्थन इस चुनाव में मिलते दिखाई दे रहा हैं। ज्ञात हो कि श्रीमती यदु जिला पंचायत रायपुर के पूर्व उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत बलौदाबाजार के सदस्य परमेश्वर यदु की धर्म पत्नी है। उल्लेखनीय है कि परमेश्वर यदु भी पुनः जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन भरने के पश्चात चुनाव मैदान में है।

व्यय मॉनिटरिंग नियंत्रण कक्ष स्थापित

कलेक्टर ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर किया सेल का गठन

धमतरी, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के व्यय संबंधी शिकायतों की निगरानी के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला पंचायत धमतरी में व्यय मॉनिटरिंग नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है, जिसका हेल्पलाईन नंबर 07722-232560 है। उन्होंने प्राप्त शिकायतों की प्रस्तुति के लिए ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के लोखाधिकारी सुकमन नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सहयोग के लिए सेल का गठन भी किया गया है, जिसमें चार पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के तहत सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक सहायक ग्रेड 3 दिनेश साहू, डाटा एंट्री ऑपरेटर दिनेश साहू, दोपहर 12 से शाम छः बजे तक डाटा एंट्री ऑपरेटर मंजू सोनी, लेखापाल सह डाटा एंट्री ऑपरेटर कुमारी उषा सिन्हा, शाम 6 से रात 12 बजे तक डाटा एंट्री ऑपरेटर रोशन गंजीर, भूषण देवांगन और रात 12 से सुबह 6 बजे तक लेखापाल दीपक सोनी और सामाजिक अंकेक्षक डी.के. विश्वकर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्रदाय किया पेंशन प्राधिकार पत्र

धमतरी, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर नम्रता गांधी ने 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए जिले के 8 शासकीय सेवकों को गत दिनों पेंशन प्राधिकार पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर गांधी ने सेवानिवृत्त हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और स्वस्थ रहने की कामना की। सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों में व्याख्याता शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल राजेन्द्र कुमार मीनपाल, डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी कमलेश कुमार साहू, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल घोटगांव लोकनाथ देव, पशु चिकित्सा विभाग के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी सुकदेव राम नेताम, प्रधानपाठक माध्यमिक शाला नगरी ज्योतिकांत साहू, माध्यमिक शाला धमतरी भूषण लाल सोनबेर, स्थल सहायक विद्युत यांत्रिकी, भारी संयंत्र, संभाग रूद्री ढेलूराम साहू और जल संसाधन विभाग बांध क्रमांक-02 के चौकीदार अंगद कुमार वर्मा शामिल हैं।

कलेक्टर ने राईस मिलर्स की ली बैठक

अभी तक 6 लाख 62 हजार टन धान का उठाव

महासमुंद, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छग में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफसीजन में रिकॉर्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। धान खरीदी का सिलसिला 14 नवंबर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रहा जिसके अंतर्गत महासमुंद के पंजीकृत 1 लाख 53 हजार 281 किसानों ने धान विक्रय किया। महासमुंद जिला सर्वाधिक 11.04 लाख टन धान खरीद कर राज्य में पहले नंबर पर रहा। कलेक्टर विनय लंगेह ने आज शाम राइस मिलर्स की बैठक लेकर तेजी से उठाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी संपन्न हो चुकी है अतः सभी मिलर धान का उठाव तेजी के साथ करें। उन्होंने जारी किए गए टोकन के अनुसार उठाव करने के निर्देश दिए हैं। ज्ञात है कि अभी तक 6 लाख 62 हजार टन धान का उठाव कर लिया गया है, जो कि कुल धान खरीदी का 59 प्रतिशत है। इस दौरान उन्होंने राईस मिलर्स की समस्याओं को भी गंभीरता पूर्वक सुनी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप अतिशीघ्र धान उठाव कर लिया जाए। बैठक में खाद्य अधिकारी अजय यादव, जिला विपणन अधिकारी राठौर, नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा एवं जिले के राइस मिलर्स मौजूद थे। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के साथ ही कस्टम मीलिंग के लिए राइस मिलर्स द्वारा धान का 5 लाख 14 हजार 471 टन उठाव किया जा चुका है। राईस मिलर्स एवं संग्रहण केन्द्रों में कुल 6 लाख 62 हजार टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान उठाव पंजीकृत 192 राइस मिलर्स के जरिए किया जा रहा है।

मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित हुआ ईवीएम डेमो प्रदर्शन

ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की दी गई जानकारी

महासमुंद, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह की मौजूदगी में नगरीय निकाय निर्वाचन के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए इलेक्शन रूल और ईव्हीएम डेमो संबंधी मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रवि कुमार साहू सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने बताया कि जिले के 6 नगरीय निकायों के अंतर्गत 144 मतदान केन्द्रों के लिए 404 बैलेट यूनिट एवं 202 कंट्रोल यूनिट उपलब्ध है तथा 50 प्रतिशत बैलेट यूनिट एवं 35 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट आरक्षित किया गया है। इस बार नगरीय निकायों का निर्वाचन पारदर्शी तरीके से ईवीएम मशीन से होगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम जागरूकता के लिए प्रत्येक वार्ड और सार्वजनिक स्थानों पर ईवीएम मशीनों का डेमोस्ट्रेशन किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में भी कोई भी मतदाता मशीन का अवलोकन कर मॉक पोल कर सकते हैं। मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी ने ईवीएम डेमो प्रदर्शन में जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगरीय निकायों में ईवीएम से मतदान होना है। इस बार के निर्वाचन में एम टू टाइप की मशीनें प्रयुक्त होंगी, जिसमें कंट्रोल यूनिट तथा बैलेट यूनिट का ही प्रयोग होगा। वहीं नगर पालिका महासमुंद के वार्ड क्रमांक 06 में पार्षद पद के अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण एक के स्थान पर दो बीयू का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने ईवीएम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के स्थानीय नगरीय निकायों के निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिस इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन का उपयोग किया जा रहा है वह बहुपद, बहुस्थान वाली ईवीएम है जिसमें एक मतदाता द्वारा दोनों पदों अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए दो बार बटन दबाकर मतदान किया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर ने कंट्रोल यूनिट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल यूनिट के चार भाग हैं जिनमें डिस्प्ले सेक्शन, कैंडिडेट सेक्शन, रिजल्ट सेक्शन एवं बैलेट सेक्शन होते हैं। इसी तरह बैलेट यूनिट के संबंध में बताया गया कि बैलेट यूनिट में 16 बटन होते है। अंतिम क्रमांक 16 बटन एंड बटन होता है। मतगणना के लिए मतगणना कक्ष में केवल कंट्रोल यूनिट ही लाई जाएगी। मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम मतदान प्रक्रिया के संबंध में बताया कि मतदान अधिकारी क्रमांक 1 द्वारा मतदाता के सत्यता की पुष्टि के पश्चात मतदान अधिकारी क्रमांक.2 मतदाता रजिस्टर में सुसंगत प्रविष्टि और हस्ताक्षर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

भाजपा के अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों ने मांगा जैन समाज से विजयी होने का आशीर्वाद

नवापारा राजिम, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रत्याशी के बाद भाजपा प्रत्याशी ओमकुमारी संजय साहू भी सामाजिक संगठनों से आशिर्वाद लेने निकल पड़ी। भाजपा प्रत्याशी अपने सहयोगियों और विधायक इन्द्रकुमार साहू के साथ सदर रोड स्थित जैन भवन पहुंची। उन्होंने भी अपने लिए समाज से वोट मांगा और आश्वासन दिया कि समाज के हर समस्या का निराकरण होगा। इनके साथ पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गोयल, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा सहित अजीत चौधरी, मनीष चौधरी, संजय साहू सहित अनेकों भाजपा के प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता थे। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय गोयल ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में बहुत से विकास कार्य कराये जिसमें सियान भवन, जिम, स्टेडियम आदि अनेक कार्य थे मगर उन सभी निर्माण कार्य का देखरेख के अभाव में हाल बेहाल है। सियान भवन में सियान के बैठने की व्यवस्था नहीं, एसी का अता पता नहीं, उनके खेलने के सामान गायब, यही नहीं स्टेडियम के खेल मैदान की दुर्दशा हो गई है। अब तक खेलने लायक उसे नहीं बनाया जा सका। कोई भी कार्य करने के लिए सोच उंची होनी चाहिए मगर ये सब देखने को नहीं मिला। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने भी अपना विचार रखते हुए कहा कि विधायक चुनाव के दौरान भी मैं समाज का आशिर्वाद लेने आया था और आप लोगों के आशिर्वाद से मैं विजयी हुआ और विधायक बना। आज मैं पालिकाध्यक्ष के लिए आप लोगों से आशिर्वाद लेने आया हूं, पिछली बार की तरह इस बार भी आप लोगों के आशिर्वाद की आवश्यकता है। कार्यक्रम का आभार दिगंबर जैन समाज के पूर्व संरक्षक अशोक गंगवाल ने किया।

मातृ-पितृ पूजन दिवस में बच्चों ने माता-पिता के पखारे पांव

- पूजन अवसर पर छलक आए आंखों में आंसू
- बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

बलौदाबाजार, 4 फरवरी (देशबन्धु)। बेलोदी आश्रम के साधक परिवार राजनांदगांव के तत्वाधान में दुर्ग-भिलाई के साधक परिवार द्वारा 2 फरवरी को विकासखण्ड पलारी के ग्राम तिल्दा में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दुर्ग-भिलाई से आये साधक परिवार व हरी ओम किर्तन मण्डली के अध्यक्ष संतराम पटेल, कार्यकर्ता पेखन पटेल, हरिकिर्तन पटेल, कुंजराम साहू, त्रिदेव भाई पटेल बलौदाबाजार से भरत पटेल द्वारा संत श्री आशाराम बापू जी के फोटो में द्वीप प्रज्ज्वलीत कर पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने अपने माता-पिता का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर माता-पिता की आरती की। बच्चे जिस समय अपने माता-पिता से पूजन के दौरान गले लगे सभी का हृदय द्रवित हो गया। पूजन के सामूहिक दृश्य से सभी आनंदित थे। कार्यक्रम में गांव के बच्चे अपने माता-पिता के साथ आए थे।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चंचल साहू, मानव साहू, सावित्री साहू, मोहन, प्रेमलाल, भरत पटेल, जीतू, हेमलाल साहू, आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस दौरान माता-पिता को समर्पित गीत, भजन आदि प्रस्तुत किया गया। दुर्ग-भिलाई से आये साधक भाईयों द्वारा कहा गया कि आज का दिन माता-पिता के समर्पण का दिन है। माता-पिता प्रत्यक्ष रूप से ईश्वर के रूप में होते हैं। माता और पिता को बच्चों के साथ समय बीताना चाहिए, उनसे बातें करनी चाहिए। संतान को अपने माता-पिता से प्रतिदिन कुछ देर उसके विचारों को साझा करनी चाहिए। माता-पिता का भी बच्चों के प्रति मित्रवत व्यवहार हो। माता-पिता भी अपने संतान पर विश्वास रखें, उनका हौसला बढाए। माता-पिता की सेवा कर हम अपना सिर्फकर्तव्य का निर्वहन करते हैं। इसलिए कम से कम कर्तव्य के पालन में चूक ना करें। हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलनी चाहिए।

उक्त अवसर पर हरी ओम किर्तन मण्डली के अध्यक्ष संतराम पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह समिति पिछले 5 वर्षों से लगातार यह आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही समिति का विस्तार किया जाएगा। ऐसे आयोजन जिससे लोग प्रेरित होकर अपनी संस्कृति की रक्षा की जा सके, इस पर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा करने के लिए यह समिति लगातार प्रयास करेगी। जिससे अन्य पाश्चत्य देशों की वेलेन्टाईन-डे जैसे ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

आनंद मेला का लोगों ने उठाया लुत्फ

नवापारा राजिम, 4 फरवरी (देशबन्धु)। अंचल के प्रतिष्ठित पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में दो दिवसीय लईका मड़ई के प्रथम दिवस के अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह, नायब तहसीलदार प्रांजल सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा सहित संस्था प्राचार्य फाखरा खानम दानी, सेवानिवृत्त व्याख्याता आरएन तिवारी, एलएन बांसवार, एसआर सोन, पत्रकार रमेश पहाड़िया, श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, मनीष जैन, विनोद जैन, आलोक पहाड़िया, श्रीकांत साहू, युवराज साहू, प्रवीण साहू, नागेन्द्र निषाद, तुकाराम कंसारी, दानदाता नटराज स्टेशनरी संचालक भरत, श्रीमती माया सोनी, विजय स्टेशनरी के विजय साहू की उपस्थिति में आनंद मेला का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व्दारा दोसा, गुपचुप, मंचुरियन, मोमोस, फरुड्स, कटोरी चाट, बर्गर, ढोकला, बर्फगोला, चनाबूट, मिर्ची भजिया, साबुदाना बड़ा, सैण्डविच, स्प्रींग रोल, भेल आदि विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये गये थे जिसका अतिथियों पालकों ने खूब आनंद उठाया। आनंद मेला में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, पालकगण सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

साहू समाज के पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन

ईश्वर समाज रत्न से सम्मानित, बने आजीवन संरक्षक

महासमुंद, 4 फरवरी (देशबन्धु)। साहू समाज समाजिक भवन में गत दिनों नगर साहू समाज की बैठक आहूत की गई। जिसमें चुनाव संबंधी चर्चा के बाद सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया था। पदाधिकारियों शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरीश साहू पूर्व तहसील अध्यक्ष एवं सुखनंदन साहू की उपस्थिति में पदाधिकारियों ने शपथ ली। इस अवसर पर नगर साहू समाज द्वारा पूर्व नगर अध्यक्ष ईश्वर साहू को समाज रत्न सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें समाज का आजीवन संरक्षक घोषित किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारी संरक्षक मेहतरू साहू, अध्यक्ष रवि साहू, उपाध्यक्ष अमर साहू, छन्नू साहू, लक्ष्मी साहू, कोषाध्यक्ष मणिराम, सचिव नीलकंठ ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

जिले के 6 नगरीय निकायों में 6 अध्यक्ष पद के लिए कुल 20 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

गरियाबंद, 4 फरवरी। नगर पालिका निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले में चुनावी प्रक्रिया तेजी से जारी है। नगरीय निकायों का चुनाव 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जिले में एक नगर पालिका परिषद और पांच नगर पंचायत है। जिले के कुल 6 नगरीय निकायों के 6 अध्यक्ष पद के लिए 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे।

कुरूद में राजनीतिक दलों का जनसंपर्क अभियान

कुरूद, 4 फरवरी (देशबंधु)। नगर पंचायत कुरूद में राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। प्रत्याशीगण अपनी अपनी प्रचार सामग्री से नगर को सजा दिया है। चौक चौराहों बैनर पोस्टर और राजनीतिक झंडों से पट चुके हैं। चुनाव प्रचार वाहन नगर के गली मोहल्लों में चौक चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थल तक पहुंच रहे हैं। लाउडस्पीकर के माध्यम से जनता से मतदान की अपील की जा रही है। आज से राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान तेज हो गया है।

कुरूद नगर पंचायत में इंडियन नेशनल कांग्रेस से तपन संजय चंद्राकर, भाजपा से ज्योति भानू चंद्राकर,आम आदमी पार्टी से विनोद सचदेवा और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में योगेश चंद्राकर अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं.वैसे बीजेपी पार्टी की ज्योति चंद्राकर कांग्रेस की संजय तपन चंद्राकर दोनों ही नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष रह चुके हैं। यह दोनों प्रत्याशी नगर विकास के अपने-अपने दावे कर रहे हैं. भाजपा के ज्योति भानू चंद्राकर नगर विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं को आगे बढ़ाना है, का नारा देकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। कांग्रेस के संजय तपन चंद्राकर भाईचारा समरसता स्वार्गिण विकास का नारा देकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के विनोद सचदेव भी साफ सुंदर और भ्रष्टाचार मुक्त शहर का नारा देकर प्रचार कर रहे हैं। वहीं योगेश चंद्राकर भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरकर कर मुक्त कुरूद अब से जनता का कुरूद का नारा देकर प्रचार कर रहे हैं। कुल 15 वार्डों में दोनों राष्ट्रीय पार्टी पार्षद के लिए उम्मीदवार खड़े किए हैं, जबकि आम आदमी पार्टी के केवल अध्यक्ष पद प्रत्याशी खड़ा किया है.इस बार आम आदमी पार्टी अपना भाग्य आजमा रही है। पार्टी के प्रत्याशी विनोद सचदेव भी प्रचार प्रसार के लिए अपना बैनर पोस्टर चौक चौराहा में लगा दिया है। चारों प्रत्याशियों को जनता से वोट की अपील करते देखे जा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक प्रदेश स्तर के नेतागण भी अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगने कुरूद नगर में आ सकते हैं। पार्षद पद के लिए वार्ड 6 से निर्दलीय प्रत्याशी समारू सिंन्हा, थनेश्वर प्रसाद सिंन्हा ,वार्ड क्रमांक 13 से देवेंद्र कुमार ढीमर,, ज्ञानचंद सिंन्हा, वार्ड क्रमांक 8 से योगेश चंद्राकर निर्दलीय चुनाव मैदान में प्रत्याशी के रूप में लड़ रहे हैं.यह लोग भी लोगों तक अपना बैनर पोस्टर और पंपलेट लेकर पहुंच रहे हैं। इस समय नगर पंचायत कुरूद में अध्यक्ष और पार्षद पदों के प्रत्याशीगण अपना चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन

पलारी 4 फरवरी (देशबन्धु) पलारी के बाजार चौक में नगर पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ, इस भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उत्साह और संकल्प का नज़ारा देखने को मिला, जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पलारी में अध्यक्ष पद प्रत्याशी यशवर्धन मोनू वर्मा एवं 15 वार्ड के पार्षद प्रत्याशीयों को प्रचंड मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया। मुख्यवक्ता गौरीशंकर अग्रवाल ने सम्मेलन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री मदन लाल ठेठवार जी का वार्ड 06 में प्रतिमा निर्माण का सामाजिक जन से वादा किया। नगरीय निकाय चुनाव में जनता का अपार समर्थन हमें ट्रिपल इंजन सरकार की ओर अग्रसर कर रहा है। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी सभी वादा पूरा किया है महतारी वंदन के पैसा हर महीना दे रहा नगर में जो विकास अभी हुआ है ओ भी यशवर्धन वर्मा के कार्यकाल मे हुआ है रायपुर से बलौदाबाजार रोड पर पलारी पहुँचते ही पता चल जाता है कि पलारी आ गये ऐसा विकास का कार्य हुवा है आप अपना आशीर्वाद भाजपा को दीजिये और नगर की मूलभूत सुविधाओं को पूरा कीजिये । इस कार्यक्रम पर आरंग विधायक खुशवंत साहेब,पूर्व जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े,जिलाध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व अध्यक्ष जि.स.के. बै. योगेश चंद्राकर,वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा,प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा दुर्गा महेश्वर,प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री प्रभारी पलारी कृष्णा अवस्थी, विधानसभा कसडोल प्रत्याशी रहे धनीराम धीवर, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, के.अ.म. कु. स. खोड़स राम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा,जिला अध्यक्षा अल्प. गुलाम गौस,प्रदेश अजा मोर्चा शंभू सिंह डहरिया,मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संडी महेंद्र साहू,मंडल अध्यक्ष संडी मिथलेश साहू,वरिष्ठ नेता रमेश धीवर पार्षद प्रत्याशी ताजेंद्र कनौजे,राजेंद्र साहू, धनेश्वरी साहू,मंजू देवांगन,देवेंद्र वर्मा,सुभाष वर्मा, हरीश गेडरे,शैलेंद्री गेंडरे गेमलाल गेमू यादव,संजू वर्मा,खेलन वर्मा,राधा वर्मा,रवि ध्रुव,डोमार वर्मा,तिलक हलधर भाजपा की पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से गोविंद वर्मा,राजू वर्मा,संतु जायसवाल,रामरतन वर्मा,मनीष दुबे,दुर्गेश यादव,परमेश्वर ठेठवार, राजमती वर्मा,कुमारी वर्मा,कार्यक्रम में बड़ी भव्य संख्या में नगर के गणमान्यजन एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

व्यय प्रेक्षक ने नपं अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का अवलोकन किया

बिलाईगढ़, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त, व्यय प्रेक्षक अजय कुमार सांडे ने नगर पंचायत सरसिंवां, भटगांव, पवनी, बिलाईगढ़, नगर पंचायत बरमकेला एवं सरिया का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के अभ्यर्थियों से व्यय के लेखा जोखा के प्रस्तुति के संबंधी में जानकारी दी और व्यय लेखा का अवलोकन किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के द्वारा खर्च की जांच की गई। लेखा अधिकारियों ने इस दौरान अभ्यर्थियों के व्यय का अनुवीक्षण जांच किया।निरीक्षण के दौरान कोषालय अधिकारी चंद्रपाल सिंह ठाकुर, उप कोषालय अधिकारी दलबीर सिदार, सहायक लेखा अधिकारी सुधा कश्यप, मालिक राम लहरे, लाइजनिंग अधिकारी बजरंग सिंह पैकरा उपस्थित थे।

जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा नवमी और 11वीं की प्रवेश परीक्षा 8 को

लवन, 4 फरवरी (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य बी गिरजा से मिली जानकारी के अनुसार नवोदय विद्यालय समिति एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली की ओर से प्रवेश परीक्षाआयोजित हो रहा है।चार सीट नौवीं के लिए और 11वीं के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए बलौदा बाजार जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन मैं 8 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस केंद्र में नवमी कक्षा के लिए 308 परीक्षार्थी और ग्यारहवीं कक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए 42 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन 17 तक

धामतरी, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, उनसे शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण के लिए वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

नर्रा के हायर सेकेंडरी स्कूली में धूमधाम से मनाया गया बंसत पंचमी पर्व

बागबाहरा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। ओडिशा सीमा से लगे शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल नर्रा में बसंत उत्सव का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति नर्रा के अध्यक्ष टेकराम पटेल, विधायक प्रतिनिधि विजय शंकर निगम, सदस्य रूपेंद्र साहू, आशीष गुप्ता एवं संस्था के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी ने विद्या देवी मां शारदा सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।जिसमें प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रो के समूह को विधायक प्रतिनिधि विजय शंकर निगम की ओर से ट्रॉफी प्रदान किया गया। वहीं संस्था के व्याख्याता तुलाराम दीवान, भूपेंद्र पढ़ियार, पन्नालाल साहू, कामता प्रसाद साहू, दुर्गेश चंद्राकर, लेखमणि पटेल, कौशल चक्रधारी, कुसुम साहू, पायल तिवारी, सहित बड़ी संख्या में पालक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुश्री नीलिमा भोई के निर्देशन में प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन योगेश साहू ने किया।

मंदिर हसौद में भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

आरंग, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत मंदिर हसौद में नगर पालिका परिषद चुनाव के लिए चुनाव प्रभारी के रूप में देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन को प्रभारी बनाया गया है।चुनाव प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन और उनकी टीम के द्वारा मंदिर हसौद में भाजपा प्रत्याशी को जीताने के लिए जी तोड़ मेहनत की जा रही है इसी कड़ी में लगातार चुनाव प्रभारी मंदिर हसौद क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। साथ ही लगातार बैठकों का दौर जारी है सोमवार को मंदिर हसौद में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। इसके साथ ही चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी संदीप जोशी को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। इस क्षेत्र में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है और क्षेत्र को विकास के एक नए शिखर पर ले जाने की बात कही गई।भाजपा प्रत्याशी संदीप जोशी के चुनाव जीत के आने के बाद इस क्षेत्र में रायपुर के ऑक्सीजोन के तर्ज पर गार्डन का निर्माण करने की घोषणा की गई है ताकि लोगों को स्वच्छ वातावरण एवं मॉर्निंग वॉक करने की जगह मिले। कार्यक्रम के पश्चात वार्ड क्रमांक 14 में भाजपा प्रत्याशी प्रेमनाथ साहू के कार्यालय का उद्घाटन किया गया।चुनाव प्रभारी ओम डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया और जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वार्ड क्रमांक 14 में भाजपा प्रत्याशी प्रेमनाथ साहू को बड़ी मतों से जीत दिलाना है। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर प्रमुख रूप से सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक गुरु खुशवंत साहेब,पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय के साथ चुनाव प्रभारी डॉक्टर ओमप्रकाश देवांगन , मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वर्मा और देवांगन समाज के पदाधिकारी भीखम देवांगन के साथ ही पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने विभिन्न वार्डो का किया सघन जनसंपर्क

कोहका, तिल्दा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने विभिन्न वार्डो का किया सघन जनसंपर्क। नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा के कांग्रेस से अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा ने आज विभिन्न वार्डो में जाकर सघन जनसंपर्क किया। वार्ड क्रमांक 4 , 3 में सघन जनसंपर्क प्रारंभ किया गया। इस बीच पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, आदि उपस्थित हुए। साथ ही गोदडी धाम में पूजा-अर्चना कर आम लंगर का आयोजन किया गया था जिसमें कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी, आदि उपस्थित हुए। साथ ही उक्त वार्डो के कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी भी उपस्थित थे, वहीं भारी संख्या में समर्थक नागरिक गण भी मौजूद रहे। वहीं जनसंपर्क में लक्ष्मीनारायण वर्मा को अच्छा खासा जनसमर्थन मिल रहा है। साथ ही बुधवार को वार्ड क्रमांक 5, 6 व 7 में जनसंपर्क किया जाएगा।

भाजपा व कांग्रेस में कांटे की टक्कर

तिल्दा नेवरा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका तिल्दा नेवरा के चुनावी मैदान में इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है. बीजेपी ने जहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं कांग्रेस भी अपनी रणनीति के साथ मजबूती से डटी हुई है. कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा भाजपा के लिए जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण वर्मा,छाया वर्मा ,राम गिड़लानी ,शैलेश नितिन त्रिवेदी मैदान में डटे हुए हैं. भाजपा प्रत्याशी चन्द्रकला वर्मा ने अपने चुनाव प्रचार को गति देते हुए घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने जनता से आशीर्वाद लिया और अपने संकल्पों को साझा किया। जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशियों ने मतदाताओं से सीधा संवाद किया और नगर के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। चन्द्रकला वर्मा ने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता नगर के चहुंमुखी विकास और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। वहीं, पार्षद प्रत्याशी जयेश पैकरा ,ईश्वर यदु, विनोद नेताम ने क्षेत्र की समस्याओं को हल करने और जनसेवा को अपना मुख्य लक्ष्य बताया। जनता ने भी भाजपा प्रत्याशियों को अपार समर्थन देते हुए भरोसा जताया कि उनकी जीत से नगर को नया आयाम मिलेगा। विभिन्न क्षेत्रों में किए गए जनसंपर्क के दौरान लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाजपा उम्मीदवारों का स्वागत किया और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई। भाजपा प्रत्याशियों का यह जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है, जिससे चुनावी माहौल में तेजी देखने को मिल रही है। कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा वार्डो में जाकर सघन जनसंपर्क कर रहे है । वार्ड क्रमांक 4 , 3 में जनसंपर्क किया वार्ड क्रमांक चार में पार्षद प्रत्याशी दशरथ डहरिया के साथ उन्होंने जनता का आशीर्वाद लिया आम जनता इस बार उन्हें समर्थन और अपना आशीर्वाद देते दिखे गोदडी धाम में पूजा अर्चना कर आम लंगर में अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा,राम गिड़लानी , पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी,एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता और पार्षद प्रत्याशी ,भारी संख्या में समर्थक और नागरिक गण मौजूद रहे। बीजेपी और कांग्रेस में सीधा टक्कर यु तो नगर पालिका अध्यक्ष के लिए आम आदमी पार्टी के साथ कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में उतरे है लेकिन इनका कोई भी जनाधार नहीं दिख रहा है इस बार का नगर पालिका चुनाव बेहद दिलचस्प होता जा रहा है. जहां भाजपा अपने संगठन के दम पर जनता को लुभाने में लगी हुई है, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अपने कार्यों के बल पर जनता का विश्वास जीतने की कोशिश कर रहे हैं.अब देखना यह होगा कि तिल्दा नेवरा की जनता किसे अपना नया अध्यक्ष चुनती है और कौन इस नगर के विकास का जिम्मा संभालता है।

अध्यक्ष के लिए 7 व 15 वार्ड के पार्षद के लिए 49 प्रत्याशी मैदान में

लवन, 4 फरवरी (देशबन्धु)। 11 फरवरी को होने वाली नगर पंचायत चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित नगर पंचायत लवन मैं कांग्रेस बीजेपी बसपा सहित चार निर्दलीय कुल 7 अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मैदान में है इसी तरह कुल 15 वार्डों के लिए पार्षद पद हेतु 49 प्रत्याशी मैदान में है जिनका चुनाव प्रचार प्रसार जोरों से जारी है।

अध्यक्ष पद में मुख्य मुकाबला कांग्रेस के विनोद आनंद और भाजपा के प्रत्याशी शिवमंगल सिंह चौहान व निर्दलीय के बीच है इसी तरह पार्षद हेतु वार्ड क्रमांक 1 से वीरेंद्र साहू, रामकुमार साहू ,भारत भूषण साहू, ज्ञानचंद साहू मैदान में है दो से अभय तिवारी ,नंदकुमार वर्मा ,कमलेश वर्मा, लक्ष्मी यदु तीन से मनीष खोटेश्वर ,येसुदास निराला, गौतम कतरे चार से आकाश साहू, प्रकाश ताम्रकार ,विक्रम अमित बार्वे 5 से चूड़ामणि सिंघम, मृत्युंजय पांडे 6 से आशा कोसरिया सुरेंद्र बारले,अनिल फिरत कोरिया, हर प्रसाद बारले, कुलदीप ओगरे 7 से चूड़ामणि यदु,नरेंद्र साहू अभय कुमार साहू अजय साहू आठ से श्री चंद साहू ,ओमप्रकाश साहू 9 से मनेंद्र जायसवाल ,मनीष साहू अयोध्या जायसवाल 10 से चंपा साहू गीतांजलि भावेश तिवारी 11 से रितु रजक सत्यावती सेन अंजू साहू 12 से बुधियारिन बुधराम धीवर,देवकीबाई धीवर,राहीबाई यादव रूपा बाई धीवर 13 से किशोर बंजारे, मनोज कुमार कोठारी ,कमल नारायण घृतलहरे,संतोष घृतलहरे 14 से राम कुमारी केशव रात्रे सुरती उमेश चतुर्वेदी ,सुमन कोठारी 15 से दरशबंदे गंगेश्रीकुर्रे ,जय श्री जगदीश बार्वे प्रत्याशी मैदान में है जिनका प्रचार प्रसार जोरों से जारी है। अध्यक्ष पद के कांग्रेस प्रत्याशी विनोद अनंत के पक्ष में सतनामी समाज व नगरवासी प्रचार में जुटे हुए हैं।

निधन

आनंद शर्मा



रायपुर, 4 फरवरी। लोकमान्य सोसाइटी, गोल चौक, बी-15 निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास पुरानी बस्ती रायपुर के अध्यक्ष आनंद शर्मा (बाराडेरा वाले) का 4 फरवरी मंगलवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती सुमन शर्मा के पति, इंजीनियर चंद्रप्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा के बड़े भाई एवं सोनल, मीनल, काजल के पिता थे।

प्रादेशिकी का शेष...

मीडिया प्रतिनिधियों के ...

लेगा। इसी प्रकार मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सीयू पर बैलेट बटन दबाकर मत जारी करेगा। जिससे वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में सीयू पर लाल बल्ब और बीयू पर हरा बल्ब जलेगा। तत्पश्चात मतदाता मतदान कर सकता है। मतदाता को अध्यक्ष पद के लिए सफेद मत लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा, इसकी पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। इसी तरह पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। जिसकी पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगी, जिसका मतलब होगा कि मतदान पूरा हुआ। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने स्वयं डेमो करके मतदान प्रक्रिया से संबंधित अपने संशय को भी दूर किए। मतदाता के लिए यह बाध्यकारी नहीं है कि वह किस क्रम में मतदान करे। वह दो पदों में से किसी भी पद के लिए मतदान कर सकता है और यह भी अनिवार्य नहीं है कि वह दोनों पदों के लिए मतदान करे। यदि कोई केवल एक पद के लिए मतदान करना चाहे तो वह ऐसा भी कर सकता है। ऐसे में केवल एक मत अंकित होने पर मशीन से अगले मतदाता के लिए मत जारी नहीं हो सकेगा। इसलिएए मतदाता केवल एक मत अंकित करने की स्थिति में मशीन के सबसे नीचे या आखिरी बीयू के सबसे नीचे इण्ड बटन दबाएगा। इस प्रकार मशीन से अगले मतदाता के लिए मत जारी हो सकेगा। यदि मतदाता केवल एक पद के लिए मतदान करे और एण्ड बटन न दबा पाए, तब मतदान अधिकारी सीयू का पावर बटन बंद करके दोबारा चालू करेगा और मतदान प्रक्रिया जारी रखेगा। यदि मतदाता किसी भी पद के लिए मतदान न करे तब भी वह इण्ड बटन दबाकर जा सकता है। दो पदों के लिए एक साथ मतदान होने के कारण बीयू में दो पदों के लिए मत लेबल लगे होंगे। नगरपालिकाध् नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए सफेद रंग का होगा। पार्षद पद के लिए गुलाबी रंग का होगा और इन पर निर्वाचन क्षेत्र अर्थात वार्ड का नाम लिखा होगा।

मातृ-पितृ पूजन दिवस...

संस्कृति हमारे गांव, शहर, देश को प्रभावित न कर सके। कार्यक्रम में पेखन पटेल, हरिकिर्तन पटेल, कुंजराम साहू, केशव पटेल, संतोष पटेल, उमाशंकर साहू, तेजराम पटेल, त्रिदेव भाई पटेल, ढलेश्वर पटेल, कुंजराम साहू, पुनी राम साहू, पुसऊ यादव, लच्छी राम साहू, ओम प्रकाश (कोदू) साहू, फुलेश पटेल, देव यादव, शिवम पटेल, पोषक पटेल, हिमांशु पटेल, प्रद्युम पटेल, जानकी बाई पटेल, गुलाब बाई साहू, रूपाक्षी पटेल, हीना पटेल एवं बडी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

साहू समाज के ...

साहू, सहसचिव दिलीप कुमार, ढालचंद, आडिटर हरभंस, सलाहकार ग्वालू, रघुवीर, प्रचार प्रसार नारायण साहू, प्रेमलाल साहू, शंकर तथा युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दुर्गा साहू आदि ने शपथ ग्रहण किया।

सशिमं में बसंत उत्सव कार्यक्रम

बागबाहरा, 4 फरवरी। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उ. मा. विद्यालय बागबाहरा में वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में विद्यालय में सरस्वती पूजन एवं वसंत उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीक्षा सिन्हा (पूर्व छात्र), विशेष अतिथि अंजू जैन (धर्मपत्नी-लालचंद जैन), विकास बग्गा (सदस्य-विद्यालय संचालन समिति) रेखा श्रीवास्तव (अभिभावक) लेखनी निर्मलकर एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में श्रद्धा चंद्राकर (उपाध्यक्ष-विद्यालय संचालन समिति) उपस्थित रहे। आगंतुक सभी अतिथियों का परिचय विद्यालय के बहिन सृष्टि साहू ने किया। कार्यक्रम की इस कड़ी में आगंतुक अतिथियों, सभी विद्यार्थियों, आचार्यों व समिति के सदस्यों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ ऋतुराज वसंत का स्वागत करतें हुए विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के प्रागट्य दिवस पर परम्परागत पौराणिक विधि द्वारा हवन एवं पूजन सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर पं. गजेन्द्र ने पूजन विधि सम्पन्न कराई और आगंतुक अतिथियों, किशोर भारती के भैया/बहिनों एवं प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने विद्यालय परिवार की ओर से पूजन कार्य सम्पन्न किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के भैया-बहिनों ने समवेत स्वर में सरस्वती वंदना और प्रार्थना का गायन कर मां सरस्वती का आह्वान किया और उनकी मंगल कृपा की विनम्र याचना की। विद्यालय में इस दिन वसंत पंचमी को समर्पण दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी भैया-बहिन एवं आचार्य तथा समिति के सदस्य यथाशक्ति समर्पण राशि मां सरस्वती के चरणों में अर्पित करते हैं। उक्त राशि का उपयोग वनवासी एवं उपेक्षित क्षेत्रों में विद्याभारती द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क विद्यालयों में किया जाता है। कार्यक्रम की इस कड़ी में विद्यालय के भैया/बहिनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे हिन्दू संस्कृति में इस पर्व का बहुत महत्व होता है हमारे तीन ऋतुओं में शीत ऋतु में आने वाली वसंत पंचमी महत्वपूर्ण होती है । वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा कहा जाता है, तथा कार्यक्रम के अंतिम उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती सिन्हा ने सभी भैया बहिनों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय में अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा किए। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन बहिन सृष्टि साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने आभार प्रदर्शन किया और अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

झेरिया यादव समाज की वार्षिक बैठक जैतपुर में संपन्न

छात्र कु. योगिता को मिला प्रोत्साहन राशि

बिलाईगढ़, 4 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की गंगा कहे जाने वाले जीवनदायनी महानदी के पावन धरा के किनारे ग्राम जैतपुर मां जताई दाईं के समीप बने झेरिया यादव भवन में बैठक संपन्न हुआ। यादव समाज ने शिक्षा संगठन व संघर्ष की राह में चलते हुए अपने समाज को आगे बढ़ा रहे हैं। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में जो बालक बालिका प्रथम आकर अपने गांव व मां-बाप और अपने क्षेत्र के नाम रोशन कर रहे हैं। उन सभी छात्र-छात्राओं को समाज के ओर से प्रोत्साहन राशि के रुप में 5000 नगद राशि दिया जाता है। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं के पढ़ने की ललक और बढ़ता जाता है। इस साल प्रथम आने वाली कु.योगिता यादव गाव चकरदा को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।और यह राशि सभी यादव समाज के बीच में सम्मान के साथ दिया जाता है। ताकि आगे पढ़ाई करने में छात्र-छात्राओं को मदद मिल सके। जिसमें सामाजिक एकता भी बनी रहे। जैतपुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, उपाध्यक्ष बुद्धेश्वर यादव,सचिव हुकुमचंद यादव,सह सचिव पहारु यादव संरक्षण हरकित यादव,कोषाध्यक्ष दशरथ यादव, रोहित यादव, लक्ष्मी यादव, रूप लाल यादव, राधे यादव आदि के अलावा परिक्षेत्र के यादव समाज बड़ी की संख्या में उपस्थित रहें।

मां सरस्वती और महाप्राण निराला की जयंती मनाई गई

खरोरा, 4 फरवरी (देशबन्धु)। विद्या, कला और संगीत की देवी मां सरस्वती का अवतरण वसंत पंचमी के दिन हुआ। इसलिए विद्यानुरागी भक्तगण प्रतिवर्ष वसंत पंचमी को उनकी पूजा कर स्तुति करते हैं। मानस पटल पर छाए अज्ञानता, अविवेक के अंधकार को दूर कर तुलसी, कालिदास और विवेकानंद की तरह विवेक दान की याचना की जाती है। आज ही के दिन सरस्वती के वरद-पुत्र, छायावाद के आधार स्तंभ, मुक्त छंद के पुरोधा, महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म हुआ था। पारिवारिक, सामाजिक व साहित्यिक समस्याओं से आजीवन संघर्ष करने वाले कवि निराला की रचनाओं में प्रकृति प्रेम, राष्ट्रीय भावधारा, सामाजिक समता, प्रगतिवादी दृष्टि और सौंदर्य बोध मुखरित हुआ है। अपराजिता, परिमल, गीतिका, अर्चना, अपरा, बेला, तुलसीदास, सरोज स्मृति, राम की शक्ति पूजा आदि उनकी उल्लेखनीय काव्य कृतियां हैं। उन्होंने उपन्यास, कहानी, निबंध, गीत आदि विधाओं पर अपनी लेखनी संचालित कर साहित्य के भंडार में वृद्धि का अविस्मरणीय योगदान दिया है। उक्त बातें स्व रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय खरोरा के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ बाल्मीकि साहू ने कहीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी मां सरस्वती के प्राकट्य और निराला जी की कविताओं को रेखांकित किया। डॉ बाल्मीकि साहू ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनसे इस प्रकार की साहित्यिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने अपील की।

कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी मंगलवार को नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण पर भाटापारा पहुंचे। उन्होंनें यहां पंचम दीवान स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और संजीदगी से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ईव्ही एम का हैंडसऑन प्रशिक्षण देने के साथ ही बारीकी समझाने एवं शांकओ का समाधान करने मास्टर ट्रैनर को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री सोनी नें कहा कि सभी मतदान अधिकारी ई व्ही एम से मतदान प्रक्रिया को भली-भांति समझ लें। किसी प्रकार की शंका हो तो दूर कर लें। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान के लिए महिला कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई गई है। 10 फरवरी को मतदान सामग्री

वितरण किया जाएगा। सभी मतदान अधिकारी लगभग प्रात: 10 बजे सामग्री वितरण स्थल पहुंचेंगे। मतदान कर्मियों के ठहरने के लिए स्थल तय किये गये हैं। इस दौरान आवश्यक सहयोग के लिए एक-एक सहायक की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी बेहतर प्रशिक्षण लेकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। कलेक्टर नें इसके पश्चात् मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय का भी निरीक्षण कर व्यस्थाओं का जायजा लिया और जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और जरुरी निर्देश दिए। बताया गया कि नगर पालिका परिषद भाटापारा में अध्यक्ष व पार्षद के चुनाव के लिए 21 वार्डो में 61 मतदान केंद्र बनाए गये हैं तथा मतदान कराने के लिए रिजर्व सहित कुल 300 मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

ईव्हीएम का हैंडसऑन प्रशिक्षण देने एवं बारीकी समझाने के दिये निर्देश

इसी तरह नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में अध्यक्ष एवं पार्षद के चुनाव के लिए 21 वार्डो में मतदान के लिए 30 मतदान केंद्र बनाए गये हैं तथा रिजर्व सहित कुल 148 मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी भाटापारा अभिषेक गुप्ता, रिटर्निंग अधिकारी बलौदाबाजार सुश्री दीप्ती गौते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जिले के 6 नगरीय निकायों में 6 अध्यक्ष पद के लिए कुल 20 अभ्यर्थी लड़ेंगे चुनाव

गरियाबंद, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले में चुनावी प्रक्रिया तेजी से जारी है। नगरीय निकायों का चुनाव 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जिले में एक नगर पालिका परिषद और पांच नगर पंचायत है। जिले के कुल 6 नगरीय निकायों के 6 अध्यक्ष पद के लिए 20 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इनमें नगर पालिका परिषद गरियाबंद में 2, नगर पंचायत राजिम में 6, फिंगेश्वर में 4, छुरा में 2, कोपरा में 4 एवं नगर पंचायत देवभोग में 2 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इसी प्रकार प्रत्येक नगरीय निकाय में 15 वार्ड के हिसाब से छह नगरीय निकायों के कुल 90 वार्डों के लिए 267 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। इनमें नगर पंचायत कोपरा में सर्वाधिक 54, नगर पंचायत फिंगेश्वर में 53, नगर पालिका परिषद गरियाबंद में 48, राजिम में 43, देवभोग में 38 एवं नगर पंचायत छुरा में 31 उम्मीदवार पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

6 निकायों के 90 वार्डों के लिए 267 अभ्यर्थी पार्षद पद के उम्मीदवार

जिले के 16345 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

बलौदाबाजार, 4 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के लिए जिले में स्वीकृत 7490 पद के विरुद्ध 16345 दावेदारों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य के कुल 18 पदों के विरुद्ध 134 अभ्यर्थी, जनपद पंचायत सदस्य के 125 पद के विरुद्ध 649, सरपंच के 519 पद के विरुद्ध 2479 एवं पंच के 6828 पद के विरुद्ध 13083 अभ्यर्थियों नें नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में जमा किया है। नामांकन पत्र दाखिल करने वाले कोई अभ्यर्थी यदि नाम वापस लेना चाहते हों तो 6 फरवरी 2025 तक अभ्यर्थिता वापस ले सकते हैं। 16 फरवरी को ही चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

शनि मंदिर में सुन्दर काण्ड का हुआ आयोजन

बलौदाबाजार, 4 फरवरी (देशबन्धु)। दशहरा मैदान के पास स्थित श्री शनिमंदिर में प्रत्येक मंगलवार को शनि मंदिर समिति के सदस्यों व श्रद्धालुओं द्वारा सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाता है। यह आयोजन विगत चार वर्षों से हो रहा है। विदित हो कि श्री शनिमंदिर समिति एवं मंदिर के मुख्य पुजारी मनहरण दास वैष्णव जी के सानिध्य में सामाजिक सदभाव और सामाजिक समरसता को ध्यान में रखते हुए हिंदुओं के अनेक पर्व जैसे हनुमान जयंती, शनि जयंती, हिंदू नववर्ष, नवरात्रि पूजा, रुद्रा अभिषेक आदि का आयोजन किया जाता है। जिसमें आस पास के रहवासियों के अलावा नगर व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होते है। शनिमंदिर समिति न केवल धार्मिक आयोजन करती है बल्कि आसपास के स्थलों का स्वच्छता, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पौधा रोपड़ और आम लोगों के लिए स्वच्छ व शीतल पेयजल की आपूर्ति भी करती है। इस पुनीत कार्य में लखेश साहू, माखन लाल वर्मा, मोहन साहू, रुद्र कुमार चंद्रवंशी, जगत साहू, राजेंद्र सोनी, अग्रवाल दाऊजी, अविनाश मिश्रा, दिलीप माहेश्वरी, विनय गुप्ता सोनीजी इत्यादि का विशेष सहयोग प्राप्त होता है।

हरिहर शाला में लईका मड़ई

नवापारा राजिम, 4 फरवरी (देशबन्धु)। अंचल के प्रतिष्ठित पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में दो दिवसीय लईका मड़ई के प्रथम दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी रवि सिंह, विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार प्रांजल सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रदीप मिश्रा सहित संस्था प्राचार्य फखरा खानम दानी, सेवानिवृत्त व्याख्याता आरएन तिवारी, एलएन बांसवार, एसआर सोन, पत्रकार रमेश पहाड़िया, श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, मनीष जैन, विनोद जैन, आलोक पहाड़िया, श्रीकांत साहू, युवराज साहू, प्रवीण साहू, नागेन्द्र निषाद, तुकाराम कंसारी, दानदाता नटराज स्टेशनरी संचालक भरत, श्रीमती माया सोनी, विजय स्टेशनरी के विजय साहू मंचस्थ थे। वहीं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरभ सिंटू जैन, सदस्य प्रदीप मिश्रा भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया वहीं मुख्य अतिथि

रवि सिंह एवं विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार प्रांजल सिंह, सीएमओ प्रदीप मिश्रा को स्मृति चिन्ह से भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी श्रीसिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ ही विभिन्न गतिविधियों में भी भाग लेकर विद्यालय सहित नगर का नाम रौशन करना चाहिए।

प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्था प्राचार्य श्रीमती दानी ने नगर के दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे दानदाताओं के बदौलत ही विद्यालय की व्यवस्था में सुधार हो रहा है साथ ही उन्होंने सेवानिवृत्त व्याख्याताओं के योगदान को भी याद किया। वहीं बच्चों एवं शिक्षकों की मेहनत को भी सराहा जिसके कारण आज विद्यालय के बच्चे ब्लाक, जिले ही नहीं अपितु राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोहा मनवा रहे हैं।

कार्यक्रम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पुरस्कृत होने वाले पंथी नृत्य एवं रॉक बैण्ड के विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के 3000 मीटर दौड़ में स्थान बनाने पर ओम बघेल को पुरस्कृत किया गया, वहीं बेस्ट स्टुडेंट आफद ईयर के लिए सभी कक्षाओं के एक एक छात्र को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भारत साहू, चन्द्रकांत धनगर एवं सोमा शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

कक्षा 5वीं-8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा की सभी तैयारी करें सुनिश्चित

गरियाबंद, 4 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षा के केंद्रीयकृत आयोजन की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को परीक्षा के सुचारू आयोजन की सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूली बच्चों के आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र निर्माण की जानकारी लेकर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड ई केवाईसी, किसान सम्मान निधि, ई केवाईसी, लैंड सीडिंग एवं आधार अपडेशन की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीआर मरकाम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग नवीन भगत सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

- आय जाति प्रमाण पत्र निर्माण में लाएं प्रगति
- राशनकार्ड ई केवाईसी के कार्यों को करें पूर्ण
- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में ई एचआरएमएस में क्रियान्वयन, फार्मर्स रजिस्ट्री, ई ऑफिस क्रियान्वयन, क्रीडा प्रोत्साहन योजना एवं लंबित शिकायतों के प्रकरणों आदि की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 9 फरवरी को जिले में होने वाली पीएससी परीक्षा की तैयारी के संबंध में भी आवश्यक जानकारी लेकर सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एनएमएमएसई परीक्षा की भी तैयारी के संबंध में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में उल्लास कार्यक्रम की प्रगति एवं अपार आईडी निर्माण के संबंध में भी जानकारी लेकर कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कोसमंदा स्कूल में हुआ न्योता भोज कार्यक्रम उपहार मिला तो खुशी से झूमे बच्चे

रोहांसी/बलौदाबाजार, 4 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को पलारी विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला कोसमंदा में अपने शादी की सालगिरह के अवसर पर रोशन लाल ध्रुव सहायक शिक्षक एल बी एवं पत्नी पूजा ध्रुव द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। जिसमें बच्चों को केला, अंगूर, हलवा एवं भजिया खिलाया गया व उपहार स्वरूप कंपास बॉक्स दिया गया उपहार मिलने पर बच्चे खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला कोसमंदा के प्रधान पाठक ललित कुमार पटेल एवं हाई स्कूल कोसमंदा कि प्राचार्या डामिन साहू, शिक्षक राजेश कुमार साहू, अमन तिवारी, रोशन लाल ध्रुव, पूजा ध्रुव, शिक्षक कु. नेहा वर्मा, कु. डाली वर्मा, स्व सहायता समूह की सदस्य ईश्वरी वर्मा, संतोषी कन्नौजे, खेलमती यादव आदि उपस्थित रहें।

श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान सत्संग समारोह का भव्य आयोजन

नवापारा राजिम, 4 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिवेणी संगम के पावन तट पर धर्म धरा गोबरा नवापारा में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान सत्संग समारोह का भव्य आयोजन 5 फरवरी से 12 फरवरी तक नगर के वार्ड क्रमांक 15 सोमवारी बाज़ार में भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ कथा श्रवण का लाभ जनमानस को प्राप्त होगा। कथा प्रवचन दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक संगीतमय भक्ति का दिव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन नगर के प्रतिष्ठित कुल्फी वाले कृष्णा निषाद विनायक परिवार के तत्वाधान में आयोजित होना जा रहा है वार्ड क्रमांक 15 सोमवारी बाज़ार में हो रहे बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर धर्म प्रेमी लोगों में भारी उत्साह है। इस अवसर पर आयोजन परिवार द्वारा नगर के समस्त धर्मप्रेमी लोगों शामिल होने की अपील की गई है जिससे धर्म प्रेमी भक्तों का जीवन धन्य हो सके।

प्रत्याशियों का गली-गली जनसंपर्क के बाद अब सामाजिक संगठनों से मांग रहे आशीर्वाद

नवापारा राजिम, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय मतदान की तिथि ज्यों ज्यों नजदीक आ रही हैं त्यों त्यों प्रत्याशी अपनी जोर आजमाईश तेज करते जा रहे हैं। प्रत्याशियों व्दारा गली गली जनसंपर्क के बाद अब सामाजिक संगठनों से मुलाकात प्रारंभ कर दिए हैं। इसी कड़ी 3 फरवरी संध्या 8 बजे कांग्रेस प्रत्याशी स्वर्णजीत कौर जैन समाज के लोगों से मिलने अपना समय देकर सदर रोड स्थित जैन भवन पहुंची वहां उनके साथ पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीतसिंह, पार्षद प्रत्याशी महेश साहू एवं तरूण कंसारी सहित अनेकों लोग पहुंचे थे। वहां पूर्व विधायक एवं प्रत्याशियों का स्वागत सकल जैन समाज के अध्यक्ष शेखर बाफना, दिगंबर जैन समाज के संरक्षक रमेश पहाड़िया, पूर्व संरक्षक अशोक गंगवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र गदिया, किशोर सिंघई, अध्यक्ष अखिलेश नाहर, उपाध्यक्ष अनिल जैन, सचिव आशीष चौधरी ने किया। कार्यक्रम का संचालन आकाश गंगवाल ने किया।

कांग्रेस प्रत्याशी आशिर्वाद लेने पहुंची सकल जैन समाज के पास

इस अवसर पर प्रत्याशी स्वर्णजीत कौर ने नगर में किए जाने वाले विकासीय घोषणा पत्र से अवगत कराया और कहा कि आपके व्दारा कहे गये जनहित के सभी कार्यों को पूरा किया जायेगा। नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीतसिंह ने कहा कि सरदार और जैन समाज के संबंध काफी पुराने हैं। उन्होंने सरदार और जैन समाज का एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि सरदार जैन समाज का हमेशा ऋणी रहेगा। पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने कहा कि जैन समाज का कांग्रेस को हमेशा सहयोग मिलता आया है, इस बार भी बेटी स्वर्णजीत कौर को आप लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। श्रीमती कौर को पुराना अनुभव भी है, वे एक बार पार्षद और एक बार एल्डरमेन रहकर जनता की सेवा कर चुकी है। इनके पति जीतसिंह भी नगरपालिका में उपाध्यक्ष रह चुके हैं, स्वर्णजीत को जीताकर आपको दो-दो व्यक्ति के सेवा का लाभ मिलेगा, क्योंकि जीतसिंह स्वर्णजीत कौर के पति हैं। अंत में आभार जैन समाज के पूर्व संरक्षक अशोक गंगवाल ने किया।

घरेलू विद्युत मरम्मत एवं मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण 7 से

महासमुंद, 4 फरवरी (देशबन्धु)। बरौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महासमुन्द के द्वारा जिले के 18 से 45 वर्षीय युवकों के लिए घरेलू विद्युत मरम्मत इलेक्ट्रिशियन एवं मोबाईल रिपेयरिंग प्रशिक्षण की शुरूआत 7 फरवरी से किया जाएगा। निदेशक बरौदा आरसेटी टूटू बेहेरा ने बताया कि जिस भी इच्छुक प्रतिभागियों को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करना है वे पंजीयन कर नि:शुल्क प्रशिक्षण का लाभ ले सकते है। पंजीयन के लिए बीपी एलग्राशन कार्ड एवं आधार कार्ड की दो.दो छायाप्रति, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो एवं शैक्षणिक योग्यता हेतु अंकसूची की छायाप्रति आवश्यक है।

प्रेक्षक मौर्य ने चुनावी तैयारियों का लिया जायजा

महासमुंद, 4 फरवरी (देशबन्धु)। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक जय प्रकाश मौर्य आईएएस ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन की सभी व्यवस्थाओं को उचित तरीके से प्रगति पर पाया गया। इस दौरान प्रेक्षक श्री मौर्य ने ग्राम पंचायत बेमचा के वार्ड नंबर 1 में निर्वाचक नामावली की रेंडम चेकिंग की, जिसमें कुल 20 प्रविष्टियों का सत्यापन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत बेमचा के मतदान केन्द्र क्रमांक 48, 49 और 50 का भी निरीक्षण किया, जहां सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध पाई गईं। रविवार को प्रेक्षक श्री मौर्य ने जिला पंचायत महासमुंद स्थित आरओ कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां नामांकन की प्रक्रिया नियमानुसार संचालित की जा रही है। प्रेक्षक जय प्रकाश मौर्य ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मतदान केन्द्रों की सूची और पदों के आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी गई है। मतदान दलों का गठन कर उन्हें 02 एवं 03 फरवरी को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय प्रशिक्षण 07 और 08 फरवरी को प्रस्तावित है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में धारा 163 लागू कर दी गई है। शस्त्र जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा अन्य सभी प्रतिबंधात्मक आदेश 20 जनवरी को जारी कर दिए गए थे। आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु जनपद और पंचायत स्तर पर सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई की जा रही है और प्रतिदिन इसका दैनिक प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। चुनाव संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु डिप्टी कलेक्टर सृष्टी चंद्राकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका संपर्क नंबर 07723.223305 है। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर को नियुक्त किया गया है।

सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई बसंत पंचमी उत्सव

कसडोल/बलौदाबाजार, 4 फरवरी (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसडोल में बसन्त पंचमी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अतिथि के रूप में प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र दुबे, पूर्व व्यवस्थापक एवं संरक्षक सदस्य शिवकुमार मिश्रा, सदस्य गण इंदिरादेवी कर्ष, सीताराम श्रीवास, श्यामसुंदर साहू, कुमुदिनी कश्यप, ललितनारायण साहू, शांतिकुमार साहू, प्राचार्य जयलाल मिश्रा, पाली प्रमुख सुरेश कुमार देवांगन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भारतमाता के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित का पूजन किया गया।

बसंत पंचमी के अवसर पर शिशु वाटिका जिला प्रमुख रमा वैष्णव के नेतृत्व में34 नवप्रवेशी बच्चों का विद्यारंभ संस्कार तिलक वंदन कर स्लेट पेंसिल के साथ अतिथियों द्वारा ऊं लिखाया गया। नवप्रवेशी बच्चों की माताओं का भी रोली तिलक से स्वागत किया गया। विद्यारंभ संस्कार एवं समर्पण कार्यक्रम के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आनंद मेला आयोजित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ी, ओड़िया, पंथी तेलगु एवं बस्तरिया गीत का धूम रहा। कक्षा पांचवी के बच्चों द्वारा बनाया पिरामिड आकर्षण का केंद्र रहा। दर्शकों ने बच्चों का तालियों के साथ उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर राम, लक्ष्मण, सीता हनुमान, राधा कृष्ण, सरस्वती, लक्ष्मी, दुर्गा तथा रानी लक्ष्मी बाई की झांकी भी दिखाई गई। आनंद मेला में बच्चों के द्वारा स्वनिर्मित व्यंजनों का स्टाल लगाया गया, जिसका भरपूर आनंद उपस्थित अभिभावक, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चों ने लिया।